RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 286
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लोग मुझे तब तक नहीं स्वीकार करेंगे जब तक मैं कुछ खास नहीं करती

विविध-12

# पहली बार केंद्र ने चीनी घुसपैठ को माना, फिर हटाए दस्तावेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हटाई गई रिपोर्ट में बताया गया-चीन ने 17, 18 मई को कुरंग नाला, गोगरा, पैंगोंग त्सो (लेक) के उत्तरी तट जैसे इलाकों में किया कब्जा

**रक्षा** मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट से मई की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख में चीन की घुसपैठ का विस्तृत ब्योरा देने वाले दस्तावेजों को हटा दिया है। यह पहला मौका था जब केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया था कि भारतीय भू-भाग में चीनी सेना की घुसपैठ के चलते ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर टकराव की स्थिति पैदा हुई।

रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट के व्हॉट्स न्यू सेक्शन पर इन दस्तावेजों को मासिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में अपलोड किया गया था और पिछले मंगलवार तक ये वहां मौजूद थे। हालांकि, गुरूवार को इन्हें हटा लिया गया। दस्तावेजों को वेबसाइट से डिलीट करने को लेकर मंत्रालय ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। पहली बार इस बात को स्वीकार करते हुए कि चीन की सेना ने भारतीय भू-भाग पर कब्जा किया है, रिपोर्ट में बताया गया कि एलएसी पर कायम मौजूदा तनाव के पीछे चीन की एकतरफा घुसपैठ मुख्य वजह रही है। इस बात की पूरी संभावना है कि यह स्थिति अभी बरकरार रहेगी।



फाइल फोटो

मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट के न्यू सेक्शन पर डाली इस रिपोर्ट में माना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर, खासकर गलवान घाटी में 5 मई के बाद से चीन का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। चीनी सेना ने 17-18 मई को कुरंग नाला, गोगरा और पैंगोंग त्सो (लेक) के उत्तरी तट जैसे इलाकों पर अतिक्रमण किया। वहीं दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा की अस्थिर स्थिति पर चर्चा के लिए जून में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न तो किसी ने हमारे भू-भाग में घुसपैठ की है और न ही हमारी किसी चौकी पर कब्जा जमाया है। चाहे तैनाती हो चाहे कार्रवाई या फिर जवाबी कार्रवाई, हमारी सेनाएं देश की रक्षा के लिए जरूरी हर कदम उठा रही हैं।

नवनिर्मित बुनियादी ढांचे विशेषकर एलआईसी पर, के कारण भारतीय सेना की पेट्रोलिंग क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, वेबसाइट से डिलीट किए गए दस्तावेज में यह भी बताया गया कि तनाव खत्म करने के लिए दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच जमीनी स्तर पर कई दौर की बातचीत हुई है। 6 जून को दोनों पक्षों के कॉर्प कमांडरों ने फ्लैग मीटिंग की लेकिन इसके चंद दिनों बाद 15 जून को हिंसक झड़प हो गई जिसमें दोनों ओर के जवानों की मौत हुई। कॉर्प कमांडर स्तर की दूसरी बैठक 22 जून को हुई जिसमें तनाव दूर करने के उपायों पर चर्चा की गई। इसी के साथ, यह भी कहा गया कि आपसी सहमति बनाने के लिए भारत चीन के बीच सैन्य व कूटनीतिक स्तरों पर जारी वार्ताओं के दौर के बावजूद पूर्वी लद्दाख में मौजूदा गतिरोध के संवेदनशील बने रहने के आसार हैं। वहां कड़ी निगरानी के अलावा हालात को देखकर त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है। रोचक बात यह है कि जून की (शेष पेज 9)

# कंटेनमेंट जोन में हर व्यक्ति की जांच करें: योगी

● कोरोना संक्रमण को चुनौती मानते हुए लड़ाई को तेज करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्य** में कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंटेनमेंट जोन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मेडिकल टेस्ट कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ने कहा कि कोरोना महामारी को एक चुनौती के रूप में लें और निपटने के प्रयासों में तेजी लायी जाए। अपने सरकारी आवास पर अनलॉक की समीक्षा के दौरान सीएम योगी ने कंटेनमेंट जोन में पूरी सावधानी बरतते हुए व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कंटेनमेंट जोन में प्रत्येक व्यक्ति का मेडिक टेस्ट कराया जाए।

उन्होने कोविड19 के खिलाफ लड़ाई को और तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि महामारी को एक चुनौती मानते हुए इससे निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कानपुर नगर, झांसी, वाराणसी, गोरखपुर तथा प्रयागराज में कोविड19 के उपचार व संक्रमण नियंत्रण की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि कानपुर नगर में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान अथवा किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भेजी जाए जो वहां कैम्प कर चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य तथा अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा को लखनऊ के एल2 तथा एल3 कोविड चिकित्सालयों का भ्रमण कर भरे तथा रिक्त बिस्तरों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एल2 और एल3 कोविड अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही आवश्यकतानुसार चिकित्सा कर्मियों और मेडिकल उपकरणों की समुचित व्यवस्था भी की जाए। सीएम ने कहा कि एल2 व एल3 कोविड अस्पताल में मानक के अनुरूप वेंटिलेटर की व्यवस्था रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जांच की क्षमता में निरन्तर वृद्धि किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरटी पीसीआर के माध्यम से प्रतिदिन की जा रही जांच को बढ़ाया जाए। सीएम योगी ने महानिदेशक, स्वास्थ्य व महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा को प्रदेश के एल2 और एल3 कोविड चिकित्सालयों में बिस्तरों की संख्या में हुई वृद्धि का विवरण प्रस्तुत (शेष पेज 9)

## लखनऊ में 664 नए मामले, पांच लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को पीजीआई में इलाज करा रहे एक दरोगा के साथ ही एरा मेडिकल कालेज में भर्ती एक यूनानी डॉक्टर की मौत हो गई। वहीं 664 नए मरीज सामने आए हैं जबकि इलाज के दौरान पांच मरीजों की मौत हो चुकी है। राजधानी में अभी तक कोरोना के कुल 10680 मरीज सामने आ चुके हैं। वर्तमान में 4806 केस एक्टिव हैं। जिनके अलावा 5874 मरीज वायरस मुक्त कर डिस्चार्ज किये जा चुके हैं। अभी तक 125 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। आज 370 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। केजीएमयू में भर्ती पांच कोरोना मरीजों ने दम तोड़ दिया है। प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक मालती सदन इंदिरानगर निवासी 76 वर्षीय पुरुष को 30 जुलाई को भर्ती किया गया था। रोगी को मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या थी। कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट के चलते इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। इसी तरह अमुआ मांडवी वैश्य निवासी 22 वर्षीय पुरुष को भर्ती किया गया था। रोगी (शेष पेज 9)

## कोरोना ने फिर तोड़े रिकार्ड, सूबे में 4,658 नए केस मिले


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना वायरस अपना ही रिकार्ड तोड़ने में जुटा हुआ है। गुरुवार को वायरस ने अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए 4658 लोगों को संक्रमण के दायरे में ले लिया है। इससे पूर्व बीते सोमवार को 4473 मरीज सामने आए थे। वर्तमान में 43654 केस एक्टिव है। जबकि अभी तक 1918 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक प्रदेश में 107056 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। आज 2864 मरीज डिस्चार्ज किये गए है। जबकि अब तक 63402 मरीज ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लखनऊ में 664, कानपुर में 447, नोयडा में 105, गाजियाबाद में 103, वाराणसी में 281, प्रयागराज में 197, बरेली में 138, गोरखपुर में 135, झांसी में 34, जौनपुर में 102, मेरठ में 50, मुरादाबाद में 41, बलिया में 94, आगरा में 39, अलीगढ़ में 92, देवरिया में 104, बुलंदशहर में 22, बाराबंकी में 46, अयोध्या में 28, रामपुर में 41, गाजीपुर में 81, शाहजहांपुर में 130, आजमगढ़ में 132, हापुड़ में 34, हरदोई में 53, सहारनपुर में (शेष पेज 9)

# मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर की कमान, आज संभालेंगे पदभार

● उप्र के जमीनी भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री को बनाया गया महत्वपूर्ण प्रदेश का उपराज्यपाल

**मोहित कंधारी।** जम्मू



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश से भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिन्हा को बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह पहले राजनेता हैं, जिन्हें संकटग्रस्ट इस केंद्र शासित प्रदेश का उपराज्यपाल बनाया गया है। वे गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे, जिन्होंने एक दिन पहले 5 अगस्त को अचानक पद से इस्तीफा दे दिया।

मुर्मू को कैग अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी बयान के अनुसार जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के पद से गिरीश चंद्र मुर्मू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति ने मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल नियुक्त किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद भरोसेमंद सिन्हा से उम्मीद की जा रही है कि वे नाजुक मोड़ से गुजर रहे राज्य में राजनीतिक खालीपन को भरेंगे। केंद्र सरकार आतंकवाद विरोधी अभियानों और विभिन्न आतंकी संगठनों के टॉप कमांडरों को मार गिराने के कारण प्रभावित हुई राजनीतिक प्रक्रिया को शुरू करना चाहता है। खासकर कश्मीर घाटी में नई पहल की कोशिश हो रही है। इस कड़ी में बड़ी संख्या में मुख्य धारा के राजनेताओं को हिरासत से बरी किया गया है। अब वे राजनीतिक गतिविधियां ठप (शेष पेज 9)

## जीसी मुर्मू देश के नए कैग नियुक्त

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल गिरीश चन्द्र मुर्मू को भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किया। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ...राष्ट्रपति को गिरीश चन्द्र मुर्मू को भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है, उनकी नियुक्ति पदभार संभालने के तिथि से प्रभावी होगी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज दिन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के पद से मुर्मू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश से भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिन्हा को केन्द्र शासित प्रदेश का नया उपराज्यपाल बनाया गया है।

## कांग्रेस में बसपा विधायकों के विलय का मामला वापस एकल पीठ में

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी मामले में एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ एक भाजपा विधायक और बहुजन समाज पार्टी द्वारा दायर अपीलों का बृहस्पतिवार को निपटारा कर दिया। भाजपा विधायक मदन दिलावर और बसपा के राष्ट्रीय सचिव सतीश मिश्रा ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अपील करते हुए मंगलवार को खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था।

दोनों पक्षों ने इससे पहले विधानसभाध्यक्ष सीपी जोशी के सितंबर 2019 के फैसले को चुनौती देते हुए रिट याचिकाएं दायर की थीं जिसमें बसपा के छह विधायकों को कांग्रेस में विलय करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल की एकल पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष और सचिव और छह विधायकों को 30 जुलाई को नोटिस जारी किया था तथा उन्हें 11 अगस्त को जवाब (शेष पेज 9)

# प्रेमिका की हत्या के बाद प्रेमी ने फांसी लगाकर दी जान

● होटल के कमरे में मिले दोनों के शव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





नैंसी व राहुल की फाइल फोटो

**कृष्णानगर** इलाके के एक होटल में ठहरे प्रेमी युगल जोड़े का शव गुरुवार दोपहर होटल के कमरे में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोपहर लगभग एक होटल मैनेजर द्वारा कंट्रोल रूम की सूचना पर मौके पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस व सरोजनीनगर पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक दस्ता बुला मृतक के कमरे से सैम्पल एकत्र करा शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं पुलिस की मानें तो युवक ने धारदार चम्मच से प्रेमिका की निर्मम हत्या कर फिर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटक अपनी जान दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसीपी कृष्णानगर दीपक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित लखनऊ पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रामचन्द्र अपनी पत्नी गायत्री, बेटे राहुल (21) व आर्यन (17) के साथ रहते हैं। गायत्री जनपद बाराबंकी में आरटीओ कार्यालय में स्टेनों के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस के मुताबिक उनका बेटा राहुल कुमार इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था।

परिवारीजनों के मुताबिक राहुल का सरोजनीनगर निवासी सचिवालय कर्मी बीमा अस्पताल में रहने वाले राजकुमार वर्मा की बेटी नैंसी वर्मा (18) से करीब चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार दोपहर प्रेमी जोड़े ने कृष्णानगर के मोमेंटो होटल में अपने आधार कार्ड से कमरा बुक कराया था। होटल के मैनेजर हसनलाल ने बताया कि दोनों एक कार से उनके होटल में पहुंचे थे। पुराने कस्टमर होने के कारण उसने दोनों को कमरा नंबर 310 दिया था। मैनेजर के मुताबिक शाम चार बजे राहुल ने खाने का ऑर्डर किया था। होटल के मैनेजर ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12 बजे तक भी चेकआउट न करने पर कर्मचारी को उनके कमरे के पास भेजा गया।

कई बार खटखटाने के बावजूद कमरा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर कृष्णागर ने बताया कि मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर अंदर जाया गया। जहां नैंसी का शव बेड पर पड़ा था। जबकि राहुल का (शेष पेज 9)

## देश में एक दिन में 56,282 नए केस 904 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना संक्रमण गंभीर रूप से फैलता जा रहा है। लॉकडाउन लागू होने के 135 दिन बाद देश में मरीजों का आंकड़ा 20 लाख के करीब पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गुरुवार सुबह आठ बजे तक बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 56,282 नए केस आए। इसी के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 19,64,536 हो गई। मंत्रालय के अनुसार संक्रमण से कुल 904 लोगों की मौत भी हुई और इस तरह अब तक 40,699 लोग इस महामारी के चलते जान गंवा चुके हैं। यह लगातार आठवां दिन है जब प्रतिदिन कोरोना के 50 हजार या इससे अधिक केस आए हैं। कोरोना को लेकर राज्यों से मिलने वाली रिपोर्ट स्थिति की गंभीरता को बयान कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार महाराष्ट्र, केरल, बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात समेत कई ऐसे राज्य हैं जहां बुधवार सुबह आठ बजे से गुरुवार सुबह आठ बजे तक के 24 घंटों के दौरान अब (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,025 | ↑ 362 | |
| निफ्टी | 11,200 | ↑ 98 | |
| सोना | 56,590 | ↑ 225 | /10g |
| चांदी | 75,755 | ↑ 1932 | /kg |

## क्विक न्यूज


### दक्षिण कश्मीर में एक और सरपंच की हत्या

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और सरपंच सजाद अहमद खांडे की दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में उनके घर के पास आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने यहां से 60 किलोमीटर दूर काजीगुंड इलाके के वेस्सू में भाजपा नेता को करीब से गोली मारी। खांडे को फौरन अनंतनाग जिले के एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से 48 घंटे से भी कम समय पहले कुलगाम जिले में भाजपा से जुड़े एक पंचायत सदस्य आरिफ अहमद खान को गोली मारी गई थी। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# सीबीआई की एसआईटी करेगी सुशांत सुसाइड केस की जांच

● गुजरात कैडर के आईपीएस और डीआईजी गगनदीप गंभीर करेंगे अगुवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सुशांत की फाइल फोटो

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत के मामले में दोबारा प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने बिहार पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक नूपुर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच करेगा। इसकी निगरानी डीआईजी गगनदीप गंभीर और संयुक्त निदेशक मनोज शशिधर करेंगे।

दोनों ही गुजरात कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। पटना पुलिस ने भादंसं की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी, जो कथित आपराधिक षड्यंत्र, ठगी और आत्महत्या के लिए उकसाने से जुड़ी हुई थी। बिहार सरकार की अनुशंसा पर इसे सीबीआई को सौंपा गया है जिसे केंद्र सरकार ने एजेंसी के पास भेजा है। राज्य सरकार सीबीआई के पास मामला नहीं भेज सकती।

इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से भेजा जाता है जो सीबीआई के लिए नोडल मंत्रालय है। उन्होंने कहा कि सुशांत राजपूत के गृह राज्य बिहार सरकार की अनुशंसा पर एजेंसी ने तेजी से काम किया, जहां दिवंगत अभिनेता के परिवार ने उनकी मित्र रिया चक्रवर्ती के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और लोगों में अभिनेता की मौत पर गुस्से को देखते हुए राज्य ने मामले को सीबीआई के पास भेजने की अनुशंसा की, जबकि मुंबई पुलिस अभिनेता की कथित आत्महत्या मामले की जांच कर रही है।

महाराष्ट्र पुलिस ने इस कदम का विरोध किया है क्योंकि बिहार के पास दूसरे राज्य में जांच करने का अधिकार नहीं है। मुंबई के उपनगर बांद्रा के अपने अपार्टमेंट में राजपूत 14 जून को छत से फांसी से लटकते पाए गए थे। पटना निवासी राजपूत के 77 वर्षीय पिता कृष्ण किशोर सिंह की शिकायत पर बिहार पुलिस ने भी कार्रवाई शुरू कर दी थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में आदित्य चोपड़ा, महेश भट्ट और संजय लीला भंसाली जैसे बॉलीवुड के निर्देशकों के बयान दर्ज किए हैं।

# एक और आत्महत्या, पंखे से लटके मिले टीवी अभिनेता समीर

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

● क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कहानी घर घर की, ये रिश्ते हैं प्यार के, वो रहने वाली महलों की जैसे कई धारावाहिकों में किया था काम



समीर शर्मा की फाइल फोटो

**क्योंकि** सास भी कभी बहू थी और लेफ्ट राइट लेफ्ट में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय टेली अभिनेता समीर शर्मा ने उपनगर मलाड स्थित अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। शर्मा अकेले रहते थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 44 वर्षीय शर्मा का शव उनके फ्लैट की रसोई में फंदे से लटका हुआ मिला।

उनका शव संभवत: दो दिन से वहां लटका हुआ था। मलाड पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जॉर्ज फर्नांडीस ने बताया, हमें मौके से कोई सुसायड नोट नहीं मिला है। यह सुसायड का मामला लग रहा है। संदेह है कि उन्होंने दो दिन पहले आत्महत्या की। हमने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। शर्मा क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कहानी घर घर की, ये रिश्ते हैं प्यार के और वो रहने वाली महलों की जैसे कई धारावाहिकों में काम कर चुके हैं। वह मलाड (पश्चिम) के चिंचोली बंदर इलाके में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि शर्मा के शव को सबसे पहले सोसायटी के चौकीदार ने देखा। उसने जब रसोई की खिड़की से झांक कर देखा तो उसे अभिनेता का शव नजर आया और उसने फिर सोसायटी के बाकी लोगों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच कर शर्मा को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि फरवरी से अकेले रह रहे शर्मा के परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। फर्नांडिस ने कहा कि प्राथमिक जानकारी के आधार पर दुर्घटनावश हुई मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है। आगे की जांच की जा रही है। शर्मा ने 27 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी अंतिम पोस्ट में मृत्यु और सपनों पर एक कविता लिखी थी। इस कविता के बाद अभिनेता ने सिर्फ कुछ तस्वीरें साझा की थीं। समीर शर्मा की मौत ऐसे वक्त में हुई है जब बी-टाउन अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (34) की मौत के मामले से जूझ रहा है। वह उपनगर बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में 14 जून को मृत मिले थे। हंसी तो फंसी फिल्म में साथ काम कर चुके सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शर्मा की असामयिक मौत पर शोक जताया है। अभिनेता वरुण धवन ने भी अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में शर्मा की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। गौरतलब है कि शर्मा और राजपूत से पहले नौ जून को सुशांत सिंह की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान ने इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं 15 मई को टीवी अभिनेता मनमीत ग्रेवाल ने भी खुद को फांसी लगा ली थी।

दूसरी ओर अभिनेता वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रिचा चड्डा जैसी फिल्मी हस्तियों और टीवी कलाकारों ने अभिनेता समीर शर्मा की मौत पर बृहस्पतिवार को शोक व्यक्त किया। अभिनेत्री रिचा ने हाल ही में एक ब्लॉग लिखा था कि किस प्रकार से बॉलीवुड नेक और बुरे लोगों में बंटा हुआ है। उन्होंने ट्वीट किया कि शर्मा की मौत दिल तोड़ने वाली है।

# तटबंधों की लगातार पेट्रोलिंग की जाए

## प्रभावित जनपदों में सर्च एवं रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी की कुल 16 टीमें तैनात की गईं

**लखनऊ।** बाढ़ के खतरे से निपटने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तटबंधों की लगातार पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही नदियों के आसपास रहने वाली आबादी को हटाकर उन्हे सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिये अधिकारियों से कहा है।

यह जानकारी पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री अनिल राजभर ने गुरुवार को लोकभवन में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की गयी तथा जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तटबंध की निरंतर पेट्रोलिंग कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि बांधों पर कटान की स्थिति पर निगरानी रहे। श्री राजभर ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत पहुंचाने हेतु लगायी गयी नौकाओं के सबंध में





जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये हैं कि नौकाएं कहीं से भी क्षतिग्रस्त न हों और नौवहन के लिए पूर्णतया सुरक्षित हों।

नौका परिचालन के समय उसकी क्षमता से अधिक व्यक्ति व सामान का वहन उससे न किया जा रहा हो नौकाओं का परिचालन अनुभवी नाविकाओं से कराया जाना सुनिश्चित करें। श्री राजभर ने बताया कि गोरखपुर में राप्ती नदी के बांये तट पर एक स्थान पर सीपेज हो रहा है। तटबंध पर मिट्टी भरी बोरियें एवं फिल्टर का उपयोग कर सीपेज को नियंत्रित किया जा रहा है। तटबंध की निगरानी की जा रही है। मऊ की तहसील मधुबन के ग्राम गजियापुर में विद्युत पोल गिर जाने से बंधे पर कटाव हो गया, जिसे तत्काल बन्द कराया गया। अब तक 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बंधे के कटान से लगभग 5,000 परिवार प्रभावित हैं। श्री राजभर ने बाढ़ की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि प्रदेश के वर्तमान में सभी तटबंध सुरक्षित हैं। प्रदेश में बाढ़ के संबंध में निरन्तर अनुश्रवण किया जा रहा है। कहीं भी किसी प्रकार की चिंताजनक परिस्थिति नहीं है। प्रभावित जनपदों मे सर्च एवं रेस्क्यू हेतु एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पीएसी की कुल 16 टीमें तैनात की गयी हैं। श्री राजभर ने बताया कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक राहत सामग्री के अन्तर्गत 16,705 खाद्यान्न किट व 1,32,261 मीटर तिरपाल का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 249 मेडिकल टीम लगायी गयी हैं। श्री राजभर ने बताया कि बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए प्रदेश में 219 बाढ़ शरणालय और 2 जनपदों में 24 शरणालयों में 3864 व्यक्ति रह रहे है तथा 712 बाढ़ चैकी स्थापित की गयी हैं। वर्तमान में प्रदेश के 17 जनपद अम्बेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, गोण्डा, गोरखपुर, कुशीनगर, लखीमपुरखीरी, मऊ, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज तथा सीतापुर के 666 गांवों बाढ़ से प्रभावित हैं। शारदा नदी पलिया कला लखीमपुरखीरी, सरयू नदी तुर्तीपार बलिया, राप्ती नदी बर्डघाट गोरखपुर, घाघरा एल्गिनब्रिज बाराबंकी और अयोध्या में अपने खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही है।

# मनोज सिन्हा की नियुक्ति से फिर बढ़ा यूपी का रुतबा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाजीपुर** जिले के रहने वाले और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मनोज सिन्हा की जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल पद नियुक्ति के बाद यूपी का रुतबा फिर बढ़ गया है। देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपाल अथवा उप राज्यपाल के पद सबसे अधिक मूल रूप से यूपी के रहने वालों के पास हो गये हैं।



देश में वर्तमान समय में नौ केन्द्र शासित राज्य व 28 प्रदेश हैं। इनमें से सात राज्यों में यूपी के रहने वाले राज्यपाल तथा उप राज्यपाल के पदों पर नियुक्ति है। जिसमें सात में यूपी के मूल निवासी राज्यपाल अथवा उपराज्यपाल के पदों पर है। जिसमें अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र (भदोही-संत रविदास नगर), बिहार के राज्यपाल फागू चौहान (आजमगढ़), राजस्थान के कलराज मिश्र (गाजीपुर), जम्मूकश्मीर के मनोज सिन्हा (गाजीपुर), गोवा के राज्यपाल सत्यपाल मलिक (मेरठ), केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान (बहराइच), उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य (आगरा) हैं। यह उपलब्धि देश के किसी राज्य को हासिल नहीं है। यूपी के बाद बिहार ऐसा दूसरा राज्य है जिसके मूल निवासी विभिन्न राज्यों में सबसे अधिक राज्यपाल के पदों पर नियुक्त हैं। यूपी-बिहार के अलावा मौजूदा समय राजस्थान से तीन, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, गुजरात व तमिलनाडु से दो-दो तथा तेलंगाना, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के एक-एक राज्यपाल हैं। मौजूदा समय में यूपी से सात तो बिहार से चार राज्यपाल हैं। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल के पद पर मनोज सिन्हा की ताजा नियुक्ति से पहले भी एक दौर ऐसा आया था जब देश के सात राज्यों में यूपी के रहने वाले मूल निवासियों के पास राज्यपाल के सात पद हो गये थे लेकिन मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन और राजस्थान के राज्यपाल रहे कल्याण सिंह तथा पश्चिम बंगला के राज्यपाल रहे केशरीनाथ के हटने के बाद यह आंकड़ा गडबडा गया था लेकिन मनोज सिन्हा की नयी नियुक्ति के बाद यूपी ने फिर अपना पुराना मुकाम हासिल कर लिया है। विदित हो कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के साथ राज्य को जम्म कश्मीर और लद्दाख के रूप में दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटा गया था। मुर्मू ने 31 अक्तूबर 2019 को उप राज्यपाल पद की शपथ ली थी। मुर्मू के शासनकाल में कश्मीर शांति, स्थिरता और विकास की ओर तेजी से बढ़ा है। राज्य में आतंकवाद या पत्थरबाजी की घटनाओं में भारी कमी आई है।

# अयोध्या की सीमा से पहले तीन प्रमुख मार्गों पर बनेंगे भव्य डाक बंगले

### ● 40 लाख तक के ठेकों में आरक्षण व्यवस्था की कार्रवाई तेज की जाए: केशव प्रसाद मौर्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या में पर्यटन के दायरे को बढ़ने के दृष्टिगत तथा अयोध्या की महिमा और गौरव के अनुकूल वहां पर विभागीय कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ से अयोध्या जाने वाले मार्गों पर अयोध्या की सीमा से पहले बड़े डाक बंगले बनाने की कार्य योजना बनाई जाए और तत्काल स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति ली जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है ।

केशव प्रसाद मौर्य अपने लखनऊ के सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि 40 लाख तक की सीमा तक के ठेकों में ओबीसी ,एससी-एसटी व सामान्य वर्ग के ठेकेदारों को ठेका दिए जाने हेतु आरक्षण की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए। निर्देश दिए इंटरस्टेट मार्गों के बॉर्डर पर प्रवेश द्वार बनाए जाने की भी कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कांवर पथ की योजना को भी मूर्तरूप दिये जाने के बारे में व्यापक दिशा निर्देश दिए । मौर्य ने कहा कि सड़कों के दृष्टिकोण से जो जिले पिछड़े हों उनका चयन किया जाए और विशेष प्राथमिकता देते हुए वहां पर सड़कों व संपर्क मार्गों के निर्माण का कार्य अमल में लाया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। उन्होंने कहा लोक निर्माण विभाग , सेतु निगम व उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा बहुत ही उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य कराए गए हैं, इन कार्यों के प्रोजेक्शन और प्रजेंटेशन तथा व्यापक प्रचार प्रसार के दृष्टिकोण से मुख्यालयों पर एलईडी के माध्यम से प्रचार करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए की विभागीय मैनुएल्स की एक पुस्तिका तैयार की जाए साथ ही साथ एक पीरियाडिकली मैगजीन निकालने की कार्रवाई भी की जाएए जिसमें लोक निर्माण विभाग के विभिन्न शासनादेशों व विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञताओए उपलब्धियों आदि का उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़को पर जहां कहीं भी स्पीड ब्रेकर मानक के अनुरूप नहीं बने हैं उनको मानक के अनुरूप बनवाया जाए ताकि कोई दुर्घटना की संभावना न रहे। यह आशंका इसलिए जताई गयी कि कहीं कहीं ग्रामीण अपनी मर्जी से स्पीड ब्रेकर बना देते हैं, इसलिए इसका निरीक्षण कर लिया जाए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष प्रदेश के 175 खंडों में हर्बल मार्गों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 171 खंडों में बरगद ,आंवला ,पीपल ,अशोक आदि के पौधे सड़कों के किनारे लगाए गए है। उन्होंने पर्यावरण संतुलन, संरक्षण व संवर्धन के दृष्टिकोण से इन पौधों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग मुख्यालय के पास विशेश्वरैय्या जी के नाम से भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए कार्य योजना बनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर को इंजिनियर्स डे पर इसका शिलान्यास कराए जाने की तैयारी की जाए।

मौर्य ने पुराने आरओबी ,फ्लाईओवर, पुलो, पुलियों आदि का निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि जो जर्जर हो उनकी रिपेयरिंग की जाए या नव निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रोड साइनेज की क्वालिटी पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# अयोध्या के विकास का पहिया दौड़ाएंगे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर जोरदार दस्तक देने की तैयारी

**राम मंदिर** के भूमि पूजन के साथ योगी सरकार ने अयोध्या को धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर ऊपर लाने के लिये अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। बढ़िया सड़के, एयरपोर्ट, मूलभूत सुविधाएं और बेहतरीन सुविधाओं वाले होटल। इन योजनाओं में तेजी लाने के सरकार ने निर्देश दिये हैं।

अयोध्या में एयरपोर्ट बनाने का ऐलान सीएम योगी आदित्यनाथ ने दो साल पहले दीपोत्सव के दौरान किया था और इसकी गतिविधियां शुरू भी हो चुकी हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे भी अयोध्या होकर गुजरेगा, वहीं बनारस से अयोध्या तक भी फोर लेन बनाई जाएगी। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के गठन को भी कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार है।

इसके अलावा अयोध्या विकास प्राधिकरण की सीमाओं का भी विस्तार किया जा रहा है ताकि आसपास के इलाके की सूरत भी संवर सके। राम मंदिर निर्माण के साथ साथ अयोध्या को प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के तौर पर निखारने के लिये ये सारे प्रयास सरकार के स्तर पर चल रहे है। अयोध्या एयरपोर्ट के बनने में अभी 7-8 साल का समय लगना तय है लेकिन लखनऊ तथा बनारस में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट पहले से मौजूद हैं। यहां से अयोध्या तक पहुंचना आसान हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

लखनऊ से बनारस तक बन रहा फोर लेन अंतिम चरण में है तो बनारस से अयोध्या तक 192 किलोमीटर लंबे काशी-आयोध्या राजमार्ग को भी दो साल के अंदर बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। पर्यटक जब लखनऊ एयरपोर्ट उतरे और अयोध्या जाए या बनारस, सड़कें सपाट व गड्ढामुक्त हों। लखनऊ से लगभग डेढ़ तो बनारस से ढाई घंटे का सफर तय कर अयोध्या पहुंचा जा सकेगा। तीर्थ विकास परिषद अयोध्या में घाटों, मंदिरों और अन्य आधारभूत सुविधाओं को विकसित करेगी। अयोध्या में हर गली, हर घर में मंदिर हैं। इन्हें भी संवारा जाएगा। वहीं अयोध्या व आसपास के इलाके को प्राधिकरण अपनी सीमा में लेकर विकसित करेगा ताकि बड़े नामी गिरामी फाइव स्टार होटलों की आमद यहां हो सके। इसके अलावा पर्यटन सुविधाओं में इजाफा होगा।

अयोध्या में भगवान राम की सबसे बड़ी मूर्ति, क्वीन हो मेमोरियल, डिजिटल म्यूजियम, इंटरप्रिटेशन सेंटर, रामलीला संकुल, रामकथा गैलरी, ऑडिटोरियम समेत कई योजनाएं हैं जिन्हें संस्कृति व पर्यटन विभाग चला रहा है। मंदिर बनने की घोषणा के साथ ही अब समग्र तौर पर यहां के लिए योजनाएं चलाई जाएंगी। केंद्रीय व राज्य सेक्टर में पर्यटन योजनाओं के 70 से 80 फीसदी बजट का उपयोग अगले पांच सालों के लिए अयोध्या को संवारने के लिए किया जा सकता है।

# निलंबित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर परिषद ने जताई नाराजगी

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध निलम्बित लिपिकों और शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने पर बेसिक शिक्षा परिषद ने नाराजगी जताई है। परिषद के सचिव की तरफ से जारी निर्देश में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आरोप के आधार पर कार्रवाई करते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से 300 की संख्या में लिपिक और 600 अध्यापक निलम्बन के पश्चात सम्बद्ध किये गए हैं। इन निलम्बित कर्मियों पर विभाग की मंशा के अनुरूप कार्य न किये जाने के आरोप हैं। इनके खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है।

# बिकरू कांड की जांच कर रही एसआईटी अब 30 अगस्त तक सौंपेगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● शासन ने चार सप्ताह का और दिया समय

**कानपुर** के बिकरू कांड और विकास दुबे एनकाउंटर की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) को जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए शासन ने 4 सप्ताह का और समय दिया है। दरअसल एसआईटी को पहले 31 जुलाई को मामले में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपनी थी लेकिन जांच पूरी न होने के कारण एसआईटी ने शासन से इसके लिए और समय मांगा था । अब शासन ने एसआईटी की मांग मानते हुए 30 अगस्त तक का समय दिया है । 30 अगस्त तक एसआईटी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देनी होगी ।

बिकरू गांव में बीती 2 जुलाई की देर रात शातिर हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे ने एक सीओ सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। बाद में पुलिस ने विकास दुबे सहित आधा दर्जन अभियुक्तों को विभिन्न मुठभेड़ में मार गिराया। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए शासन ने बीती 15 जुलाई को अपर मुख्य सचिव संजय आरण् भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। अपर पुलिस महानिदेशक हरिराम शर्मा और पुलिस उपमहानिरीक्षक जे. रविंदर गौड़ को एसआईटी का सदस्य बनाया गया था। शासन ने एसआईटी को 31 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। टीम ने लगातार बिकरू गांव के साथ ही कानपुर में काफी पड़ताल की। इस पड़ताल में गांव के लोगों के साथ अन्य से भी अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण टीम निर्धारित समय यानी 31 जुलाई को रिपोर्ट नहीं सौंप सकी थी। टीम को कई विभागों के दस्तावेज नहीं मिले थे। इसके लिए संजय आर भूसरेड्डी ने सकार से और समय मांगा था। सरकार ने एसआइटी को 30 अगस्त तक का समय दिया है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह बीमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं स्वयं बुरी तरह बीमार हैं। स्थिति इतनी गम्भीर है कि सत्तारूढ़ दल के ही एक दर्जन मंत्री एवं विधायक कोविड.19 की चपेट में हैं। एक कैबिनेट मंत्री की दुखद मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा सरकार ने साढ़े तीन वर्ष में कौन सी मेडिकल सुविधाएं विकसित की हैं, मुख्यमंत्री या उनकी टीम के अफसरान बताएं कि भाजपा सरकार के किन मेडिकल कॉलेजों में कोविड का इलाज हो रहा है। प्रदेश में जो भी मेडिकल कॉलेज हैं, वे सभी समाजवादी सरकार में बने थे। भाजपा सरकार ने एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया।

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोविड 19 के इलाज की उचित व्यवस्था तक नहीं है। कोरोना संक्रमण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे लोगों में भय व्याप्त है और मनोवैज्ञानिक रूप से वे हताशा के शिकार हो रहे हैं। लगातार पांच महीनों से तमाम प्रतिबंधों में रहते हुए परिवार परेशान हो रहे हैं। सैकड़ों आत्महत्या करने को मजबूर हुए हैं। बच्चों के स्कूल-कॉलेज भी बंद चल रहे हैं। भाजपा सरकार के तमाम दिशा निर्देशों का पालन भी धीरे-धीरे घटता जा रहा है। अस्पतालों में मरीजों को ओपीडी में इलाज मिलना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि गम्भीर मरीज भी इलाज के लिए घंटों तड़पते रहते हैं। कोरोना जांच की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भूख-प्यास, उपचार और स्वच्छता से रिक्त उत्तर प्रदेश कोविड.19 व्यवस्था मरीजों को और ज्यादा बीमार कर रही है। व्यवस्था में लगे लोग भी उसकी चपेट में आ रहे है। कोरोना वारियर्स भी अब सरकारी उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। जब उन्हें ही घटिया खाना दिया जाएगा, सही इलाज और देखरेख नहीं होगी तो उनका मनोबल घटना तय है।

# छह दिन में साढ़े छब्बीस हजार लीटर अवैध शराब बरामद, 90 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● आबकारी विभाग पहली अगस्त से प्रदेश स्तर पर चला रहा एक सप्ताह का विशेष प्रवर्तन अभियान

**आबकारी** विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान इसमें अभी तक अवैध शराब के 1194 में मामले पकड़े गए। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पंजाब एवं आन्ध्र प्रदेश में जहरीली शराब पीने से हुई मृत्यु को देखते हुए अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर पहली अगस्त से एक सप्ताह का विशेष प्रवर्तन चलाया जा रहा है जिसके दौरान अभी तक प्रदेश में कुल 1,194 मामले पकड़े गए, जिसमें 26,502 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा शराब बनाने के लिए तैयार किए गए 1,45,200 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया । अवैध शराब की तस्करी में लगी 8 गाड़ियों को जब्त किया गया तथा 90 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में अभियान के दौरान नकली शराब के बड़े मामले पकड़े जाने पर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के साथ साथ आईपीसी की कठोर धाराओं में कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद भदोही में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर एक घर से अवैध रूप से तैयार 34 पेटी देशी शराब तथा 250 लीटर स्प्रिट, भारी मात्रा में नकली लेबल, नकली ढक्कन , नकली क्यूआर कोड तथा खाली पौवे बरामद किए गए । मौके से शराब बनाने के अन्य उपकरण के साथ साथ एक मारुति कार और एक पिकअप वाहन भी पकड़ा गया ।

**सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कालेज, बिरनई-फतेहपुर**

**आवश्यकता है**

एक अनारक्षित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की। वेतनमान : 5200-20200 ग्रेड वेतन 1800, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता : कक्षा 05 उत्तीर्ण एवं साइकिल चलाने का ज्ञान हो तथा आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों सहित विद्यालय के निम्नलिखित पते पर दिनांक 22.08.2020 तक पंजीकृत डाक से भेजे। उक्त पदो के लिये साक्षात्कार विद्यालय भवन में प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक दिनांक 27.08.2020 को होगा। जिसकी सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। उक्त चयन माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 के प्राविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा तथा वेतन, वेतन वितरण अधिनियम 1971 के अन्तर्गत विभाग से प्राप्त होने पर किया जायेगा।

प्रधानाचार्य
सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कालेज, बिरनई-फतेहपुर

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर**

**सार्वजनिक नीलामी सूचना संख्या 03/2020-21, सीतापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी दिनांक 19.08.2020 को केन्द्रीय भण्डार, बिजवार, सीतापुर में अपरान्ह् 12:00 बजे से निम्नलिखित शर्तो के अधीन की जायेगी।

नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के केन्द्रीय भण्डार, बिजवार में उपलब्ध नीलामी सामग्री को लाट संख्या 01 के रूप में किया जाना है।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपनी फोटो, आधार कार्ड, पहचान-पत्र, निवास स्थान/कार्यालय का पता, दूरभाष नम्बर/मोबाईल नम्बर, आयकर एवं व्यापार कर क्लीयरेन्स की नोटरी से सत्यापित प्रति दिखाकर निर्धारित आवेदन-पत्र तथा शर्ते दिनांक 11.08.2020 से 18.08.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कैशियर से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त कर सकते है। धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 (अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के नाम) के रूप में आवेदन-पत्र के साथ दिनांक 18.08.2020 तक जमा किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्रमांक | लाट संख्या | निष्प्रयोज्य स्क्रैप का विवरण | इकाई | मात्रा किग्रा. | धरोहर धनराशि (रू0 में) | आवेदन पत्र का मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | जला पी0वी0सी0 कोटेडे तॉबे का तार | किलोग्राम | 2800 | 82000.00 | 50.00 |

नोट-उपरोक्त नीलामी से सम्बन्धित शर्ते नीलामी फार्म के साथ उपलब्ध है।

उ0प्र0 154030, दिनांक-04.08.2020
विज्ञापन वेबसाईट www.up.gov.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर

पायनियर वर्गीकृत

**आवश्यकता है**

एम डी कालेज, अमरसंडा, अनवारी, बाराबंकी को आवश्यकता है प्राचार्य, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर बी. काम कोर्स हेतु। योग्यता व अनुभव यूजीसी के मानदंड और दिशानिर्देशानुसार। आवश्यक प्रपत्रों के साथ 7 दिनों में आवेदन करें ई-मेल mdcollegelko@gmail.com. Mob.: 9415026210, 7388888790

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सद्दाम हुसेन व उसकी पत्नी श्रीमती तवस्सुम हुसेन को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। मो0 वाहिद पुत्र मोलहे निवासी-मो0 काजी टोला, परगना व थाना-हरगांव, तहसील व जिला-सीतापुर

# कोरोना काल की जन समस्याओं पर कांग्रेस आज प्रदेश में करेगी प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● जिलाधिकारी के माध्यम से जिला व शहर कांग्रेस कमेटियां राज्यपाल को सौंपेंगी छह सूत्रीय मांग पत्र

**कोरोना** काल के दौरान उत्पन्न हुई विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस 7 अगस्त को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस की जिला एवं शहर इकाइयों द्वारा प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से 6 सूत्रीय मांगपत्र प्रदेश के राज्यपाल को दिया जायगा।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि विगत 4 माह से वैश्विक महामारी कोविड.19 के चलते रोजगार में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के कारण लाखों मध्यम आय वर्ग के अभिभावकों को अपने बच्चों की फीस जमा कराने और समस्त न्यायालयों में कार्य बंद होने के कारण अधिवक्ता बंधुओं की आमदनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ ही मध्यम आय वर्ग को विभिन्न तकलीफों का सामना करना पड़ा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर राज्य स्तरीय होने वाले इस आन्दोलन में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम को दिए जाने वाले ज्ञापन में आधा दर्जन प्रमुख मांगों को शामिल किया गया है। मसलन प्रदेश में संचालित यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड एवं अन्य बोर्डों के छात्रों की विगत 4 माह की फीस माफ की जाए आदि।

# बीते एक माह में 1090 ने किया महिला उत्पीड़न की 68164 शिकायतों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● फैमिली, फ्रेंड्स व रिलेटिव काउन्सलिंग के माध्यम से 435 शिकायतों में पीड़िताओं को राहत पहुंचायी गयी

**वीमेन** पॉवर लाइन-1090 द्वारा विशेष अभियान चलाकर बीते माह जुलाई में महिलाओं के प्रति विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से सम्बन्धित 68,164 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्ती से कानूनी कार्रवाई की गयी है जो 1090 में दर्ज शिकायतों के प्रकरणों में मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़िताओं का उत्पीड़न कर रहे थे।

अपर पुलिस महानिदेशक-प्रभारी वीमेन पॉवर लाइन 1090 नीरा रावत ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जुलाई में 1,64,918 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1,05,238 शिकायतें फोन बुलिंग




एवं साइबर बुलिंग से संबंधित थीं जिनमें से 68,164 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। स्टाकिंग एवं अपराध से संबंधित पाये जाने वाले 59,680 शिकायतों को जनपदीय पुलिस, जीआरपी तथा यूपी 112 को अंतरित किया गया है। नीरा रावत ने बताया कि 1090 टीम द्वारा महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने व ब्लैकमेल कर रूपये ऐंठने वाले 2 शातिर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भादवि एवं आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ में अभियोग पंजीकृत कराकर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कराया गया। इन अभियुक्तों के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 37 शिकायतें महिलाओं-लड़कियों द्वारा 1090 में दर्ज करायी गयी थीं। वहीं वीमेन पॉवर लाइन ने कई शिकायतों में आरोपी के फैमिली, फ्रेण्ड्स एवं रिलेटिव काउन्सलिंग के माध्यम से समस्याओं का निदान किया। जुलाई में इस प्रकार की प्राप्त कुल 435 शिकायतों में काउन्सलिंग कर पीड़िताओं को राहत पहुंचायी गयी है।

**संविलियन विद्यालय कठिघरा, ब्लाक फतेहपुर-84, जिला उन्नाव**

संविलियन विद्यालय कठिघरा, ब्लाक फतेहपुर-84, जिला उन्नाव में शैक्षिक सत्र 2020-21 में अध्ययनरत 226 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क दो-दो सेट यूनिफार्म आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 10.08.2020 है। निविदाएं 11.08.2020 को अपरान्ह 12 बजे तक विद्यालय में खोली जाएंगी।

अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबंध समिति संविलियन विद्यालय कठिघरा, विकास खण्ड फतेहपुर-84
जनपद-उन्नाव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पेंशनधारकों को निशाना बनाने वाले नौ ठग गिरफ्तार



## ऑनलाइन करते थे जालसाजी, अब तक करोड़ों की कर चुके हैं ठगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साइबर** अपराध के गढ़ जामताड़ा में देवघर, दुमका एवं गिरिडीह झारखण्ड में काल सेंटर चलाकर जनता की करोड़ों की गाढ़ी कमाई पर आनलाइन डाका डालने वाले अर्न्तराज्यी गिरोह के 9 सदस्यों को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से तीन लाख रूपए, सात मोबाइल और एक लैपटॉप बरामद हुआ।जेसीपी अपराध नीलाब्धा चैधरी ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार किए गए रूपक कुमार मण्डल, गोपाल मण्डल, लल्लन मण्डल, योगानंद प्रसाद, प्रमोद कुमार मण्डल, नीरज मण्डल, हरिहर मण्डल, रजीत मंडल व राहुल आर्या सभी झारखण्ड के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से सेवानिवृत्त, ग्रेज्युटी प्राप्त धारकों, जुडिसियल अधिकारियों की लिस्ट पीडीएफ प्रारूप में हासिल हुई है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह लोग इस डाटा का प्रयोग कालिंग कर साइबर ठगी के लिए करते हैं। इनका यह संगठित गिरोह है। जिन्होंने अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों में साइबर ठगी की है। अभियुक्तों के बारे में पता चला कि वे लोग छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न थाना क्षेत्रों में करोड़ो की ठगी कर चुके हैं। जिनके खिलाफ केस दर्ज हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से पेंशनधारकों को अपना निशाना बनाता है या फिर उन्हें जिन्हें आनलाइन बैंकिग की जानकारी नहीं है। ये गिरोह पहले इण्टरनेट बैंकिग एक्टीवेट कराते हैं। उसके बाद फिर बैंक एकाउंट में जमा धनराशि की एफडी कराते हैं। उस एफडी से फिर लोन कराते हैं और लोन होने के बाद समस्त बैंक एकाउंट से विभिन्न फर्जी नाम व पते से खुले खातों एवं ई वैलेट में स्थानान्तरण करा लेते हैं। लेकिन इनका एक्सेस कंट्रोल आरोपियों के पास की रहता है। जिसकी पुष्टि बैक द्वारा प्रदत्त डिजिटल एविडेंस व आईपी एड्रेस से की गई है। जेसीपी अपराध नीलाब्धा चैधरी ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि इनका नेटवर्क पूरे भारत में है। इन अपराधियों ने जालसाजी के जरिए करोड़ो की संपत्ति अर्जित कर तमाम कोठियां खड़ी कर ली हैं। जिनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई की गई है।

## लूट और हत्या के मामले में मुल्जिम की जमानत सत्र अदालत से खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। राजधानी के चौक इलाके में एक सुपारी व्यापारी के मुनीम की दिन–दहाड़े गोली मारकर हत्या करने व लाखों की नगदी लूटने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मो. साजिद उर्फसाजिद की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अविनाश सक्सेना ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को बेहद गंभीर करार दिया है। इस पर अन्य मुल्जिमों को संरक्षण देने व इस अपराध के षडयंत्र में शामिल होने का इल्जाम है। 20 फरवरी, 2020 को इस मामले की एफआईआर व्यापारी रामनिवास अग्रवाल ने थाना चौक में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक उस रोज हेलमेट लगाए चार नकाबपोश उनकी दुकान में असलहों से फायर करते हुए घुस गए। कहा कि जो जहां है, वहीं रहे। फिर दुकान की आलमारी से दो थैले उठाए और जाने लगे। इतने में उनके मुनीम सुभाष गुप्ता ने लुटेरों को पकड़ने का प्रयास किया। उसे गोली मार दी और मोटरसाईकिल से भाग गए। इससे पूरे बाजार में हाहाकार मच गया। सुभाष को फौरन मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुल्जिम कादर, फिरोज, लईक व शीबू के साथ ही मुल्जिम अतीक व साजिद को भी लूट व हत्या के इस मामले में शमिल होना पाया। अतीक की जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है। इन दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 394, 216ए, 120बी व 34 के साथ ही 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक वैन चालक का शव घर के अन्दर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की मां की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में उसने बीमारी से पीड़ित होने का कारण लिखा है।

बंथरा थाना क्षेत्र के खसरवार गांव में रहने वाले सुरेश का बेटा सोनू (25) खुद की वैन चलाता था। सोनू पेट दर्द की बीमारी से पीड़ित था। जिसका इलाज बंथरा स्थित एक निजी नर्सिंगहोम से चल रहा था। सोनू की पत्नी सीमा अपनी दोनो बेटियों के साथ मायके गई हुई थी। इस दौरान सोनू अपनी मां के साथ घर पर था। बुधवार की शाम खाना खाने के बाद सोनू सोने के लिए गांव के बाहर स्थित अपने मकान में चला गया। गुरूवार की सुबह जब वह काफी देर तक नही आया तो उसकी मां रानी उसे जगाने के लिए घर गई। जहां उसे सोनू का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सोनू की मां रानी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को सोनू के विस्तर पर एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने पेट दर्द बर्दास्त न कर पाने के चलते फांसी लगाने का कारण बताया।

## सर्पदंश से मासूम की मौत

**मोहनलालगंज।** परिवार के साथ झोपड़ी में गुजारा कर रहे मोहनलालगंज के कलंदरखेड़ा निवासी मजदूर मंगलू की मासूम बेटी सपना के लिए बुधवार को गरीबी काल बन गई। खाना बनाने के लिए झोपड़ी के अन्दर गई सपना की सर्पदंश से मौत हो गई। सबकुछ इतनी जल्दी हुआ कि जब तक परिवारीजन उसे नजदीक के निजी अस्पताल ले गए तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व मंगलू की बड़ी बेटी कामिनी की भी झोपड़ी में सर्पदंश से मौत हो चुकी है।



पुलिस लाइन में जन्माष्टमी की तैयारियों में जुटे कलाकार

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के डिग्रीधारक शिक्षकों की रिपोर्ट तलब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बेसिक** शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में शिक्षकों के शैक्षिक दस्तावेज के सत्यापन की चल रही प्रक्रिया के तहत बेसिक शिक्षा निदेशक ने ढाई दर्जन से अधिक जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के डिग्री धारक शिक्षकों की रिपोर्ट 10 अगस्त तक भेजने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि रिपोर्ट न देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सभी जिलों को 15 जुलाई तक सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध विद्यालयों से पूर्व मध्यमा, उच्चतर मध्यमा, शास्त्री व शिक्षा शास्त्री अभिलेखों के आधार पर वर्ष 2004 से 2014 के बीच चयनित अध्यापकों के बारे में जानकारी देने को कहा गया था। जिन ढाई दर्जन जिलों ने जानकारी नहीं दी उन्हें अब 10 अगस्त तक जानकारी देने के लिए कहा गया है। इन जिलों में मेरठ, बुलन्दशहर, सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, चन्दौली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, हरदोई, सुलतानपुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, अलीगढ़, हाथरस, पीलीभीत, शाहजहांपुर, देवरिया, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सम्भल, बस्ती, सिद्धार्थनगर, मुरादाबाद, रामपुर, आजमगढ़, झांसी, महोबा और चित्रकूट शामिल हैं।

**बीएड प्रवेश परीक्षा रद करने की मांग::** नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या के कोरोना संक्रमित होने पर लुआक्टा ने प्रवेश परीक्षा रद्द करने की मांग की है। लुआक्टा के पदाधिकारियों का कहना है कि जब कई कॉलेजों के प्रचार्य और कर्माचारी कोरोना संक्रमित है तो प्रवेश परीक्षा कैसे हो पाएगी। लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ मनोज पाण्डेय का कहना है कि जब तक फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की परीक्षाएं न हो जाएं तब तक प्रवेश परीक्षा को न कराया जाए। संगठन के अधिकारियों ने सरकार को प्रवेश परीक्षा के फैसले पर पुनः विचार करने की अपील की है।

## रोडवेज के एक दर्जन से ज्यादा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए

**लखनऊ।** परिवहन निगम के एमडी डॉ राजशेखर ने गुरुवार को एक दर्जन से ज्यादा अफसरों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया। इनमें मुख्यालय से लेकर क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों के अलावा प्रोन्नति पाए अधिकारियों को क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी हैं। इनमें मुख्य रूप से कैसरबाग बस स्टेशन पर प्रबंधन पद पर तैनात श्वेता सिंह को अयोध्या डिपो का सेवा प्रबंधक के पद पर तबादला हुआ है। अयोध्या में तैनात सेवा प्रबंधक केके सिंह को केंद्रीय कार्यशाला कानपुर भेजा गया। वहीं निगम मुख्यालय पर तैनात सुनील प्रसाद को कानपुर का क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया। सहारनपुर के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज त्रिवेदी को हरदोई क्षेत्र का क्षेत्रीय प्रबंधकए मुख्यालय पर तैनात अतुल भारती को आजमगढ़ का क्षेत्रीय प्रबंधकए आजमगढ़ में तैनात पीके तिवारी को गोरखपुर का क्षेत्रीय प्रबंधक, गोरखपुर में तैनात क्षेत्रीय प्रबंधक डीवी सिंह को मुख्यालय, सुग्रीव राय को वाराणसी का क्षेत्रीय प्रबंधक, आगरा के सेवा प्रबंधक अनुराग यादव को आगरा क्षेत्र का सेवा प्रबंधक, मेरठ क्षेत्र में तैनात नीरज सक्सेना को सहारनपुर क्षेत्र में तैनाती की गई। आगरा क्षेत्र में तैनात सेवा प्रबंधक एसपी सिंह को प्रशिक्षण संस्थान कानपुरए क्षेत्रीय प्रबंधक एके झा को मुख्यालय, झांसी क्षेत्र में तैनात केके शर्मा को मेरठ क्षेत्र, ईदगाह डिपो पर अनिल कुमार को झांसी क्षेत्र में तैनाती दी गई है।




### कोरोना मरीजों को होम आइसोलेशन किए जाने का मामला

# लखनऊ अव्वल, गोरखपुर दूसरे नंबर पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिना** लक्षण वाले कोरोना मरीजों को घर पर आइसोलेट कर उपचार किये जाने के मामले में राजधानी लखनऊ पहले स्थान पर है। जबकि गोरखपुर दूसरे पर और कानपुर तीसरे पर है। वहीं बागपत, फिरोजाबाद, चित्रकूट और हमीरपुर में सबसे कम संख्या में मरीज होम आइसोलेशन में है। यूपी में अभी तक 16 हजार 530 से ज्यादा मरीज होम आइसोलेशन में रखे गए हैं। सबसे ज्यादा लखनऊ के मरीज होम आइसोलेशन में हैं। लखनऊ में 2,556, गोरखपुर में 1,302, कानपुर में 1,233 मरीजों ने होम आईसोलेशन का विकल्प चुना है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. डीएस नेगी ने बताया कि अब तक 2,530 संक्रमित मरीज होम आइसोलेशन का पूरा वक्त गुजार चुके हैं।

**चार जनपदों में अभी तक नहीं खुला खाता:** सूबे में चार जिले ऐसे हैं, जहाँ अभी तक होम आइसोलेशन का खाता तक नहीं खुला। इनमें हापुड़, हाथरस, जालौन और बुलंदशहर है। इन शहरों में अब तक 500 से 1500 लोग पॉजिटिव आ चुके हैं। प्रदेश के चार जिले ऐसे हैं जिनमें दो से पांच मरीजों ने ही होम आइसोलेशन के विकल्प को चुना है। बागपत में चार, फिरोजाबाद में एक, चित्रकूट में दो और हमीरपुर में चार मरीज अब तक होम आइसोलेशन में रखे गए हैं।



कोरोना संक्रमित शिक्षिका की मौत पर 50 लाख मुआवजे की मांग: प्राथमिक विद्यालय माल–दो में तैनात कोरोना संक्रमित प्रधानाध्यापिका 40 की गुरुवार को मौत हो गई। प्रधानाध्यापिका की मौत से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ में रोष है। संघ ने कोविड.19 की सुरक्षा के दृष्टिगत पांच सूत्रीय माँगो को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में शासन द्वारा निर्धारित 50 लाख की मुआवजा राशि तत्काल दिलाए जाने की मांग की गई है। संघ के महामंत्री वीरेंद्र सिंह ने शिक्षकों को कोविड बीमा पॉलिसी कराने की भी मांग की है। संघ के महामंत्री ने कहा कि संघ की उक्त मांगो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## कोरोना विजेताओं ने डोनेट किये प्लाज्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गंभीर** मरीजों की जान बचाने के लिए गुरुवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन डिपार्टमेंट में कोरोना विजेताओं ने प्लाज्मा दान किया है। अब तक केजीएमयू में 29 कोरोना विजेता प्लाज्मा दान कर चुके हैं। केजीएमयू ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा ने बताया कि गुरुवार को डा. मोनिका व एक अन्य ने प्लाज्मा दान किया है। डॉ. मोनिका लगातार कोरोना विजेताओं को प्लाज्मा दान करने के लिए जागरुक भी कर रही हैं। डॉ. मोनिका लगातार कोरोना विजेताओं को प्लाज्मा दान करने के लिए जागरुक भी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गंभीर मरीजों को प्लाज्मा थेरेपी दी जा रही है। अभी तक 22 यूनिट प्लाज्मा गंभीर कोरोना मरीजों को चढ़ाया जा चुका है।

## पीएचडी में आवेदन के लिए आज अंतिम तिथि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ स्टडीज में पीएचडी के लिए शुक्रवार तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके अलावा गेट क्वालीफाइ स्टूडेंट्स को फीस जमा करने के लिए 20 अगस्त तक का समय दिया गया है। निदेशक सीएएस प्रो. मनीष गौड़ ने बताया कि कोरोना संक्रमण की वजह से इस साल गेट क्वालीफाइ स्टूडेंट्स के आवेदन पीएचडी में दाखिले के लिए अधिक आए हैं। जिसकी वजह से पीएचडी में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों को इस साल अपने पसंद का कोर्स मिलना मुश्किल हो सकता है। सीएएस की 90 सीटों पर 116 गेट क्वालीफाइ छात्रों ने आवेदन किया हैं। इसमें भी कम्प्यूटर साइंस, नैनो टेक्नोलॉजी व इलेक्ट्रानिक्स में आवेदन अधिक आए हैं।

### एक्सप्रेस वे पर हादसों को लेकर परिवहन महकमा गंभीर

# अब तेज रफ्तार बसों पर होगा एक्शन

## चालान की राशि ड्राइवर व कंडक्टर के वेतन से कटेगी

**लखनऊ।** खास तौर पर आगरा एक्सप्रेस वे पर बस संचालन में लापरवाही ड्राइवर कंडक्टर को भारी पड़ेगी। एक्सप्रेस वे पर रोडवेज बस दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एमडी ने गुरुवार को सख्त निर्णय लिया है। जिसमें एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार और गलत लेन में बस संचालन पर हो रहे चालान का जुर्माना ड्राइवर और कंडक्टर के वेतन से काटने के आदेश जारी किए हैं।प्रदेश भर के अफसरों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग करने के बाद जारी आदेश में ड्राइवर के वेतन से 80 फीसदी और कंडक्टर के वेतन से 20 फीसदी चालान की धनराशि काटने के आदेश दिए हैं। एक्सप्रेस वे प्राधिकरण द्वारा स्थापित नई तकनीकी से चालान का ब्यौरा हर माह एकत्र किया जाएगा। ताकि एक्सप्रेस वे पर बरती जा रही लापरवाही को सुधारा जा सके।

**चालान कटा चुके ड्राइवर रूट से हटेंगे:** आगरा एक्सप्रेस वे पर पूर्व में तेज रफ्तार और अन्य लापरवाही से बस संचालन के दौरान चालान कटा चुके ड्राइवरों की सूची तैयार की जा रही हैं। सूची में ऐसे लापरवाह ड्राइवरों को एक्सप्रेस वे के रूट से हटाए जाने की तैयारी है। ताकि आगरा एक्सप्रेस वे पर बस दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

## बस अड्डों पर परिवहन निगम अब बेचेगा खुद के बनाए मास्क

**लखनऊ।** रोडवेज बस में यात्रियों के सुरक्षित सफर करने के लिए मास्क पहनना जरूरी हैं। इसी के मद्देनजर परिवहन निगम खुद का तैयार किया हुआ मास्क बस अड्डे पर बेचेगा। इस मास्क को सिर्फ यात्री ही छह रुपये में खरीद सकेंगे। परिवहन निगम के एमडी डॉ राजशेखर ने खुद के कार्याशाला में तैयार मास्क को बिना फायदें और नुकसान को देखते हुए छह रुपये में बेचेन की जानकारी ट्विटर पर साझा की है।

उन्होंने कहा है कि इस मास्क को परिवहन निगम खुद उत्पाद कर रहा है। यात्रियों से अपील भी की है कि बस में सफर के दौरान मास्क पहनिए और सुरक्षित रहिए। पैकेट बंद एक मास्क की कीमत छह रुपये तय की गई हैं। ये मास्क प्रदेश भर के बस अड्डों पर बेचेन की तैयारी हैं। खास तौर पर ये मास्क उन यात्रियों के लिए मुफीद साबित होगा जो ज्यादा पैसा खर्च नहीं कर सकते और मजबूरी में बिना मास्क गमझा पहनकर बस में सफर करते हुए नजर आते हैं।

## मामूली विवाद में भाभी को गोली मारकर किया घायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाजीपुर** थाना क्षेत्रान्तर्गत सेवानिवृत पिता के पेंशन के रुपयों को लेकर देवर भाभी में गुरुवार को विवाद हो गया। इससे गुस्साये देवर ने भाभी को दो गोलियां मार दी। लहूलुहान होकर महिला वहीं गिर पड़ी। आनन–फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। इन्सपेक्टर की मानें तो गोली कंधे और जांघ में लगी है। हालत खतरे से बाहर है। पीड़िता का इलाज के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से ही आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकलाए जिसकी तलाश की जा रही है। इन्सपेक्टर गाजीपुर ने बताया की पीरबाग कॉलोनी शक्तिनगर निवासी 40 वर्षीय आशमा मुर्जफर पत्नी मुर्जफर सईद गृहणी हैं। आरोप है कि गुरुवार को इनका अपने देवर जफर सईद से ससुर के पेंशन के रुपयों को लेकर कुछ विवाद हो गया। मामूली कहासुनी में विवाद इतना बढ़ गया गया कि गुस्साये देवर ने अपने पास रखे देशी तमंचे से भाभी आशमा को दो गाली मार दी। गोली बांये कंधे और जांघ में जा लगी। लहूलुहान होकर वह वहीं गिर पड़ी। मोहल्ले वालो की मदद से उन्हे इलाज के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि आरोपी देवर घटना के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकला है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना से तंग नवविवाहिता ने लगाई फांसी, पति गिरफ्तार

**लखनऊ (पीएनएस)।** आशियाना थाना क्षेत्र के उसरी गांव में एक नव विवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर अंगौछे के सहारे पंखे के हुंक से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज की मांग कर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति व ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगा लिखित शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर दहेज हत्या में मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरुप से सुमंत खेड़ा थाना बछरांवा जनपद रायबरेली की रहने वाली सबिता का विवाह बीते मई माह 20 में आशियाना के उसरी में रहने वाले सोनू पुत्र श्रीराम के साथ हुआ था। विवाहिता ने बुधवार रात घर के कमरे में दरवाजा भीतर से बंद कर अंगौछे के सहारे पंखे के हुंक से फांसी लगा अपनी जान दे दी। ससुरालीजन देर रात दरवाजा न खुलने पर दीवार तोड़कर विवाहिता का शव फंदे से नीचे उतार निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गुरुवार सुबह पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को देख मायके वाले ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मार डालने का आरोप लगाने लगे। मृतका की बड़ी बहन निगोहा थाना क्षेत्र के गांव करनपुर पोस्ट मीरखनगर निवासी माया देवी ने मृतका के पति समेत बड़े भाई, भाभी, बहन व बहनोई पर मोटरसाइकिल व पचास हजार रुपये नगद की मांग पूरी न होने पर बहन को प्रताड़ित करने व दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगा लिखित शिकायत की है।

# निवेश बढ़ाने को एक मंच की जरूरत: सिद्धार्थ नाथ

## सिंगापुर द्वारा व्यापार में निवेश के अवसर पर इंटरैक्टिव वेबिनार सत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पीएचडी** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने गुरुवार को सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ सिंगापुर द्वारा व्यापार में निवेश के अवसर पर एक इंटरैक्टिव वेबिनार सत्र का आयोजन किया।

कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने इस सत्र का आयोजन करने के लिये पीएचडी चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को धन्यवाद दिया और उत्तर प्रदेश में निवेश के लिये आने वाले अवसरों के बारे में बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्लोबल सप्लाई चेन बनाने की भी अपार संभावना है और यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश आईटी, टेक्सटाइल , फूड प्रोसेसिंग, स्किल ट्रेनिंग टूरिज्म, इंटीग्रेटेड टाउनशिप एवं इलेक्ट्रोनिस वहिकल जैसे क्षेत्रों में निवेश करने के लिये अति उत्तम है और साथ में इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में एक मंच की आवश्यकता है जहां दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाया जा सके। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष डीके अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ, पी कुमारन हाई कमीशन इंडिया-सिंगापुर एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया और अपने विचार रखते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश के लिये एक बड़ा बाज़ार है और यहाँ पर व्यपार में में निवेश करने क लिये बहुत महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। श्री प्रसून मुखर्जी अध्यक्ष आईबीडी ने अपने संबोधन में सभी वक्ताओं का परिचय देते हुआ कहा की वर्तमान में इंडस्ट्रीलाईजेशन एवं ट्रांसफॉर्ममेशन के लिये एमएसएमई को जागरूक करने की आवश्यकता है और आईबीडी द्वारा की गई विभिन्न पहल को साझा किया जिससे भारत और सिंगापुर के बीच व्यावसायिक विकास बढ़ सकता है।

श्री मनोज गौड़ चेयरमैन उत्तर प्रदेश चैप्टर पीएचडी चैंबर ने अपने संबोधन में सभी वक्ताओ का स्वागत करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश निवश करने के लिये आर्थिक रूप से पूरी तरह विकसित है और उन्होंने हेंडीक्राफ्ट, चमड़ा, एग्रो बेस्ड फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन जैसे क्षेत्रों को निवेश के लिये अति महत्वपूर्ण बताया।

डॉ चंद्रू अध्यक्ष एसआईसीसीआई ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए बताया की स्किल डेवलपमेंट, हेंडीक्राफ्ट टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों को आज के संदर्भ में ओद्योगिक करण की आवश्यकता है। डॉ ललित खेतान मेंटर उत्तर प्रदेश चैप्टर पीएचडी चैंबर ने सरकार कि सराहना करते हुए कहा की आत्म निर्भर भारत की ओर अग्रसर होना है और यह भी बताया की उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने से निर्यात को दो गुन्ना बढ़ाया जा सकता है। श्री गौतम बनर्जी अध्यक्ष साउथ एशिया बिज़नस ग्रुप सिंगापुर बिज़नस फेडरेशन ने अपने संबोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में टूरिज्म भी निवेश करने के लिये एक बड़ा क्षेत्र है और यह भी बताया कैसे सिंगापुर उत्तर प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकता है और यह भी कहा सिंगापुर के सहयोग से उत्तर प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश में टेक्नोलॉजी एवं वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट स्थापित किया जा सकता है। तय लियन चेव ग्लोबल मर्केट्र्स डायरेक्टर साउथ एशिया एंटरप्राइज सिंगापुर ने बताया ग्लोबल नेटवर्क व्सवाय में कैसे सरलता से लाभ ले सकता है। वाईस चेयरमैन एसआईसीसीआई चन्द्र मोहन रेथ्नाम ने बताया सिंगापुर में एसएमई की संख्या बढ़ने का एक कारण ओद्योगिक वातावरण है और यह भी कहा उत्तर प्रदेश व्यापार के लिये एक बड़ा बाज़ार है जहां पर निवेश को बढ़ावा देने के लिये मानव पूंजी की पहल करने की ज़रूरत है।

पी कुमारन हाई कमिश्नर ऑफ इंडिया-सिंगापुर ने अपने संबोधन में बताया कि भारत में उत्तर प्रदेश एक निवेश का बड़ा केंद्र है और यहां पर इनोवेशन, साइबर सिक्यूरिटी, कृत्रिम होशियारी, अग्री टेक जैसे क्षेत्रों में निवेश करने के लिये उत्तम है। पीएचडी चैंबर के प्रधान निदेशक डॉ रंजीत मेहता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# विधानसभा के आगामी सत्र में होगा कोरोना के प्रोटोकाल का पूरा पालन

## सभी दलीय नेताओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** सभा के आगामी सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने सभी दलीय नेताओं के साथ बृहस्पतिवार को बैठक की। बैठक में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, समाजवादी पार्टी की ओर से राकेश प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी विधानमण्डल दल के नेता लालजी वर्मा द्वारा भाग लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना की विषम परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश में विधान सभा का सत्र आहूत किया जा रहा है, इससे पूर्व मध्य प्रदेश के अतिरिक्त अन्य किसी राज्य में कोरोना महामारी के दौरान सत्र आहूत नहीं किया गया है अत: उत्तर प्रदेश राज्य इस संबंध में मानक निर्धारित करेगा। सदन में सभी दलों के सदस्य भौतिक दूरी बनाये रहते हुए भूतल पर एवं प्रथम तल पर बैठने तथा दर्शक दीर्घा का भी प्रयोग सदस्यों के बैठने के लिए किए जाने पर विचार किया गया। सभी सदस्यों को सदन में जाने से पूर्व सैनिटाइजेशन एवं मास्क आदि की व्यवस्था पर भी विचार विमर्श हुआ। विधान सभा में सदस्यों के आगमन पर प्रवेश द्वारों पर सैनिटाइजेशन एवं थर्मल स्कैनर की व्यवस्था कराये जाने पर विचार किया गया। सदन में सेन्ट्रल एयर कंडिशनर को सुरक्षित रूप से संचालित किए जाने के लिए भारत सरकार द्वारा इस संबंध में निर्गत किये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करने एवं अल्ट्रावाइलेट रेज के फिल्टर भी लगाये जाने पर विचार किया गया। दीक्षित ने कहा कि संसद में पूर्व सांसदों को पास न जारी करने का निर्णय लिया गया है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में भी सदन के सत्र के दौरान पूर्व विधायकों के प्रवेश पत्र भी सत्र के दौरान निलम्बित रखे जाने पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के प्रवेश पत्र भी स्थगित रहेंगे।

## चट्टानों के पट्टों की रायल्टी जमा करने में ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाए: रोशन जैकब

**लखनऊ।** निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक डा. रोशन जैकब ने कहा है कि चट्टानों के पट्टों की रायल्टी जमा कराने के लिए भी ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि इसका कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने बताया कि खनन पट्टा वर्ष के पहले माह का 12 प्रतिशत और शेष 11 माह का 8 प्रतिशत रायल्टी ऑनलाइन जमा की जानी है। पट्टाधारक जो पट्टावर्ष के बीच में इस नई व्यवस्था में आएंगे, उनके लिए अनुमन्य वार्षिक मात्रा में से उपभोग के बाद अवशेष उपखनिज की मात्रा को शेष माह में समान रूप से विभाजित करते हुए देय मासिक किस्तें प्रदर्शित होने लगेंगी। ऑनलाइन भुगतान के बाद ही वो प्रपत्र ई.एमएम.11 निकाल सकेंगे। मासिक किस्त माह के पहले दिन देय होगी। मासिक किस्त के समतुल्य मात्रा पूर्ण होने या महीने की अन्तिम तिथिए जो भी पहले होए के उपरान्त अभिवहन पास जनित नहीं हो सकेगा। परिहार धारक अगली मासिक किस्त का अग्रिम भुगतान करने के उपरान्त ही अभिवहन पास जनित कर सकेंगे। जमा मासिक किस्त के सापेक्ष यदि परिवहन की गयी उपखनिज की मात्रा कम होती हैए तो शेष मात्रा अगले माह में हस्तान्तरित हो जायेगी।

# रालोद ने की बन्द कताई मिलों को बेचने की नीति की आलोचना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिवेदी ने प्रदेश सरकार द्वारा परिवहन निगम के बस अड्डों को किराए पर देने एवं विभिन्न जनपदों में बन्द पड़ी कताई मिलों को बेचने की नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि प्रदेश में आये हुए प्रवासी मजदूरों के लिए सरकार ने अभी तक कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। मनरेगा जैसी योजनाओं में स्थान देने और कुछ श्रमिकों के खातों में थोड़ी धनराशि ट्रांसफर कर देने से उनके परिवारों का भरण पोषण सम्भव नहीं है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार ने अभी तक राजधानी लखनऊ की बन्द पड़ी विक्रम काटन मिल और पेपर मिल तथा औद्योगिक नगरी कानपुर की जूटमिल, टाट मिल, एल्गिन मिल और लाल इमली जैसी बड़ी मिलों को चालू करने की कोई कार्य योजना नहीं बनाई है। जहाँ हजारों मजदूरों को नौकरी देकर उनके परिवारों को समाज में सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है। सरकारी मिलों को बेचने की रणनीति से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार ने भी केन्द्र सरकार का अनुसरण करते हुए सरकारी संसाधनों को औद्योगिक घरानों के हवाले करने की तैयारी कर ली है जो प्रदेश की मजदूर विरोधी नीति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने डबल इंजन की सरकारों से खुशहाल प्रदेश की कामना की थी जबकि स्थिति बिल्कुल उल्टा है।

किसानों और मजदूरों की दशा अत्यन्त सोचनीय हो गई है। रालोद प्रवक्ता ने बताया कि किसान मसीहा चौण्चरण सिंह का मत था कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहानों से होकर गुजरता है जो स्पष्ट करता है कि जब तक प्रदेश में किसानों और मजदूरों में खुशहाली नहीं आयेगी तब तक देश की उन्नति सोचना अप्रासंगिक है। उन्होंने प्रदेश सरकार से माँग करते हुए कहा कि जब तक दैवीय आपदा और महामारी से छुटकारा नहीं मिलता तब तक लघु और सीमान्त किसानों को 5000 रुपए प्रतिमाह तथा मजदूरों को दो हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाय तथा इसी बीच में ठोस कार्ययोजना तैयार करके मजदूरों का समायोजन किया जाय ताकि उनके पलायन को रोका जा सके।

## शांतनु प्रताप सिंह ने मध्य कमान के पीआरओ का कार्यभार संभाला



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय में भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने लखनऊ छावनी में रक्षा मंत्रालय मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार आज संभाल लिया है। भारतीय सूचना सेवा के वर्ष 2012 बैच के अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह वर्तमान पद ग्रहण करने से पहले चंडीगढ़ स्थित आरएनयूए आल इण्डिया रेडियो में उपनिदेशक समाचार के पद पर कार्यरत थे । श्री सिंह ने दूरदर्शन समाचार, नई दिल्ली तथा दूरदर्शन केन्द्र, शिलान्ग सहित भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया इकाइयों में कार्य किया है।

# एसबीआई व स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन के बीच ई-स्टांप विक्रय के लिए एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल एवं स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के मध्य एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया जिसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल अपनी 240 चयनित शाखाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार की ई-स्टैम्प की बिक्री करेगा। यह एमओयू मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल अजय कुमार खन्ना व अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल एवं प्रमुख सचिव स्टैम्प एवं निबंधन वीना कुमारी मीणा की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया । इस डिजिटल पहल के द्वारा आम जनता को स्टैम्प ऋय करने का एक सुलभ विकल्प मिलेगा जिसके अंतर्गत स्टैम्प खरीदने का इक्षुक व्यक्ति स्टेट बैंक की चयनित शाखा में जाकर नकद जमा, आरटीजीएस, नेफ्ट, चेक, द्वारा धनराशि जमा करने के उपरांत तुरंत स्टैम्प प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन मे कहा की भारतीय स्टेट बैंक सही रूप में आम जनता का बैंक है। लगभग 45 करोड़ खाताधारक बैंक से जुड़े हुए हैं । आरंभ में प्रदेश में ई स्टैम्प जारी करने हेतु 240 शाखायें चयनित की गयी हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वित्त ने अपने सम्बोधन मे कहा की यह एमओयू आम जनता को एक उचित, सुविधाजनक विकल्प प्रदान करेगा साथ ही साथ सरकार के रेविन्यू मे भी वृद्धि करेगा। प्रमुख सचिव स्टैम्प एवं निबंधन ने इस अवसर पर महानिरीक्षक स्टम्प एवं निबंधन सुश्री मिनिस्थी व उनकी टीम की सराहना की एवं कहा की उनके नेतृत्व में इस दिशा में कई नए कार्य हुए हैं, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा ऑनलाइन निबंधन शुल्क जमा करने का विकल्प उपलब्ध किया गया है । स्टॉक होल्डिंग के क्षेत्रीय प्रमुख बालाजी ने विश्वास दिलाया की यह पहल आम जनता, राज्य सरकार ,भारतीय स्टेट बैंक एवं स्टॉक होल्डिंग सबके लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

## सीबीआई जांच का पूर्व डीजीपी ने किया स्वागत

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के कथित आत्महत्या प्रकरण की जांच सीबीआई से कराए जाने का यूपी के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने स्वागत किया है। पूर्व डीजीपी ने कहा कि जिस तरह बिहार व मुम्बई पुलिस एक दूसरे पर आरोप, प्रत्यारोप लगा रहे थे, उसके बाद तो सीबीआई जांच ही एक विकल्प बचा था। पूर्व डीजीपी ने कहा कि दाल में कुछ काला अवश्य है। उन्होंने कहा कि जहां तक इस मामले के जांच में कार्यक्षेत्र का प्रश्न है, वह केवल मुम्बई पुलिस का था क्योंकि जिस जगह की घटना है, वहीं की पुलिस को जांच का अधिकार है। हां, सुशांत के पिता द्वारा पटना में लिखाई गयी एफआईआर को मुम्बई पुलिस द्वारा हो रही जांच में शामिल किया जा सकता था। मुम्बई पुलिस अपने क्रियाकलाप से विवादित हो गयी और उसकी जांच विश्वास योग्य नही रह गयी थी।

## भावनी बांध परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत

लखनऊ। सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में भावनी बांध परियोजना के कार्यो को पूरा करने के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पूरी योजना 24 करोड़ लागत की है। इसके साथ ही मेजा, सिरसी, अदवा बांध, घाघरा बैराज के गेटों के जल यान्त्रिक संयंत्रों के मरम्मत हेतु 47.33 लाख रूपये तथा रिवाइज्ड प्रोजेक्ट फार रिकन्स्ट्रक्शन आफ एक्वाडक्ट कम डीआरपी कम फाल ऐट किमी 26.527 आफराडट जाली डिवाई इन डिस्ट्रिक्ट मुजफ्फरनगर के लिए 150 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## विक्षिप्त युवक समेत दो लापता बरामद

लखनऊ। राजधानी के अलग अलग थाना क्षेत्र में लापता हुए विक्षिप्त समेत दो को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। विभूतिखण्ड पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त को तलाशने में सफलता हासिल की। वहीं काकोरी पुलिस ने भी एक लापता किशोर को ढूंढ निकाला। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वतीपुरम जानकीपुरम निवासी अश्वनी कुमार का साला मनीष कुमार लापता हो गया था। जिसकी गुमशुदुकी विभूतिखण्ड थाने में दर्ज थी। तलाश में लगाई गई पांच टीमों ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए हुलिए के आधार पर मनीष कुमार पुत्र चन्द्रपाल को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जबकि काकोरी थाना क्षेत्र में लापता हुए 10 वर्षीय किशोर को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया।

## 15 हजार का इनामिया जालसाज गिरफ्तार

लखनऊ। पीजीआई पुलिस ने 15000 के इनामिया बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश काफी समय से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक पीजीआई कण्व कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह कल्ली पश्चिम चैराहे के पास से बाबा की कुटिया आजाद नगर थाना आलमबाग निवासी ईश्वरकांत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। यही नहीं पकड़े गए आरोपी के खिलाफकृष्णानगर, वजीरगंज, पीजीआई समेत विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

## सीएमएस छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के छात्र प्रियम्वद यादव (157वीं रैंक) ने इस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयनित होकर विद्यालय का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। प्रियम्वद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सीएमएस के शैक्षिक वातावरण को दिया है। उनका कहना है कि सीएमएस के ईश्वरीय वातावरण में समाजसेवा की भावना समाहित है, जिसके कारण मुझे इस परीक्षा में चयनित होने की लालसा हुई। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस होनहार छात्र की अभूतपूर्व सफलता पर पूरे सीएमएस परिवार को गर्व है।

## रुपयों के लेन-देन में युवक को मारी गयी थी गोली

**बख्शी का तालाब।** मंगलवार रात्रि को दावत में गये युवक को उसके ही दोस्तो ने रुपयों के तगादे को लेकर गोली मार दी थी। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरिफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पिस्टल बरामद करने का दावा कर रही है। इन्दौरबाग के रहने वाले मोनू सिंह 22 को गोली मारकर फरार हुये हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । सीओ हृदेश कठेरिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इन्दौरबाग निवासी रवि कुमार व बंनौर के रवी सिंह उर्फकार्तिकेय को गिरिफ्तार किया गया है । पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनका और घायल से पैसों के लेन देन का मामला चल रहा था । मंगलवार दावत के बहाने उसे तहसील के सामने प्लाटिंग पर बुलाकर गोली मार दी गयी ।

# पीएम व सीएम की अंकतालिका की जांच की मांग करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में शिक्षकों के शैक्षिक दस्तावेज के सत्यापन की चल रही प्रक्रिया के विरुद्ध जाकर एक शिक्षक ने अपने दस्तावेज सत्यापित कराने से पूर्व पीएम व सीएम के अंकतालिका के सत्यापन की मांग की है।

शिक्षक की अजीबोगरीब मांग को आचरण नियमावली का उल्लंघन मानते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 के तहत प्रबन्ध तंत्र को शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सदर बाजार स्थित हरिश्चंद्र इंटर कालेज के रसायन विज्ञान में प्रवक्ता के पद पर तैनात रामनिवास ने कॉलेज के प्रधानाचार्य व जिला विद्यालय निरीक्षक को इस बावत अजीबोगरीब पत्र लिखकर मांग की थी। जिस पर प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिख कर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए वेतन रोकने की मांग की थी। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने प्रबन्ध तंत्र को शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
**शुद्धि पत्र** इस कार्यालय की अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 08/अ0अ0(जा0) ई/श0भ0वि0/ल0/2020-21 के विरूद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 05.08.2020 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 14.08.2020 अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-641 दिनांक 6.8.2020 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# अश्विनी कुमार ने एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ का पद संभाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के दूसरे सबसे बड़े क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि अश्विनी कुमार तिवारी 1 अगस्त 2020 से कंपनी के नये मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर बन गये हैं। उन्होंने हरदयाल प्रसाद की जगह ली है, जो 31 जुलाई, 2020 को सेवानिवृत्त हुए। अश्विनी कुमार तिवारी एक कॅरियर बैंकर हैं। उन्हें स्टेट बैंक ऑफइंडिया के साथ काम करने का 29 वर्षों का अनुभव है, जिसमें घरेलू और विदेशों में पोस्टिंग भी शामिल हैं। एसबीआई कार्ड का प्रभार लेने से पहले श्री तिवारी अप्रैल 2017 से एसबीआई में यूएस ऑपरेशंस के कंट्री हेड थे और न्यूयॉर्क में रहते थे। वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कैलिफोर्निया बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के वाइस चेयरमैन भी रह चुके हैं। इस बारे में टिप्पणी करते हुए दिनेश खारा मैनेजिंग डायरेक्टर जीबी एंड एस स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कहा हमें एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ के रूप में अश्विनी कुमार तिवारी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। अपने सफल कॅरियर के दौरान उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न पदों पर प्रामाणिक और कुशल नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। हमारा मानना है कि उनके पास तेजी से बढ़ते क्रेडिट कार्ड बिजनेस का नेतृत्व करने के लिये रणनीतिक दृष्टिकोण और कुशलताएं हैं।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद, सीतापुर**

पत्रांक-01/मनरेगा/2020-21 दिनांक-01.08.2020

**निविदा आमंत्रण सूचना (अल्प कालीन)**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्यों पर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर एवं आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों द्वारा सीलबन्द निविदायें दिनांक 17.08.2020 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदायें उसी दिन सायं 03.30 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.08.2020 से प्रातः 11:00 बजे से सायं 04.00 बजे तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी से नगद मूल्य देकर दिनांक - 17.08.2020 तक प्राप्त की जा सकती है। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद सीतापुर से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलन की धनराशि सामग्री हेतु (लाख में) | निविदा मूल्य (रु. में) | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.सी.एम. रोड से होमगार्ड आफिस तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 844225.00 | 500.00 | सीमेन्ट 211 बोरी, लोकल बालू 30.40 घन मी0, बालू 35.53 घन मी0, मौरंग 6.71 घन मी0, एम-150 ईटा 11400 नग, 40 एम.एम. ईट रोढा 68.30 घन मी0, 80 एम0एम0 इंटरलाकिंग 21098 नग, बोर्ड। |
| 02 | बिसवां रोड से भवानीपुर नहर पटरी पर खड़ंजा कार्य। | 783013.00 | 500.00 | एस0ओ0बी0 ईंटा 104200 नग, मिटटी ढुलाई 819.22 घन मी0, बोर्ड। |
| 03 | रसूलापुर गांव से सड़क तक खड़जा कार्य। | 770443.00 | 500.00 | एस0ओ0बी0 ईंटा 100300 नग, मिटटी ढुलाई 991.37 घन मी0, बोर्ड। |

निविदा की शर्ते : 1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. निविदा की अन्य शर्ते लागू रहेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**खैराबाद - सीतापुर**

# पंचायतों की बकाएदारी होगी खत्म आश्रय केन्द्रों तक बनेगी सड़क

## डिप्टी सीवीओ ने किया निरीक्षण, प्रधानों को दिया भरोसा

संवाददाता। मोहनलालगंज



**निराश्रित** गोवंश आश्रय केन्द्रों में कैद तकरीबन चार हजार गोवंश का पेट भरने में कर्जदार हो चुकी पंचायतों की बकाएदारी जल्द समाप्त कराने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त सभी आश्रय केन्द्रों को बेहतर आवागमन मार्ग से भी जोड़ा जाएगा। गुरुवार को डिप्टी सीवीओ डॉ. रचना ने कई गोवंश आश्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर समस्याएं गिना रहे प्रधानों को भरोसा दिया है।

मोहनलालगंज के निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों की हकीकत देखने निकली डिप्टी सीवीओ डॉ. रचना ने शुरुआत शिवढ़रा से की यहां उनके सामने ही भूसे सप्लाई कर रही फर्म का कर्मचारी बकाया मांगने पहुंच गया। प्रधान अनिल कुमार और सचिव रामबहादुर शर्मा ने बकाएदारी की समस्या बताई तो डिप्टी सीवीओ ने लेटलतीफी की वजह डिमाण्ड भेजने में देरी की करार दी। हालांकि उन्होंने सीवीओ आफिस से बातचीत के बाद अगले एक सप्ताह में चारे के लिए बकाया धनराशि का भुगतान प्राप्त हो जाने का भरोसा भी दिया। आश्रय केन्द्र में मनरेगा से बने शेड का भुगतान नहीं होने की समस्या पर बीडीओ अजीत कुमार सिंह से बातचीत कर सचिव को फाइल तैयार कर भुगतान के लिए भेजने के निर्देश दिए। परिसर में जलभराव देखकर तालाब खुदवाकर मत्स्य पालन कराने और आश्रय केन्द्र तक आवागमन के कच्चे मार्ग पर खड़ंजा लगाने के निर्देश दिए। गोवंश आश्रय केन्द्र परेहटा पहुंची डिप्टी सीवीओ को केन्द्र तक आवागमन के लिए गाड़ी से उतरकर कीचड़ युक्त कच्चे मार्ग से आवागमन करना पड़ गया। लिहाजा उन्होने सचिव और प्रधान को कच्चे मार्ग पर खड़ंजा लगाकर बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आश्रय केन्द्र में कीचड़ की समस्या का समाधान कराने की हिदायत दी।

खुझौली गोवंश आश्रय केन्द्र में भूसा स्टोर का अविलम्ब निर्माण कराने के निर्देश दिए। वहीं मृत गोवंश के शव के निस्तारण की समस्या को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया। डिप्टी सीवीओ ने बताया निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेकर यथावश्यक निर्देश दिए गए हैं। गोवंश की सेहत भी देखी गई। बीमार गोवंश का उपचार और टीकाकरण नियमित तौर पर किया जा रहा है। टैगिंग का कार्य भी चल रहा है डिमाण्ड भेजने में देरी की वजह से चारे के लिए धनराशि की बकाएदारी की समस्या है जिसे जल्द ही दूर करा लिया जाएगा।

## सिलेंडर से लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

संवाददाता। निगोहां

**लखनऊ** थाना क्षेत्र के बैरी गांव में सिलेंडर पाइप लीक हो जाने के कारण अचानक आग लग जाने से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पीआरवी कर्मी मौके पर पहुंचे जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। बुधवार की देर रात निगोहां के बैरी गांव निवासी देशराज यादव के घर में खाना बनाते समय सिलेंडर की पाइप लीक होने से अचानक आग लग गयी। आग की लपटे इतनी तेज थी की भारी मात्रा में घर का सामान जलकर राख हो गया। वही सिलेंडर से आग लगने के कारण व सिलेंडर फटने के डर से आसपास के लोग काफी भयभीत हो गये। परिजनों ने पुलिस व दमकल को मामले की सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे पीआरबी पुलिस कर्मी कौशल लक्ष्मीकांत व चालक विनय सिंह ने आग बुझाई। दमकल भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।

# अवैध कब्जे होंगे खाली, समेसी में बनेगा आयुर्वेदिक अस्पताल

**मोहनलालगंज।** समेसी में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए सुरक्षित की गई सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराकर उस पर अस्पताल का भवन निर्माण कराया जाएगा। गुरुवार को राजस्व टीम ने निशानदेही के बाद अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के समेसी में वर्ष 2010 के दौरान कुछ भूमि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए सुरक्षित की गई थी। लेकिन बजट के अभाव में उस पर अस्पताल का भवन निर्माण नहीं कराया जा सका। कुछ माह पूर्व बजट स्वीकृत हुआ और विभाग की टीम निर्माण कराने पहुंची तो उस भूमि पर अवैध कब्जे देखकर दंग रह गई। मोहनलालगंज आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी डॉ राकेश ने मामले की जानकारी तहसील प्रशासन को दी। जिसके बाद गुरुवार को राजस्व टीम ने नापजोख के बाद अवैध कब्जे खाली कराने की कार्रवाई शुरु कर दी है।

# रामलला को मिला पांच किलो सोना, 20 किलो चांदी की ईंट

● मंदिर निर्माण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगीः महंत संजय दास

संवाददाता। अयोध्या



अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन कर रहे थे वही भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए। देश दनिया से सोना चांदी और रुपया देने वाले भक्तों का ताता लगा रहा।तमिलनाडु के मनार गुडी तीर्थक्षेत्र के प्रमुख जीयर स्वामी ने श्रीराम जन्म भूमि शिलान्यास कार्यक्रम के लिए 20 किलो चांदी की और 5 किलो सोने की ईंट राम मंदिर ट्रस्ट को भेंट की। सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी के महंत ज्ञान दास जी महाराज के शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय रथ दास जी महाराज ने बताया।भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य मंदिर का शिलान्यास करके पूरे देश में राम राज्य की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश खुशी से झूम रहा है हमारे आराध्य के भव्य मंदिर निर्माण के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहेगी भारत ही नहीं विदेश से भी लोग अपने आराध्य के मंदिर निर्माण के लिए सोना चांदी रुपया पैसा दान करेंगे जिससे कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण होगा और राम राज्य की स्थापना पूरे देश में होगी। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के जीयर स्वामी ने भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए 5 किलो सोने और 20 किलो चांदी की ईट धान की है जो भव्य मंदिर निर्माण में सहायक होगी।

## बड़े पैमाने पर विकास कार्य सम्पादित कर रहा है रेलवे

गोरखपुर। कोरोना संक्रमण के इस कठिन समय में भी पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अनेकों विकास के कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी मंडल के भटनी-औंड़िहार रेल खंड पर 125 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का चुनौतीपूर्ण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विद्युतीकृत इस रेल खण्ड का 10 अगस्त को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इस खंड के विद्युतीकरण से गोरखपुर से वाराणसी के मध्य एक बड़ा हिस्सा, विद्युतीकृत रेल खण्डों से जुड़ जायेगा, जिससे गोरखपुर-वाराणसी रूट पर भी इलेक्ट्रिक टेऊनों का संचलन हो सकेगा। इससे अन्य लाभों के अतिरिक्त गाड़ियों के समय-पालन में भी अपेक्षित सुधार होगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि ऊर्जा संरक्षण को लेकर रेल प्रशासन बेहद सजग है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे ने पिछले वर्ष 540 रूट किमी. रेलवे टैऊक के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया। विगत कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर रेलवे में विद्युतीकरण के कार्य में अच्छी-खासी तेजी आयी है।

# अयोध्या के दलित परिवार को मिला सबसे पहले रामलला का प्रसाद

संवाददाता। अयोध्या



भगवान श्री राम के भव्य मंदिर भूमि पूजन के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सद्भावना स्थापित करने की कोशिश की। इसके लिए 36 परंपराओं 135 संतो को आमंत्रित किया गया। वही राम जन्म भूम बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी को भूमि पूजन में बुला करके यह दर्शाया गया कि जैसे भगवान राम सब को लेकर चलते थे वैसे ही भगवान राम के मंदिर बनने के बाद देश में सभी जाति धर्म का विकास होगा। इसी क्रम में ट्रस्ट ने सबसे पहले अयोध्या के दलित परिवार को प्रसाद भेंट करके यह बताने की कोशिश की कि भगवान श्री राम का मंदिर मानवता स्थापित के लिए बन रहा है जो जाति धर्म से ऊपर है। यह वही दलित महाबीर का परिवार हैए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिसके घर जाकर भोजन करने गये थे। रामलला का पहला प्रसाद पाकर महाबीर और उनका पूरा परिवार गदगद है और इसे अपना सौभाग ?य मान रहा है। प्रसाद के साथ ही महाबीर के परिवार को भेंट में रामचरित मानस दी गई है। महाबीर के परिवार को प्रधानमंत्री आवास भी मिला है।भूमि पूजन में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए रघुबीर लड्डू बनाये गये थे। मेहमानों को स्टील के टिफिन में लड्डू दिये गये थे। इस दौरान उन्हें एक चांदी का सिक्का भी दिया गयाए जिसमें एक तरफ राम दरबार की छवि है और दूसरी तरफ ट्रस्ट का प्रतीक चिन्ह है। अतिथियों के बाद अब अन्य लोगों को प्रसाद वितरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैए जिसमें पहला प्रसाद दलित महाबीर के घर भिजवाया गया है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

बहुजन समाज पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिलहाल पार्टी का पूरा फोकस अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत बनाने पर है। विभिन्न स्तर की कमेटियों में से ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित किया जा रहा है, जो निष्क्रिय हैं। अब पार्टी ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं देगी। उन्हें पदमुक्त कर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सेक्टर एवं बूथ स्तर की कमेटियों की बैठक कर रहे हैं। बसपा के सांगठनिक ढांचे में लगातार बदलाव किया जा रहा है। एक बार फिर मंडल स्तर पर पदों के नाम बदले गए हैं। एक मंडल में पहले चार लोगों को मुख्य सेक्टर इंचार्ज के रूप में जिम्मेदारी दी गई। इनमें से दो-दो पदाधिकारियों की टीम बनाकर दो-दो जिले दे दिए गए। हाल ही में पार्टी ने इन टीमों में एक-एक नाम और जोड़ दिया। संगठन में सोशल इंजीनियरिंग की झलक देखने को भी मिल रही है। इसके अलावा जिला स्तर पर सेक्टर इंचार्ज के पद बनाए गए हैं। मुख्य सेक्टर इंचार्ज के दिशा-निर्देशन में सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कमेटियों के गठन से लेकर अब तक किये गए कार्य देखे जा रहे हैं। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर छोटी-छोटी बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन क्षेत्रों में काम करने वाले कैडर के लोगों से भी फीडबैक लिया जा रहा है। इसके बाद निष्क्रिय पदाधिकारियों को चिन्हित कर सूची वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेजी जा रही है। उनके अनुमोदन के बाद ऐसे लोगों को पद से हटा दिया जाएगा और नए लोगों को मौका मिला सकेगा। विधानसभावार बैठकें हो रही हैं। मुख्य सेक्टर इंचार्ज हरि प्रकाश निषादन ने कहा है कि सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए छोटी-छोटी बैठकें आयोजित हो रही हैं।

## श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के नवीन परिसर का हुआ भूमिपूजन

संवाददाता। अयोध्या



श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ की नवीन परिसर में दो और कक्ष का भूमिपूजन संपन्न अयोध्या 6 अगस्त श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के नवीन परिसर में दो दानदाताओं द्वारा समर्पित कक्ष का भूमि पूजन वशिष्ट सेवा न्यास के अध्यक्ष आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मुकुल कानिटकर भारतीय शिक्षा मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री उमाशंकर पचौरी राष्ट्रीय सह कोष प्रमुख देवेंद्र पवार के हाथों संपन्न हुआ गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के कोश प्रमुख प्रोफेसर आरके सिंह ने बताया लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाले उक्त दोनों पक्ष के बन जाने से गुरुकुल के ग्राउंड फ्लोर का कार्य पूरा हो जाएगा साथ ही परिसर में गुरु वशिष्ठ एवं चारों भाई राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का गुरुकुल कालीन शिक्षा को प्रदर्शित करता हुआ भव्य मंदिर भी गुरु वशिष्ठ गुरुकुल के संरक्षक श्री राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास जी के दिशा निर्देश में निर्माण होगा और जल्दी ही निर्माण कार्य पूरा होते ही गुरुकुल का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा ज्ञातव्य है की गत अप्रैल माह में भूमि पूजन हेतु भारत सरकार के मंत्री भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन गडकरी को ट्रस्ट ने आमंत्रित किया था कार्यक्रम भी तय था किंतु कोविड.19 के चलते भूमि पूजन कार्यक्रम सामान्य रूप से संपन्न करा लिया गया था गुरु के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी की सहमति के लिए भेंट हो चुकी है निर्माण कार्य पूरा होते ही भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित होगा भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित भारतीय शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों गुरुकुल ट्रस्ट के कृतियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री राम कथा मर्मज्ञ उमाशंकर पचौरी ने अयोध्या के गुरु वशिष्ठ गुरुकुल को प्रभु श्री राम के आचरण मर्यादा को ब्रह्मचारीओं के जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा दो ही वर्षों में वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ जिस ऊंचाई को प्राप्त किया है उसमें कहीं ना कहीं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य मनोज दीक्षित की मेहनत की स्पष्ट झलक मिलती है भूमि पूजन कार्यक्रम आचार्य कृपाशंकर आचार्य सदाशिव तिवारी आचार्य कुशमेश द्वारा वैदिक विधि विधान से गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के छात्रों की उपस्थिति में संपन्न कराया इस अवसर पर गुरुकुल भूमि के दानदाता गुरुकुल के सह प्रबंधक आदर्श सिंह ऋषभए भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री धर्मेंद्र कुमार पाठकए प्रांत संपर्क प्रमुख राजेश कुमार सिंहए आशुतोष सिंहए प्रधानाचार्य दुखहरण नाथ मिश्रए विस्तारक विनोद पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षण मंडल एवं गुरुकुल से जुड़े सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टॉप टेन बदमाश तमंचे के साथ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

रामगढ़ ताल पुलिस ने थाने के टॉप टेन बदमाश विशाल को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। वह सेंदुली-बेंदुली गांव का निवासी है। चोरी की घटना में वांछित चल रहे राजघाट इलाके के खुर्रमपुर निवासी राकेश मौर्य को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी कैंट सुमित शुक्ल ने बताया कि सुबह गश्त पर निकले रामगढ़ ताल थानेदार सत्य सान्याल शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर टॉप टेन के अपराधी विशाल को चिलमापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। जबकि चोरी का आरोपित राकेश मौर्य की गिरफ्तारी महेवा फलमंडी के पास से हुई। उसके पास से चोरी के 19 सौ रुपये बरामद किए गए हैं। पूछताछ में उसने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

कैंपियरगंज क्षेत्र में किशोरी से छेडख़ानी का उलाहना देने से भड़के शोहदे ने साथियों संग उत्पात मचाया और पीड़िता के घर में घुसकर दो भाइयों को डंडे से मारकर घायल कर दिया। पीड़ित बेटी के साथ थाने पहुंचे पिता ने थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि दोपहर में बेटी घर में सो रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक घर में घुस गया और नाबालिग बेटी के साथ छेडख़ानी की। इसकी शिकायत छेडख़ानी करने वाले के घरवालों से की गई। इससे नाराज शोहदा तीन साथियों के साथ मेरे घर में घुस गया और पीड़िता के दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष नवीन सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर रामाज्ञा, सोनू, मुराली समेत चार आरोपितों के खिलाफ छेडख़ानी, मारपीट, धमकी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मुख्य आरोपित राजू को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपितों की भी शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

# भूमि पूजन के 24 घंटे बाद भी इतरा रही अयोध्या

● अयोध्या के संतों ने माना राम मंदिर के भूमि पूजन के साथ-साथअयोध्या का भी होगा विकास और फिर देश में स्थापित होगा रामराज

संवाददाता। अयोध्या











प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर शिलान्यास वह भूमि पूजन के 24 घंटे बाद की अयोध्या में वह उल्लास कम नहीं हुआ बल्कि लोगों की आकांक्षाएं सातवें आसमान पर पहुंच कर हिलोरे लेने लगी। अब अयोध्या के लोगों और संतों को विश्वास हो गया कि जैसे.जैसे भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो होगा वैसे वैसे अयोध्या में भी विकास की गति को रफ्तार मिलेगी। शिलान्यास के बाद अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अयोध्या के विकास को रफ्तार देने की बात करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या के विकास के साथ.साथ जहां.जहां राम पग पड़े है उन सभी स्थानों को राम सर्किट से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो गया है।भूमि पूजन प्रधानमंत्री ने जो भी बोला उस पर सबको अटूट विश्वास है अयोध्या के संतों का मानना है कि प्रधानमंत्री अयोध्या को त्रेता युग की प्रतिष्ठा दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे और भगवान राम के भव्य मंदिर की आधारशिला रखते ही 500 वर्षों का इतिहास पुनर्जीवित हो गया और अब हमारी संस्कृति लौट आई है अयोध्या के साथ.साथ पूरे भारत का विकास होगा।

### अविस्मरणीय पल सदियों तक याद रहेगा : जगद्गुरु राघवाचार्य

अयोध्या। जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने कहा बहुत ही अभूतपूर्व कार्यक्रम रहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी स्वयं अभिभूत दिखे और अयोध्या का यह क्षण धन्य कर देने वाला था जब 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे आराध्य प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जा रही थी। स्वामी जी ने कहा यह पल अविस्मरणीय था जो पूरे जीवन पर्यंत कभी भी भुलाया नहीं जा सकता आज देश ही नहीं पूरे विश्व की निगाहें अयोध्या पर थी और बरसों से करोड़ों करोड़ लोग जो भगवान राम मे आस्था रखते है उनके सपने पूरे हुए। सभी संतो ने मोदी जी के अयोध्या आगमन पर उनको आशीर्वाद दिया और उनकी मंगल की कामना की मोदी जी ने भी सभी संतों का आशीर्वाद स्वीकार किए।

### राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर की ओर बढ़ रहा है देश: जगतगुरु रामदिनेशाचार्य

अयोध्या। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज ने कहा मोदी जी ने अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की आधारशिला रखकर। देश को राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर की तरफ आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा विवादों से जाने जाने वाली अयोध्या अब राम मंदिर से जानी जाएगी। अयोध्या में सभी प्रकार का विवाद खत्म हुआ अब राम मंदिर के साथ अयोध्या के विकास मंदिर को भी आगे बढ़ाना होगा।

### मंदिर के साथ अयोध्या का भी विकास होगा : डॉक्टर महेश दास

अयोध्या। सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत प्रेमदास के शिष्य महंत डॉ महेश दास जी महाराज ने कहा सदियों तक याद किया जाएगा 5 अगस्त का भूमि पूजन। अयोध्या के साथ.साथ अब पूरे विश्व का विकास होगा। देश में संस्कृति और सभ्यता की स्थापना भगवान राम के मंदिर की आधारशिला रखने के बाद हो गई। अब हम सबको अपने मन मंदिर में भगवान राम को बसा करके देश को आगे बढ़ाना है। भगवान राम के मंदिर के साथ-साथ देश का भी विकास होगा।

### 24 घंटे बाद भी शिला पूजन का दृश्य आंखों से नहीं उतर रहा है : महंत राजीवलोचन

अयोध्या। बधाई भवन मंदिर के महंत राजीव लोचन शरण जी महाराज ने कहा कि आज 24 घंटे बीत जाने के बाद भी वह पल भूमि पूजन का हमेशा आंखों में झलकता रहता है। प्रधानमंत्री जी की भावुकता अयोध्या के प्रति प्रेम साफ.साफ झलक रहा था। जिसमें राम के प्रति कितनी प्रेम और अगाध भक्ति हो उसके ही हाथों अयोध्या का दिव्य विकास होगा और अयोध्या फिर से एक बार त्रेता युग की तरह सज संवर कर के तैयार हो जाएगी और अपनी मर्यादा और सभ्यता और भगवान राम द्वारा स्थापित आदर्शों के लिए जानी जाएगी।

### भूमि पूजन से रामराज्य की कल्पना साकार होने लगी:प्रभंजनानंद जी महाराज

अयोध्या। सियाराम किला के अधिकारी रामकथा के मर्मज्ञ प्रभंजनानंद जी महाराजरामजी ने कहा कि आज मोदी जी ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन करके राष्ट्र को एक नई दिशा दी है। भगवान राम ने ही समाज में आदर्श स्थापित किया है और आज उनके आदर्शों पर ही पूरी दुनिया चल रही है। त्रेता युग के बाद से अगर किसी राजा को आदर्श राजा के रूप में माना जाता है तो वह भगवान श्रीराम थे और आज भी लोग रामराज्य की कल्पना करते है। मोदी जी ने आधारशिला रख के देश में ही नहीं विश्व में रामराज्य स्थापित करने का कार्य किया है। सभी संत समाज मोदी जी से खुश हैं और मोदी जी को सब आशीर्वाद प्रदान कर रहे है।

## सपा ने जारी की ब्लाक अध्यक्षों की सूची

अंबेडकरनगर। अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी ने ब्लाक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। जिलाध्यक्ष रामशकल यादव द्वारा जारी सूची में जगदीश राजभर को अकबरपुर का ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। जहांगीरगंज ब्लाक में विनोद कुमार निषाद, रामनगर विकास खण्ड में राजबहादुर यादव, टाण्डा में मंशाराम वर्मा, बसखारी में हरिकेश कन्नौजिया, जलालपुर में केशव राम पटेल, भियांव में सत्य प्रकाश यादव को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावां कटेहरी में राम संवारे धुरिया एवं भीटी में सुरेन्द्र कुमार यादव को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नौ ब्लाक अध्यक्षों की जारी सूची में सामान्य वर्ग के किसी नेता को जिम्मेदारी नही सौंपी गयी है। नौ में से तीन ब्लाक अध्यक्ष यादव बनाये गये हैं। इससे समाजवादी पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया है।

# पंचायत भवन की जमीन का ही हो गया विनिमय

● मुख्य राज्य मार्ग के किनारे की जमीन गांव के अन्दर की जमीन से बदली

संवाददाता। अंबेडकरनगर



अयोध्या जनपद को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क के किनारे खेमापुर गांव में स्थित जमीन पर भू माफिया की ऐसी नजर गड़ गयी कि गलत तरीके से रास्ते के नाम पर जमीन का 24 एअर ही अपने नाम करा लिया ।जिस जमीन का विनिमय कराया गया वह जमीन खतौनी में पंचायत भवन दर्ज है । इसी गाटा में मातृ शिशु कल्याण केन्द्र भी पूर्व में बना था । सब कुछ नजर अंदाज करते हुए विनिमय कर दिया गया था । वह भी विनिमय सड़क से 400 मीटर दूर गांव के अन्दर स्थित जमीन से कर दिया गया । ऐसे में पंचायत भवन कहा बने इस पर संसय बना हुआ है । तहसील भीटी स्थिति ग्राम सभा खेमापुर मे मुख्य राजमार्ग से सटी जमीन गाटा संख्या 440 है । इसी दौरान खेमापुर में लेखपाल राम कुमार सिंह को तैनाती मिली जिनकी रिटायमेंट करीब थी जिसका फायदा उन्होंने बखूबी उठाते हुए गांव के एक ब्यक्ति से मिल कर उनके चहेते गांव के पंचों से प्रस्ताव कराकर भीटी तहसील से सरकारी मुहर भी लगवा दी गयी। इसके साथ विनिमय होने वाली जमीन गाटा संख्या 270 थी जो कि गांव की हरिजन आबादी के बाद खड़ंजे पर थी । जबकि स्वम मंडलायुक्त अयोध्या ने यह आदेश जारी किया था कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे की जमीन का विनिमय नही हो सकता है । गाटा संख्या 440 के 24 एअर का विनिमय करते हुए यह तक अभिलेखों में दिखाया गया कि इसमें कोई भवन या पेड़ नही है जबकि इसी 440 में वर्ष 1998 में ही मातृ शिशु केन्द्र बना हुआ था । पूरा भवन ही अभिलेखों में गायब कर दिया गया ।440 के जिस भाग का विनिमय किया गया ।उसपर खतौनी में भी पंचायत भवन दर्ज है। दोनो की मलियत में भी एक बड़ा अन्तर था । यह सब नजर अंदाज करते हुए जमीन का विनिमय कर दिया गया । पंचायत भवन का बजट आवंटन होने के बाद जब ग्राम सभा व ब्लाक प्रशासन ने तहसील से जमीन की निशानदेही की मांग की निशानदेही के बाद बची जमीन पर पंचायत भवन बनाना संभव नही है । क्योंकि बची हुई जमीन बहुत कम है । ग्राम के लोगो ने पंचायत भवन खतौनी में दर्ज शिलान्यास हुए स्थल पर ही बनवाने कि मांग की है ।

# अब टाण्डा के नवनिर्मित एमसीएच विंग में भी होगा कोविड संक्रमितों का इलाज

● डॉ एके गुप्ता बनाये गये नोडल अधिकारी

● दस दिन के अन्दर करना है हास्पिटल का संचालन

संवाददाता। अंबेडकरनगर



टाण्डा का नवनिर्मित एमसीएच विंग पायनियर

कोरोना से संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अपनी अग्रिम तैयारियों में जुट गया है । प्रदेश सरकार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने इस सम्बन्ध में कार्यवाही करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार गुप्ता को इसका नोडल अधिकारी नामित किया है। जिले में अब टाण्डा में निर्मित दो सौ बेड के एमसीएच विंग को कोविड अस्पताल के रूप में संचालित किया जायेगा। नोडल अधिकारी बनाये गये डॉ अशोक कुमार गुप्ता के साथ ही उपजिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संजय वर्मा जिला चिकित्सालय के एनेस्थेटिस्ट डॉ वेद प्रकाश, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरियांव के फिजीशियन डॉ प्रदीप कुमार , चिकित्साधिकारी डॉ राजेश जायसवाल, सीएचसी टाण्डा के फार्मासिस्ट अखिलेश चौधरी, कनिष्ठ सहायक पंकज अग्रहरि, एनएमए हनुमान प्रसाद, अवर अभियंता विजय पाल को भी सहयोग के लिए लगाया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि वह अपने निर्देशन में आने वाले सामानों को स्टाक रजिस्टर में अंकन कराकर उसको व्यवस्थित करायेंगे और कोविड-19 अस्पताल का संचालन करायेंगे। उपकरण व अन्य सामान जो शासन के निर्देश पर क्रय करने के लिए आदेशित किया जायेगा उसे तत्काल जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय करना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने दस दिवस के अन्दर इस कोविड अस्पताल के संचालन के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि टाण्डा में निर्मित दो सौ बेड का एमसीएच विंग हास्पिटल अभी भी उद्घाटन की बाट जोह रहा है। करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित इस अस्पताल में अब साफ- सफाई का कार्य शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में मौजूदा समय में एकलव्य स्टेडियम में एल -1 हास्पिटल संचालित किया जा रहा है जबकि राजकीय मेडिकल कालेज में एल- टू हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है।यहां पर अम्बेडकरनगर के अलावां सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या के कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती किये जा रहे हैं। संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अग्रिम व्यवस्था कर रहा है।

## पाकिस्तान का मानचित्र

### कश्मीर को दिखाया अपना हिस्सा

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक भी मौका नहीं छोड़ता है, पर ऐसा पुराना व निरर्थक राजनयिक कदम उठा कर 'शोर मचाने' का कोई अर्थ नहीं है। हालांकि, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का एक साल पूरा होने पर वह इससे अधिक और कुछ नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने एक नया मानचित्र जारी कर कश्मीर, लद्दाख के कुछ हिस्सों और गुजरात के जूनागढ़ को अपना हिस्सा बता दिया। यह क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के नग्न प्रदर्शन के सिवा और कुछ नहीं है। भारत ने कहा है कि इस खोखली व एकपक्षीय घोषणा के समर्थन में कोई विश्वसनीय तर्क, समर्थक समूह, ऐतिहासिक तर्क या विधिक वैधता नहीं है तथा यह एक 'राजनीतिक मूर्खता' है। वैश्विक रूप से स्वीकृत संप्रभुता को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने चुनौती दी है और उन्होंने नए मानचित्र के प्रति अपनी कैबिनेट के साथ विपक्ष तथा अज्ञात कश्मीरी नेतृत्व का समर्थन बताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने कहा कि 'नए मानचित्र से स्पष्ट है कि कश्मीर की सीमा चीन से लगती है। इससे स्पष्ट है कि नेपाल की तरह पाकिस्तान भी चीन के इशारे पर सीमाओं के पुनर्निर्धारण की बात कर रहा है। यह कदम कश्मीर के प्रति किसी चिन्ता के बजाय पाकिस्तान की अपनी रणनीति है। जब भारत पूर्वी लद्दाख में चीन के पीछे हटने पर जोर दे रहा है, ऐसे में पाकिस्तान का मानचित्र भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की चेतावनी देता है। पिछले महीने वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर चीन की सैनिक तैनाती के समर्थन में पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर लगभग 20,000 सैनिक तैनात किए हैं। आश्चर्यजनक रूप से बालाकाट एयर स्टांइक के बाद उसने इस तरह सैनिक नहीं तैनात किए थे। इसके साथ ही पाकिस्तान



सीमा पर घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। इसके पीछे चीन की योजना इस तथ्य से स्पष्ट है कि चीनी अधिकारी नेपाल के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ नियमित विचार-विमर्श करते रहते हैं। चीन एक समय कश्मीर में सक्रिय रहे अल बदर नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी पर कर्ज में फंसी पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीनी खैरात पर निर्भर होने के कारण उसका मुहरा बन गया है। इस कदम से इमरान खान घरेलू राजनीति में भी कुछ लाभ उठाना चाहते हैं। वे अपने समर्थकों को बताना चाहते हैं कि कश्मीर पर उनका नेतृत्व बना हुआ है, जबकि अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनको यह मुद्दा उठाने पर जरा भी समर्थन नहीं मिला है। हालांकि, एक समय वे यह भी कह चुके हैं कि भारत के 'विशाल बाजार' होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर कोई उनकी बात पर ध्यान नहीं दे रहा है। भारत की आलोचना में तुर्की को शामिल कर इमरान खान पाकिस्तान, तुर्की व मलेशिया को शामिल कर एक नई इस्लामी धुरी तैयार करना और इसका नेतृत्व करना चाहते हैं। यह पाकिस्तान के प्रचार अभियान से स्पष्ट है जो लगातार चीन व तुर्की को भारत-विरोधी बयान व ट्वीट जारी करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। वह कश्मीर को एक व्यापक इस्लामवाद का मुद्दा बनाना चाहता है। मजेदार बात है कि इस काम में अब अमेरिका उसका सहयोगी नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अपनी नई स्वीकार योग्य कश्मीर रणनीति बनाने का जिम्मेदार स्वयं है। इसे देखते हुए भारत सरकार को कश्मीर में सिविल सोसाइटी से संबंध बढ़ाने के प्रयास तेज करने चाहिए ताकि पाकिस्तान को उसके नए अलगाववादी एजेंडे के लिए समर्थन न मिल सके। देश में नौकरियों व उच्च शिक्षा की इच्छा के कारण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरी नौजवान मुख्यधारा विमर्श में शामिल हो रहे हैं। इन नौजवानों से राजनीतिक संबंध बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए। पाकिस्तान को अपना एजेंडा चलाने से रोकने के लिए हमें कश्मीर में जमीनी स्थिति में और सुधार करने की आवश्यकता है।

# एक तापस वेशधारी फिर बना मेरा उद्धारक

**मैं अयोध्या हूं। राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरवान्वित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुनः प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है।**


प्रणय विक्रम सिंह


महेंद्र कुमार सिंह



**मैं अयोध्या** हूं। राजा राम की राजधानी अयोध्या। इक्ष्वाकु कुल के सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी अयोध्या। यहीं राम के पिता राजा दशरथ ने राज किया। यहीं श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। यहीं बहती है सरयू। संस्कृतियों का संगम.. सरयू। वेद में मुझे ईश्वर का नगर बताया गया है और मेरी सम्पन्नता की तुलना स्वर्ग से की गई है। हनुमानगढ़ी मेरी सीमाओं की पहरेदार है तो सरयू मेरी पवित्रता की सौगन्ध। सदियों की ऐतिहासिक यात्रा में अंधकार और प्रकाश मेरे सहयात्री हैं। मेरी गोद में संस्कृतियां इठलाती हैं। तभी तो आज भी मेरे आंगन में हिन्दू, बौद्ध, इस्लाम एवं जैन धर्म से जुड़े अवशेष देखे जा सकते हैं। हिन्दुओं के रामलला, हनुमंतलाल और नागेश्वरनाथ जैसे तीर्थ मेरे ही आंगन में हैं। इस्लाम के पीरों, जैनियों के तीर्थकरों और बौद्धों के धर्मगुरुओं का केन्द्र भी यहीं हैं। हां, मैं वही अयोध्या हूं जो समय-समय पर विदेशी आक्रांताओं के आक्रमणों के बाद भी अपने अस्तित्व को बचाने में सफल रही। इतिहास के पृष्ठों पर मेरे संघर्षों की व्यथित कर देने वाली अनेक कहानियां अंकित हैं। मेरे पुत्रों ने मेरे लिए अपना बलिदान देने में कभी विलंब नहीं किया। मेरी गलियों में ही बौद्ध और जैन पंथ फला-फूला। पांच जैन तीर्थंकर यहां जन्मे। इनके मन्दिर भी तो बने हैं यहां। सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों, स्वरूपों से लेकर जैन, बौद्ध, सिख और सूफी परम्परा तक की जड़ें व्याप्त हैं।

जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव अयोध्या राजपरिवार के थे। लगभग पांच हजार वर्ष पश्चात भी राम की अयोध्या में प्रथम तीर्थंकर की विरासत श्वास ले रही है। रायगंज मोहल्ले में उनके भव्य मन्दिर के साथ विशाल प्रतिमा भी स्थापित है यही नहीं कटरा मोहल्ले में भी उनका मन्दिर है। मैं अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ एवं अनंतनाथ के रूप में चार अन्य जैन तीर्थंकरों की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित हूं। बौद्ध परम्परा में भी मेरा स्थान महत्वपूर्ण है। महात्मा बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद 45 वर्षों तक धर्मोपदेश किया और उनमें से 16 वर्षावास उन्होंने अयोध्या में किया, ऐसा बौद्ध ग्रंथ दीपवंश से भी ज्ञात होता है। बुद्ध के करीब पांच सौ वर्ष बाद बौद्ध धर्म की महायान शाखा के अग्रणी आचार्य अश्वघोष यहीं के थे। सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग आये यहां। उन्होंने दुनिया भर को मेरे सुख.समृद्धि के बारे में बताया, उसके अनुसार यहां 20 बौद्ध मन्दिर थे तथा 3000 भिक्षु रहते थे। सिखों की चर्चा के बगैर रामनगरी की संस्कृति में समाहित बहुरंगी छटा का परिचय पूर्ण नहीं हो सकता। प्रथम, नवम् एवं दशम् सिख गुरु समय-समय पर अयोध्या आए और नगरी के प्रति आस्था निवेदित की। गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड एवं गुरुद्वारा गोविंद धाम के रूप में सिख परम्परा की विरासत अभी भी जीवन्त है। मैं इस्लाम के लिए भी अकीदत का मरकज हूं। इस्लाम की परम्परा में मुझे मदीनतुल अजोधिया के रूप में भी संबोधित किए जाने का जिक्र मिलता है।

मेरे आंचल को स्पर्श कर प्रवाहित होती सरयू के किनारे 14 प्रमुख घाट हैं। हर घाट की अपनी एक कहानी है। इनमें गुप्तार घाट, कैकेयी घाट, कौशल्या घाट, पापमोचन घाट, लक्ष्मण घाट आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मन्दिरों में कनक भवन की शोभा अनिर्वचनीय है। कैकेयी ने इसे सीता को मुंह दिखाई में दिया था। ऊंचे टीले पर

> **मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुनः मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं।**

हनुमानगढ़ी आकर्षण का केन्द्र है। तुलसी चौरा महाकवि तुलसीदास जी की स्मृतियों को समेटे है तो प्रह्लाद घाट के पास गुरु नानक जी भी आकर ठहरे थे। मैं वही अयोध्या हूं जिसकी गोद में राम खेले थे जिसकी जमीन पर राम का जीवन खिला था जिस धरा पर राम का राज्य था। जहां मंदिर हनुमान का भी हो तो राम की मूरत उसकी शोभा बढ़ाती है। जिसके बारे में राम ने कहा था- 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते] जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' यानी हे लक्ष्मण, होगी लंका सोने की लेकिन यह जो सरयू किनारे मेरी जन्मभूमि है, जहां मैं जन्मा, वह मेरी मातृभूमि, मेरे लिए स्वर्ग से भी बढ़ कर है। वाल्मीकि रामायण में दर्ज इस इतिहास को तुलसीदास जी ने अवधी में अलग तेवर दिए।

'जद्यपि सब बैकुण्ठ बखाना। बेद पुरान बिदित जगु जाना।।'

'अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ। यह प्रसंग जानइ कोउ कोऊ।।'

'जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि।'

विडम्बना देखिए कि उसी अयोध्यापुरी में बर्बर विदेशी आक्रांता की नियोजित कुण्ठा के कारण रामलला अपनी जन्मभूमि पर सदियों तक तिरपाल में रहे। किंतु राम भक्तों का सदियों का संघर्ष 5 अगस्त 2020 को राम कृपा से सुफलित हो गया है। आज फिर एक तापस वेशधारी योगी के प्रयत्नों से मैं गौरव भूषित हो रही हूं। मुझे अपना पुरातन गौरव पुनः प्राप्त होता दिखाई पड़ रहा है। प्रभु श्री राम के भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हो चुका है। मेरे घाटों, मंदिरों, कुण्डों का युद्ध स्तर पर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सहस्रों वर्ष पुरानी स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। सुगम यातायात के लिए परिवहन पथों के निर्माण के साथ ही अत्याधुनिक विमानपत्तन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण के साथ नगर की आधारभूत संरचना में व्यापक एवं बहुआयामी परिवर्तन लाने वाली अनेक विशाल निर्माण परियोजनाएं तीव्र गति से संचालित हैं।


मेरे पुरातन वैभव को पुनर्जीवित करने का हर संभव प्रयास योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। हर गली-हर कूचा जो मेरे राम की स्मृतियों से आबाद हैं, आज जीवंत हो रहे हैं। मेरा मन मुदित है, पुलकित है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुनः मेरे राम का राज्याभिषेक हो रहा हो। ऐसा लग रहा है कि जैसे फिर एक बार गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में भगवान विश्वकर्मा मुझे रच रहे हैं। आस्था, आधुनिकता और वैज्ञानिकता की त्रिवेणी अपने सम्पूर्ण सामर्थ्य में मुझे सवांरने, मेरे इतिहास, मेरे राम के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी से साझा करने हेतु प्रयत्नशील है। इक्ष्वाकुपुरी नगरी का निर्माण उसी अद्भुत कल्पना का आकार है।

अयोध्या शोध संस्थान, अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, थीम पार्क जैसी योजनाएं सांस्कृतिक उन्नयन की यात्रा को नए स्वरूप में नई पीढ़ी से साक्षात्कार कराएंगी। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद अब मेरे विकास का ध्यान रखेगा। हजारों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जैसे अहिल्या के उद्धार के लिए प्रभु श्री राम आए थे, आज मेरे अर्थात अयोध्या के उद्धार के लिए योगी आदित्यनाथ आए हैं। एक तापस वेषधारी के प्रयासों से पुनः मेरा उत्कर्ष हो रहा है। रघुकुल नंदन के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।

*(प्रणय विक्रम सिंह वरिष्ठ पत्रकार हैं। महेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ पत्रकार रहे हैं और वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के मीडिया व जनसम्पर्क अधिकारी और राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य है)*

# दास प्रथा की भयावह विरासत है नस्लवाद

> **लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है।**



गुइन डायर
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

अमेरिका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स में लिखे अपने अभिमत लेख में लगता है कि सीनेटर टॉम कॉटन का विचार यही था। इसकी प्रतिक्रिया में काफी आक्रोश पैदा हुआ, अभिमत संपादक को इस्तीफा देना पड़ा था और कोटन को दास प्रथा का बचाव करने के लिए गालियां दी गईं। वो संभवतः इसके लायक थे। जो उन्होंने असलियत में कहा वह यह था कि अमेरिका के संस्थापक दास प्रथा को ऐसी अनिवार्य बुराई के रूप में देखते थे जिस पर संघ का निर्माण हुआ था। कक्षा में यह सही लगता है यदि आप अन्यथा यह व्याख्या करें कि दासों के स्वामी दक्षिणी राज्य सभी 13 उपनिवेशों के परिसंघ पर सहमत नहीं हुए होंगे।

यह एक सीनेटर के मुख से कम अच्छा लगा जो अमेरिकी स्कूलों में दास प्रथा के इतिहास के बारे में शिक्षण को सुधारने के लिए एक परियोजना के परिसंघीय वित्तपोषण पर प्रतिबंध लगाना चाहता है। सीनेटर कोटन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वफादार सिपाहियों में से एक थे, जो एक श्वेत प्रजातीय घबराहट तैयार करने एवं आकाओं के आधार को मजबूत करने का प्रयास कर रहे थे। मगर मुद्दा यह नहीं है। मुद्दा यह है कि मैंने उस उद्धरण में एक शब्द बदल दिया, और ऐसा कहने वाले कोटन नहीं थे। वो नाइजीरियाई पत्रकार एवं उपन्यासकार अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी थीं, और उन्होंने बीबीसी के लिए लिखे एक एक लेख में असलियत में जो कहा, वो यह था : ''अफ्रीका के लोगों का मूल्यांकन आज के मानकों के अनुरूप करने से हमें अपने अधिसंख्य नायकों को खलनायकों की संज्ञा देने पर बाध्य होना पड़ेगा।''

वो विशिष्ट रूप से अपने पितामह, नवाबानी ओगोगो ओरियाकू में बारे में बात कर रही थीं, जो 20वीं सदी के पूर्वार्ध में दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया में तंबाकू, पाम आयल, एवं दासों के सम्मानित व्यापारी थे। अटलांटिक दासों के व्यापार पर यूरोपीय सम्राटों द्वारा एक शताब्दी पूर्व प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन दास प्रथा तब भी नाइजीरिया तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों में फलता-फूलता घरेलू बिजनेस था। उनके पितामह ब्रिटिश उपनिवेश प्राधिकारियों की अवज्ञा करके काफी प्रसिद्ध हो गए थे, जो नाइजीरिया के भीतर दास प्रथा को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए थे। उन्होंने उनके दासों में से कुछ को जब्त कर लिया था और वो पिछली सदी का व्यापार लाइसेंस लहराकर दिखाते हुए उन्हें वापस दिए जाने की मांग करते हुए आगे बढ़े।

वे अचम्भित रह गए, क्षमा मांगी और उनके दासों को वापस कर दिया। निश्चित रूप से, वे उनके साहस तथा आत्मविश्वास से काफी प्रभावित थे कि उन्होंने बाद में उनको उनके इलाके का सर्वोच्च मुखिया नियुक्त कर दिया। अतः वो अपने ही दिन में स्थानीस नायक बन गए और अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी परिवार के लिए अभी भी नायक हैं। दास प्रथा, सभी साम्राज्यों तथा उपसहारा अफ्रीका के नृजातीय समूहों समेत, अधिकतर आधुनिक समाजों में सामान्य हुआ करती थी। समुद्री पातों में तटों पर यूरोपीयों के नजर आने से पूर्व अफ्रीकियों ने दासों को सदियों से विविध इस्लामी साम्राज्यों में बेच दिया था। वे उसी बाजार में खरीदने वाले ग्राहकों का एक समुच्चय ही थे।

दास बनाए गए अधिकतर अफ्रीकी घर से कुछ सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं गए थे। अनुमान लगाया जाता है कि 18वीं सदी में, वर्तमान में सेनेगल कहे जाने वाले देश में एक तिहाई लोग दास थे जो अन्य सेनेगलियों से जुड़े थे। लेकिन जो विदेशियों के हाथों बोच दिए गए थे उन्होंने ज्यादा कष्ट झेले।

इतिहासकारों का मानना है कि दस मिलियन अफ्रीकियों में से लगभग एक पांचवां हिस्सा जो तीन सदियों से अधिक के दौरान अमेरिकियो को भेजे गए थे वे समुद्री जहाजों पर ही मर गए। दस शताब्दियों के दौरान अरबी व्यापारियों को बेचे गए तथा सहारा में वपैदल चलने के लिए विवश किए गए अथवा समुद्री पोतों में हिंद महासागर के चारों ओर ले जाए गए 17 मिलियन से अधिक दासों में मरने वालों की संख्या भी उतनी ही ज्यादा थी। बचने वालों के समक्ष जो संकट आया वो बहुत भीषण था।

लेकिन अदाओबी ट्रिसिया नवाबानी सही कहती हैं। अतीत में एक भिन्न देश था और लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वे समझ भी नहीं पाती हैं। लोगों का मूल्यांकन अतीत के अनुसार करना वर्तमान से भटकाव है जो अमेरिका में दास प्रथा द्वारा छोड़ी गई नस्लवाद की डरावनी विरासत को मिटाने के लिए है।

यह संज्ञान लेने योग्य बात है कि उन अफ्रीकी देशों में अपराधबोध एवं नस्लवाद की कोई तुलनीय विरासत नहीं है जो दासों को बेचते थे। दास और मालिक, हर कोई समान समूह का होता था, और हर कोई किसी नकिसी तरह संलिप्त होता था। हम ऐसा किया करते थे, अब नहीं करते, कहानी खत्म। यूरोपीय देशों में यह काफी भिन्न क्यों होता है, और सबसे ऊपर अमेरिका में? मेरा अनुमान यह है कि ऐसा दास प्रथा के कारण होता था, असमान रूप से दुनिया में, और दस प्रथा हजार वर्ष पूर्व यूरोप में समाप्त हो गई थी। जब 16वीं सदी के यूरोपीय पश्चिमी अफ्रीका पहुंचे, तो यह उनके लिए बिलकुल नया था।

उन्होंने दासों स्वामित्व को इच्छापूर्वक लिया लेकिन उनके पास ऐसी कोई परम्परागत व्यवस्था नहीं थी जिसमें वे उसके बारे में सोचते। नवाबानी ओगोगो ओरियाकू को स्वयं को यह बताकर दासों का स्वामित्व ग्रहण करने को सही ठहराने की आवश्यकता नहीं है कि वे निम्न कोटि के होते थे। उन्होंने खरीदा। समस्या क्या है? जबकि अमेरिकी बागान मालिकों को स्वयं के समक्ष व्याख्या करने के लिए विचित्र प्रजातीय कल्पनाओं का सहारा लेना पड़ा कि अन्य लोगों का मालिक बनना क्यों सही था, और आज उनके नाती-पोते अभी भी उन कल्पनाओं से संघर्ष कर रहे हैं।

## आप की बात

### निजी अस्पतालों की बेईमानी

**एक** खबर से पता चला है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है जो बताती है कि वर्ष 2018 में देश के निजी अस्पतालों ने फालतू में शल्यक्रिया (सीज़ेरियन) से प्रसूति कराई जिससे उन्हें लगभग 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में भारत के निजी क्षेत्र ने चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवं विस्तार में मोटा निवेश किया है। जाहिर है ये निवेश परोपकार के लिए नहीं बल्कि व्यापार और तगड़े फायदे के लिए किया गया है। अन्य व्यापारिक गतिविधियों की तरह निजी चिकित्सा केन्द्रों के डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी वित्तीय लक्ष्य दिए जाते हैं जो पूरे करने आवश्यक होते हैं। यही कारण है की निजी चिकित्सा सुविधाएं महंगी होने के साथ-साथ अनेकों मामलों में गैर भरोसेमंद भी होती हैं। कमाई बढ़ानें के लिए गैर ज़रूरी जाँचों, शल्य प्रक्रियाओं, बेवजह की भर्ती, महंगी दवाइयों आदि जैसे कुकृत्यों को अंजाम दिया जाता है। जबरदस्ती की सीज़ेरियन प्रसूति भी ऐसा ही एक कृत्य है जिसमें ना सिर्फ दो जानें जोखिम में आती हैं अपितु महिला की भविष्य की प्रसूतियों भी कठिन बन जाती है।

– **ब्रजेश माथुर,** गाजियाबाद

### बिहार में विकास

**एक** सवाल वो तमाम बिहारी बुद्धिजीवियों से जो खूब ज्ञान बखारते हैं। एक सवाल उन तमाम प्रशासनिक अफसरों से जो कि बिहार से है, और एक सवाल उन तमाम नेताओं से जो देश के लिए जान देने की बात करते हैं और अपने राज्य में कुछ नहीं। जिस तरीके से दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व देश के अन्य कोनों से मजदूर पैदल जाने को मजबूर हुए आखिर आप उन्हें आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी बिहार में ही रोजगार क्यों नहीं दिलवा पाएं? कमोबेश हर वर्ष बाढ़ की वजह से पूरा बिहार बर्बाद हो जाता है उन्हें उनकी स्थिति पर छोड़ दिया जाता है। इस बार बिहार पर दो गुना मार पड़ी है एक तरफ है कोरोना दूसरी तरफ है बाढ़ , बिहार की अवाम को अनाथ की तरह छोड़ दिया गया है? करोड़ों के बांध और पुल जो कि बिहार के जनता की हिफाज़त को आश्वस्त करता था वे भी नेताओं के वादे की तरह खोखले निकले और ध्वस्त हो गए। साथ ही बाढ़ के पानी के साथ नेताओं के वादे भी बह गए। आज पत्रकारिता में तकरीबन 80 प्रतिशत लोग बिहार से है वे क्यों नहीं अपने राज्य की दिक्कत को उजागर कर पाएं? आखिर क्यों नहीं बिहार में एक भी अच्छी विश्वविद्यालय बना पाए?

– **हर्ष कुमार,** जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली

### कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ

**देश** में अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान आया हो या अयोध्या में भूमिपूजन का अर्थ ये नहीं कि कोरोना खत्म हो गया। जरा संभल कर,इसी लापरवाही का फायदा उठा कहीं कोरोना, अपना आक्रमण और तेज न कर दे।इस बात का बिल्कुल ध्यान रखें कि जंग अभी जारी है,कोरोना अब भी हम पर भारी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि जिस लापरवाही से हम रह रहे,देश,राज्य और जिले के बाद अब घर घर इसके फैलने की नौबत न आए। अन्यथा इसको काबू में करना मुश्किल हो सकता है। भले ही आंकड़े संक्रमितों के दो दिनों रात चार चौगुना हो रहे। लोगों के ठीक होने की भी दर में बढ़त हुई है, लेकिन भारत का पायदान विश्व में सर्वश्रेष्ठ तीन में हो रहा। समय रहते संभालना अति आवश्यक है, अन्यथा क्या हश्र होगा,और इसका क्या खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सरकार और प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे,लेकिन कुछ तथाकथित लोग इसको नजरअंदाज कर रहे, साथ ही कोरोना कैरियर का घिनौना कार्य कर रहे।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



कोविड-19 पर भारत की समय से पहले और श्रेणीबद्ध बहुस्तरीय संस्थागत प्रतिक्रिया से देश में मौतों को काफी कम रखने में मदद मिली।

**-डॉ. हर्षबर्धन**
स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार



हम सभी को अपनी सामूहिक आवाज उठानी चाहिए और मांग करनी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और उन नजरबंद लोगों भी छोड़ा जाए जो संविधान के तहत इसके हकदार हैं।

**-पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



बिहार विधानसभा के होने वाले आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर और सकारात्मक एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएगी।

**-राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# राम मंदिर शिलान्यास पर काशी में मनाई गई दिवाली

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अयोध्या में** श्रीराम मंदिर 'भूमि पूजन' के 'ऐतिहासिक' पावन अवसर पर अस्सी चौराहे पर दिया जलाकर लोगों ने खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक मिश्र ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम है। यह करोड़ो हिन्दूओं की आस्था का विषय है जिसे प्रधानमंत्री ने पूरा किया है। दीप जलाकर दिवाली मनाने के साथ ही लोगों में मिठाई बांटी गई। लोगों ने उत्साह पूर्वक भगवान श्रीराम का जयघोष किया। इस पावन अवसर पर भाजपा महामना मण्डल उपाध्यक्ष 'समीर माथुर' महामंत्री अनुराग शर्मा, सेक्टर संयोजक कृष्णा पांडेय, बूथ अध्यक्ष शान्तनु सिंह, बूथ अध्यक्ष विक्रम शर्मा, श्याम शर्मा, 'पवन शर्मा



बादि उपस्थित थे।गुरुवार दोपहर कोदयी चौकी व्यापार मण्डल के ओर से अजीत जायसवाल एवं शुभम सेठ के नेतृत्व में सेवा बस्ती व स्वच्छता कर्मियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर शिलान्यास के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी गई। जयश्रीराम का उदघोष कर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में गौरव जायसवाल, सार्थक, आदि उपस्थित थे।पिछले 500 वर्ष के लगभग लंबे संघर्ष के बाद श्रीराम जन्म भूमि स्थल अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन करोड़ों हिंदुओं को हर्षित करने वाला है। यह देश की जनता की भावनाओं को हर्षोन्मादित एवं गौरवान्वित कर रहा है। इस राम मय मे पुनीत अवसर पर काशी रौनियार वैश्य समाज एवं महानगर उद्योग व्यापार समिति ने अंधरापुल स्थित श्रीराम जानकी राधा कृष्ण हनुमान मंदिर स्थल पर दीपदान व आरती का कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आराध्य प्रभु श्रीराम से संपूर्ण राष्ट्र के सुख एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर रौनियार एवं संचालन महामंत्री विनोद गुप्ता ने किया। उक्त अवसर पर अरुण, अजय गुप्ता, सुरेश चंद्र, रमेश, निरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मनोज सिन्हा के उपराज्यपाल बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेताओं ने खुशी का इजहार किया है। भाजपा नेता दीपक मिश्र के मुताबिक विद्यार्थी जीवन से सक्रिय राजनीति में पैठ बनाने वाले मनोज सिन्हा के राज्यपाल बनाए जाने से एक अच्छा संदेश गया है। एक पढ़े लिखे व्यक्ति को देश का सिरमौर राज्य जम्मू कश्मीर का उपराज्यपाल बनाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक कुशल व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी है। उस राज्य की अपनी जटिलताएं हैं पिछले 70 सालों में की सरकारों ने उस राज्य की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया लिहाजा मोदी ने धारा 370 हटाने के बाद राज्य की जिम्मेदारी एक कुशल व्यक्ति को सौंपा है। इससे राज्य में विकास के साथ जम्मू कश्मीर की समस्या समाधान में बीएचयू से तकनीक शिक्षा ग्रहण करने वाले मनोज सिन्हा राज्य को कुशल साशन देने में कामयाब होंगे। राष्ट्रपति भवन से इस आशय की सूचना जारी होने के साथ ही वाराणसी भाजपा नेताओं ने खुशी का इजहार सोशल साईटों पर करने लगे। गौरतलब है कि भाजपा नेता मनोज सिन्हा पूर्वांचल में भाजपा के बड़े चेहरों में गिने जाते हैं। मनोज सिन्हा मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में रेल राज्य मंत्री सहित दूर संचार जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को सम्भाला था। मनोज सिन्हा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग से एमटेक किया और विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों पर रहे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र संघ का अध्यक्ष बनने के बाद वर्ष 1982 से भाजपा में राजनीतिक करियर की शुरुआत किया। मनोज सिन्हा 1996 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और उन्होंने 1999 में दोबारा जीत हासिल की।

## क्विक न्यूज

### पांच दिवसीय उत्सव का समापन कल

**प्रयागराज।** ऑनलाइन पांच दिवसीय उत्सव का समापन कल आठ अगस्त को होगा। ऑनलाइन सेल फेस्टिवल के दौरान पर्पल खुद के सेलर्स को सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना ज्यादा गहरे डिस्काउंट की पेशकश करने में सक्षम करेगा। चार अगस्त से आठ अगस्त तक भारत की सबसे ब?ी ऑनलाइन सौंदर्य बिक्री पर्पल शुरू कर रहा है। पांच दिवसीय बिक्री उत्सव पर्पल डॉट कॉम पर पांच सौ से अधिक भारतीय सौंदर्य उत्पादों की पेशकश करेगा।भारत के प्रमुख सौंदर्य बाजार ने पिछले तीन सालों में सात मेट्रो शहरों के राजस्व के मु?ाबले लखनऊ जैसी नॉन मेट्रो शहरों में इक्यावन प्रतिशत ?्यादा राजस्व वृद्धि हासिल की है। बा?ारों में लगातार ब? रहे संकर्षण के साथ पिछले बारह महीनों में मेट्रो और नॉन मेट्रो शहरों के खरीदारों के बीच के मूल्य प्रति आदेश का जो अंतर था वो ख़त्म हो गया है। छोटे शहरों में मांग के साथ आक्रामक विकास का नेतृत्व किया है। जो कि समग्र भारत सौंदर्य ई कॉमर्स मांग की तुलना में पचास प्रतिशत से एक सौ पचास प्रतिशत के बीच कहीं भी तेजी से बढ़ रहा है।

### कोरोना से बचाव में फिजियोथैरेपी है कारगर इलाज

**वाराणसी** । करोना संक्रमण भयावह होता जा रहा है लेकिन थोड़ी सी सावधानी और कुसल फिजियोथैरेपीस्ट की देखरेख में किया गया कार्य मरीज के लिए रामबाण हो सकता है। अगर फेफड़े में संक्रमण हो गया है तो फिजियोथैरेपी उसका कारगर इलाज है। उक्त बातें लहुराबीर स्थित फिजियो मैक्स के निदेशक डा. सुनील ने पायनियर संवाददाता से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और फिजियोथैरेपी कोरोना से निपटने में कारगर है। डा. सुनिल बताते हैं कि कृप्या कोविड 19 के चेन को तोड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षकता को बढ़ाने के लिए फिजियोथैरेपी व योग का बहुत महत्व है। अगर मरीज आईसीयू में है तो भी उसका फिजियोथैरेपी के जरिए इलाज सम्भव है। कोरोना को लेकर ज्यादा पेनिक होने के बजाय इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। ज्यादातर कोरोना पेशेंट ठीक हो सकत हैं। यदी मरीज को सही समय पर सही देखभाल और संक्रमण का पता चलने पर उसके फेफड़े को ताकत देने के लिए फिजियोथैरेपी दी जा सकती है और यह कारगर है।

### नए समूह का करेंगे स्वागत: नवीन

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 के स्तर को भी महसूस करना होगा। आने वाले समय में कार और उससे संबंधित ज्यादा जानकारी साझा करने की जरूरत होगी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई टोयोटा अर्बन क्रूजर के संग कौम्पैक्ट एसयूवी वर्ग में अपने बहु प्रतीक्षित प्रवेश की घोषणा की है। देश में यह टोयोटा की ओर से एक अनूठी पेशकश है। नवीन सोनी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड सर्विस टीकेएम ने कहा कि पर्व के मौसम में टोयोटा अर्बन क्रूजर पेश करने की योजना की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। उम्मीद करते हैं कि अर्बन क्रूजर यह मौका देगा कि लोगों के एक नए समूह का स्वागत करें। जो एक शहरी विशेषता है जो उसे औरों से अलग बनाता है। उन लोगों के लिए है जो स्टाइल में यात्रा करना चाहते हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर चौरासी,उन्नाव।** थाना क्षेत्र के मनिकापुर निवासी अवधेश प्रताप पुत्र स्व बलबीर सिंह ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना क्षेत्र के ही गांव काजीपुर कच्छ निवासी उनके मामा सुनील (29) पुत्र रामचन्द्र आर्थिक तंगी के कारण लगभग पन्द्रह वर्षों से मनिकापुर में ही अवधेश के घर पर ही रह कर जीवन यापन कर रहे थे। बुधवार की रात अज्ञात कारणों के चलते सुनील ने अवधेश के ही बाग में आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गंगा में डूबने से युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी,उन्नाव।** थानाक्षेत्र के खानपुर बिचौली ग्रामसभा के भदेहरा गांव निवासी रामू (38) पुत्र बाबूलाल खलकखेड़ा निवासी कमलेश का खेत बटाई लिए था। गुरूवार को रामू गंगा की छोटी धारा पार कर रेत में खड़ी फसल की रखवारी करने अपने जानवर समेत जा रहे था। तभी गंगा की उपधारा पार करने के लिए उन्होने अपने जानवर का सहारा लेना चाहा जैसे ही रामू बीच उपधारा में पहुंचा कि अचानक उसका हांथ जानवर से छूट गया और गंगा में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से करीब छह किलोमीटर दूर शव बरामद किया है।

### मां की मौत पर कन्हैया को मिला दो दिन का पैरोल


**उन्नाव।** गंगाघाट के ब्रहमनगर निवासी शुभममणि हत्याकांड में मुख्य आरोपित कन्हैया अवस्थी की मां का बुधवार की देररात हार्ट अटैक से निधन हो गया। जिस पर कोर्ट ने कन्हैया को अंतिम संस्कार करने के लिये दो दिन का पैरोल दिया है। हत्याकांड में दिव्या अवस्थी और पति कन्हैया अवस्थी मुख्य आरोपी थे। पुलिस ने दोनों को हिरासात में लेकर जेल भेज चुकी है। इस समय वह दोनों जेल में है। बुधवार को कन्हैया की मां सुमन अवस्थी की हॉर्ट अटैक से मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार करने के लिये परिवार में कोई मौजूद नहीं है। इस लिये कोर्ट ने अंतिम संस्कार करने के लिये गुरूवार शाम चार बजे से शनिवार शाम चार बजे तक कन्हैया को दो दिन का पैरोल दिया है।

### सर्प दंश से बच्चे की मौत

**औरास,उन्नाव।** थाना क्षेत्र के दिपवल गांव निवासी दया शंकर के छह वर्षीय पुत्र कृष्णा उर्फ कन्हैया को बुधवार देर शाम को आंगन में लगे हैंडपंप के पास सर्प ने काट लिया। लेकिन बच्चा जान नहीं पाया। कुछ देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से देर रात उसे सीएचसी मियांगंज रेफर कर दिया। वहां बच्चे ने दम तोड़ दिया।

### सहकारी समितियों से यूरिया गायब, किसान परेशान

**मौरावां,उन्नाव।** हिलौली ब्लाक क्षेत्र में नौ साधन सहकारी समितियां है। जिनमें अकोहरी, खजुहा, हिलौली, मौरावां, गुलरिहा, करदहा, खेरवा संचालित है। मवई व पारा समिति भवन छतिग्रस्त होने व सचिव की तैनाती न होने से करीब पांच वर्षो से बंद पडी है। उधर, खजुहा व मौरावां समिति को छोडकर अन्य से यूरिया गायब है। किसान समितियों के चक्कर काट रहे है। मौजूदा समय में धान की फसल के



लिए किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता है। 1 जुलाई से 5 जुलाई के बीच रोपी गई धान की फसल मे टापड्रेसिंग करने का महत्वपूर्ण समय चल रहा है। ऐसे में समय पर फसल में यूरिया का छिडकाव किसान नही कर पाएगें तो उसकी पैदावार प्रभावित होने का खतरा है। मजबूरन किसान निजी दुकनदारो से महंगे दामो पर यूरिया खाद खरीद रहे है। किसानों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर निजी दुकनदार 80 से 90 रूपए प्रति बोरी महंगी बेच रहे है। एडीओ सहकारिता मनोज गुप्ता ने बताया कि खजुहा व मौरावां समिति मे खाद उपलब्ध है। अन्य समितियों की चेके भेज दी गई है। बहुत जल्द समितियों मे खाद उपलब्ध हो जाएगी।

# कानपुर के युवक का अपहरण चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सफीपुर,उन्नाव।** कानपुर जनपद बिठूर थाना क्षेत्र के सिंहपुर पछार निवासी विकास कठेरिया पुत्र सन्तोष कठेरिया बुधवार को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊगू नगर पंचायत के गन्नूखेड़ा के रहने वाले ससुर छोटे की दवा लेकर आया था। जहां से देरशाम बाइक से घर जा रहा था। तभी जमालनगर के पास विकास के पास किसी का फोन आ गया और वहीं रुकने के लिए कहा। उसके बाद कुछ ही देर मौके पर एक कार से चार लोग आए और जबरन विकास को कार में डाल लिया तथा जमकर मारपीट करते हुए सफीपुर की ओर लेकर भाग निकले। पूरे घटनाक्रम को राहगीरों ने देखा तो डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। अपरहण की सूचना पर कोतवाल हरीकेश राय ने पुलिस बल के साथ कस्बा के बाहर उन्नाव–हरदोई मार्ग पर नाकेबंदी कर अपहरणकर्ताओं की घेराबंदी कर आरोपियों के चंगुल से विकास को छुड़ाया और चारो आरोपितो व कार को गिरफ्त में ले लिया। घायल पीड़ित की मां शिवदेवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विकास के साले प्रमोद के गांव ऊगू निवासी मित्र सनी, मंजेश, अरुण व एक अन्य साथी द्वारा अपहरण कर पुत्र के साथ मारपीट की गई थी। कोतवाल हरिकेश राय के अनुसार विकास की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही घटना के सम्बंध में पीड़ित पक्ष द्वारा कारण का खुलासा नही किया गया है। जांच की जा रही है। आरोपी सनी व मंजेश के अनुसार विकास के साले प्रमोद के मित्र है। उन लोगो से नोटबन्दी के समय नोट बदलने के नाम पर विकास ने तीन लाख रुपए लिए थे। जो कई बार आश्वासन देने के बाद भी वापस नही किए, उसी की मांग की जा रही थी।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वी सी मिश्र से प्रमाण पत्र लेते नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ

- 28 सदस्यों वाली कार्यकारिणी को वरिष्ठ अधिवक्ता वी सी मिश्र ने दिलाई शपथ

**हाईकोर्ट बार** एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। लाइब्रेरी हाल में नवनिर्वाचित 28 सदस्यीय कार्यकारिणी को वरिष्ठ अधिवक्ता और एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वी सी मिश्रा ने शपथ दिलाई। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित कर विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। इससे पूर्व एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता वी सी मिश्र ने वर्ष 2020.21 की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अगले एक साल के लिए चुनाव के पांच माह के बाद कार्यकारिणी प्रभाव में आयी। कोरोना संक्रमण के कारण शपथ ग्रहण समारोह बेहद सीमित रहा। पदाधिकारियों और एल्डर कमेटी के सदस्यों सहित कुल पचास लोग ही शपथ ग्रहण में शामिल हुए। इस दौरान शारीरिक दूरी और हाईकोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन का पूर्णत: पालन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को विदाई दी गई। मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने सिर्फ पचास लोगों को ही कार्यक्रम में उपस्थित होने की छूट दी थी। इसकी वजह से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के 28 सदस्यों और एल्डर कमेटी के तीन सदस्यों के अलावा निवर्तमान कार्यकारिणी के कुछ पदाधिकारी और अधिवक्ता ही समारोह में शामिल हुए। एल्डर कमेटी के चेयरमैन वी सी मिश्र ने सबसे पहले कार्यकारिणी के निर्वाचित सदस्यों के नाम लेकर उनके चुनाव जीतने की औपचारिक घोषणा की। सबसे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ सिंह ने प्रमाणपत्र लिया। महासविच प्रभाशंकर मिश्र ने एलडर कमेटी के सदस्यों का आभार जताया। संचालन निवर्तमान कार्यकारिणी के महासचिव जे बी सिंह ने किया। इस मौके पर एल्डर कमेटी के चेयरमैन वी सी मिश्र एनसी राजवंशी टी पी सिंह वीपी श्रीवास्तव मौजूद थे। मुख्य चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की कार्यकारिणी का चुनाव फरवरी 2020 में हो गया था। मतगणना का कार्य भी मार्च के पहले सप्ताह में लगभग पूरा हो गया था। सिर्फ कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना बाकी थी। इसी दौरान लॉकडाउन हो जाने से मतगणना का कार्य रूक गया था। मतगणना 29 जून को पूरी हो सकी। इसके बाद से ही शपथ ग्रहण का इंतजार किया जा रहा था। हाईकोर्ट प्रशासन ने आम सभा बुलाने की अनुमति नहीं दी। काफी प्रयासों के बाद सिर्फ पचास लोगों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण की अनुमति दी गई।

# अयोध्या राम पीठ के केन्द्रीय व्यवस्था प्रमुख बने डा. राजीव

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अयोध्या के** प्राचीनतम साकेत भूषण श्रीराम पीठ विद्याकुण्ड के लश्करी सम्प्रदाय के गद्याचार्य महंत शम्भू देवाचार्य ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशाल भारत संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डा. राजीव कुमार श्रीवास्तव को श्रीराम पीठ का केन्द्रीय व्यवस्था प्रमुख मनोनीत किया है। डा. राजीव कुमार श्रीवास्तव मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सेवा प्रमुख और अनाज बैंक के संस्थापक चेयरमैन हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार के साथ जातीय भेदभाव, छूआछूत जैसे अभिशाप से भारतीय समाज को मुक्त कराने के लिये काम कर रहे हैं। डा. राजीव श्रीवास्तव ने मुस्लिम महिलाओं की श्रीराम आरती का आयोजन कर जहां साम्प्रदायिक एकता को आगे बढ़ाया वहीं मुस्लिम समाज को यह बताया कि उनके पूर्वज भगवान श्रीराम ही हैं। डा. राजीव ने लमही के इन्द्रेश नगर में सुभाष मंदिर का निर्माण कराया, जहां पहली दलित महिला पुजारी की नियुक्ति करायी। दलित पुजारी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर दलित वर्ग में से पुजारी बनाने की योजना पर कार्यरत हैं, ताकि व्यवहारिक रूप से छूआछूत की समाप्ति हो सके। अब अयोध्या के रामपीठ के व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। महंत शम्भू देवाचार्य ने अयोध्या के महात्म्य से विश्वभर को परिचित कराने अयोध्या के अन्य मंदिरों के पुनर्निर्माण, राम चरित्र को विश्वभर में फैलाने के उद्देश्य से श्रीराम जन्मभूमि पूजनोत्सव के दिन 5 अगस्त को चार विशिष्ट हस्तियों को मनोनीत किया है। जिसमें काशी से



डा0 राजीव कुमार श्रीवास्तव के अतिरिक्त गोपी राधा इंटर कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार शाह को केन्द्रीय विदेश सम्पर्क प्रमुख मनोनीत किया। नागपुर से संघ विचारक एवं पत्रकार विराग पाचपोर को केन्द्रीय प्रचार प्रमुख एवं नई दिल्ली के भारत रावत को सह प्रचार प्रमुख मनोनीत किया है। लश्करी सम्प्रदाय का यह मठ अत्यन्त प्राचीन एवं ऐतिहासिक है।

इसी मठ में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न की प्राथमिक शिक्षा–दीक्षा हुयी थी। साकेत भूषण श्रीराम पीठ में भगवान श्रीराम की हजारों साल पुरानी मूर्ति पुरातात्विक दृष्टि से अत्यन्त महत्व की है। अयोध्या में कई मन्दिर हजारों साल पुराने हैं जो जीर्ण शीर्ण की अवस्था में हैं। भगवान श्रीराम के सभी प्रतीकों को संरक्षित करने की योजना पर राम पीठ काम कर रहा है। साकेत भूषण श्रीराम पीठ, विद्याकुण्ड का भी पुनरूद्धार करने की योजना है। इसके लिये वैश्विक स्तर पर सनातनी संस्कृति एवं श्रीराम में विश्वास रखने वालों को अयोध्या से जोड़ा जायेगा।

# एनसीआर ने परिचालन के दौरान मार्ग ट्रेन परीक्षण प्रणाली की बनाई योजना

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- दोनों मुख्य मार्गों के मध्य प्रत्येक सौ किलोमीटर के अंतराल पर लगाए जाएंगे वे साइड उपकरण

**भारतीय** रेल में ट्रेनों के संरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ट्रेन के परिचालन के दौरान आने वाली तमाम कमियों जैसे हॉट एक्सल हैंगिंग पार्ट ब्रेक बाइंडिंग इत्यादि की जांच पारम्परिक रूप से स्टेशनों लेवल क्रासिंग गेटों और रोलिंग इन प्वाइंटों पर नियुक्त रेल कर्मचारियों द्वारा किया जाता रहा है। हालांकि गाड़ियों की गति में वृद्धि आरओबी आरयूबी के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग फाटकों के उन्मूलन और स्टेशन एंड केबिनों के उन्मूलन के कारण अनिवार्य हो गया है कि सतर्क रेलकर्मियों के अतिरिक्त कमियों का पता लगाने और संरक्षा ब?ाने में सक्षम मानवरहित स्वचालित रोलिंग स्टॉक मॉनिटरिंग प्रणाली की स्थापन की जाये।प्रयागराज और अन्य मण्डलों में चलती ट्रेनों की निगरानी के लिए कई उन्नत प्रणालियों की स्थापना करके उत्तर मध्य रेलवे ट्रेनों की स्वचालित तरीके से निगरानी के क्षेत्र में अग्रणी रेलवे बन चुका है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि चलती ट्रेनों में हॉट एक्सल और ब्रेक बाइंडिंग की पहचान करने के लिएए हॉट एक्सल और हॉट व्हील डिटेक्टर या स्वचालित ट्रेन परिक्षण प्रणाली फ्लैट व्हील या गोलाई खो रहे पहियों की पहचान के लिए व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर और एक संयोजन ऑनलाइन रोलिंग स्टॉक मॉनिटरिंग सिस्टम रनिंग ट्रेन में हैंगिंग पार्ट की पहचान के लिए हैंगिंग पार्ट डिटेक्शन सिस्टम ट्रेन के विजुअल परिक्षण के लिए रोलिंग इन परिक्षण बिंदुओं पर सीसीटीवी आदि प्रणालियां उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्थानों पर स्थापित किये गये हैं। श्री सिंह ने बताया कि महाप्रबंधक उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे राजीव चौधरी व्यापक संरक्षा ग्रिड तैयार करने पर बल देते रहे हैं। ताकि उत्तर मध्य रेलवे के पूरे परिक्षेत्र में परिचालन के दौरान आने वाली किसी भी कमी को इन वे साइड मशीनों के माध्यम से पहचाना जा सके। इसी क्रम में यांत्रिक विभाग द्वारा प्रत्येक उपकरण की दोष पहचानने की क्षमता के आधार पर सभी प्रकार के उपकरणों क एक मिश्रण तैयार किया गया है। जिसे उत्तर मध्य रेलवे के परिचालन विभाग के परामर्श से पूरे परिक्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे में दो हॉट एक्सल और हॉट व्हील डिटेक्टर एक हैंगिंग पार्ट डिटेक्टर दो व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर और दो ऑन लाइन रोलिंग स्टॉक मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित हैं। जबकि तीन स्वचालित ट्रेन परीक्षण प्रणाली और एक व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर की स्थापना का कार्य चल रहा है। प्रमुख स्टेशनों में प्रवेश करते समय रोलिंग इन परीक्षण प्वाइंटों के लिये स्वीकृत 44 लो स्पीड और दो प्रणालियों की खरीद की प्रक्रिया उत्तर मध्य रेलवे द्वारा की जा रही है।व्यापक योजना के तहत इन उपकरणों को इस प्रकार से स्थापित किया जायेगा कि दोनों मुख्य मार्गों गाजियाबाद पं दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के मध्य 759 किलोमीटर और पलवल बीना के मध्य 503 किलोमीटर मार्गों पर किसी भी प्रकार की कमी की पहचान करने वाली मशीने समान रूप से उपलब्ध हों।

## वाराणसी में 210 और संक्रमित, दो की मौत

**वाराणसी।** बीएचयू लैब से गुरूवार को प्राप्त कुंल 2450 जॉच रिपोर्ट में 210 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं । होम आइसोलेशन के 69 मरीजों सहित कोविड अस्पताल में इलाज करा रहे 43 समेत 112 मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव आने पर उन्हें ठीक घोषित किया गया है ।वही इलाज के दौरान दो मरीज ने दम तोड़ दिया ।इस तरह जिले में अब तक 74 मरीजों की मौत कोरोना से हो चुकी है बुधवार की शाम से गुरूवार की सुबह तक बीएचयू से प्राप्त 716 में से 116 व शाम तक मिले 1350 रिपोर्ट में से 94 सहित 210 नए संक्रमित मरीज पाये गए ।इस तरह जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 74 हो गई है ।गुरूवार को इलाज के दौरान दो और मरीजों की मौत हो गई है ।अब तक जिले में एकिटव मरीजों की संख्या 1611 हो गई है ।

# प्रेमिका ने पति व छह लोगों के साथ मिलकर प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

संवाददाता। उन्नाव

- अवैध सबंधों को लेकर हुई थी हत्या, प्रेमिका व उसका पति गिरफ्तार
- गुरूवार की शाम पुलिस लाइन सभागार में एएसपी ने किया खुलासा

**शहर कोतवाली** क्षेत्र के मगरवारा गांव के रहने वाले युवक की हत्या मामले का गुरूवार को पुलिस लाइन सभागार में एएसपी ने खुलासा किया है। अवैध सबंधो को लेकर युवक की हत्या उसकी प्रेमिका ने अपने पति व आधा दर्जन लोगो के साथ मिलकर की थी और शव को हादसे का रूप देने के लिए बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी के रामगढ़ी मार्ग के निकट के पास फेंक दिया था। पुलिस ने हत्यारोपित प्रेमिका व उसके पति को गिरफ्तार किया है, जबकि छह आरोपित अभी भी फरार है। पुलिस का दावा है जल्द ही फरार आरोपितो को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी उत्तरी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के संभरखेडा गांव के रहने वाले शिवबालक पुत्र कल्लू ने 27 जुलाई को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पच्चीस वर्षीय बेटा दिनेश तेइस जुलाई को शुक्लागंज काम करने की बात कहकर निकला था, मगर वह घर नही आया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्जकर ली। जांच के दौरान पुलिस व सर्विलांस को लापता युवक की लोकशन सोहरामऊ थाना क्षेत्र में पाई गई। उधर, लापता युवक के पिता ने शंका जताते हुए पुलिस को बताया कि गांव रहने वाली सरोज की शादी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के महनौरा गांव निवासी अजय पुत्र गंगारतन से हुई है। महिला के लापता युवक के साथ शादी से पहले अवैध सबंध थे। पुलिस ने शंका के आधार पर सरोज व उसके पति अजय पर केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। गुरूवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लखनऊ–हाईवे के निकट से सरोज व उसके पति अजय पुत्र गंगारतन को गिरफ्तार किया है। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित अजय ने पुलिस पूछताछ में बताया कि लापता दिनेश के उसकी पत्नी सरोज से आठ वर्ष से अवैध सबंध थे। बताया

कि 23 जुलाई को दिनेश को विश्वास में लेकर अपनी पत्नी के मोबाइल से बात कर




सोहरामऊ बुलाया। जहां सुशील कुमार निवासी भैसोरा थाना सोहरामऊ, संदीप पुत्र रामगोपाल निवासी नरसिंहपुर, नीरज पुत्र किशन, लवकुश पुत्र रामस्वरूप निवासी खसरवारा थाना बंथरा, रंजीत पुत्र रंजनलाल निवासी मिल्की थाना असोहा के सहयोग से दिनेश को कृष्णमोहन रस्तोगी के बंद पड़े फार्म हाउस के अंदर बुलाकर मारपीट की और उसके वहां से उठा ले जाकर नसिंहपुर कांथा थाना असोहा स्थित एक बाग में रस्सी से आठो लोगो ने मिलकर दिनेश की हत्याकर दी। घटना के बाद शव को हादसे का रूप देने के लिए आरोपितो ने बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी के रामगढ़ी मार्ग के निकट के पास फेंक दिया था और भाग निकले थे। पुलिस ने हत्यारोपित प्रेमिका व उसके पति को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया है। जबकि फरार आरोपितो गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### ये सामान हुआ बरामद

**पुलिस ने** आरोपितो की निशानदेही पर एक जोडी मृतक की चप्पल, एक पर्स, आधार कार्ड, वोटरआईडी, 260 रूपए और हत्या में प्रयोग की गई रस्सी भी बरामद की है। गिरफ्तारी वाली टीम में कोतवाल दिनेश चद्रं मिश्र, एसआई अखिलेश यादव, सर्विलांस प्रभारी फिरोज अहमद आदि रहे।

# भूमि पूजन पर कमलनाथ, दिग्विजय की प्रतिक्रिया के विरोध में कांग्रेस सांसद ने सोनिया को लिखा पत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के लोकसभा सदस्य टीएन प्रतापन ने राम मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन के संदर्भ में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रया का विरोध किया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस अति धार्मिक राष्ट्रवाद के पीछे नहीं भाग सकती। केरल के त्रिशूर से सांसद ने यह भी कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा राम मंदिर को लेकर जो रुख अपनाया गया है वो स्वीकार्य है क्योंकि उन्होंने एकता की बात की।

कमलनाथ ने राम मंदिर के लिए भूमि पूजन का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने राम मंदिर का ताला खुलवाया था और बहुत समय से हर भारतवासी की आकांक्षा थी कि राम मंदिर का निर्माण हो। कमलनाथ ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के मुख्यद्वार पर भगवान श्रीराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव की शुरुआत की और आरती कर भगवान राम का पूजन भी किया। दिग्विजय सिंह ने भी राम मंदिर निर्माण के आरंभ का स्वागत किया, हालांकि उन्होंने भूमि पूजन के मुहूर्त को लेकर सवाल खड़े किए।

प्रतापन ने सोनिया को लिखे पत्र के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई-भाषा से कहा, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया बहुत खराब थी। कांग्रेस का रुख भाजपा के हिंदुत्व के रुख का समर्थन करना नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा नाम प्रतापन है, मैं भी हिंदू हूं। मैं भगवान की अराधना करता हूं। मैं अक्सर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर जाता हूं और उनका आशीर्वाद लेता हूं। लेकिन हम उस हिंदुत्व का समर्थन नहीं कर सकते जो भाजपा और आरएसएस का है। प्रतापन ने पत्र में कहा, हम अति धार्मिक राष्ट्रवाद के पीछे इसके नरम स्वरूप के साथ भाग नहीं सकते। हमें इस हालात का अहसास करना चाहिए और तत्काल विकल्प को स्वीकार करना चाहिए। यह एकता, सौहार्द और सहिष्णुता की राजनीति की विरासत पर आधारित होना चाहिए।

उनके इस पत्र और बयान को केरल की राजनीति और स्थानीय समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा राम मंदिर के भूमिपूजन का स्वागत किए जाने से जुड़े बयान को लेकर केरल की सत्तारूढ़ माकपा ने हैरानी जताई है तो कांग्रेस की सहयोगी आईयूएमएल ने भी नाखुशी जताई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि वह अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह पर दिए गए प्रियंका गांधी के बयान से हैरान नहीं हैं।

अगर कांग्रेस का धर्मनिरपेक्षता को लेकर निश्चित रुख होता तो देश आज ऐसे हालात का सामना नहीं कर रहा होता। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने एक प्रस्ताव पारित कर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर कांग्रेस महासचिव प्रिंयका गांधी वाद्रा द्वारा दिए गए बयान पर अप्रसन्नता जताई। आईयूएमएल के राष्ट्रीय नेतृत्व की बैठक में पार्टी ने प्रस्ताव को स्वीकार किया और कहा कि बयान गलत समय पर दिया गया।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करते हुए।

## राहुल ने कहाः सकारात्मक एजेंडे के साथ बिहार चुनाव में उतरेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर और सकारात्मक एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएगी। पार्टी की बिहार इकाई के वरिष्ठ नेताओं और प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी की इस डिजिटल रैली में कांग्रेस के 1000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। कांग्रेस के बिहार प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल के अनुसार, राहुल ने बैठक में कहा कि हम बिहार के लोगों को न्याय दिलाने और विकास के लिए सकारात्मक एजेंडे के साथ चुनाव में जाएंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है, ऐसे में सबको साथ लेकर और विकल्प बनकर जनता के बीच जाना है। इस बैठक में कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने फरवरी में कोरोना और आर्थिक संकट के बारे में आगाह किया था कि तूफान आने वाला है। मैं यहां दोहराना चाहता हूं कि मैंने खुशी से नहीं बोला था। जब मैं बोलता था तो दुख होता था। उस वक्त मुझे दिख रहा था हिंदुस्तान में क्या होने वाला है।

आने वाले समय में इससे भी बड़ा तूफान आने वाला है। लद्दाख में चीनी सेना की कथित घुसपैठ के मुद्दे को लेकर भी राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश की सीमा की रक्षा करते हुए बिहार रेजीमेंट ने चीन को करारा जवाब दिया, लेकिन प्रधानमंत्री सेना के साथ खड़े नहीं हुए और चीनी घुसपैठ से ही इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने बिहार में कोरोना और बाढ़ की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधा और दावा किया कि इन मुद्दों और भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश की चुप्पी यह साबित करती है कि मुख्यमंत्री के तौर पर वह विफल रहे हैं।

## कोरोना वायरस से संक्रमित माकपा के वरिष्ठ नेता श्यामल चक्रवर्ती का निधन

**कोलकाता।** माकपा के वरिष्ठ नेता श्यामल चक्रवर्ती का कोविड-19 के चलते बृहस्पतिवार को कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 76 साल के थे। 1982 से 1996 तक तीन बार पश्चिम बंगाल के परिवहन मंत्री रहे चक्रवर्ती को 30 जुलाई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह दो बार राज्यसभा सदस्य और ट्रेड यूनियन के नेता भी रहे। पार्टी के एक नेता ने कहा, आज दोपहर उनका निधन हो गया। वह बीते कुछ दिन से वेंटिलेटर पर थे। चक्रवर्ती के परिवार में उनकी बेटी ऊषासी चक्रवर्ती हैं, जो कि अभिनेत्री हैं। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 से जान गंवाने वाले चक्रवर्ती दूसरे बड़े नेता हैं। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के विधायक तमोनाश घोष का इस महामारी से जून में निधन हो गया था। बुधवार को विधाननगर नगर निगम के पार्षद सुभाष बोस का भी कोविड-19 के चलते निधन हो गया था।

## अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जाना भारत का आंतरिक मामला हैः नायडू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने पड़ोसी देशों समेत सभी राष्ट्रों को बृहस्पतिवार को सलाह दी कि वे भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से बचें। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का निर्णय देश की एकता, अखंडता एवं सम्प्रभुता की रक्षा के व्यापक हित में लिया गया। नायडू ने कहा कि भारत एक संसदीय लोकतंत्र है और जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का निर्णय संसद में विस्तार से चर्चा के बाद और बहुमत से लिया गया।

उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पहले सुषमा स्वराज स्मारक व्याख्यान में यह टिप्पणी की। नायडू ने ऐसे समय में यह बयान दिया है, जब चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर का मामला उठाने की हाल में कोशिश की थी। विदेश मंत्रालय ने भी कहा है कि भारत देश के आंतरिक मामलों में चीन के हस्तक्षेप को दृढ़ता से खारिज करता है। बयान के अनुसार, नायडू चाहते हैं कि अन्य देश दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाए, अपने मामलों पर ध्यान दें।

उपराष्ट्रपति ने अनुच्छेद 370 को लेकर दिवंगत सुषमा स्वराज द्वारा उनके निधन से पहले व्यक्त की गई भावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि स्वराज विदेश मंत्री के तौर पर बहुत अच्छे और सभ्य तरीके से भारत के रुख को रखा करती थीं। उन्होंने स्वराज का जिक्र करते हुए कहा, लेकिन इसके साथ ही, वह दृढ़ता से देश का नजरिया पेश करती थीं। नायडू ने स्वराज को श्रद्धांजलि देते हुए, उन्हें आदर्श भारतीय महिला करार दिया। उन्होंने कहा कि स्वराज एक कुशल प्रशासक थीं, जिन्होंने हर उस पद पर अपनी अमिट छाप छोड़ी, जिसकी जिम्मेदारी उन्होंने निभाई।

नायडू ने कहा, वह सात बार लोकसभा एवं तीन बार विधानसभा में चुनी गईं और यह बात दर्शाती है कि वह लोगों में कितनी लोकप्रिय थीं। उपराष्ट्रपति ने स्वराज के गुणों के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी समस्या से निपटने में उनकी समझ, मानवीय स्वभाव और तत्परता उस समय सोशल मीडिया पर साफ दिखाई दी, जब वह विदेश मंत्री थी।

उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासी स्वराज से स्नेह करते थे और वह हालिया समय में सबसे लोकप्रिय भारतीय विदेश मंत्रियों में शामिल थीं। नायडू ने कहा कि स्वराज एक राष्ट्रवादी नेता थीं और हमेशा अपनी बात बेबाकी से रखती थीं। उन्होंने बताया कि स्वराज रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधा करती थीं। उन्होंने कहा, जब पूरा देश कुछ दिन पहले रक्षाबंधन मना रहा था, तब मैं उनके साथ अपने लगाव को याद करके भावुक हो गया था। इस मौके पर स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज भी मौजूद थीं।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल सिन्हा को भाजपा नेताओं ने बताया कुशल प्रशासक

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को एक कुशल प्रशासक बताते हुए भाजपा नेताओं ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति से केंद्र शासित प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। भाजपा महासचिव राम माधव ने ट्वीट कर कहा, एक विनम्र, विद्वान और अनुभवी नेता, जिसके पास मंत्री के रूप में ढेर सारा प्रशासनिक अनुभव है, जम्मू एवं कश्मीर का प्रशासनिक मुखिया होगा। जम्मू-कश्मीर नए जोश के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों के मामलों में माधव को भाजपा के प्रमुख रणनीतिकारों में शामिल किया जाता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के पद से गिरीश चंद्र मुर्मू के इस्तीफे के बाद सिन्हा की इस पद पर नियुक्ति हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिन्हा को राष्ट्र सेवा हेतु समर्पित जननेता, कुशल प्रशासक व संगठनकर्ता बताया और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें बधाई दी। आदित्यनाथ ने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास के नए मानक स्थापित होंगे। मेरी शुभकामनाएं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र संघ का अध्यक्ष बनने के साथ ही 1982 से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले सिन्हा तीन बार लोकसभा के सदस्य चुने गए। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में वह रेल राज्य मंत्री रहे और बाद में उन्हें संचार मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार भी सौंपा गया था।

### राजस्थान में कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी : कैलाश चौधरी

**जैसलमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और इसका गिरना तय है। चौधरी ने दावा किया कि सरकार अपने ही विधायकों का समर्थन खो चुकी है और विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बहुमत साबित नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्यसभा चुनाव में गहलोत ने अपनी ही पार्टी के विधायकों पर अविश्वास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान की जनता और कांग्रेस पार्टी के विधायक-मंत्री गहलोत के शासन से त्रस्त हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और सचिन पायलट को खलनायक साबित करने के लिए यह पटकथा रची गई। अपने संसदीय क्षेत्र जैसलमेर के तीन दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री ने पहले दिन लखा, झिनिझिनियाली और देवीकोट सहित कई गांवों और कस्बों का दौरा किया। चौधरी ने केंद्र सरकार के पहले वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले छह साल में सरकार ने गरीब जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के लिए लगभग सवा सौ गरीब कल्याण योजनाओं को शुरू किया। इसका सीधा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में रहने वाली गरीब जनता को मिला है।

### टीआरएस विधायक रामलिंगा रेड्डी का निधन

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस विधायक रामलिंगा रेड्डी का बृहस्पतिवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। टीआरएस ने ट्विटर पर कहा कि सिद्दीपेट जिले में दुब्बक के विधायक रेड्डी का आज सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका पैर में संक्रमण था जिसका इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, मंत्रिमंडल के उनके कई सहकर्मियों, कांग्रेस के राज्य प्रमुख एन. उत्तम कुमार रेड्डी और कई राजनेताओं ने रामलिंगा के निधन पर शोक जताया है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि राव ने उनके निधन पर शोक जताते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया।



जयपुर में अल्बर्ट हाल संग्रहालय पर मंडराते हुए मानसून के बादल

## कश्मीर के 504 अलगाववादियों को अच्छे व्यवहार के मुचलका पर हस्ताक्षर के बाद रिहा किया गया : डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि एक साल पहले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने के बाद हिरासत में लिए गए 504 अलगाववादी नेताओं को अच्छे व्यवहार के मुचलके पर हस्ताक्षर करने के बाद रिहा कर दिया गया है। दूसरे राज्यों में जेलों में भेजे गए 350 अलगाववादी नेता और पथराव करने वालों में से केवल 50-60 ही जेल में हैं और बाकी लागों को रिहा कर दिया गया है।

हुर्रियत कांफ्रेंस और जमात-ए-इस्लामी (जेके) तथा अन्य के कुल 504 अलगावादी नेताओं को अच्छे व्यवहार के मुचलके पर हस्ताक्षर करने के बाद अभी तक रिहा किया जा चुका है। जिन लोगों ने अच्छे व्यवहार के मुचलके पर हस्ताक्षर किए हैं उन्हें जेलों या घर में नजरबंदी से रिहा होने के बाद शांति बनाए रखनी होगी और वे किसी हिंसक या अलगाववादी गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकते।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कहा कि पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान निरस्त किए जाने के बाद सुरक्षाबलों ने कुल 5,500 युवकों को हिरासत में लिया था। तीन-चार दिन की काउंसिलिंग के बाद सभी को छोड़ दिया गया तथा उनके माता-पिता से आश्वासन लिया गया था कि वे भविष्य में पथराव जैसी किसी हिंसक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।

हिंसक कृत्यों में शामिल होने के आरोप में 1,200 अन्य युवकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। सिंह ने बताया कि हिंसा में शामिल होने के आरोप में गत वर्ष 18 साल के कम उम्र के 144 लड़कों को भी हिरासत में लिया गया और अभी किशोर न्याय कानून के तहत बनाए सुधार गृहों में उनमें से महज 17 लड़के रह रहे हैं।

## मोदी आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में रूपांतरकारी सुधारों पर आयोजित एक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि इस सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत कवर किए गए शिक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे कि समग्र, बहु-विषयक एवं भविष्य की शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, और शिक्षा में बेहतर पहुंच के लिए प्रौद्योगिकी के समान उपयोग पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस सप्ताह की शुरुआत में नई शिक्षा नीति-2020 की घोषणा कर देश की 34 साल पुरानी, 1986 में बनी शिक्षा नीति को बदल दिया। नई नीति का लक्ष्य भारत के स्कूलों और उच्च शिक्षा प्रणाली में इस तरह के सुधार करना है कि देश दुनिया में ज्ञान की सुपरपॉवर कहलाए। शिक्षा नीति के तहत पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की पढ़ाई उनकी मातृ भाषा या क्षेत्रीय भाषा में होगी, बोर्ड परीक्षाओं के महत्व को इसमें कुछ कम किया गया है, विधि और मेडिकल कॉलेजों के अलावा अन्य सभी विषयों की उच्च शिक्षा के एक एकल नियामक का प्रावधान है, साथ ही विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए समान प्रवेश परीक्षा की बात कही गई है। पुरानी नीति के 10+2 के ढांचे में बदलाव करते हुए नई नीति में 5+3+3+4 का ढांचा लागू किया गया है। इसके लिए आयु सीमा क्रमशः 3-8 साल, 8-11 साल, 11-14 साल और 14-18 साल तय की गई है। एम.फिल खत्म कर दिया गया है और निजी तथा सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए समान नियम बनाए गए हैं।

## सोनोवाल ने दिया राम मंदिर उत्सव को लेकर हुई सांप्रदायिक झड़प की जांच का आदेश

**भाषा।** गुवाहाटी, तेजपुर

**असम के** मुख्यमंत्री सार्बानंद सोनोवाल ने अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन के उत्सव को लेकर सोनितपुर जिले में दो समुदायों के बीच हुई झड़प की जांच राज्य के पुलिस महानिदेशक को सौंपी है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है और जिले में सेना ने आज फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के थेलामारा और ढेकियाजुली पुलिस थाना क्षेत्र में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन का उत्सव मनाने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली थी, जिसके बाद दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। घटना भोरा सिंगोरी और गोरुदुबा गांवों में हुई है। गुवाहाटी में पुलिस के एक कार्यक्रम में सोनोवाल ने कहा, डीजीपी को घटना की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। इस दौरान, मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। हमें भाइयों की तरह रहना चाहिए।

सोनितपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नुमल महाता ने पीटीआई-भाषा को बृहस्पतिवार को बताया कि सेना के जवानों ने जिला प्रशासन के आग्रह पर थेलामारा पुलिस थाना क्षेत्र में पड़ने वाले इलाके में कल मध्यरात्रि में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने बताया, हमने दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कल रात से किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। महाता ने बताया कि दोनों ही पक्षों के 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, बजरंग दल ने दावा किया है कि उसके कम से कम 12 कार्यकर्ता घायल हैं।

इस बीच, सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह से इस तनावग्रस्त इलाके का दौरा करने और हालात का जायजा लेने के लिए कहा गया है। वह अभी रास्ते में हैं। सोनितपुर के पुलिस अधीक्षक मुग्धज्योति देव महंता बुधवार शाम से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं। बाइक सवार कार्यकर्ता बेहद तेज आवाज में संगीत बजाते और नारे लगाते भोरा सिंगोरी मंदिर जा रहे थे, इसी दौरान झड़प हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने तेज संगीत पर आपत्ति जताई और कोविड-19 महामारी के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी पर सवाल किए। इसके बाद झड़प हो गई। अधिकारी ने बताया कि सोनितपुर जिले के उपायुक्त मानवेंद्र प्रताप सिंह जब घटना के कुछ देर बाद वहां पहुंचे तो उनके वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया। सिंह ने बुधवार को कहा कि स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया और फिर हवा में गोलियां चलाईं।



मुंबई के ठाणे में लगातार बारिश होने से सड़क पर भरे पानी से होकर जाती एक स्कूटी सवार महिला

# ईआईए अधिसूचना का प्रारूप सार्वजनिक सुनवाई की प्रक्रिया को शिथिल नहीं करता

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कहा कि पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना का प्रारूप सार्वजनिक सुनवाई की प्रक्रिया को शिथिल नहीं करता, बल्कि इसका उद्देश्य इसे और अधिक सार्थक बनाने का है।

जावड़ेकर ने रमेश द्वारा विभिन्न अवसरों पर ईआईए प्रारूप पर उठाई गई आपत्तियों के जवाब में पूर्व पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखा। रमेश वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मामलों की संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष हैं। जावड़ेकर ने यह भी कहा कि रमेश का अपनी आपत्तियों और पत्र को सार्वजनिक करना समय पूर्व उठाया गया कदम है क्योंकि ईआईए प्रारूप पर सार्वजनिक विमर्श की प्रक्रिया जारी है। मंत्रालय ने इस साल मार्च में ईआईए अधिसूचना का प्रारूप जारी किया था और जनता से सुझाव मांगे थे। यह प्रारूप विभिन्न परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी देने से संबंधित है। इसने पूर्व में कहा था कि लोगों की ओर से सुझाव प्राप्त होने की 30 जून तक की समय सीमा को विस्तारित नहीं किया जाएगा, लेकिन बाद में समय सीमा बढ़ाकर 12 अगस्त तक कर दी गई थी। रमेश ने 25 जुलाई को पर्यावरण मंत्री को अपने पत्र में लिखा था कि ईआईए प्रारूप किसी परियोजना का काम पूरा होने के बाद भी स्वीकृति की अनुमति देता है जो पर्यावरण मंजूरी से पहले होने वाले मूल्यांकन और सार्वजनिक भागीदारी के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। जावड़ेकर ने कहा, काम पूरा होने के बाद मंजूरी के प्रावधान का मुख्य उद्देश्य भारी जुर्माना लगाकर सभी उल्लंघन करने वालों को नियामक व्यवस्था के अधीन लाने का है। आप भी सहमत होंगे कि हमें कंपनियों को लगातार बिना नियमन की स्थिति में नहीं रहने देना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने लिखा, प्रत्एक परियोजना विस्तार के लिए पर्यावरण प्रबंधन योजना अभिवेदन की आवश्यकता होगी। प्रारूप सार्वजनिक भागीदारी की प्रक्रिया को कम करने के लिए नहीं, बल्कि इसे और अधिक सार्थक बनाने के लिए है। रमेश की इस आपत्ति पर कि ईआईए के प्रारूप ने सार्वजनिक सुनवाई की अवधि कम कर दी है, जावड़ेकर ने कहा कि सरकार प्रक्रिया को और अधिक सार्थक बना रही है। जावड़ेकर ने अपने पत्र में लिखा, आज हमारे पास सार्वजनिक सुनवाई करने के लिए 30 दिन का प्रदत्त समय है, लेकिन वास्तविक सार्वजनिक सुनवाई जिले के अधिकारियों की मौजूदगी में एक दिन होती है। इस तरह हम सार्वजनिक सुनवाई की प्रक्रिया को कम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसे और अधिक सार्थक बना रहे हैं। बी 2 श्रेणी की परियोजनाओं को 2006 से ही सार्वजनिक सुनवाई से छूट प्राप्त है। हमने उसे नहीं बदला है। इस श्रेणी में हमारे पास अनेक सुझाव हैं जिनका हमने संज्ञान लिया है। बी श्रेणी की परियोजनाओं को पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट की आवश्यकता होती है। परियोजना विस्तार से संबंधित रमेश की आपत्ति पर जावड़ेकर ने कहा, प्रत्एक परियोजना विस्तार के लिए पर्यावरण प्रबंधन योजना अभिवेदन की आवश्यकता होगी और विस्तार यदि उत्पाद क्षमता के लिहाज से 25 प्रतिशत से अधिक है तो ईआईए की भी जरूरत होगी। ट्विटर पर पत्र की प्रति साझा करते हुए जावड़ेकर ने दूसरा पत्र सार्वजनिक करने के लिए रमेश की आलोचना भी की। रमेश ने अपने दूसरे पत्र की प्रति ट्वीट करते हुए कहा था कि वह अब भी जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

इसके कुछ घंटे बाद, जावड़ेकर ने ट्वीट कर जवाब दिया, आज सुबह ही मैंने आपको 25 जुलाई के आपके पत्र का विस्तृत जवाब भेजा है जो आपके घर स्थित कार्यालय पहुंच चुका है, तब भी आपने यह (दूसरा) पत्र लिखा और इसे ट्विटर पर साझा किया। जावड़ेकर ने रमेश को भेजे गए अपने पत्र की प्रति साझा करते हुए ट्वीट किया, मैं आज का पत्र एक बार फिर यहां साझा कर रहा हूं।

# परिजन ने लगाया घटना की जानकारी नहीं देने का आरोप

भाषा। अहमदाबाद

अस्पताल आग

**अहमदाबाद** के एक निजी अस्पताल में भर्ती कोविड-19 के मरीजों के आक्रोशित रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें अस्पताल में आग लगने की घटना के बारे में जानकारी ही नहीं दी गई। इस अस्पताल में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद मामले की जांच के लिए अस्पताल को सील कर दिया गया है। वहां भर्ती मरीजों के परिजन का कहना है कि उन्हें नहीं पता है कि अस्पताल से स्थानांतरित किए जाने के बाद उनके घरवालों की हालत कैसी है। अधिकारियों ने बताया कि तड़के करीब 3.30 बजे श्रेय अस्पताल की चौथी मंजिल पर आग लगने से पांच पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। इन सभी का यहां कोरोना संक्रमण का उपचार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक परिजन ने कहा, मेरे दादा को यहां चार दिन पहले भर्ती कराया गया था। अस्पताल के पास हमारा फोन नंबर था लेकिन किसी ने हमें फोन करके यह नहीं बताया कि आग लगने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग लगने की जानकारी उन्हें टीवी देख कर हुई। इसी प्रकार से आग लगने के बाद निकाय अस्पताल में स्थानांतरित किए गए कोरोना वायरस संक्रमित दो लोगों के परिजन ने कहा कि उन्हें उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, मेरी मां और बड़े भाई को तीन दिन पहले श्रेय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेरे सहकर्मी ने मुझे सुबह फोन करके बताया और इसके बाद ही मुझे आग लगने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि जब तक वह अस्पताल पहुंचे तब तक दोनों को शिफ्ट कर दिया गया था।



पटना में गुरुवार को एक नाव के माध्यम से ग्रामीणों को गंगा नदी पार करतें नाविक

# गहलोत ने योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने पर दिया जोर

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण शहरों के साथ-साथ गांवों में भी रोजगार का बड़ा संकट पैदा हुआ है ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

गहलोत बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में संप्रग सरकार के समय शुरू हुई मनरेगा योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाएं कोरोना संक्रमण के इस चुनौतीपूर्ण समय में वरदान साबित हुई हैं और अधिकारी अधिक से अधिक लोगों को इनसे जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएं। इस कॉन्फ्रेंस से सभी 33 जिलों के ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी जुड़े। मुख्यमंत्री ने जिला परिषद सीईओ व एसीईओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के संबंध में सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की अच्छी भूमिका रही है।

उन्होंने निर्देश दिए कि इन समूहों को प्रोत्साहन देने के साथ ही इस योजना में और अधिक स्वयं सहायता समूहों के गठन को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही इन्हें मजबूत बनाने के लिए इनके उत्पादों की बेहतर ढंग से मार्केटिंग की जाए। गहलोत ने कहा कि विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत होने वाले विकास कार्यों में देरी की शिकायत मिलती है। इसे दूर करने के लिए इनकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां हर हाल में 45 दिन के निर्धारित समय में जारी की जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष करीब 26 हजार पंचायत सहायकों को मानदेय नहीं मिलने का मामला सामने लाया गया तो उन्होंने अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से 100 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों को जल्द से जल्द मानदेय का भुगतान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने राज्य में नवगठित 1456 ग्राम पंचायतों तथा 57 नई पंचायत समितियों के लिए ग्राम विकास अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के नए पद जल्द सृजित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय रूर्बन मिशन योजना, सीमान्त क्षेत्रीय विकास योजना, महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना, डांग, मगरा एवं मेवात विकास योजना सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज से जुड़ी अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

# वंदे भारत मिशन के तहत करीब 9.5 लाख भारतीय देश लौटे

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर विदेशों से भारतीयों को लाने के लिए 7 मई से शुरू वंदे भारत मिशन के तहत अब तक करीब 9.5 लाख भारतीय देश लौटे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने संवाददाताओं से कहा कि हम वंदे भारत मिशन के तहत विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाने के मिशन में 10 लाख की संख्या को छूने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, आज के आंकड़ों के अनुसार मिशन के तहत करीब 9.5 लाख से अधिक भारतीय देश लौटे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि वंदे भारत मिशन का पांचवां चरण एक अगस्त 2020 से शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे मिशन से प्राप्त हुई मांगों के मूल्यांकन के बाद हमने कार्यक्रम में करीब 60 और उड़ानों को जोड़ा है। प्रवक्ता ने कहा कि इसी के साथ इस महीने 746 उड़ानें निर्धारित की गई है और इसके अलावा 200 घरेलू फीडर सेवा भी हैं।

उन्होंने बताया कि इस चरण में 1.30 लाख भारतीयों के देश लौटने की संभावना है। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत तथा अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस के बीच द्विपक्षीय स्तर पर एयर बबल वायु सेवा जारी है और नागर विमानन मंत्रालय कुछ अन्य देशों के साथ ऐसी ही सेवा शुरू करने को लेकर बातचीत कर रही है।

दो साधुओं की हत्या का मामला

# न्यायालय ने सरकार से आरोप पत्र और पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी

भाषा। नई दिल्ली



साधुओं की फाइल फोटो

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा कि पालघर जिले में अप्रैल महीने में दो साधुओं सहित तीन व्यक्तियों की पीट-पीट कर कथित हत्या के मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच और की गई कार्वाई से उसे अवगत कराया जाए। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को इस मामले में दायर आरोप पत्र भी दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि वह उसकी विवेचना करना चाहेगी।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, महाराष्ट्र सरकार ने 29 जुलाई, 2020 को एक और हलफनामा दाखिल किया है जिसके तीसरे पैराग्राफ में जुलाई 2020 को दो आरोप पत्र दायर किए जाने का जिक्र है। सरकार इन आरोप पत्र को रिकार्ड पर लाए। पीठ ने कहा, इसमें आगे यह भी कहा गया है कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया था और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। पुलिसकर्मियों के खिलाफ की गई कार्वाई सहित जांच का विवरण और जांच रिपोर्ट को भी रिकार्ड पर लाया जाए। पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को इस बारे में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देने के साथ ही मामले को तीन सप्ताह बाद सूचीबद्ध कर दिया। शीर्ष अदालत पालघर में दो साधुओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या किए जाने के मामले में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के साधुओं और मृत साधुओं के रिश्तेदारों की याचिका सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सीबीआई या एनआईए से जांच के लिए दायर याचिकाओं पर 11 जून को राज्य सरकार से जवाब मांगा था। केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार इस मामले में दस हजार से ज्यादा पन्नों का आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय को इस तथ्य पर विचार करना चाहिए कि क्या इस अपराध में कोई पुलिसकर्मी संलिप्त था या क्या ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए अनुशासनात्मक कार्वाई की जरूरत थी। एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि दो साधुओं को एक तरह से भीड़ के हवाले कर दिया गया था। यह नरसंहार था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल चिटनिस और सचिन पाटिल ने पीठ से कहा कि भीड़ द्वारा कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने के इस मामले में दो आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं।

चिटनिस ने कहा कि इस मामले में तीसरा आरोप पत्र सोमवार को दाखिल किया जाएगा जो आरोपियों को गिरफ्तार करने गए पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की घटना से संबंधित है। उन्होंने कहा कि यह मामला भीड़ के कथित हमले की घटना से सीधे जुड़ा हुआ है। मेहता ने कहा कि तीसरा आरोप पत्र शीर्ष अदालत में भी दाखिल किया जाए और न्यायालय को देखना चाहिए कि यह प्रासंगिक है भी या नहीं। व्यक्तिगत रूप से पेश हुए अधिवक्ता शशांक शेखर ने पीठ से कहा कि इस मामले में जब तक केन्द्र गौर नहीं करेगा, महाराष्ट्र में साधु इसी तरह मारे जाते रहेंगे और इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पालघर में अप्रैल में हुई घटना के सिलसिले में अभी तक किसी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई हे। इस घटना में मारे गए तीनों व्यक्ति कोविड-19 महामारी के दौरान लागू लॉकडाउन के बीच मुंबई में कांदिवली से कार से गुजरात में सूरत जा रहे थे, जहां उन्हें किसी परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होना था। इनकी गाड़ी को गढ़चिंचली गांव में 16 अप्रैल की रात में पुलिस की मौजूदगी में भीड़ ने रोक ली और उन पर हमला कर दिया।

# मध्य प्रदेश के 20 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

भाषा। भोपाल

**मौसम** विभाग ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी है कि मध्यप्रदेश के 20 जिलों में अगले 24 घंटे में भारी वर्षा हो सकती है। भारत मौसम केन्द्र, भोपाल के वरिष्ठ अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के रीवा, सतना, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, होशंगाबाद, बैतूल, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, शाजापुर, आगर मालवा, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर एवं श्योपर जिलों में कहींकहीं पर भारी वर्षा या अति भारी वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन जिलों में कहींकहीं पर गरज के साथ बिजली गिरने की आशंका भी है। शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों में अधिकांश स्थानों पर वर्षा या गरज के साथ बौछारे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ये चेतावनी मौसम केन्द्र ने कल सुबह तक के लिए जारी की है। शुक्ला ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रेहटी में 14 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि होशंगाबाद में 11 सेंटीमीटर, कटंगी, मुल्ताई एवं लांजी में नौ-नौ सेंटीमीटर, बुधनी, आमला एवं बागली में सात-सात सेंटीमीटर और छिंदवाड़ा, अनूपपुर, महू एवं नसरूल्लागंज में छह-छह सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में इस मानसून में अब तक 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

# आंध्र प्रदेश में कोरोना के 10,328 नए मामले

भाषा। अमरावती

आंध्र प्रदेश में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 10,328 नए मामले सामने आए और इसी के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1.96 लाख तक पहुंच गई। इस बीच राज्य के ऊर्जा मंत्री बालिनेनी श्रीनिवास रेड्डी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई और उन्हें हैदराबाद के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कुरनूल में 105 वर्षीय एक महिला संक्रमण से उबर गई और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घर लौटने पर महिला ने कहा कि जब मुझे संक्रमण हुआ तो मैं भयभीत नहीं थी। खुश हूं कि मैं ठीक हो गई। महिला के आठ बच्चे हैं। सरकारी द्वारा जारी नवीनतम बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य में कोरोना वायरस के कारण 72 और मरीजों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर।,753 हो गई। वहीं पिछले 24 घंटों में 8,516 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। बुलेटिन में कहा गया है कि अब तक कुल 1.12 लाख मरीज स्वस्थ हो चुके हैं वहीं अभी राज्य में 82,166 लोग वायरस से संक्रमित हैं। राज्य में मरीजों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 57.36 प्रतिशत हो गई जबकि मृत्यु दर मामूली रूप से कम होकर 0.89 प्रतिशत हो गई।

## कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए कॉर्ड ब्लड बैंक का उपयोग किया जाएगा: ममता

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्लाज्मा बैंक के अलावा शहर में कॉर्ड ब्लड बैंक का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि कोविड-19 रोगियों और उनके परिवारों की टेली काउंसलिंग के लिए मनोविज्ञान के छात्रों की मदद ली जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि लोगों को केवल सरकारी अधिकृत प्रयोगशालाओं में जांच करवानी चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास ठीक हो चुके कोरोना वायरस रोगियों द्वारा दान किए गए एंटीबॉडी एकत्र करने के लिए प्लाज्मा बैंक है। सरकार के कॉर्ड ब्लड बैंक की सुविधाओं का उपयोग कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए किया जा सकता है। बनर्जी ने कहा कि सरकार ने राज्य में एक कोविड रोगी प्रबंधन प्रणाली की स्थापना की है, जिसके तहत कोई भी गंभीर या हल्के लक्षणों वाले रोगियों के बारे में नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकता है या टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# नई शिक्षा नीति से रोजगार की संभावना बढ़ेगी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च (इंड-रा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 छात्रों में रचनात्मक शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगी और रोजगार की संभावना बढ़ेगी। केंद्र सरकार ने हाल ही में नई शिक्षा नीति को मंजूरी दी जिसमें स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में अनेकों सुधार किए गए हैं ताकि नियामक मानदंडों की जटिलता को कम किया जा सके और शिक्षा की गुणवत्ता को वैश्विक स्तर का बनाया जा सके। रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, नई शिक्षा नीति 2020 छात्रों में रचनात्मक शिक्षा को बढ़ावा देगी और रोजगार की संभावना बढ़ेगी। इंड-रा ने हालांकि कहा कि लक्ष्य चुनौतिपूर्ण है और इसे हासिल करना कठिन प्रतीत होता है। इसमें कहा गया है कि नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले निजी संस्थानों के ट्यूशन फीस की सीमा तय करके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दाखिले को बढ़ावा देने की योजना है। हालांकि इससे ऐसे उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले निजी । गैर सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों का राजस्व प्रभावित हो सकता है। इससे ऐसे संस्थानों के शिक्षकों की गुणवत्ता और पठन पाठन परिणाम भी प्रभावित हो सकता है। इंड-रा ने कहा कि उसका मानना है कि एकल नियामक से और पारदर्शिता आएगी, कालेजा विश्वविद्यालय शुरू करने में समय एवं लागत के संदर्भ में बाधा कम होगी तथा उच्च शिक्षा के मामलों के प्रबंधन के मामलों में राज्यों की सहभागिता कम होगी।

# पेज एक का शेष

## पहली बार...

शुरुआत में टीवी चैनलों को दिए साक्षात्कार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारी संख्या में चीनी सैनिकों की मूवमेंट की बात स्वीकार की थी। इतना ही नहीं, जुलाई में अपने लेह के दौरे में उन्होंने कहा कि चीन के साथ विवादित मुद्दा सुलझाने के लिए सैन्य व कूटनीतिक स्तर पर जारी वार्ताओं के नतीजे को लेकर वह कोई गारंटी नहीं दे सकते। गतिरोध दूर करने के लिए जून से अब तक भारत और चीन के बीच कॉर्प कमांडर स्तर की पांच दौर की बैठकें हो चुकी हैं लेकिन, स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हो सका। विवादित पैंगोंग त्सो (लेक) इलाके से अपने जवानों को हटाने में चीन के लगातार टालमटोल करने से तनाव बढ़ता जा रहा है। चीन 14 जुलाई की बैठक में तनाव वाले प्वाइंट से अपनी सेनाओं को पूरी तरह वापस बुलाने पर बनी आपसी सहमति पर भी अमल करने को तैयार नहीं है।

## कंटेनमेंट जोन...

करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला स्तर पर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के लिए तैनात नोडल अधिकारी की जानकारी संबंधित जिलाधिकारी से प्राप्त की जाए। सीएम योगी ने जनपद स्तर पर एम्बुलेंस सेवा के प्रभावी संचालन के लिए नामित प्रभारी अधिकारी का विवरण सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त करने के भी निर्देश दिए हैं।

## लखनऊ में...

को दुर्घटना के चलते ब्रेन इंज्युरी थी। कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट के चलते इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। अमीनाबाद निवासी 70 वर्षीय महिला को गत बुधवार की सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को दिमाग मे रक्तस्राव हो गया था। कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट के चलते इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। टेम्पल रोड गोल्डन सिटी निवासी 35 वर्षीय पुरुष को गत बुधवार की सुबह 1 बजकर 56 मिनट पर भर्ती किया गया था। भर्ती के समय से ही रोगी की स्थिति नाजुक थी। इलाज के दौरान मौत हो गई। निशातगंज लखनऊ निवासी 65 वर्षीय पुरुष को 31 जुलाई की सुबह 4 बजकर 41 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या थी। रेस्पिरेटरी फेल्योर के चलते मौत हो गई।

## कोरोना ने...

43, संत कबीर नगर में 59, चंदौली में 21, मथुरा में 90, सम्भल में 31, बस्ती में 32, उन्नाव में 29, कुशीनगर में 59, सिद्धार्थनगर में 66, महराजगंज में 88, कन्नौज में 32, गोंडा में 53,पीलीभीत में 53, सुल्तानपुर में 58, मुजफ्फरनगर में 10, इटावा में 42, मिर्जापुर में 64 बहराइच में 69, फिरोजाबाद में 21, मैनपुरी में 6, बिजनौर में 22, अमरोहा में 14, सोनभद्र में 41, रायबरेली में 33, जालौन में 32, भदोही में 9, सीतापुर में 20, लखीमपुर खीरी में 21, फतेहपुर में 23 प्रतापगढ़ में 62, बागपत में 6, मऊ में 29, बदायूं में 4 फर्रुखाबाद में 15, औरैया में 24, अमेठी में 4, शामली में 9, कासगंज में 14, ललितपुर में 37, एटा में 16, कौशाम्बी में 14, कानपुर देहात में 22, अम्बेडकर नगर में 24, हमीरपुर में 7, बलरामपुर में 7, बाँदा में 5, हाथरस में 11चित्रकूट में 8 और श्रावस्ती में 6 कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## मनोज सिन्हा...

होने से बेचैन हैं। वे केंद्र सरकार पर राज्य में अपना राजनीतिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाते रहे हैं। एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि राजभवन में मंझे हुए राजनेता को बैठाने का मकसद सरकारी मशीनरी व आम जनता के बीच बढ़ती खायी को पाटना और राज्य की स्थिति बदलने के बाद आए राजनीतिक खालीपन को भरना है। राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं कि मुर्मू काफी समय से खासकर कश्मीर घाटी में हाशिए पर चली गई राजनीति को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए। संभवत: इसीलिए केंद्र ने उन्हें पद से हटाया और एक भरोसेमंद खाटी राजनेता मनोज सिन्हा को राजभवन में बैठाया। सिन्हा का जन्म एक जुलाई 1959 को पूर्वी उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मोहनपुर में हुआ था। उनका राजनीतिक करियर 1982 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र संघ का अध्यक्ष चुने जाने के साथ शुरू हुआ। वह 1989 से 1996 तक भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रहे। सिन्हा गाजीपुर लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रहे और उन्होंने 2016 में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर संचार मंत्रालय संभाला। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि उपराज्यपाल शुक्रवार को षपथ ग्रहण कर सकते हैं। इस बीच, गुरुवार दोपहर बाद सिन्हा श्रीनगर पहुंच गए जहां एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। मुख्य सचिव बीवीआर सुब्रहमण्यम, डीजीपी दिलबाग सिंह और एलजी के प्रमुख सचिव बिपुल पाठक सिन्हा के स्वागत को पहुंचे। बाद में कड़ी सुरक्षा में उन्हें राजभवन लाया गया। नवनियुक्त उपराज्यपाल सिन्हा के पहुंचने से पहले ही जम्मू में ठहरे मुर्मू पत्नी और बच्चों के साथ बीएसएफ के विषेश विमान से दिल्ली लौट गए। ऐसा माना जा रहा था कि 1985 बैच के आईएएस अधिकारी और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले उपराज्यपाल बनाए गए मुर्मू तथा मुख्य सचिव के बीच काफी समय तक तालमेल का अभाव रहा जिससे राज्य में विकास को उम्मीद के मुताबिक गति नहीं मिली। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का यह भी मानना है कि मुर्मू को कुछ विवादित मुद्दों पर लाइन से हटकर बयान देने की कीमत भी चुकानी पड़ी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्य में खुलकर 4जी नेटवर्क सेवाएं बहाल करने की वकालत की थी। उनके इस बयान पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट में भी यह कहकर सफाई देनी पड़ी कि एलजी के बयान की सत्यता जांची जा रही है। विधानसभा चुनाव कराने को लेकर दिए गए उनके बयान से भी नई दिल्ली में बेचैनी पैदा हो गई थी। इस बार चुनाव आयोग को दखल देना पड़ा था।

## कांग्रेस में...

प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। हालांकि पीठ ने कोई अंतरिम राहत प्रदान नहीं की थी और बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस विधायकों के रूप में सदन की कार्यवाही में भाग लेने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत महंती और न्यायमूर्ति प्रकाश गुप्ता की खंडपीठ ने अपील पर बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया था। लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया। उनके वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में दलील दी कि खंड पीठ में अपील विचार करने योग्य नहीं है। सिब्बल ने यह भी कहा कि किसी भी विधायक को नोटिस दिए जाने के लिए विधानसभाध्यक्ष कार्यालय का इस्तेमाल डाकघर के रूप में नहीं किया जा सकता है। इस पर पीठ ने जैसलमेर के जिला न्यायाधीश के माध्यम से नोटिस भेजने और उन्हें जैसलमेर और बाड़मेर के दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि एकल पीठ 11 अगस्त को भाजपा और बसपा की अपील पर सुनवाई करेगी।

## प्रेमिका की...

शव प्लास्टिक की रस्सी व पंखे के सहारे फंदे से लटक रहा था। पुलिस के मुताबिक नैंसी के पेट, सीने व गर्दन पर फोर्क (कांटे वाले चम्मच) से वार के कई निशान थे। इससे आशंका है कि राहुल ने ही नैंसी की हत्या करने के बाद खुद ही फांसी लगा ली। एसीपी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका नैंसी वर्मा के पिता ने बुधवार रात सरोजनीनगर थाने पर अपनी बेटी की लापता होने की लिखित शिकायत की थी। जिस पर गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस नैंसी की तलाश में जुटी थी। वहीं कृष्णा नगर क्षेत्र में स्थित होटल मोमेंटो के एक कमरे में युवक युवती का शव मिलने की सूचना पाकर पहुंचे युवक व युवती के परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा।

## देश में...

तक सबसे अधिक केस आए। महाराष्ट्र में ही रिकॉर्ड 11,514 नए कोविड केस आए और 316 लोगों की जान गई। अच्छी बात यह रही कि इस दौरान 10,854 मरीज ठीक भी हुए। राज्य में अब कुल मरीजों की संख्या 3,16,375 हो गई।इसी तरह गुजरात में घातक कोविड-19 से 27 मौतें हुईं और 1034 नए केस आए। इस राज्य में अब तक 2,584 लोगों की मौत हुई है और कुल केस 67,811 हो गए। एक बार संभल गए केरल में स्थिति अब बिगड़ती दिख रही है। यहां बीते 24 घंटों में 1,298 केस आए। अब यहां कुल केस 30,000 का आंकड़ा पार कर चुके हैं जबकि 97 लोग जान गंवा चुके हैं। राज्य के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में कुछ दिन राहत रहने के बाद गुरुवार को कोरोना ने फिर जोर भरा और 1299 नए केस दर्ज किए गए और 15 जानें गईं। बेहतर सुविधाओं और केंद्र की सीधी निगरानी वाली दिल्ली में अब तक 4,059 मरीजों की मौत हो चुकी है। हालांकि यहां का रिकवरी रेट अन्य राज्यों से बेहतर है और कुल 1,27,124 मामलों में अब सिर्फ 10,348 सक्रिय केस हैं।

# वीवो ने आईपीएल करार निलंबित किया

● बीसीसीआई एक साल के लिए अलग रहेगा, 2021 में फिर हो सकता है बहाल

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और चीन के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच गुरूवार को चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन करार निलंबित कर दिया। बीसीसीआई ने एक पंक्ति का बयान भेजा जिसमें कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई और इसमें कहा गया कि वीवो इस साल आईपीएल के साथ जुड़ा नहीं होगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीसीसीआई और वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 2020 में इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अपनी साझेदारी को निलंबित करने का फैसला किया है। वीवो कंपनी ने कहा कि इस करार को विराम (पॉज) दिया गया है। इसके बयान के अनुसार, बीसीसीआई और वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आपसी रजामंदी से इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 सत्र के लिए अपनी भागीदारी को विराम देने का फैसला किया है। वीवो ने 2018 से 2022 तक पांच साल के लिए 2190 करोड़ रूपए (प्रत्एक वर्ष करीब 440 करोड़ रूपए) में आईपीएल प्रायोजन अधिकार हासिल किए थे। दोनों पक्ष एक योजना पर काम कर रहे हैं जिसमें वीवो फिर से तीन साल के लिए संशोधित शर्तों पर 2021 से वापसी कर सकता है। हालांकि बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी का इस पर विचार कुछ अलग था। बीसीसीआई के एक अनुभवी अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई से कहा, हम यहां कूटनीतिक तनाव की बात कर रहे हैं और आप उम्मीद कर रहे हो कि नवंबर में जब आईपीएल खत्म हो जाएगा और अगला आईपीएल अप्रैल 2021 में शुरू होगा तो चीन विरोधी भावना नहीं होगी? क्या हम गंभीर हैं? बीसीसीआई के अपने संविधान के अनुसार नए टाइटल प्रायोजक के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने की संभावना है। टी20 लीग 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगी जिसे भारत में बढ़ते कोविड-19 मामलों के कारण विदेश में आयोजित कराना पड़ रहा है। रविवार को हुई आईपीएल संचालन परिषद की बैठक में फैसला किया गया था कि वीवो अन्य प्रायोजकों के साथ बना रहेगा, लेकिन यह घटना इसके बिलकुल उलट हुई। बीसीसीआई ने गलवान घाटी में हुई घटना के बाद जून में घोषणा की थी कि आईपीएल को लेकर सभी प्रायोजन करार की समीक्षा की जाएगी। हालांकि रविवार को हुई बैठक के बाद वीवो के साथ करार बरकरार रखने के कारण बीसीसीआई की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। दोनों पक्षों ने इस सत्र के लिए आपसी रजामंदी से अलग होने की योजना बनाई। हालांकि इस करार के खत्म होने से फ्रेंचाइजी को भी नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें भी प्रायोजन करार से काफी बड़ा हिस्सा मिलता था। सालाना वीवो प्रायोजन राशि का आधा हिस्सा आठ फ्रेंचाइजी में बराबर बराबर बांटा जाता है जो 27.5 करोड़ रूपए तक आता है। अधिकारी ने कहा, अभी बीसीसीआई के लिए इतने कम समय में इस प्रायोजन राशि के बराबर प्रायोजक ढूंढना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए बीसीसीआई और फ्रेंचाइजी दोनों को कुछ घाटे के लिए तैयार हो जाना चाहिए -- बीसीसीआई को ज्यादा लेकिन प्रत्एक फ्रेंचाइजी को वीवो के जाने से संभवत: 15 करोड़ रूपए का नुकसान होगा। उन्होंने कहा, इस साल सभी के लिए मुश्किल होगा लेकिन शो चलता रहना चाहिए।

## कोरोना महामारी के बीच भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट एडीलेड में करा सकता है आस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** विक्टोरिया प्रांत में कोरोना वायरस महामारी के बढते मामलो के बीच क्रिकेट आस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न की बजाय एडीलेड में करा सकता है। सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार 26 से 30 दिसंबर तक होने वाले इस टेस्ट के मेजबानों की दौड़ में एडीलेड सबसे आगे है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के चेयरमैन अर्ल एडिंग्स ने अगले सप्ताह राष्ट्रीय क्रिकेट समिति की आपात बैठक बुलाई है जिसमें इस श्रृंखला के संचालन पर बात की जाएगी। अगर यह श्रृंखला नही होती है तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 30 करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का नुकसान होगा। एक वरिष्ठ क्रिकेट अधिकारी ने अखबार को बताया कि कोरोना वायरस महामारी के चलते श्रृंखला के कार्यक्रम में बदलाव करना ही पड़ेगा। विक्टोरिया में अब तक 17000 पॉजिटिव मामले आ चुके हैं और 170 लोगों की मौत हुई है। न्यू साउथवेल्स मे 4000 पॉजिटिव मामले पाए गए हैं जबकि एडीलेड में 457 पुष्ट मामले आए जिनमें से 445 संक्रमित ठीक हो गए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया पहले ही कह चुका है कि श्रृंखला के कार्यक्रम में बदलाव हो सकता है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला तीन दिसंबर से ब्रिसबेन में शुरू होगा। इसके बाद 11 से 15 दिसंबर तक एडीलेड मे दिन रात का टेस्ट खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट मेलबर्न में 26 दिसंबर से और चौथा सिडनी में तीन जनवरी से होगा।

## मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में विश्वस्तरीय रक्षापंक्ति: रघुनाथ



**बेंगलुरू।** पूर्व हॉकी खिलाड़ी वीआर रघुनाथ का मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम के पास विश्वस्तरीय रक्षापंक्ति और स्तरीय ड्रैग फ्लिकर हैं और टीम अगले साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक के दौरान दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती दे सकती है। भारतीय टीम के स्टार ड्रैग फ्लिकरों में शामिल रहे रघुनाथ ने कहा कि टीम में चार पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों का होना तोक्यो ओलंपिक से पहले आठ बार की चैंपियन टीम के लिए अच्छा है। कोरोना वायरस महामारी के कारण तोक्यो ओलंपिक को अगले साल तक स्थगित किया गया है। वे काफी अनुभवी हैं और मौजूदा डिफेंडरों ने एक साथ 50 से 80 मैच खेले हैं। वे एक दूसरे को काफी अच्छी तरह जानते हैं और जब उन्हें दुनिया की किसी भी शीर्ष टीम के खिलाफ मुश्किल मैच स्थिति में डाला जाएगा तो भी मुझे कोई समस्या नजर नहीं आती।

## बीसीसीआई एसओपी का कड़ाई से पालना करना होगा: वाडिया

**नई दिल्ली।** किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल प्रायोजक के बारे में अटकलें लगाने के बजाय ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आए। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि नहीं की है कि चीनी मोबाइल कंपनी विवो ने इस सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन से हटने का फैसला किया है। ऐसी संभावना है कि कंपनी चीन और भारत के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कम से कम इस सत्र में 440 करोड़ रूपए (प्रत्एक वर्ष) के अनुबंध से हट जाएगी। वाडिया ने मालिकों की बुधवार शाम को हुई बैठक में पीटीआई से कहा, काफी अटकलें चल रही हैं।

## ईसीबी नुकसान की कगार पर, खर्चों में कटौती करेगा: रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) खर्चों में कटौती के लिए कई कदम उठाने की तैयारी में है क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण उसे 18 करोड़ 20 लाख पाउंड के संभावित नुकसान की आशंका है। द गार्डियन की खबर में यह दावा किया गया है। ईसीबी ने 18 प्रथम श्रेणी काउंटी और काउंटी बोर्ड के साथ बुधवार को बैठक की जहां उसने सूचित किया कि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में कम से कम 10 करोड़ 60 लाख पाउंड का नुकसान होने की आशंका है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, इन आंकड़ों के अनुसार माना जा रहा है कि पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाकी सत्र का जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में आयोजन होगा जिसमें पाकिस्तान दौरा और सितंबर में आस्ट्रेलियाई टीम का छह मैचों के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट का दौरा शामिल है। इसमें कहा गया, लेकिन चेताया गया है कि अगर इनमें से कोई मैच रद्द होते हैं या ईसीबी अगले साल भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका दौरे की टिकट बेचने में नाकाम रहता है तो नुकसान सात करोड़ 60 लाख पाउंड तक बढ़ सकता है। समाचार पत्र ने सूत्र के हवाले से कहा है कि ईसीबी अपने स्टाफ में 25 प्रतिशत तक की कमी कर सकता है। कोरोना वायरस महामारी के फैलने से पहले ईसीबी में 379 कर्मचारी थे।

## वेनेजुएला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का निधन

**काराकस।** वेनेजुएला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष जीसस बेरारडिनेली का अचानक बेहोश होने के दो हफ्ते बाद निधन हो गया। अस्पताल मे भर्ती होने के दौरान उन्हें अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ा था। वेनेजुएला फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। बेरारडिनेली 61 बरस के थे। वेनेजुएला के अधिकारियों ने सार्वजनिक धनराशि के गलत इस्तेमाल के आरोप मे बेरारडिनेली के खिलाफ जांच शुरू की थी जिसके 16 दिन बाद उनकी मौत हो गई। बेरारडिनेल को 22 जुलाई को काराकस के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें श्वास से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्हें वेंटीलेकर पर रखा गया।

## अनिका यूएस महिला एमेच्योर चैम्पियनशिप में मैच प्ले से चूकीं

**रॉकविले मैरीलैंड।** भारतीय गोल्फर अनिका वर्मा ने दूसरे दौर के अंतिम छह होल में मजबूत वापसी की लेकिन वह महज एक शाट से अमेरिकी एमेच्योर चैम्पियनशिप के मैच प्ले के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं। मंगलवार को आए तूफान के कारण बुधवार को दूसरा दौर देर से शुरू और काफी मुश्किल हालात में खेला गया। कोर्स काफी सख्त था जिससे केवल सात खिलाड़ी ही 36 होल के बाद अंडर पार का स्कोर बना सकीं। भारत की युवा गोल्फर अनिका सैक्रामेंटो में बसी हैं और अमेरिकी महिला एमेच्योर चैम्पियनशिप में खेलने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर सात ओवर 151 रहा।

# बीसीसीआई, सीए में होगी टी20 विश्व कप बदलने पर चर्चा

● आईसीसी बोर्ड बैठक आज

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक के दौरान वर्चुअल मंच पर अगले दो साल में दो टी20 विश्व कप की मेजबानी पर चर्चा करेंगे। आईसीसी के अगले अध्यक्ष पद पर दो बोर्डों के रूख से भी यह फैसला प्रभावित होगा। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा की जानी बाकी है। उम्मीद है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के साथ सीए के अर्ल एडिंग्स और निक हॉकले 2021 और 2022 चरण की मेजबानी को लेकर आम सहमति पर पहुंच जाएंगे। आईसीसी बोर्ड सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई से कहा, बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी टूर्नामेंट के शेड्यल को लेकर है जिसमें महिलाओं का अगले साल के शुरू में वनडे विश्व कप भी शामिल है। उम्मीद है कि कुछ फैसले लिए जाएंगे। इस साल 18 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में आईसीसी विश्व टी20 का आयोजन किया जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया जिससे इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर रास्ता साफ हुआ जो संयुक्त अरब अमीरात में 19 सितंबर से शुरू होगी। उम्मीद है कि सीए अक्टूबर 2021 में टी20 विश्व कप की मेजबानी करना चाहेगा क्योंकि उसने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं और वह दो साल तक इंतजार नहीं करना चाहेगा लेकिन बीसीसीआई भी 2021 में टूर्नामेंट की मेजबानी के अपने अधिकार को छोड़ना नहीं चाहेगा। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, बीसीसीआई को 2021 में टी20 विश्व कप की मेजबानी करनी थी और वे इसे ऐसे ही करना चाहेंगे। एक अन्य कारण है कि 2022 में टी20 विश्व की मेजबानी के महज एक साल के अंदर 50 ओवर के वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी। यह बहुत मुश्किल होगा। हालांकि सीए के पक्ष में कुछ चीजें हैं। उन्होंने कहा, आईसीसी की वेबसाइट का कहना है कि जिन्होंने आस्ट्रेलिया विश्व टी20 के लिए मैच के टिकट बुक कर लिए हैं, वे अगली घोषणा तक इंतजार करें। इसका कारण है कि सीए अगले साल टूर्नामेंट की मेजबानी करना चाहता है। पता चला है कि आठ टीमों के महिला वनडे विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार फरवरी-मार्च 2021 में न्यूजीलैंड में आयोजित होने का पूरा मौका है। हां, क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट अभी पूरा होना बाकी है क्योंकि प्रत्एक देश में कोविड-19 के हालात अलग हैं, यह आईसीसी के लिए सरदर्द होगा। स्वास्थ्य सुरक्षा मुद्दों को देखते हुए न्यूजीलैंड दुनिया भर में कोविड-19 से निपटने वाला सर्वश्रेष्ठ में से एक देश है।

## साइ ने एनएसएनआईएस डिप्लोमा कोर्स के पाठ्यक्रम में बदलाव किया

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की बदलती जरूरतों के अनुसार कोचों को नए कौशल के साथ तैयार करने के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने राष्ट्रीय खेल कोचिंग केंद्र (एनसीएससी) मे एनएसएनआईएस डिप्लोमा और स्ट्रैथनिंग फैक्ल्टी के अपने पाठ्यक्रम मे बदलाव किया है। साइ की 27वी शैक्षिक परिषद ने हाल मे अपनी परिषद बैठक मे कई अहम फैसले किए। इनका लक्ष्य एनसीएससी में पहले से मौजूदा प्रणाली को मजबूत करके खेलों मे बेहतरी को बढ़ावा देना है। साइ ने बयान मे कहा, वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र के बदलते ढांचे को ध्यान मे रखते हुए और भारतीय कोच खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर के अनुसार ट्रेनिंग देने में सक्षम हों, पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) के शीर्ष कोर्स के पाठ्यक्रम के ढांचे और सामग्री, खेल कोचिंग में डिप्लोमा कोर्स, मे सभी संबंधित हितधारकों से चर्चा के बाद संशोधन किया गया है जिसमें खेलों के राष्ट्रीय खेल महासंघ भी शामिल हैं।

## असाधारण हालात में बीसीसीआई ने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया : मिताली



**नई दिल्ली।** भारतीय एक दिवसीय क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज टी20 चैलेंज और महिला बिग बैश लीग की तारीखों के टकराव से विदेशी खिलाड़ियों की हताशा समझती है लेकिन उनका मानना है कि बीसीसीआई ने कोरोना वायरस महामारी के बीच असामान्य हालात में चार मैचों के टूर्नामेंट के लिए अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। आस्ट्रेलियाई स्टार एलिसा हीली की अगुवाई में विदेशी खिलाड़ियों ने नुमाइशी मैचों की टाइमिंग पर सवाल उठाए चूंकि ए महिला बिग बैश लीग के दौरान ही हो रहे हैं। सितंबर में महिला टीम का इंग्लैंड दौरा रद्द करने के लिए भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड की आलोचना हो रही है। इस बारे में मिताली ने पीटीआई से कहा, लोग बहुत जल्दी निर्णय तक पहुंच जाते हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह और आईपीएल संचालन परिषद के प्रमुख बृजेश पटेल का रवैया महिला क्रिकेट को लेकर काफी सकारात्मक रहा है। मेरा निजी तौर पर मानना है कि हमें चैलेंजर ट्राफी खेलने का मौका भी नहीं मिलता क्योंकि आईपीएल भी होगा या नहीं, पता नहीं था। ऐसे में ए मैच स्वागत योग्य हैं। हीली, सूजी बेट्स, रशेल हैंस जैसी खिलाड़ियों की नाराजगी को लेकर मिताली ने कहा, मुझे पता है कि कई विदेशी खिलाड़ियों ने टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं लेकिन ए हालात सामान्य नहीं है। आम तौर पर आईपीएल अप्रैल मई में होता है और महिला बिग बैश लीग से तारीखों का टकराव नहीं होता। आईपीएल 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। वहीं आस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग 17 अक्टूबर से 29 नवंबर के बीच होनी है दुबई में टी20 चैलेंज मैच एक से 10 नवंबर तक खेले जाएंगे।

# मसूद और शादाब ने पाकिस्तान को 300 के पार पहुंचाया

**मैनचेस्टर।** सलामी बल्लेबाज शान मसूद के शतक और शादाब खान के साथ शतकीय साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरूवार को वापसी करते हुए चाय ब्रेक तक आठ विकेट पर 312 रन बनाए। पहले सत्र में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रिस वोक्स ने दबाव बनाते हुए एक एक विकेट लिया था जबकि पाकिस्तान ने सिर्फ 48 रन जोड़े थे। लंच ब्रेक के बाद मसूद और खान ने पहले पांच ओवर में 27 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने दूसरी नई गेंद ली लेकिन पाकिस्तानी जोड़ी खासकर खान काफी आत्मविश्वास के साथ खेल रहे थे।दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करना जारी रखा और पाकिस्तान के रन तेजी से बने। दूसरे सत्र में पाकिस्तान ने 125 रन जोड़े। चाय के समय मसूद 121 रन बनाकर खेल रहे थे जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खान 45 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए लेकिन शाहीन शाह अफरीदी ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी।

# मैनचेस्टर यूनाईटेड और इंटर मिलान यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में

**भाषा। गेलसेनकिरचेन ( जर्मनी )**

मैनचेस्टर यूनाईटेड और इंटर मिलान ने अपने अपने मुकाबले जीतकर यूरोपा लीग क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जिसके साथ कोरोना वायरस महामारी के बीच खाली स्टेडियम में महाद्वीपीय फुटबॉल की वापसी हुई। यूनाईटेड ने बुधवार को लास्क लिंज को 2-। से हराकर आस्ट्रिया के क्लब के खिलाफ कुल 7-। के अंतर से जीत दर्ज की।



इस मुकाबले का पहला चरण पांच महीने पहले खेला गया था। लास्क ने 55वें मिनट में फिलिप वीसिंगर के गोल से बढ़त बनाई लेकिन दो मिनट बाद जेसी लिंगार्ड ने यूनाईटेड को बराबरी दिला दी। एंथोनी मार्शल ने 88वें मिनट में यूनाईटेड की ओर से एक और गोल दागकर टीम की 2-। से जीत सुनिश्चत की। इंटर मिलान ने रोमेलु लुकाकु और क्रिस्टयन एरिकसेन के गोल से गेटाफे को 2-0 से हराया।

## कोविड-19 महामारी का लंबा खिंचना अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम: आरबीआई



### बैंक प्रमुखों ने नीतिगत दर स्थिर रखने के कदम को युक्तिसंगत बताया, नियामकीय कदमों को सराहा

**मुंबई।** बैंक प्रमुखो ने आरबीआई के नीतिगत दर के मामले मे स्थिति यथावत रखने को सूझबूझ भरा कदम बताया। साथ ही उन्होंने पुनर्गठन और सोना के बदले कर्ज मे बढ़ोतरी जैसे नियाममकीय मोर्चे मे किए गए उपायों का स्वागत किया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, वृद्धि को लेकर परिदृश्य लगातार नकारात्मक बना हुआ है। रिजर्व बैंक भी अर्थव्यवस्था मे गिरावट को लेकर कोई आंकड़ा देने से बचा है। वही मुद्रास्फीति मे वृद्धि को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। कुमार भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के प्रमुख भी है। रिजर्व बैंक ने हाल मे छह प्रतिशत से ऊपर निकल चुकी महंगाई पर अंकुश रखने के लिए बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर रेपो में कोई बदलाव नही किया। वास्तविक ब्याज दर...मुद्रास्फीति और ब्याज दर...नकारात्मक हो गया है। शीर्ष बैंक ने नरम रुख बरकरार रखा है और महंगाई दर मे नरमी आने पर कदम उठाने का वादा किया है। कुमार ने एक बयान मे कहा, मौजूदा परिस्थिति मे नीतिगत दर को यथावत रखन युक्तिसंगत है क्योंकि आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाह्य मांग लगातार अनिश्चित बनी हुई है। आरबीआई ने उन स्टैन्डर्ड खातों (जिन खातों से कर्ज की किस्त आ रही है) को पुनर्गठन के रूप में कुछ राहत दी है जो कर्ज पुनर्गठन के मामले में कठिनाई का सामना कर रहे थे।

**मुंबई।** रिवर्ज बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को आगाह करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी का संक्रमण लम्बे समय तक खिंचा तो उससे घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत और खराब हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए उपलब्ध मौद्रिक गुंजाइश का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करेगा। गवर्नर ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान कहा कि हालांकि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि नकारात्मक रहेगी लेकिन महामारी पर पहले काबू पा लिया गया तो उसका अर्थव्यस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।
एमपीसी ने कहा कि कठिन वैश्विक माहौल में अर्थव्यवस्था काफी दबाव में है। परिदृश्य को लेकर व्यापक अनिश्चितता है जो महामारी की तीव्रता, उसके फैलाव और अवधि तथा टीके की खोज पर निर्भर है। आरबीआई ने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि को फिर से पटरी पर लाने, कोविड-19 के प्रभाव को कम करने के लिए जब तक जरूरी समझा जाएगा मौद्रिक नीति के रुख को नरम बनाए रखा जाएगा। गवर्नर ने कहा, एमपीसी ने यह रेखांकित किया कि इस अभूतपूर्व दबाव के परिवेश में अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार को समर्थन देना मौद्रिक नीति के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि मौद्रिक नीति के स्तर पर आगे और कदम की गुंजाइश है लेकिन यह जरूरी है कि इसका विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग हो ताकि आर्थिक गतिविधियों के लिए उसका लाभ अधिकतम हो।

# मौद्रिक समीक्षा के बाद सेंसेक्स 362 अंक चढ़ा

● आईटी शेयर चमके

**भाषा।** मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों से छेड़छाड़ नहीं करने तथा वृद्धि को प्रोत्साहन के लिए नरम रुख को जारी रखने का संकेत देने के बाद बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 362 अंक चढ़ गया। वहीं निफ्टी 11,200 अंक के स्तर पर पहुंच गया। केंद्रीय बैंक ने बैंकों को कुछ कॉरपोरेट और व्यक्तिगत ऋणों के पुनर्गठन की अनुमति दी है। साथ ही उसने आगाह किया है कि कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था के नीचे की ओर जाने का जोखिम है।
बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान एक समय 558 अंक तक चढ़ गया था। अंत में




यह 362.12 अंक या 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,025.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 98.50 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,200 अंक के पार 11,200.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 3.82 प्रतिशत चढ़ गया। इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी तथा एक्सिस बैंक के शेयर 0.75 प्रतिशत तक टूट गए। विभिन्न वर्ग के सूचकांकों में ब्याज दरों की दृष्टि से संवेदनशील बैंकिंग, रीयल्टी और वाहन 1.15 प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे पहले दिन में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे चार प्रतिशत पर कायम रखा। इसी तरह रिवर्स रेपो दर को 3.35 प्रतिशत पर बरकरार रखा। दास ने कहा कि एमपीसी ने ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के पक्ष मत दिया। साथ ही वृद्धि को समर्थन के लिए नरम रुख जारी रखने पर भी सहमति बनी।

## रुपया 74.94 प्रति डॉलर पर पूर्ववत बंद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर को यथावत रखे जाने के बाद बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 74.94 पर पूर्ववत बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में सुबह रुपया 74.82 पर मजबूत खुला। दिन के कारोबार के दौरान यह मजबूती कायम नही रह सकी और अंत मे रुपया 74.94 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रुख लिए बंद हुआ। कारोबार के दौरान विनिमय दर 74.77-74.96 रुपए प्रति डालर के बीच ऊपर नीचे होती रही। रिजर्वबैंक ने बृहस्पतिवार को रेपो दर चार प्रतिशत वार्षिक पर अपरिवर्तित रखा ताकि मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने मे मदद मिले। तीस शेयरो पर आधारित बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स अंत मे 362.12 अंक की तेजी के साथ 38,025.45 अंक पर बंद हुआ।

## सोने में 225 रुपए और चांदी में 1,932 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली।** बहुमूल्य धातुओं की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में जोरदार तेजी के अनुरूप दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 225 रुपए की तेजी के साथ 56,590 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी भी 1,932 रुपए के जबर्दस्त उछाल के साथ 75,755 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 73,823 रुपए पर बंद हुई थी। बुधवार को सोने का बंद भाव 56,365 रुपए प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी तेजी आने के बाद दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 225 रुपए की तेजी आई।

## भारत की असम में जापानी औद्योगिक शहर बसाने की योजना : सचिव

नई दिल्ली। सरकार की असम मे देश का 13वां जापानी औद्योगिक शहर बसाने की योजना है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव गुरुप्रसाद मोहपात्रा ने बृहस्तिवार को कहा कि इसका मकसद घरेलू विनिर्माण उद्योग को बढ़ावा और दोनो देशों के आर्थिक संबंधों का मजबूत करना है। विभाग देशभर के औद्योगिक क्षेत्रों और संकुलों के एक भौगोलिक सूचना प्रणाली से परिपूर्ण डेटाबेस पर कर रहा है।

## इंडियन होटल्स कंपनी को पहली तिमाही में 313 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी की वजह से इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) को चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में 312.60 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही मे कंपनी ने 4.98 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय घटकर 175.34 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,057.06 करोड़ रुपए थी।

## अमेरिका ने चीन की प्रौद्योगिकी पर प्रतिबंधों के विस्तार का संकेत दिया

**भाषा।** न्यूयॉर्क

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने बुधवार को चीन की प्रौद्योगिकी पर अमेरिका सरकार के प्रतिबंधों को बड़ा विस्तार देने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि गूगल और एप्पल ऐप स्टोर से इन गैर-भरोसेमंद चीनी ऐप को हटा दिया जाए।
वहीं बाहर के विशेषज्ञों की सोच में पोम्पियो के प्रस्ताव अस्पष्ट तथा संभवत: गैरकानूनी हैं। पोम्पियो ने अमेरिका के लोगों द्वारा अमेरिका और चीन में अन्य लोगों से संपर्क के लिए इस्तेमाल की जा रही लोकप्रिय वीडियो ऐप टिकटॉक तथा मैसेजिंग ऐप वीचैट को अमेरिकी नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा के लिए बड़ा खतरा बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें सीसीपी की सामग्री पर सेंसरशिप के माध्यमों को नहीं भूलना है। सीसीपी से तात्पर्य चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से है। अमेरिका सरकार पहले से ही चीन की प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ कदम उठा रही है। उदाहरण के लिए चीन की दूरसंचार उपकरण प्रदाता हुवावेई पर रोक लगाई गई है। यहीं नहीं अमेरिका अन्य देशों से भी हुवावेई के उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करने को कह रहा है।

## अडाणी एंटरप्राइजेज को पहली तिमाही में 65.67 करोड रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** अडाणी एंटरप्राइजेज को चालू वित्त वर्ष की 30 जून को समाप्त तिमाही में 65.67 करोड़ रुपए का एकीकृत घाटा हुआ है। गौतम अडाणी की अगुवाई वाली कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 570.14 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी एकीकृत कुल आय घटकर 5,502.02 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,685.86 करोड़ रुपए रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च घटकर 5,639.56 करोड़ रुपए रह गया।

## मानव निर्मित रेशा उद्योग को वित्तपोषण के लिए केंद्रित उत्पाद निवेश योजना लाएगी सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

सरकार मानव निर्मित रेशा उद्योग के वित्तपोषण के लिए केंद्रित उत्पाद निवेश योजना लाने जा रही है। इससे वैश्विक कपड़ा बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। कपड़ा सचिव रवि कपूरी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कपूर ने इन्वेस्ट इंडिया एक्सक्लूसिव इन्वेस्टमेंट फोरम (जापान एडिशन) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के तहत मानव निर्मित रेशा क्षेत्र में नए और विस्तार दोनों के लिए निवेश को प्रोत्साहन दिया जा सकेगा। नए निवेश से तात्पर्य किसी कंपनी द्वारा नई सुविधाओं का विकास करने से है। विस्तार के लिए निवेश के तहत कंपनी मौजूदा सुविधाओं का अधिग्रहण करती है या उसे पट्टे पर लेती है। कपूर ने कहा कि सरकार एकीकृत विशाल टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना को अंतिम रूप देने के चरण में है। इन पार्कों को बंदरगाहों के पास स्थापित करने का प्रस्ताव है। कपड़ा सचिव ने कहा कि भारत को टेक्निकल टेक्सटाइल के क्षेत्र में एक प्रमुख उत्पादक के रूप में स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे है। फिलहाल 250 अरब डॉलर के टेक्निकल टेक्सटाइल बाजार में भारत की हिस्सेदारी काफी कम है।

## नालको ने दो संयुक्त सचिवों को निदेशक मंडल में शामिल किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नालको ने बृहस्पतिवार को कहा कि खान मंत्रालय में संयुक्त सचिव सतेन्द्र सिंह और उपेन्द्र सी जोशी को कंपनी के निदेशक मंडल मे नियुक्त किया गया है। बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने कहा कि दोनो संयुक्त सचिव सिंह और जोशी को कंपनी का अंशकालिक आधिकारिक निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पांच अगस्त से प्रभाव मे आ गई है।

# दुनिया के कई देश लेबनान की मदद के लिए आगे आए

**एपी। पेरिस**

**लेबनान की** राजधानी बेरूत में भयानक विस्फोट के बाद जहां बचाव अभियान में जुटे कर्मी शवों की गिनती और मलबों में जिंदा लोगों की तलाश में जुटे हैं, वहीं कई देशों ने संकटग्रस्त देश की मदद के लिए हाथ बढ़या है।

लेबनान पहले से ही आर्थिक संकट से गुजर रहा है और इस संकट में उसकी मुश्किल को और बढ़ा दिया है। इस विस्फोट से कम से कम 135 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों घायल हैं। ऑस्ट्रेलिया से लेकर इंडोनेशिया और यूरोप से लेकर अमेरिका तक सहायता पहुंचाने और तलाश दल को भेजने के लिए तैयार हैं। फ्रांस और लेबनान के बीच विशेष संबंधों को प्रदर्शित करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को लेबनान का दौरा करने वाले हैं। पेरिस ने बुधवार को विशेषजों, बचाव कर्मी और जरूरी आपूर्ति की दो खेप भेजी।

वहीं, यूरोपीय संघ अपने नागरिक बचाव तंत्र का इस्तेमाल करके आपात कर्मियों और उपकरणों को भेज रहा है।

संघ के आयोग ने कहा कि उसकी योजना तत्काल वाहनों के साथ 100 दमकल कर्मियों, खोजी कुत्ते और उपकरण भेजने की है, ताकि शहरी क्षेत्र में फंसे लोगों का पता लगाया जा सके। चेक रिपब्लिक, जर्मनी, ग्रीस, पोलैंड और नीदरलैंड भी सहयोग के लिए आए हैं और कई अन्य देश में भी इस प्रयास में जुट सकते हैं।

साइप्रस भी बचाव कर्मियों का दल और खोजी कुत्ते भेज रहा है। रूस ने मोबाइल अस्पताल स्थापित किए हैं और 50 आपातकर्मी और चिकित्सा कर्मियों को भेजा है। इसके अलावा रूस के तीन और विमान अगले 24 घंटे में लेबनान पहुंचने वाले हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने शुरुआत में 20 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की मदद लेबनान को देने का संकल्प लिया है, ताकि राहत कार्य में सहायता पहुंचाई जा सके।प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि यह सहायता विश्व खाद्य कार्यक्रम और खाद्य, देखभाल और जरूरी सामान के लिए रेड क्रॉस को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका देश अन्य खेप पर विचार कर रहा है।

## बेरूत विस्फोटः लापरवाही के संबंध में हो रही है जांच

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत में हुए भयानक विस्फोट मामले के जांचकर्ता बंदरगाह के मालगोदाम में विस्फोटक पदार्थ रखे जाने में संभावित लापरवाही की जांच कर रहे हैं और सरकार ने बंदरगाह के कई अधिकारियों को नजरबंद करने के आदेश दिए हैं।लेबनान के नेता इस व्यापक क्षति से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस भीषण विस्फोट के कारण अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है और 5,000 से ज्यादा घायल है। लोगों का गुस्सा सत्तारूढ़ उच्चवर्ग के खिलाफ बढ़ गया है। उनका मानना है कि लगातार कुप्रबंधन और लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। बेरूत का बंदरगाह और राजस्व कार्यालय लेबनान की सबसे भ्रष्ट संस्थाओं के रूप में कुख्यात है। जांच इस पर केंद्रित है कि 2,750 टन अमोनियम नाइट्रेट छह वर्षों से कैसे यहां जमा होता रहा और इसके बारे में कुछ क्यों नहीं किया गया। यह एक उच्च विस्फोटक रसायन है जिसका इस्तेमाल उर्वरकों में किया जाता है। बेरूत के गवर्नर मरवान अबौद ने सऊदी के मालिकाना हक वाले टीवी स्टेशन अल-हदात को बताया कि इस विस्फोट से 10 अरब डॉलर से लेकर 14 अरब डॉलर तक का नुकसान हुआ है और करीब 3,00,000 लोग बेघर हो गए हैं।वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि लेबनान में हुआ विस्फोट जानबूझकर किया गया हमला हो सकता है। हालांकि लेबनान के अधिकारी और उसके रक्षा प्रमुख कह चुके हैं कि यह एक हादसा प्रतीत होता है। ट्रंप ने जोर दिया, जो भी हुआ, वह भयानक है, लेकिन वे नहीं जानते हैं कि यह क्या है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि यह एक भयानक हमला है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी जनरल ने उन्हें बताया कि यह एक बम की वजह से हुआ होगा। ट्रंप ने कहा, वे इसे हमले के रूप में देखते हैं।

## लेबनान की राजधानी में धमाके के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत में भीषण धमाके के बाद अब धीरे-धीरे हालत सामान्य हो रहे हैं। सेना के बुल्डोजर सड़क यातायात फिर से शुरु करने के लिए तबाह हो चुके बंदरगाह के मलबे को साफ करने में जुटे हैं। इससे पहले बुधवार को सरकार ने धमाके की जांच कराने का वादा करते हुए बंदरगाह के अधिकारियों को घर में नजरबंद कर दिया। बेरूत में मंगलवार को एक बंदरगाह में अमोनियम नाइट्रेट में आग लगने के बाद हुए धमाके में कम से कम 135 लोगों की मौत हो गई जबकि पांच हजार से अधिक लोग घायल हो गए।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुएल मैक्रों के बृहस्पतिवार को लेबनान पहुंचने की उम्मीद है।पहले ही गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे लेबनान को इस धमाके ने झकझोर कर रख दिया है। अब वह फिर से खड़ा होने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से मदद की उम्मीद कर रहा है।

## विस्फोट के बाद हम आपके साथ हैं यह जताने के लिए बेरूत पहुंचे मैक्रों

**बेरुत।** बेरुत के बंदरगाह पर हुए विस्फोट के बाद फ्रांस उनके साथ खड़ा है यह जताने के लिए राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों यहां आए हैं। फ्रांस और अन्य देशों ने आपात सहायता और खोज एवं बचाव दलों को यहां भेजा है। लेकिन पहले से ही गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे लेबनान को वापस खड़े करने के लिए बड़ी अंतरराष्ट्रीय मदद की जरुरत होगी। विस्फोट में कम से कम 135 लोग मारे गए हैं, हजारों की संख्या में लोग घायल हैं और बेरुत का बंदरगाह बर्बाद हो गया है।गौरतलब है कि सरकार ने बुधवार को बंदरगाह के सभी अधिकारियों को नजरबंद कर दिया और इस भीषण विस्फोट की जांच के आदेश दिए। वहीं बृहस्पतिवार को लेबनान की सेना ने अपने बुलडोजरों की मदद से मलबे को हटाया और बंदरगाह तबाह होने के कारण अवरुद्ध हो गई सड़कों को खोला। विस्फोट मंगलवार को हुआ था। ऐसा लग रहा है कि दुर्घटनावश लगी आग के कारण बंदरगाह पर रखे अमोनियम नाइट्रेट के जखीरे में विस्फोट हो गया और बंदरगाह पूरी तरह तबाह हो गया।



लेबनान की राजधानी बेरूत में मंगलवार को हुए भीषण विस्फोट वाले स्थान पर सेना के जवान गश्त करते हुए

## शराब छुड़ाने वाली दवा से कोविड-19 से लड़ने में मदद मिल सकती है : अध्ययन

**भाषा। मॉस्को**

**शराब की** लत छुड़ाने वाली दवा डाइसलफिराम के उपयोग से सार्स-कोव-2 से निजात पाने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी एक नए अनुसंधान में सामने आई है।रूस में नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एचएसई) के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि संभावित इलाज के लिए कोरोना वायरस के संरचनामत्मक तत्वों को चुना जाना चाहिए जिनमें विकास के दौरान परिवर्तन की संभावना कम हो।उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर एक प्रकार (स्ट्रेन) के खिलाफ जो दवा प्रभावी होगी वह दूसरे के खिलाफ प्रभावी नहीं रह जाएगी।मेंदिलिव कम्युनिकेशंस पत्रिका में छपे अध्ययन के मुताबिक इसके लिए सार्स- कोव-2 वायरस के मुख्य प्रोटीज एम प्रो सबसे प्रभावी प्रोटीन हैं।अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि उत्परिवर्तन के प्रतिरोधी होने के अलावा एम प्रो कोरोना वायरस को रोकने में भी बड़ी भूमिका निभाता है जिसका मतलब है कि इसका अवरोध शरीर के अंदर वायरस को कमजोर करने या इसे पूरी तरह रोकने में सक्षम है। संभावित दवाओं को अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (एडीए) की तरफ से मंजूर दवाओं के डेटाबेस से लिया गया।अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि शराब की लत छुड़ाने वाली दवा डाइसलफिराम सार्स कोव-2 से दो तरीके से लड़ता है।उन्होंने कहा कि पहला यह सह अवरोधक है और दूसरा यह कोविड-19 के लक्षणों को भी रोकता है जैसे यह घटे ग्लूटाथियोन को रोकने में काफी मदद करता है जो एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है।

## क्विक न्यूज

### सैंकड़ों लोगों के साथ धोखाधड़ी की साजिश में शामिल रहने पर भारतीय नागरिक को जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने एक भारतीय नागरिक को 200 लोगों के साथ कम से कम1,50,000 डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल रहने के जुर्म में एक साल से अधिक समय तक जेल की सजा सुनाई है।अदालत के दस्तावेज के अनुसार, 29 वर्षीय अनिकखान यूसुफ खान पठान ने भारत में रहने वाले कुछ लोगों के साथ मिलकर अमेरिका में रहने वाले 200 लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की साजिश रची। पठान अमेरिका में छात्र वीजा पर रह रहा है। पूर्वी वर्जीनिया जिले के अटॉर्नी ने बुधवार को कहा, पठान ने एक ऐसी धोखाधड़ी में भूमिका निभाई, जिससे 200 मेहनती अमेरिकी लोगों के साथ ठगी हुई। साजिश रचने वालो ने उन लोगों को निशाना बनाया था, जिन्होंने हाल ही में बैक ऋण के लिए आवेदन दिया था।

### पोलैंड के अनुदारवादी नेता ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली

**वारसा।** पोलैंड के अनुदारवादी राष्ट्रपति आंद्रजेइ दुदा ने संसद सदस्यों के समक्ष दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस कार्यकम मे ज्यादातर विपक्षी सांसदो और कुछ पूर्व नेताओं ने भाग नही लिया। उनका आरोप है कि दुदा ने अपने कार्यकाल मे संविधान की अवहेलना की। विपक्ष का आरोप है कि राष्ट्रपति ने सत्तारूढ़ दक्षिणपंथी पार्टी की नीतियो को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया है। दुदा ने 12 जुलाई को हुए चुनाव मे उदारवादी नेता और वारसा के महापौर रफाल त्रजास्कोव्स्की को पराजित किया था।

### मॉडर्ना का टीका कोविड-19 से चूहों की रक्षा करने में कामयाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जैव प्रौद्योगिकी कंपनी मॉडर्ना द्वारा विकसित टीका चूहों की सार्स कोव-2 संक्रमण से रक्षा करने में कामयाब रहा। यही विषाणु कोविड-19 की वजह है। पत्रिका नेचर मे बुधवार को प्रकाशित एक अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार एमआरएनए-1273 नाम के टीके ने चूहों में विषाणु को निष्क्रिय करने वाली एंटीबॉडीज उत्पन्न कर दी। चूहों को एक माइक्रोग्राम के दो इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन दिए गए थे।अतिरिक्त प्रयोग करने पर पाया गया कि चूहो को एमआरएनए-1273 का एक एमसीजी या 10 एमसीजी टीका देने पर फेफड़े को संक्रमण से सुरक्षा मिली।अध्ययन में पाया गया कि इस टीके ने चूहों में मजबूत सीडी8 टी-कोशिका प्रतिक्रिया भी पैदा की।

### पाकिस्तान में कोविड-19 के 727 नए मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 727 नए मामले सामने आए जिसके बाद देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 2,81,863 हो गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस से 21 और लोगों की जान चली गई। इसके बाद कोविड-19 से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 6,035 हो गया है। सिंध प्रांत में कोविड-19 के 1,21,373 मामले हैं, जबकि पंजाब प्रांत में 93,847, खैबर-पख्तूनख्वा में 34,359, इस्लामाबाद में 15,144, बलूचिस्तान में 11,793, गिलगित-बाल्तिस्तान में 2,234 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,116 मामले हैं।देश में पिछले 24 घंटे में 15001 नमूनों की जांच की गई है। अबतक कुल 20,58,872 नमूनों की जांच की जा चुकी है। स्थिति में सुधार को देखते हुए शिक्षा मंत्री शफाकत महमूद ने बुधवार को घोषणा की कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो सभी शैक्षणिक संस्थान 15 सितंबर से फिर से खुलेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यदि सब कुछ ठीक रहा तो अधिकारी आने वाले सप्ताह में मैरिज हॉल, पार्कों और रेस्तरां को फिर से खोलने की योजना बना रहे हैं।

### कोविड-19ः जापान के ऐची प्रांत में आपात स्थिति घोषित

**तोक्यो।** जापान के ऐची प्रांत मे कोरोना वायरस महामारी पर नियंत्रण के लिए गवर्नर ने आपात स्थिति की घोषणा की है।गवर्नर हिदेआकी ओहमुरा ने बृहस्पतिवार को कारोबारियो से प्रतिष्ठानो को पूरी तरह से बंद करने या फिर काम सीमित समय तक करने के लिए कहा है और लोगो से अपील की है कि वह रात मे घर मे ही रहे। यह कदम 24 अगस्त तक प्रभावी रहेगा, यह एक ऐसी अवधि है जब लोग अबोन की छुट्टियां मनाते हैं और सामान्य तौर पर स्कूल और कई कंपनियां बंद ही रहती हैं। ऐची में नागोया क्षेत्र भी शामिल है जहां टयोटा मोटर कॉर्प का मुख्यालय है। गवर्नर ने कहा कि ऐची में मध्य जुलाई से एक दिन में 100 या उससे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। इससे पहले यहां लंबी अवधि तक एक भी मामला सामने नही आया था। जापान में संक्रमण के करीब 42,700 मामले है और करीब 1,000 लोगों की मौत हो चुकी है।

## श्रीलंका चुनाव : शुरुआती परिणाम में राजपक्षे की पार्टी भारी जीत की ओर

**भाषा। कोलंबो**

**श्रीलंका के** प्रभावशाली राजपक्षे परिवार द्वारा नियंत्रित श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) बृहस्पतिवार को घोषित किए गए शुरुआती परिणामों के अनुसार संसदीय चुनाव में भारी जीत की ओर अग्रसर है।सिंहली बहुल दक्षिण क्षेत्र से अब तक पांच परिणामों की घोषणा की गई है। इनमें एसएलपीपी को 60 प्रतिशत से अधिक मत मिले हैं। एसएलपीपी की निकटतम प्रतिद्वंद्वी एक नई पार्टी है जिसकी स्थापना सजीथ प्रेमदासा ने की है। प्रेमदासा ने अपनी मूल पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) से अलग होकर नई पार्टी बनाई है। चुनाव परिणामों के अनुसार यूएनपी चौथे स्थान पर है।आधिकारिक परिणामों से पता चलता है कि मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने भी यूएनपी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।तमिल बहुल उत्तर क्षेत्र में, मुख्य तमिल पार्टी को जाफना में एक क्षेत्र में जीत मिली है जबकि राजपक्षे की सहयोगी ईलम पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (ईपीडीपी) ने जाफना जिले के एक अन्य क्षेत्र में तमिल नेशनल एलायंस (टीएनए) को हराया है। मतदान बुधवार को हुआ था। मतों की गिनती सुबह शुरू हुई। मतों की गिनती शुरू होते ही एसएलपीपी के संस्थापक बेसिल राजपक्षे ने कहा कि पार्टी नई सरकार बनाने के लिए तैयार है। विश्लेषकों के अनुसार एसएलपीपी 225 सदस्ईय संसद में आराम से बहुमत हासिल कर लेगी। बेसिल राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के छोटे भाई हैं। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे उनके सबसे बड़े भाई हैं। राष्ट्रपति को उम्मीद है कि एसएलपीपी को दो-तिहाई बहुमत मिलेगा। इससे वह संविधान में संशोधन करते हुए राष्ट्रपति पद की शक्तियों को बहाल कर सकेंगे। 2015 में संविधान में संशोधन करते हुए राष्ट्रपति के अधिकारों में कटौती की गई थी।



दक्षिण कोरिया में भारी बारिश के बाद बस में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते बचाव कर्मी

## अमेरिका के साथ भारत की सामरिक साझेदारी आने वाले दौर में महत्वपूर्ण होगी : संधू

**भाषा। वाशिंगटन**



**अमेरिका में** भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि चूंकि भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने के करीब पहुंच रहा है, ऐसे में अमेरिका के साथ उसकी सामरिक भागीदारी की ताकत आने वाले दौर में महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के करीब पहुंचने पर भारत निरंतर राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में लगा है, व्यक्तिगत आजादी का विस्तार कर रहा है और साथ ही आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ रहा है।संधू ने न्यूजवीक पत्रिका में बुधवार को लिखे संपादकीय में कहा कि अमेरिका के साथ भारत की स्वाभाविक साझेदारी ताकत का स्रोत होगी।उन्होंने कहा, भारत के हमारे लोकतंत्र की 75वें साल की ओर बढ़ने के साथ हम अपने संस्थापकों की प्रतिभा को याद करते हैं जिनमें से कई अमेरिकी संविधान के आदर्शों से प्रेरित थे। संधू ने कहा, वह क्षण अंत नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण की निरंतर प्रक्रिया, व्यक्तिगत आजादी के विस्तार और भारत के आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की शुरुआत था। इस प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भारत की अमेरिका के साथ स्वाभाविक साझेदारी ताकत का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ भारत की सामरिक साझेदारी की ताकत आने वाले दौर में महत्वपूर्ण होगी।उन्होंने कहा, महामारी के दौरान हमने चिकित्सकीय सामान की कमी या एक देश पर निर्भरता के दबाव के तहत अपने उत्पादों की आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर काम किया। भारतीय राजदूत ने कहा कि जिम्मेदार दवा निर्माता होने के नाते भारत ने चिकित्सा आपूर्ति श्रृंखला खुली रखी और यह सुनिश्चित किया कि भारत से आवश्यक दवाएं अमेरिका और अन्य साझेदार देशों तक पहुंचे।उन्होंने कहा कि जब दुनिया टीका विकसित करने की ओर बढ़ रही है तो भारत की अनुसंधान प्रयोगशालाएं और टीका निर्माण केंद्र वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है।संधू ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत-अमेरिका साझेदारी इस संबंध की गहराई का उदाहरण है।

## कोविड-19ः कारगर साबित हुई नई दवा आरएलएफ-100

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में एक अस्पताल के डॉक्टरों ने आरएलएफ-100 नाम की नई दवा का इस्तेमाल किया है, जिससे गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 के वे मरीज तेजी से स्वस्थ हुए जिन्हें सांस लेने में कठिनाई की शिकायत थी। इस दवा को एविप्टाडिल नाम से भी जाना जाता है।एफडीए ने आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए इस दवा को मंजूरी दे दी है।ह्यूस्टन मेथडिस्ट अस्पताल ने इस दवा के इस्तेमाल से वेंटीलेटर वाले मरीजों के तेजी से स्वस्थ होने की जानकारी दी है। न्यूरोएक्स और रिलीफ थेराप्यूटिक्स ने मिलकर इस दवा को विकसित किया है। दवा बनाने वाली कंपनी न्यूरोएक्स के एक बयान के अनुसार स्वतंत्र अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि एविप्टाडिल मानव फेफड़ों की कोशिकाओं और मोनोसाइट्स में सार्स कोरोना वायरस की प्रतिकृति बनने से रोकता है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 की चपेट में आया 54 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार होने के बाद इस दवा के इस्तेमाल से चार दिन के भीतर वेंटीलेटर से हट गया। इसके अलावा 15 से अधिक मरीजों पर भी इलाज के ऐसे ही नतीजे देखे गए।

## कोविड-19 के दौरान चीन और अधिक आक्रामक बन गया, एलएसी पर तैनात की सेना : एस्पर

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि दुनिया ने देखा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान चीन और अधिक आक्रामक बन गया। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों को तैनात किया है और वह जिस तरीके से व्यवहार कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप नहीं है। एस्पर ने कहा कि बीजिंग कोरोना वायरस त्रासदी का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, कोविड-19 संकट के दौरान पिछले सात महीनों में हमने देखा कि चीन और अधिक आक्रामक हो गया है। एस्पर ने कहा कि चीन अपने फायदे के लिए इस त्रासदी का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, चीन ने सच में बढ़-चढ़कर डींगें मारी है और हमने उन्हें दक्षिण चीन सागर में लगातार बलप्रयोग करते हुए देखा है। बीजिंग दक्षिण चीन सागर के करीब 13 लाख वर्ग मील के हिस्से पर अपना दावा जताता है। चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य अड्डे बना रहा है। इस क्षेत्र पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं। एक सवाल के जवाब में एस्पर ने कहा कि चीन ने कुछ महीनों पहले वियतनाम की मछली पकड़ने की एक नौका को डुबो दिया था।उन्होंने कहा, उन्होंने भारत में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को तैनात कर दिया। हमने उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियमों के असंगत व्यवहार करते हुए देखा और हमारे कई सहयोगी एवं साझेदार अच्छी तरह से प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है।रक्षा मंत्री ने हुवावे को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए ऑस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन की तारीफ की।उन्होंने कहा कि चीनी आक्रामकता से निपटने का सबसे अच्छा तरीका उसके खिलाफ बहुपक्षीय प्रयासों को बढ़ावा देना है।उन्होंने कहा कि चीन द्वारा पैदा खतरा क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक है।

### 'चीन की आक्रामकता के बीच भारत और अमेरिका के करीबी संबंध महत्वपूर्ण हैं'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो शीर्ष सांसदों ने कहा है कि भारत के प्रति चीन की आक्रामकता के मद्देनजर अमेरिका और भारत के करीबी संबंध बहुत मायने रखते हैं।अमेरिका और भारत के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को द्विदलीय समर्थन दर्शाते हुए प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एलियॉट एंगल एवं रैंकिंग सदस्य माइकल टी मैककॉल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि दोनों दलों के सदस्य भारत एवं अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के 21वीं सदी पर मजबूत प्रभाव को समझते हैं।उन्होंने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल फरवरी में कहा था कि हमारे संबंध अब केवल साझेदारी नहीं हैं, बल्कि ए पहले से कहीं अधिक मजबूत एवं करीबी हैं। दोनों सांसदों ने कहा, ए मजबूत संबंध ऐसे समय में और अधिक महत्वपूर्ण हैं, जब भारत चीन के साथ लगती सीमा पर उसकी (चीन) आक्रामकता का सामना कर रहा है। चीन का यह व्यवहार हिंद प्रशांत में चीन सरकार के अवैध कदमों और उसकी आक्रामकता का हिस्सा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच गतिरोध की स्थिति के बीच अमेरिकी सांसदों का यह बयान आया है। उन्होंने कहा, द्विपक्षीय संबंधों को हमारे समर्थन के साथ ही, हम इस बात पर चिंता जताते हैं कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद पिछले एक साल में वहां हालात सामान्य नहीं हुए हैं।



# यूएई में शूटिंग हेतु वेब सीरीज़ 'सेवेंथ सेंस' की टीम रवाना

## आर माधवन अपने कलाकारो को लेकर एक नई वेब सीरीज़ 'सेवेंथ सेंस' बनाने हेतु मुंबई से दुबई प्रस्थान कर चुके हैं।

इसमें उनकी टेक्निकल टीम, निर्देशक, सिनेमाटोग्राफर्स, प्रोडक्शन डिजाइनर्स, संगीत निर्देशक तथा गौरांग दोशी प्रोडक्शन्स के तत्वावधान में बन रही 'सेवेंथ सेंस' दुबई में बनेगी।

यूएई में ये निर्माता दो वेब सीरीज़ बनाएंगे। इनमें से ये वाली पहले बनेगी। इसमें आर माधवन जैसे अग्रणी पंक्ति के अभिनेता तथा रोनित रॉय, चंकी पांडे, अमीशा पटेल, प्रतीक बब्बर तथा तनुज वीरवानी आदि विविध भूमिकाएं निभा रहे हैं। ये बहुकलाकारों से भरी एक मर्डर मिस्ट्री होगी और आकर्षक होगी तभी तो दर्शक इसे मत्रमुग्ध रहते हुए देखेंगे। गौरांग ने बतायाख् 'ये सीरीज़ न केवल आपको रहस्य तथा उत्साह से भर देगी अपितु एक नया इतिहास भी रचेगी।

इसके अलावा एक और वेब सीरीज़ 'लाइन ऑफ फायर' भी दो सीज़न में बनने जा रही है। इसमें भी प्रकाश राज, जिमी शेरगिल, मुहम्मद जीशान अयूब, तनुज वीरवानी तथा विजय राज और तनिष्ठा चटर्जी, कबीर सिंह, सना सईद, मनु ऋषि एवं तन्वी आज़मी आदि प्रमुख रहेंगे।

गौरांग ने बताया, 'फिल्म बनना प्रारंभ होते ही हम उत्साह और रहस्य से भर गए हैं। हम यूएई सरकार के भी कृतज्ञ हैं जिनके कारण सबकुछ सामान्य ढंग से निबट गया। इस सरकार ने कोरोना वायरस को सीमित रखने में भी सफलता पाई हैं और इस प्रकार वे विश्व के लिए एक आशा बनकर उभरे हैं वहां हमारी टीम हर प्रकार की सावधानी रखेगी।'

उन्होंने कहा, 'बॉलिवुड की यूएई में पूरी तरह से बनने वाली ये पहली फिल्म होगी। पांच माह के बाद इतने कलाकार एक साथ हैं यही एक कीर्तिमान लगता है। टीम शूटिंग प्रारंभ होने पर बेहद खुश है।

इन दोनों ही वेब सीरीज़ के कलाकार कुल मिलाकर 100 से अधिक हैं। सेवेंथ सेंस की टीम में भी एलीएवराम, आशिम गुलाटी, सना सईद, अहसास चन्ना, दिब्येंदु भट्टाचार्य, सज्जाद दिलफरोज़ तथा मनुज शर्मा आदि शामिल हैं। इसे करण डर्रा निर्देशित कर रहे हैं।

(पहली सीरीज़ की शूटिंग 20 अगस्त से प्रारंभ होगी)

# पॉडकास्ट शो पर पहली बार आए मिशेल और बराक ओबामा



पॉडकास्ट प्लेटफॉर्म पर अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने अपने वार्तालाप में परिवार, मित्र तथा सहयोगियों को उनके साथ संबंधों के दायरे में याद किया। उनके अनुसार आपके मित्रों, परिवार तथा सहयोगियों का आपके जीवन पर गहरा असर होता है। द मिशेल ओबामा पॉडकास्ट में उन्होंने एक अंतरंग वार्तालाप में जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने, अपनी विरासत तथा बेटियों- साशा तथा मालिया, के लिए कैसा विश्व छोड़कर जाना चाहती हैं। इसके अलावा उन्होंने युवाओं तथा राजनीति के आपसी संबंधों तथा ओबामा की चिरस्थायी सकारात्मकता पर खुल कर बात की।

प्रस्तुत हैं इस शो के पहले एपिसोड की झलकियां-

**ओबामा से प्यार कैसे कर बैठीं मिशेल**

**मिशेल ओबामा:** जैसा कि आपको पता है कि आपने राजनीति में जो भी किया लेकिन एक व्यक्ति के बारे तौर पर मैं आपके बारे में जो जानती हूं, ऐसे में आपसे प्यार करने के पीछे क्या कारण हो सकता है...

**बराक ओबामा:** कुछ भी हो लेकिन ये मेरी सूरत तो नहीं हो सकती... लेकिन कोई बात नहीं...

**मिशेल:** आप बहुत प्यारे हैं... लेकिन आपसे प्यार करने का जो कारण था वो ये था कि आप इस सिद्धांत को मानते हैं कि हम एक दूसरे के भाई और बहनों के सेवक हैं। मैं भी ऐसे ही वातावरण में बड़ी हुई हूं।

**एक साथ क्वारंटीन होने पर**

**मिशेल:** क्वारंटीन में अधिकांश अमेरिकी की तरह ही हम भी काफी समय एक दूसरे के साथ बिता रहे हैं।

**बराक:** आप इसे लेकर बहुत खुश नहीं हो सकते, जिस तरह से उसने ये कहा है, आप इसे लेकर अधिक खुश नहीं दिख सकते।

**मिशेल:** ये सही है

**बराक़:** (हंसते हैं)

**मिशेल:** ये कोई राय नहीं थी हम तो ऐसे ही साथ रह ही रहे थे...

**बराक़:** मुझे ये अच्छा भी लग रहा है।

**मिशेल:** हां, मेरा भी अच्छा समय बीत रहा है। लेकिन इस बीच हमनें कई रोचक विषयों पर बात की है क्योंकि ये ऐसा ही विचित्र समय है।

**ओबामा सामुदायिक संगठनकर्ता क्यों बने**

**बराक़:** जब मैं स्कूल गया तब ये पता लगा कि मैं अपनी ही सफलता का अनुसरण करें तो एक प्रकार से मैं एकाकी और उदास हो जाऊंगा।

**मिशेल:** ये सही है।

**बराक़:** यही कारण है कि मैं सामुदायिक संगठन में चला गया। जब मैंने अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में सोचा तो मुझे सिविल राइट्स कर्मियों तथा स्वतंत्रता हेतु लिखने वालों के कार्य दिखाई पड़े। मैंने सोचा कि ये तो कठिन तो है लेकिन एकाकी और अकेलापन तो इसमें नहीं होगा।

**युवाओं में राजनीति के प्रति उदासीनता पर**

**मिशेल:** मेरे लिए चिंता का एक ही कारण है लेकिन मैं जब युवाओं को लेकर कुछ सोचती हूं तो ये कि उनका पालनपोषण, उनके क्या मूल्य हैं और उनके अनुभव कैसे हैं, उनके प्रश्न क्या हैं, आदि के बारे में अवश्य सहमत रहती हूं। अर्थव्यवस्था में जो बदलाव हो रहे हैं वो उन्हें कुछ प्रश्न पूछने को बाध्य करता है, इससे मुझे आशा बंधती है। लेकिन मैं जिस बात से चिंतित हूं वो ये है जो मैं सुनती हूं कि कई लोग जो वोटिंग और राजनीति की सार्थकता पर भी सवाल खड़े करने से नहीं हिचकते।

**बराक़:** आंशिक रूप से तो ये है क्योंकि उन्हें वैसा ही बताया गया है। हर दिन ऐसा संदेश जाता है कि सरकार काम ही नहीं कर रही। एक सरकार ने जो कुछ भी अतीत में किया होता है वे उसे सहजता से हल्के में ले लेते हैं।

**मिशेल:** ये सही है।

**बराक़:** एक प्रकार से तो हम उस निवेश पर ही काम चला रहे हैं जो हमारी महान पीढ़ी ने किया था।

**मिशेल:** मैं सदैव एक जोक कहा करती हूं। और मैंने हमेशा ये कहा है कि राष्ट्रपति बनने में सबसे बड़ी चुनौती ये है कि आपके पास मार्केटिंग हेतु कोई ढांचा नहीं होता।

**बराक़:** जी हां।

**मिशेल:** एक औसत युवा को पता होता है कि दाल और अनाज आदि में वे क्या खाते हैं।

**बराक़:** सही बात है।

**मिशेल:** एक औसत युवा व्यक्ति को अपनी अनाज और दालों तथा कार आदि के बारे में अधिक पता होता है, उन्हें अक्सर ये पता नहीं होता कि सरकार उनके लिए क्या-क्या करती है। क्योंकि सरकार के पास मार्केटिंग का बजट नहीं होता। इस संबध में एक गाना भी है

**बराक़:** (हंसते हुए) उन्हें बस एक ही बार सरकार के कामों के बारे में पता चलता है और वो है...

**मिशेल:** जब वो कोई काम नहीं करती, सही है न ?

**बराक़:** इस बारे मे तो हमें अच्छा सबक मिल गया है

**बेटियों को पालने और आदर्शवादी युवाओं पर**

**मिशेल:** जब बात पिता द्वारा बेटियों को पालने की हो तो मेरे विचार से आज का औसत पिता मानता है कि लड़की जो चाहे कर सकती है। और वे इस प्रकार के संदेश डाइनिंग टेबल पर ही देते हैं।

**बराक़:** सही बात है।

**मिशेल:** पैरेंटिंग का एक और ढंग होता है। लेकिन जो बात हमनें की ही नहीं वो ये थी... कि हमने डाइनिंग टेबुल पर ये निर्णय किये तो अवश्य लेकिन उन्हें बोर्डरूम तक ले ही नहीं गए। हमनें अपना कार्यस्थल बदला ही नहीं। घर के बाहर की कोई भी चीज़ हमनें नहीं बदली।

**बराक़:** हमनें इसका संस्थाकरण नहीं किया।

**मिशेल:** हमने जो मूल्य अपनी इन पीढ़ियों को दिये, उन्हें संस्थागत रूप नहीं दिया। अब तो वे बस बड़े हो रहे हैं। उन्होंने डाइनिंग टेबल भी छोड़ दी और अब वे संसार में काफी आगे बढ़ चुके हैं। आज की दुनिया वैसी नहीं दिखती जैसा कि मेरे घर में बताया गया था। अब ये बात तो सही नहीं है।

**बराक़:** युवा हमेशा से आदर्शवादी रहे हैं। मेरे विचार से तो वे आज उस समय से अधिक आदर्शवादी हैं जब मैं बड़ा हो रहा था। लेकिन इसमें अंतर ये है कि उन्हें लगता है कि वे इसे सरकारी ढांचे तथा राजनीति के दायरे से बाहर जाकर इसे लागू कर सकते हैं। समस्या पता है क्या है? इसमें भी हमे एक अच्छा सबक मिल रहा है कि कुछ न कुछ तो ऐसा होता ही है कि हम अकेले नहीं कर सकते। एक सामान्य बात कहें तो हम केवल अपने से ही आधारभूत ढांचा नहीं बना सकते। हम किसी महामारी से अकेले नहीं निबट सकते।

**(ये पॉडकास्ट स्पोटिफाइ पर देखा जा सकता है)**

### डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रदर्शित की जाएगी

# महेश भट्ट की सड़क 2



**भाषा।** मुंबई

**आलिया** भट्ट और आदित्य रॉय कपूर की अगली फिल्म सड़क 2 28 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रदर्शित होगी। आलिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म के पोस्टर के साथ यह खबर साझा की। आलिया ने लिखा, सड़क 2 28 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर प्रदर्शन के लिए तैयार है। यह फिल्म महेश भट्ट की 1991 में निर्देशित पूजा भट्ट और संजय दत्त अभिनीत फिल्म सड़क की सीक्वल है। इस फिल्म के साथ महेश भट्ट लगभग दो दशक बाद निर्देशक की भूमिका में वापसी कर रहे हैं। वह पहली बार अपनी बेटी आलिया भट्ट के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में पूजा भट्ट और संजय दत्त अपनी भूमिकाओं में ही वापस आ रहे हैं। इस फिल्म में जीशू सेनगुप्ता, मकरंद देशपांडे, गुलशन ग्रोवर, प्रियंका बोस, मोहन कपूर और अक्षय आनंद भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रदर्शन पहले 10 जुलाई को होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इसे डिजिटल मंच पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

# अरेंज शादियों की नई परिभाषा गढ़ रहे जोड़े

## ऐसी शादियों में भी प्रेम पहली प्राथमिकता

**भाषा।** नई दिल्ली

**परिवार** की पसंद से या फिर दूर-दराज के रिश्तेदारों या जोड़ी मिलाने वालों की तरफ से ड्रॉइंग रूम, कॉफी की दुकानों या अन्य जगहों पर मिलकर और बैठकर तय कराई गई शादियों में भी अब लड़के-लड़कियों की पहली प्राथमिकता प्रेम बन गया है। भारत के सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा माने जाने वाली अरेंज शादियों के, नेटफ्लिक्स के नए शो इंडियन मैचमैकिंग के साथ ही आलोचना के दायरे में आने के बाद, ज्यादा से ज्यादा जोड़े चाहते हैं कि शादी के लिए रजामंदी देने से पहले उनके बीच प्रेम हो जाए। समय बदल रहा है लेकिन धीरे-धीरे।

विवाह की अवधारणा के अब भी जाति, धर्म और रंग-रूप पर टिके रहने के बावजूद, परिवार की पसंद से होने वाली शादियों का ज्यादातर लड़कियों के लिए अब इतना भर मतलब नहीं रह गया कि वे होने वाले सास-ससुर और ससुराल पक्ष के लोगों का चाय की ट्रे और मिठाइयां परोसकर स्वागत करें और चुपचाप बैठी रहें जब तक कि वर पक्ष के लोग उनका मुआयना कर रहे हों।



परिवार की पसंद से शादी करने वाली 28 वर्षीय प्रतिभा सिंह कहती हैं, प्रेम होना बहुत जरूरी है वरना रिश्ते का कोई मतलब नहीं है। यह सच है कि जब आप किसी के साथ रहना शुरू करते हैं तो आप उससे बहुत प्रेम करने लगते हैं लेकिन किसी रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले कुछ आकर्षण, केमिस्ट्री और एक-दूसरे को समझने के लिहाज से मेल-मिलाप जरूरी है। सरकार की नियामक संस्था में काम करने वाली सिंह की एक केवल एक शर्त थी कि वह नौकरी नहीं छोड़ेंगी। उनके माता-पिता जाति वाली बात पर अड़े हुए थे लेकिन बाद में उनकी इच्छा के आगे झुक गए।

सिंह ने आदित्य फोगाट जो कि अब उनके पति हैं, उनको हां बोलने तक कम से कम 10 लड़कों से मुलाकात की थी। दोनों ने मुलाकात के 10 महीने के भीतर शादी कर ली थी लेकिन एक-दूसरे से प्यार होने के बाद ही। जहां भारतीय जोड़ी मिलान अब भी अरेंज शादियों से जुड़ी पुरानी परंपराओं का आइना ही है, वहीं जिन लोगों ने इस तरीके से हमसफर ढूंढ़ने को तवज्जो दी, उनका मानना है कि समय के साथ इन परंपराओं और तरीकों में कुछ बदलाव भी आए हैं। कई पुरुषों के लिए, अब पत्नी मेरी मां जैसी होनी चाहिए वाले विचार से बदलकर ऐसे हमसफर की तलाश हो गई है जो सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उनके बराबर हों। परंपरा और आधुनिकता के बीच के अंतर को समझकर अपना रास्ता निकालने वाले लोगों का मनना है कि भावनात्मक और बौद्धिक मिलान, जाति जैसे सामाजिक कारकों से ऊपर है और एक जैसे लक्ष्य या आकांक्षाएं होना रंग-रूप और कद-काठी से ज्यादा जरूरी हैं। वायकॉम 18 द्वारा 2020 में किया गया एक सर्वेक्षण दिखाता है कि 400 भारतीय शहरों के 25 हजार से ज्यादा युवाओं में से 60 प्रतिशत ने कहा है कि उन्हें अरेंज विवाह स्वीकार्य है।

# लोग मुझे तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक मैं कुछ खास नहीं करती : जान्हवी




**भाषा।** नई दिल्ली

**अभिनेत्री** जान्हवी कपूर का कहना है कि वह अपनी नई फिल्म गुंजन शर्मा: द कारगिल गर्ल को लेकर सोशल मीडिया पर अंदरुनी-बाहरी की बहस के बीच खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं।बोनी कपूर और दिवंगत श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी ने कहा कि लोग उन्हें तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक कि वह असाधारण ना हो। उन्होंने कहा, आप या तो इससे दब जाएंगे या फिर इसमें उम्मीद की किरण देखेंगे। मुझे जो समझ आया है कि लोग मुझे तबतक स्वाकार नहीं करेंगे जबतक मैं कुछ खास ना करुं। यह बहुत अच्छा भी है क्योंकि उन्हें उम्मीद से कम से काम चलाना भी नहीं चाहिए। फिल्म गुंजन सक्सेना ... का ट्रेलर को जातीय नफरत की कई टिप्पणियां मिलीं। टिप्पणियां फिल्म पर नहीं बल्कि उन मुद्दों पर थी जिसने हिंदी फिल्म उद्योग में ध्रुवीकरण ला दिया है। यह पूछे जाने पर कि वह इस बहस को कैसे ले रही हैं तो 23 साल की जान्हवी ने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखना जरूरी है। गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला लड़ाकू विमान चालक गुंजन सक्सेना के जीवन पर आधारित है। यह 12 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगा।

**फिल्म गुंजन सक्सेना ... के ट्रेलर को जातीय नफरत की कई टिप्पणियां मिलीं। टिप्पणियां फिल्म पर नहीं बल्कि उन मुद्दों पर थी जिसने हिंदी फिल्म उद्योग में ध्रुवीकरण ला दिया है। यह पूछे जाने पर कि वह इस बहस को कैसे ले रही हैं तो 23 साल की जान्हवी ने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखना जरूरी है।**

# मुगल-ए-आजम फिल्म के पर्दे के पीछे की कहानी बयां करती पुस्तक प्रकाशित

**भाषा।** नई दिल्ली




**बॉलीवुड** की सुप्रसिद्ध फिल्मों में से एक मुगल-ए-आजम की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रकाशित एक नई पुस्तक में फिल्म के निर्माण के समय के दिलचस्प किस्से बयां किए गए हैं। मंजुल पब्लिशिंग हाउस ने कहा कि राजकुमार केसवानी द्वारा लिखित दास्तान-ए-मुगल-ए-आजम नामक इस पुस्तक में फिल्म के निर्माण से जुड़ीं खट्टी-मीठी, हंसाने-रुलाने, प्यार मोहब्बत और तकरार, जोश और जुनून की कहानियां बयां की गई हैं।

के. आसिफ के निर्देशन में बनी यह फिल्म पांच अगस्त 1960 को पर्दे पर आई थी। इसे हिंदी सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में से एक माना जाता है। फिल्म में दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर ने शानदार अभिनय किया था।

# अंग्रेजी साहित्य के प्रख्यात विद्वान अमरेश दत्ता नहीं रहे

**डिब्रूगढ़।** प्रख्यात शिक्षाविद और शेक्सपियर साहित्य के विद्वान अमरेश दत्ता का असम के डिब्रूगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को उम्र संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह 102 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पांच पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि दत्ता ने डिब्रूगढ़ विवि, गुवाहाटी विवि और सागर विवि के अंग्रेजी भाषा विभागों में प्रोफेसर के पद पर शिक्षण कार्य किया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह गुवाहाटी विश्वविद्यालय में 20 वर्ष पढ़ाने के बाद 1980 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके योगदान के लिए उन्हें एमेरिटस प्रोफेसर का सम्मान दिया गया था। दत्त, शेक्सपियर साहित्य के विशेषज्ञ माने जाते थे। मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने दत्त के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि साहित्य में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

# नदियों में एंटीबायोटिक के प्रभाव का होगा अध्ययन

**भाषा।** लंदन



**विनिर्माण** संयंत्रों से निकलने वाले एंटीबायोटिक का भारत की नदियों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने के लिए भारतीय और ब्रिटिश विशेषज्ञ साथ मिलकर काम करेंगे। बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने कहा कि दोनों देशों के वैज्ञानिक, नदियों में गिरने वाले एंटीबायोटिक का संक्रामक रोगों के फैलने पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करेंगे। बर्मिंघम विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद के विशेषज्ञों को अनुसंधान के लिए 12 लाख पाउंड के अतिरिक्त भारत से अनुदान दिया गया है। इस अनुसंधान से यह पता लगाया जाएगा कि भारत की नदियों में मौजूद एंटीबायोटिक का रोगाणुओं पर क्या प्रभाव पड़ता है। परियोजना में शामिल बर्मिंघम विश्वविद्यालय के डॉ. जान केफ्ट ने कहा, हम नहीं जानते कि पर्यावरण में एंटीबायोटिक पदार्थ कितनी जल्दी नष्ट होते हैं और वर्षा के कारण और नदियों में जाकर कितना घुलते हैं। हमारी परियोजना में हम इसका पता लगाएंगे कि कारखानों से निकलने वाले एंटीबायोटिक का नदियों में मौजूद बैक्टीरिया पर क्या प्रभाव पड़ता है। हम इस पर अनुसंधान करेंगे कि एंटीबायोटिक नदियों के साथ कितनी दूर तक बहकर जाते हैं और बाढ़ आने पर उनका विस्तार कहां तक होता है। इससे हम यह जान पाएंगे कि जलाशयों में एंटीबायोटिक की कितनी मात्रा सुरक्षित और कितनी खतरनाक हो सकती है। परियोजना के तहत भारतीय और ब्रिटिश विशेषज्ञ हैदराबाद की मुसी नदी और चेन्नई की अडयार नदी पर अनुसंधान करेंगे।

15 घंटे गुल रही बिजली, मचा हाहाकार

# आतिशबाजी के बाद अंधेरे में डूबी 'सीता की नगरी'


लहरपुर-खराब पड़ा ट्रांसफार्मर पायनियर


पानी भरने जाती महिला पायनियर


पानी भरती महिलाएं पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

## ● पुराने सीतापुर सहित आधे दर्जन मोहल्लों में गर्मी से जूझते दिखे लोग

**राममंदिर** नींव पूजन में हुई आतिशबाजी का शोर थमा भी नहीं था कि जिले में गुल हुई बिजली से हाहाकार मच गया। गुरूवार को पूरा सीतापुर अंधेरे के अगोश में आ गया। जिले में गायब हुई बिजली से लाखों की आवाम हलकान रही। मिश्रिख, हरगांव, शाहजलालपुर के वांशिदे तो बीते 24 घंटो में बिजली रहने के दर्शन नहीं कर सके। वहीं बिसवां, लहरपुर के हालात खराब थे वहीं बारिश के मौसम में बुधवार रात चली तेज हवाओं से सौभाग्य योजना की पोल खुल गई। जनपद के कई हिस्सों में जर्जर लाइन हवा के झोंकों को बर्दाश्त नहीं कर पाई। कहीं लाइन पर पेड़ गिर गए तो कहीं तार आपस में टकराकर टूट गए और बिजल गुल हो गई। पुराने शहर सहित शहर के लालकुर्ती, सुदामापुरी, हेड पोस्ट ऑफिस, आर्यनगर, आंख आंखस्ताल रोड, हरदोई चुंगी, नैपालापुर आदि मोहल्ले अंधेरे में डूब गए। उधर नैमिष, महमूदाबाद, रामपुर मथुरा व बिसवां में भी विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लहरपुर, रामकोट, महोली में भी घंटो तक बिजली न आने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब 15 घंटे बिजली नहीं आई। शहरी क्षेत्र में लोग पानी को तरस गए। इन्वर्टर भी जवाब दे गए। अधीक्षण अभियंता सीपी यादव ने बताया कि आंधी से हुए नुकसान को रिकवर करने के लिए विभागीय कर्मचारियों भोर से ही पूरी शिद्दत से जुटे गए थे, कई जगहों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### शहर व बिसवां में आज भी रूलाएगी बिजली

**शहर के** साथ ही बिसवां में शुक्रवार को भी बिजली रूलाएगी। सुबह 10 से 12 बजे के बीच बिजली गुल रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत परेषण खण्ड देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पावर हाउस के 132 केवीए ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग देखी गई है, शुक्रवार को इस समस्या को दूर किया जाएगा, ऐसे इससे जुड़े क्षेत्रों की बिजली गुल रहेगी।

नहीं थमता दिख रहा कोरोना

## सीतापुर में मिले 27 और पॉजिटिव

संवाददाता। सीतापुर




**कोरोना** की रोकथाम के लिए चल रही कवायद का असर होता नहीं दिख रहा है। समय के साथ कोरोना के आंकड़े उछलते ही जा रहे हैं। गुरूवार को सीतापुर में 27 नए मरीज मिले हैं। इनमें सर्वाधिक सात शहर के और छह महोली के हैं। शहर के मोहल्ला विजय लक्ष्मीनगर, ऑफीर कॉलोनी, पुराने सीतापुर में कर्बला के निकट व अम्बिकामुरम आनन्द नगर में एक-एक मरीज मिला है, जबकि तीन मरीज शहर के अन्य मोहल्लों के हैं। सिधौली के खरवलिया व अल्दातपुर में पांच मरीज निकले हैं। सिधौली के ही बागवानी टोला में एक मरीज मिला है। महमूदाबाद के बदपुआ व बेलदारी टोला में तीन कोरोना संक्रमित मिले हैं। खैराबाद के सुजावलपुरवा, नैमिश के उत्तरी वार्ड व बिसवां में एक-एक केस निकला है। इसके अलावा क्वीनमेरी लखनऊ में भर्ती जिला की एक महिला भी पॉजिटिव मिली है। एक केस जनपद के अन्य हिस्से का है।

### महोली में पॉजिटिव मिलने से बना हॉटस्पाट

**महोली** में फ्टा करोना बम फ्ट गया है। गुरूवार को कस्बे में एक ही परिवार के चार समेत छह नए केस मिलने से हड़कम्प मच गया है। सभी मरीज दो दिन पहले कोरोना पॉजिटिव मिले मिठाई वाले के सम्पर्क में आए थे। एसडीएम शशि भूषण रॉय ने मरीजों से जुड़े को हॉटस्पाट बना दिया है। एसडीएम ने जनमानस से ऐहतियात बरतने का आह्वान किया है और पुलिस बल को कस्बे में सख्ती बरतने के निर्देश भी दिए हैं।

### रेउसा में दिख रही हॉटस्पाट में लापरवाही

**कोरोना** की रोकथाम में प्रशासन लापरवाही से बाज नहीं आ रहा है। रेउसा बनाए गए हॉटस्पॉट खंड विकास कार्यालय में बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। कार्यालय में पूरा दिन बिना रोक टोक आवागमन चल रहा है। बुधवार को हुई 74 लोगों की रैपिड एंटीजन जांच हुई थी, इसमें 28 वर्षीय एडीओ सहकारिता जांच पॉजिटिव मिले थे। इसके बाद बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र ने कार्यालय दो दिन के कन्टेनमेंट कर दिया था। सूत्रों की माने ब्लॉक को सैनेटाइज भी नहीं किया गया है।

## तंबौर ईओ ने चेयरमैन के विरूद्ध लिखा पत्र




### ● चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगाए आरोप, पूर्व लिपिक पर भी कसा शिकंजा

**सीतापुर।** नगर पालिका मिश्रिख के बाद अब नगर पंचायत तम्बौर की अध्यक्षा शहनाज बेगम पर तलवार लटक गई है। अधिषासी अधिकारी उमेश कुमार सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्षा के पति झब्बन बेग पर नगर पंचायत के कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाया है और अध्यक्षा शहनाज बेगम को हटाकर प्रशासक नियुक्त किए जाने की संस्तुति करते हुए प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को पत्र लिखा है। ईओ ने अध्यक्षा व उनके पति के साथ ही पूर्व लिपिक सुबहान अली के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए वसूली किए जाने की भी संस्तुति की है। उधर अध्यक्षा के प्रतिनिधि झब्बन बेग ने बताया कि ईओ जनहित के कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं, ऐसे में न तो कस्बे की सफाई हो पा रही और न ही अन्य कार्य, ईओ उनपर दबाव बनाने के लिए फर्जी शिकायतें किया करते हैं। प्रभारी निकाय अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि इस बावत अभी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# बाढ़ के पानी से गांव में पांव पसारने लगीं बीमारियां

संवाददाता। सीतापुर

**गांजरी** क्षेत्र में बाढ़ का पानी गांवों से उतरने लगा है। इसी के साथ क्षेत्र संक्रामक बीमारियों का दौर षुरू हो गया है। लहरपुर तहसील के ग्राम नकहा के दर्जनों परविार सर्दी, जुकाम, खांसी व बुखार से पीड़ित हो गए हैं, लेकिन सेहत महकमा तन्द्रा में लीन है। ग्रामीण जीतेन्द्र भार्गव ने बताया कि किस शारदा के तेज धार में मार्ग कट गए हैं जिनमें पानी भरा है, ऐसे में ग्रामीण अस्पताल भी नहीं जा पा रहे हैं, राहत के नाम अभी तक सिर्फएक बार खाद्यान्न किट मिली है।


गांव में घुसने लगा बाढ़ का पानी पायनियर

### जलस्तर घटा, कटान शुरू

**घाघरा** नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। नदी खतरे के निषान से 30 सेंटीमीटर नीचे चली गई है। जलस्तर कम होने से नदी का कटान शुरू हो गया है। महमूदाबाद के अंगरौरा व परमगोण्डा में कटना हो रहा है। संतोष, कल्लू, लाल मोहन के करीब 8 बीघे खेत नदी की धारा में समा गए हैं। अखरी से पण्डितपुरवा जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया भी कटने की कगार पर है। इस पुलिया के कट जाने से करीब दर्जन भर गांवों का सम्पर्क टूट जाएगा। नदी अखरी व शुकुलपुरवा में भी कटान कर रही है।

### सैकड़ों बीघा तबाह हुई फसल

**लहरपुर** के बेहटा ब्लॉक के शीहपुर गांव में शारदा की बाढ़ में सैकड़ों एकड़ फसल तबाह हो गई है। खेतों में नाव चलने की नौबत आ गई है। किसानों का कहना है कि पानी अचानक बढ़ा है। प्रशासन ने इसकी सूचना पहले से नहीं दी थी।

### खाली केन लेकर बाढ़ पीड़ितों ने किया प्रदर्शन

**सरकारी** मशीनरी बाढ़ पीड़ितों तक राहत पहुंचाने में पूरी तरह कामयाब नहीं हो रही है। गुरूवार को सेतुही, नकहा, मीतमऊ व परेवा गांव के ग्रामीणों ने मिट्टी का तेल दिए जाने की मांग के समर्थन में हाथों में केन लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण उदय प्रताप भार्गव ने बताया कि चारों गांवों के 96 लोगों को मिट्टी का तेल नहीं मिला है, ऐसे में बाढ़ का सैलाब में फंसे पीड़ितों को बहुत तकलीफें का सामना करना पड़ रहा है।

### झीनबाबू ने किया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण


भ्रमण करते पूर्व विधायक पायनियर

**बाढ़** पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए विधान सभा क्षेत्र सेवता के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह''झीन बाबू'' की मुहिम गुरूवार को भी जारी रही। उन्होंने दिनेश प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, सीताराम यादव, पिंटू सिंह, अमित, मोनू, ताजू, राजू सिंह, भवनलाल पाल आदि कार्यकर्ताओं के साथ रंडाकोडर, राजपुर, बैजवारी व मुजेहना का भ्रमण किया और पीड़ितों को राहत समाग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान पूर्व विधायक ने शासन-प्रशासन पर पीड़ितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री बांटने में भेदभाव किया जा रहा है।

# नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### ● कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की शुरू की कवायद

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-भैठक को सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव पायनियर

**कांग्रेस** पार्टी ने जमीनी स्तर में पार्टी को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। गुरूवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ताओं को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया। षहर अध्यक्ष संतोश भार्गव ने शहर उपाध्यक्ष धीरेश कश्यप, अनुज सिंह चौहान, षाहवेज मुख्तार, रिजवान खान, रूप किसोर, आशुतोष बाजपेई, सुरेष भारती, प्रदीप रावत, इमरान अली आदि को अलग-अलग वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया। पूर्व एमएलसी हरीष बाजपेई, सुरेश गुप्ता, नंद किशोर पहवा, अषोक सिंह मुन्ना, विनीत दीक्षित, फरहत सनी बेग, आषीश मिश्रा, कय्यूम अंसारी, मंजरी राही, शैलेन्द्र सिंह, प्रेमलता षुक्ला, फरहत बेग सनी, मंजरी राही, प्रेमलता षुक्ला, मीना मिश्रा, राजेन्द्र निगम, श्याम राठौर व कल्लन खां को सलाहकार समिति में स्थान दिया गया।

## महाराजा छीतापासी किले पर हुआ जनमिलन कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर


कार्यक्रम में मौजूद पासी समाज के पदाधिकारी

**महाराजा** छीतापासी किले पर पासी समाज का जमावड़ा हुआ। यहां आयोजित जनमिलन कार्यक्रम में समाज की बेहतरी को लेकर मंथन किया गया। इलाहाबाद से आए बहुजन आवाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशक्ति वर्धन ने बताया कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म किया जा सकता है। एमसी भार्गव ने पासी समाज से बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अनिल भार्गव, सुरेन्द्र राजवंशी, निर्मला भार्गव आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ससुराल जाने से मना किया तो शराबी पति ने बांके से किया अधमरा

**सीतापुर।** पत्नी को विदा न करने पर शराबी पति द्वारा उसे बांके से अधमरा किए जाने का मामला रेउसा क्षेत्र से सामने आया है। पत्नी की हालत सामान्य बताई जा रही है। बता दें बुधवार रात रेउसा महादेउवा सुपौली में 25 वर्षीय जूली को उसका पति भरोसे विदा कराने आया था लेकिन ससुरालीजन जूली को विदा करने से मना कर रहे थे, शराब के नशे में भरोसे ने जूली को बांकों से मार-मार कर अधमरा कर दिया था। जूली को सीएचसी से जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया था। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। देर रात पूर्व विधायक सेवता महेंद्र सिंह झीन बाबू भी पीड़िता का हाल जानने पहुंचे थे। सीओ बिसवां पियूष सिंह ने बताया कि पत्नी की स्थित सामान्य है। आरोपी पर केस दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला, मौत

**सीतापुर।** सिधौली के अहमदपुरजट गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से 50 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। गड़िया हसनपुर निवासी 50 वर्षीय हेल्लू रावत गुरुवार सुबह मजदूरी करने जा रहा था। अहमदपुर निकट स्थित मौरंग मंडी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पेड़ की डाल गिरने से महिला ने तोड़ा दम

**सीतापुर।** पेड़ की डाल गिरने से एक महिला की दबकर मौत हो गई। तहसील बिसवां के गांव अहिरनपुरवा निवासी 45 वर्षीय कांती देवी गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे षौंच के लिए खेत गई थी। वापस आते समय आम के सूखे पेड़ की डाल टूटकर कांती के ऊपर गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना प्रधान द्वारा एसडीएम बिसवां सुरेष कुमार को दी है, जिन्होनें शासन द्वारा सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

### बाग में लटकता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**सीतापुर।** शहर कोतवाली इलाके के गांव डीहपुरवा गांव निवासी 19 वर्षीय रोशन का शव आम की बाग में लटकता मिला। मृतक के पिता प्यारेलाल ने उमरी गांव निवासी अशर्फी, रामहेत, जीतू, प्रताप पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। प्यारेलाल के मुताबिक सुबह ही आरोपियों ने उसकी फसल को जबरन काट लिया था। कोतवाल टीपी सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### डेढ़ किलो गांजे के साथ धरा गया

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ एक अभियुक्त को दबोचा है। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दिलशाद पुत्र लियाकत निवासी बीबीपुर मिश्रिख को बीबीपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया जिसके पास पीले झोले में लगभग डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### लकड़कट्टा समझ निर्दोष किसान को पांच घंटे चौकी पर बैठाया, हंगामा

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस के सिपाहियों द्वारा निर्दोश किसान को अवैध पेड़ कटान के मामले में गिरतार करने का अजब-गजब कारनामा सामाने आया है। दरअसल षाहमहोली चौकी क्षेत्र निवासी पिंकू ने पुलिस को सूचना दी थी कि निजामाबाद गांव में अवैध रुप से आम की बाग ठेकेदार मुन्नालाल, सियाराम द्वारा काटी जा रही है। शाहमहोली चौकी के सिपाही मौके पर पहुंचे और बाग में काम कर रहे निर्दोश किसान रामचंद्र को चौकी ले आए वह बार-बार अपनी बेगुनाही को बताता रहा लेकिन इसके बावजूद करीब 5 घंटे रामचंद्र को चौकी पर बिठाए रखा। मामले ने तूल पकड़ा तो शहर कोतवाल टीपी सिंह चौकी पहुंचे और निर्दोश किसान को छोड़कर सिपाहियों को फटकार लगाई। उन्होने बताया असली दोशियों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## कारसेवकों का हुआ सम्मान


लहरपुर-कारसेवक का सम्मान करते पदाधिकारी पायनियर

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर** के समाजसेवियों ने कारसेवकों का सम्मान किया। कस्बे के रामजानकी मंदिर में आयोजित समारोह में उमेश मेहरोत्रा, कमल टंडन,वीरेंद्र पुरी, अशोक कपूर, गोपाल तिवारी, माधव पाठक, माता प्रसाद रस्तोगी, दीपक टंडन, राम प्रकाश गुप्ता, बांके बिहारी रस्तोगी, गोपाल टंडन, बलराम सिंह राजीव मेहरोत्रा, राजुल मेहरोत्रा, ताराचंद्र, प्रमोद कपूर, अजय मिश्रा बृज किशोर शुक्ला, शिव कुमार गुप्ता, महेश जयसवाल, उमेश पुरी व नारायण मेहरोत्रा रामचरितमानस व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन भाजपा नेता भगवान दीन त्रिवेदी ने किया। मंदिर को झालरों से सजया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत उमाशंकर वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दयाल रस्तोगी, रामानंद अवस्थी, धर्मेंद्र पांडे, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उत्तम वर्मा, अमित पाठक, निर्भय पांडे, चिंटू मिश्रा, कन्हैया मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## कृषि के नाम पर राजस्व का चूना लगाने वालों पर कसेगा शिकंजा

### ● जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, ओवरलोडिंग के खिलाफ बनाई गई रणनीति

संवाददाता। सीतापुर

**जनभार** वाहनों में ओवर लोडिंग रोकने एवं कृषि कार्य हेतु पंजीकृत व अपंजीकृत ट्रैक्टर ट्रालियों से व्यवसायिक कार्य को प्रतिबन्धित करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा समस्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को लिखित रूप में निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली व मुख्यमंत्री द्वारा जनभार वाहनों में ओवर लोडिंग के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देष दिये गये है। उक्त क्रम में जिलाधिकारी द्वारा वन संरक्षक/प्रभागीय निदेशक, जिला खनन अधिकारी, अधिशाशी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिषाशी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, जिला माल पर्यवेक्षक, उत्तर रेलवे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ जिला प्रबन्धक, एफसीआई, प्रबन्धक, उ.प्र. राज्य चीनी निगम, प्रबन्धक, उ.प्र. राज्य भण्डारण निगम, प्रबन्धक, उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, महाप्रबन्धक, डालमियां शुगर मिल, रामकोट, महाप्रबन्धक, अवध शुगर मिल, रामगढ़, महाप्रबन्धक, डालमियां शुगर मिल, हरगांव, महाप्रबन्धक, दि किसान सहकारी शुगर मिल, महमूदाबाद, महाप्रबन्धक, दि किसान सहकारी शुगर मिल, बिसवां, महाप्रबन्धक, जी.बी. दारूका पेपर मिल, खगेषियामऊ, सीतापुर को निर्देषित किया गया कि आप द्वारा अपने विभाग के अन्तर्गत संचालित माल वाहनों में किसी भी दशा में स्वीकृत क्षमता से अधिक माल परिवहन हेतु न दिया जाए और न ही ओवर लोड माल उतरवाया जाये तथा गैर पंजीकृत व कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर ट्रालियो से व्यवसायिक कार्य न कराया जाये। जिससे जनहानि के साथ-साथ राजस्व की क्षति रोंकी जा सके। जिलाधिकारी द्वारा टोल प्लाजा खैराबाद में अविलम्ब टोल प्लाजा पर वे-इन-मोषन मशीन स्थापित कर टोल प्लाजा से गुजरने वाली ओवर लोड वाहनों की सूची प्रत्येक सप्ताह एआरटीओ कार्यालय को प्रेशित करना सुनिश्चित करें। जिससे ई चालान के माध्यम से उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। एआरटीओ (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण द्वारा बताया गया कि गत माह 34 ओवर लोड वाहनों तथा 17 ट्रैक्टर ट्रालियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी जिनपर 11 लाख रूपये प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। उन्होने बताया कि जनभार वाहनों में ओवरलोडिंग/कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर ट्रालियो से व्यवसायिक कार्य किये जाने के कारण मार्ग दुर्घटनाओं की सम्भावना बढ़ती है तथा राजकीय मार्गो की क्षति भी होती है एवं उनके रख-रखाव में शासकीय व्यय भी बढ़ जाता है तथा राजस्व की क्षति होती है।

### किसानों को दी गई खेती की जानकारी

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बरपुर की ओर से सिधौली में आयोजित कार्यशाला गुरूवार को बेमौसमी सब्जियों की खेती की जानकारी देने के साथ ही खत्म हो गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र के अध्यक्ष डा. सुरेश सिंह ने वेमौसमी सब्जियों की खेती का महत्व, प्रमुख फसलें एवं उनकी प्रजातियों के बारे में किसानों को बताया। उमेश कुमार सिंह खाद एवं उर्वरक प्रबन्ध और कार्बनिक खादों के निर्माण के बारे में बताया। अनुभव त्रिवेदी ने सब्जियों की खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सिधौली डॉ0 गोपेश कुमार श्रीवास्तव ने बकरी पालन पर जोर दिया। पशु चिकित्साधिकारी अटरिया डॉ. ए. के. वर्मा ने मुर्गी पालन पर विस्तार से बताया।

# हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारीः रोमी



## ● हत्या की सूचना मिलते ही मृतक के घर पहुंचे भाजपा विधायक

संवाददाता। पलियाकलां-खीरी

**पलिया में** युवक की दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर की गई हत्या के मामले में भाजपा विधायक रोमी साहन स्थानीय पुलिस प्रशासन से खासा नाराज नजर आए। हत्या की सूचना के बाद लखनऊ से भाजपा विधायक रोमी साहनी मृतक के घर जा पहुंचे और परिजनों से मुलाकात करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने पुलिस के आला अधिकारियों से फोन कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। विधायक ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि जब तक वह हत्यारों को गिरफ्तार नहीं करा देते वह चैन से नहीं बैठेंगे।

बता दें कि बुधवार को दिनदहाड़े पुलिस से बेखौफबदमाशों ने रेंगन सिंह कंडोला उर्फ गुरू तेग सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी ग्राम पतवारा की पलिया से बाइक से अपने घर जाते हुए बीच रोड पर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश कार में सवार होकर फरार हो गए थे।

हत्या की वारदात की सूचना पुलिस को मिलते ही हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में सीओ कुलदीप कुकरेती कोतवाल भानु प्रताप सिंह सहित पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए घटनास्थल की छानबीन शुरू कर दी थी। बीच रोड पर दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। युवक की हत्या क्यों की गई, किसने की और हत्या के पीछे का क्या राज है? इन बिंदुओं पर पुलिस की जांच चल रही है।

हत्या की सूचना के बाद गुरुवार को भाजपा विधायक रोमी साहनी लखनऊ से सीधे मृतक के घर जा पहुंचे और परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें ढांढस बताया। विधायक रोमी साहनी ने मौके से ही पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर हत्या की वारदात में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

## मनाया गया जन्मदिन



**मैगलगंज-खीरी।** कस्बे में एडवोकेट कमलेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भाजपा के प्रदेश मंत्री अनूप गुप्ता का जन्मदिन केक काटकर और लड्डू बांटकर मनाया गया। कोविड-19 कोरोना से बचाव के लिए लोगों को मास्क बांटकर सोशल डिस्टिंसिंग का पालन करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनुज शुक्ला, विधानसभा आईटी प्रकोष्ठ के संयोजक अनूप सक्सेना, हिंदू युवा वाहिनी के अजय सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामशंकर गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, सतनाम सिंह, आशु गुप्ता, अंकित गुप्ता, शेरा सिंह, नैमिष, दीपक ऋषभ, आकाश व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूमि पूजन पर भक्तों ने मनाया दीपोत्सव



**ओयल-खीरी।** श्री राम की नगरी अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए निर्धारित तिथि व समय पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के कर कमलों द्वारा शिलान्यास (भूमि पूजन) किया गया। देश-विदेशों में निवासरत सनातन धर्मियों व श्रीराम भक्त जिस अति पावन घड़ी की अत्यंत उत्सुकता के साथ बाट जोह रहे थे। उस पवन घड़ी को भारत वर्ष सहित संपूर्ण विश्व में पर्व की तरह से मनाया गया। सभी भक्तों द्वारा रात्रि होते ही मंदिरों, अपने निवास स्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर दीपों की रंगोली सजाई गई और लोगों ने दीपों मोमबत्तियों से भागवान श्रीराम के चित्र व राम का नाम लिखा तथा भगवान श्रीराम के चित्र का तिलक कर फूल मालाएं अर्पित कर मिष्ठान आदि से भोग लगा कर अपने-अपने भक्तिभाव व हर्ष को व्यक्त करते हुए अपने को धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये और सभी को मिठाई खिला कर सभी का मुंह मीठा कराया। इसी क्रम में कस्बा ओयल में भी भगवान श्री राम के भक्तों द्वारा रात्रि होते ही दीप प्रज्जवलित कर जय श्रीराम के जयकोरों से मानों सारे वातावरण को राम मय कर दिया। कस्बा क्षेत्र में देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे कि दीपावली आज ही हो। कस्बे के माहल्ला ठठेरनटोला में लोगों ने दीप व मोमबत्तियों से जय श्री राम लिख कर जय श्री राम के जोरदार जयकारे लगाये व सभी ने एक दूसरे को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण की शिला रखे जाने की पावन बेला की बधाइयां देते हुए सभी को मिठाइयां खिलाई। इस कार्यक्रम के दौरान सानू सिंह, अमित सिंह, विजय सिंह, अभिषेक यादव, अभिषेक मिश्रा, रानू अवस्थी, कुलदीप, विकास सिंह, आदर्श व सार्थक गुप्ता आदि कई भक्तगण मौजूद रहे।

# सदस्यता फार्म भरवाकर भेजें प्रदेश कार्यालयः कुमुद



## ● नवगठित इकाई की हुई पहली बैठक

**लखीमपुर खीरी।** कांग्रेस की नवगठित इकाई की प्रथम बैठक कांग्रेस कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता प्रदेश सचिव कुमार गंगवार एवं गुरमीत सिंह भुल्लर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कुमुद गंगवार ने कहा कि सभी उपाध्यक्ष, महासचिव तथा सचिवों को जिले में कार्यभार बांट दिया गया है। सभी पदाधिकारी अपनी विधानसभा एवं ब्लाकों में कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। गुरमीत सिंह ने कहा कि सभी ब्लाक प्रभारी अपने ब्लाकों की बैठक में कांग्रेस सदस्यता फार्म भरा कर प्रदेश कार्यालय भेजें। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि ऊर्जावान कार्यकर्ताओं में पूरे जिले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है जो कार्यकर्ता कमेटी में जगह नहीं पाए हैं। उन्हें जल्द ही समायोजित किया जाएगा। डा. रवि शंकर त्रिवेदी ने कहा कि जनता को सच और झूठ का अंतर पता चल रहा है। वह अब देश और प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेकेंगी। कांग्रेस 2022 के चुनाव में पूरी तरह से उभर कर आएगी। शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी, इकबाल अहमद खान, रमाकांत गुप्ता, शिव सहाय सिंह, रामकुमार मिश्रा, सहजनदर दीक्षित, संजय गोस्वामी, सूरज सिंह, सुनीता कुमारी, शीला कश्यप, रवि प्रताप सिंह, बलराम गुप्ता, सगीर अहमद, केके मिश्रा, अनस खान, प्रेम वर्मा, रामज्ञान शर्मा, कमलजीत सिंह, जितेंद्र भार्गव, डा. लोचन, रामराज, श्रीकांत गौतम, जिलेदार लोधी, रवि गोस्वामी, इंद्रजीत, रियाज अहमद मोनू, तारीख हुसैन, राजू अग्निहोत्री व मोनू सिंह आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों के लिए इंश्योरेंस स्कीमःडीएम

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' के अंतर्गत इंश्योरेंस स्कीम फार हेल्थ वर्कर्स फाइटिंग कोविड-19 योजना के अंतर्गत सरकारी अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सा कर्मी जो कोविड-19 की रोकथाम एवं चिकित्सा में हैं। उन्हें विशेष बीमा योजना से आच्छादित किया गया है। उन्होंने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अनुसार कोई भी चिकित्सा कर्मी जो कोविड-19 के मरीज के चिकित्सा के क्रम में किसी दुर्घटना का शिकार होता है तो उन्हें 50 लाख की क्षतिपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि विषयांकित योजना के अंतर्गत कोविड-19 के मरीज की चिकित्सा के क्रम में किसी स्वास्थ्य कर्मी की मृत्यु होने पर प्रपत्र-1 में दावा समर्पित किया जाना है और प्रपत्र-2 में कोविड-19 से संबंधित अन्य कार्य संपादन के क्रम में दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में दावा समर्पित किया जाना है। इन्हीं प्रपत्रों में इस योजना की पात्रताओं एवं आच्छादन, वांछित दस्तावेज की सूची तथा दावा प्रमाणीकरण प्राधिकार आदि की विवरणी भी अंकित है। उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र के साथ संलग्न दिशा निर्देश की कंडिका सी के अंतर्गत डेवलपमेंट पार्टनर्स (डब्लूएचओ, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू इत्यादि) के पदाधिकारी सलाहकार एवं क्षेत्रीय कर्मी तथा कोविड-19 के संभावित मरीजों के परिवहन कार्य में संलग्न एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी से आच्छादित होंगे। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस बीमा योजना के संबंध में सभी स्वास्थ्य कर्मियों नियमित संविदा का स्वास्थ्य संगठनों में बाहय स्रोतों से प्राप्त कर्मी डेवलपमेंट पार्टनर्स के कर्मी तक यह सूचना प्रसारित की जाए।

# डीएम ने किया कोविड टेस्टिंग स्थल का निरीक्षण



**लखीमपुर-खीरी।** डीएम ने जिला मुख्यालय पर राजकीय इंटर कालेज के परिसर में होने वाली कोविड टेस्टिंग कैंप का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने मौके पर मौजूद सीएमओ डा. आरसी अग्रवाल को निर्देशित करते हुए कहा कि टेस्टिंग के लिए आने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आने वाले व्यक्तियों के लिए पेयजल की उपलब्धताए बैठने की व्यवस्था के साथ ही उनके लिए छाया की व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रबंध कराने हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टेस्टिंग स्थल की साफ-सफाई हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आरआर अंबेश को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमएस ने बताया कि कोविड टेस्टिंग स्थल पर होने वाली टेस्टिंग के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यहां तीन प्रकार की (आरटी पीसीआर, टुनेट एवं एंटीजन) टेस्टिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल, एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित, एसडीएम सदर डा. अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

## आपत्तिजनक पोस्ट पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** अयोध्या में मंदिर शिलान्यास के बाद रात में दीपोत्सव, बाबरी मस्जिद तथा श्री राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई। इसे देखते ही लोग कोतवाली पहुंच गए और लोगों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। इसका संज्ञान लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी तत्काल कोतवाली पहुंचे। जहां युवा मोर्चा के अध्यक्ष सागर कपूर की तहरीर पर मो. फयाज मंसूरी व समरीन बानो सहित चार नामजद के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस लगातार नामजद लोगों के यहां दबिश दे रही है। आपसी भाईचारे को खत्म करने के उद्देश्य से डाली गई इस पोस्ट की सभी समाज के लोगों ने निंदा की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि इस आपत्तिजनक पोस्ट पर चार नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजदों की तलाश जारी है।

# कृषि विज्ञान केंद्र का शिलान्यास 11 कोः अजय

## ● खीरी सांसद ने दी जानकारी



संवाददाता। निघासन-खीरी

**भाजपा सांसद** अजय मिश्र टेनी ने कहा कि लखीमपुर में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का शिलान्यास 11 अगस्त को किया जाएगा। जिले के 313 गांवों के किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ भी मिलेगा। इस दौरान उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर भी अपना निशाना साधा।

पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित वार्ता के दौरान सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि कहा कि लखीमपुर में कृषि विज्ञान केंद्र का शिलान्यास 11 अगस्त को एक बजे कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिल्ली से और यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही लखनऊ से शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बनने से गन्ना किसानों को गन्नें की उपज बढ़ाने, चीनी की मात्रा बढ़ाने और अच्छे बीज आदि को बोने आदि संबंधी जानकारी दी जाएगा। उन्होंने कहा कि खीरी जिले में शीघ्र ही एग्रीकल्चर कालेज की भी स्थापना की जाएगी। जिले के 313 राजस्व गांवों को किसान संमान निधि का पैसा गलत मैपिंग के कारण नहीं मिल रहा था। कृषि मंत्री से मिलकर उन्होंने समस्या का हल निकलवाया और खीरी डीएम के लिए आदेशित भी किया। मैपिंग आदि की फीडिंग जिले पर होने से राजस्व गांव के लोगों को सम्मान निधि का लाभ मिल सकेगा।

इस दौरान अरविंद सिंह संजय सिंह, केपी राना, नागेंद्र सिंह सेंगर, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, गंगाराम जायसवाल, मोहित त्रिवेदी, अनमोल, हरीशंकर, हरीश पांडे, केके तिवारी, अमन अवस्थी, रतीराम लोधी व वीरेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जर्जर मकान की छत गिरने से पति-पत्नी घायल

**हसवा (फतेहपुर)।** थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर में कल सुबह 5 बजे बारिश होने लगी थी। तभी घर के अंदर रामशंकर पुत्र स्व0 रामधनी गुप्ता उम्र 58 वर्ष पत्नी प्रेमा देवी उम्र 46 वर्ष लेटे थे कि अचानक जर्जर छत गिर गई। पति-पत्नी दोनों मलवे में दब गए। पड़ोसियों ने आनन-फानन दोनों लोगों को मलवे से घायल अवस्था में बाहर निकाला और तुरंत फतेहपुर अस्पताल भेजा। जहां पर इलाज चल रहा है।

### सरकारी योजनाओं से वंचित मनराहन डेरा के ग्रामीण

**हसवा (फतेहपुर)।** विजयीपुर विकास खण्ड के गांव मनराहन डेरा मजरे रायपुर भसरौल के ग्रामीणों का कहना है कि डेरा आने जाने का कोई सड़क या खडंजा तक नहीं है। न ही किसी भी ग्रामीण को कोई शौचालय ही मिले हैं। गांव के अंदर कच्चे रास्ते है। जो बरसात में दलदल में तब्दील हो जाते हैं। आने जाने में दिक्कत होती है। कई बार ग्राम प्रधान छेदीलाल निषाद से कहा गया फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों बीरेंद्र कुमार तिवारी, सोनू तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी का कहना कि जब चुनाव नजदीक आ जाता है तब सभी लोग बहुत से वादे करते हैं, बाद में कोई देखने तक नहीं आता है कि यहां का वोटर जिंदा है या मर गया।

### कांग्रेसियों ने किया गाँव का दौरा

**अमौली (फतेहपुर)।** आज नोनारा गाँव का दौरा जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के नेतृत्व मे कांग्रेस कमेटी ने किया। यहाँ डेंगु बुखार से 6 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गयी। जिससे छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुर्जुग शामिल है। 2015 में इसी गांव में 22 लोगो की मृत्यु हो चुकी थी। आज फिर वही स्थिति हो गयी है। गांव के लगभग 80 लोग बाहर ईलाज करवा रहे है, लगभग 100 से अधिक लोग गांव के बाहर है। कोई सरकार की व्यवस्था नही। लोगो को मौके पर एम्बुलेंस नही मिलती है। इस मौके पर सुधाकर अवस्थी, शिवाकांत तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता, उदित अवस्थी, अशोक दुबे, आशुतोष पांडेय, मो0 अफताब आलम, नवनीत तिवारी, मो0 जीशान, शिवम सिंह, मनोज उत्तम, संदीप तिवारी, जनसेवक, मनीष दिवेदी, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

### जिला पिछड़ा वर्ग ने मांगे सीसीसी/ओ-लेवल पर आवेदन

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों जिनकी शैक्षिक योग्यता इंटर मीडिएट हो तथा जिनके अभिभावको की आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से वार्षिक आय सीमा एक लाख तक होनी चाहिए। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो, अभ्यर्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृति न लेता हो, और न ही किसी शिक्षण संस्था में संस्थागत के रूप में अध्ययनरत हो। ओ-लेवल जिसकी अवधि 01 वर्ष एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण जिसकी अवधि 03 माह की होगी, के लिए पिछडा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों/नियमो के आधार पर इच्छुक पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियां संसोधित 07 से 23 अगस्त तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। संबंधित आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त कर उस पर पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर बनाकर अभिलेखों-जाति, आय प्रमाण पत्र बोर्ड ऑफ रेवेन्यू/ई-डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

### फांसी पर लटकता मिला शव

**जहानाबाद (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र के द्वारका पुर जट में मिलन के बगीचे में संदिग्ध अवस्था में एक सड़ी हुई लाश फांसी पर लटकी हुई मिली है। स्थानीय लोगों के अनुसार उसकी शिनाख्त जहानाबाद वार्ड नंबर 5 के रमी कुशवाहा उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र रघुवर के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आवश्यक औपचारिकता पूरी कर रही की।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली-पानी के लिए हलाकान हुए लोग

**धाता (फतेहपुर)।** कस्बे के सूर्य कुंड पक्का तालाब के पास रखा ट्रांसफार्मर करीब एक हफ्ते पूर्व से जले होने के कारण उपभोक्ताओं का सुख-चैन छिना हुआ है। जिसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों से करने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। वहीं मोहल्ला वासियों ने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर उमस भरी गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और लोगों को इंडिया मार्का हैंड पाइप का सहारा मजबूरन लेना पड़ रहा है। वही मोहल्ले के रोहित जोशी, सौरभ, कमरेंद्र सिंह, भगवती तिवारी, हरिमोहन कोरी, देवेश तिवारी आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर के खराबी पर कई बार बिजली घर के चक्कर लगा चुके है। बिजली घर के चक्कर भी काटते-काटते थक गए लेकिन अभी तक उनकी बिजली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है और लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए भी तरस रहे हैं।

# कुर्मी महासभा ने पीएम को भेजा ज्ञापन, सिफारिश रद करने की मांग

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह पटेल के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 हरिश्चंद्र पटेल के आवाहन पर यह मांग की गई की क्रीमी लेयर की वार्षिक आय सीमा 12 लाख एवं सकल वार्षिक आय सीमा में वेतन और कृषि आय को जोड़े जाने की सिफारिश को निरस्त किये जाने की मांग उठाई गई। इन लोगों ने कहा कि संसदीय समिति ने देश में बढ़ती महंगाई दर को दृष्टिगत रखते हुए संसद में क्रीमी लेयर की वार्षिक आय सीमा को 8 लाख से बढ़ाकर 15 लाख किए जाने की सिफारिश संसद को की गई थी। जिससे असहमति रखते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 8 मार्च 2019 को गैर पिछड़े वर्ग के पंडित बीपी शर्मा की अध्यक्षता वाली समिति का गठन किया गया। पंडित बीपी शर्मा समिति की क्रीमी लेयर की समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर सरकार क्रीमी लेयर की वार्षिक आय सीमा 12 लाख किए जाने तथा सकल वार्षिक आय में वेतन और कृषि आय को जोड़े जाने का विचार कर रही है। यदि क्रीमी लेयर की सीमा को बढ़ाकर सकल वार्षिक आय की गणना में वेतन और कृषि आय को भी जोड़ दिया जाएगा तो वर्तमान में मिल रहे लाभ से बड़ी संख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग बाहर हो जाएगा। जिससे नौकरियों से वंचित हो जाएगा तथा ओबीसी के पद खाली रह जाएंगे। यह सामाजिक रूप से पिछड़े समाज ओबीसी वर्ग के प्राकृतिक एवं संवैधानिक न्याय के विरुद्ध है इसीलिए प्रधानमंत्री इस सिफारिश को निरस्त करें। इस दौरान दिए गए ज्ञापन में छह सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इस कहा गया कि जिस प्रकार से एसटी/एससी एवं सामान्य वर्ग में क्रीमी लेयर की व्यवस्था नहीं है उसी प्रकार पिछड़ा वर्ग से भी क्रीमी लेयर की व्यवस्था समाप्त की जाए।

## युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** युवक को रास्ते में कई लोगों ने घेरकर जमकर मारा पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है, की किन कारणों से मारपीट की गई है और किन लोगों ने मारपीट की है। जानकारी के अनुसार नगर के निकट कटलिहा मार्ग चिल्डेऊन पब्लिक स्कूल के समीप राम सिंह उम्र 19 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार निवासी प्रतापपुर थाना जाफरगंज को कुछ लोगों ने घेरकर जमकर मारा पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। लोगों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है कि युवक के साथ क्यों मारपीट की गई और किन लोगों ने मारा पीटा है क्योंकि पुलिस के पहुंचते ही मारपीट करने वाले मौके से निकल गए। परिजन भी फिलहाल कुछ कहने की स्थिति में नजर नहीं आए।

# घर से ले जाकर बेटे की हत्या और शव गायब करने का आरोप

संवाददाता। फतेहपुर




**शहर के** खुशवक्तराय नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राममिलन सिंह ने आज पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपने गायब पुत्र शुभम की हत्या की आशंका जताते हुए उसके तथाकथित चार मित्रों पर हत्या कर शव को गायब कर देने का आरोप लगाया है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में राममिलन ने कहा है कि विगत दो जुलाई को शुभम को उसके चार साथी अश्वनी कुमार मिश्रा, विनीत, अंशुल वर्मा एवं अजय सिंह राठौर बहाने से लिवा ले गये और फिरौती वसूलने के उद्देश्य से उसका अपहरण कर लिया। जब इसमें सफल नहीं हुए तो उसकी हत्या करके शव को गायब कर दिया और मामला गढ़ दिया गया कि कड़ाधाम गंगा घाट कौशाम्बी में डूबकर मौत हो गई। बकौल शिकायतकर्ता तमाम प्रयासों के बावजूद न तो शुभम की लाश मिली और न ही उसके कपड़े, मोबाइल आदि के बारे में कोई जानकारी हो पाई।गमजदा पिता ने कौशाम्बी जनपद के देवीगंज कोतवाली पुलिस पर दूसरे पक्ष से मिलकर इस प्रकरण का मामला दर्ज करना तो दूर किसी प्रकार की तहकीकात करना तक मुनासिब नहीं समझा। उधर अश्वनी, विनीत, अंशुल व अजय सिंह घटना वाले दिन से फरार बताये जाते है। वहीं उनके परिजन भी इस मामले को लेकर मुँह नहीं खोल रहें हैं। शिकायत के बाद पुलिस कप्तान ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया हैं और कौशाम्बी पुलिस के अपने समकक्षी से दूरभाष पर सम्पर्क भी किया।

## शराब के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी व आबकारी अधिकारी के निर्देशन में चांदपुर थाने के तारनडेरा में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी करके अभियुक्त कैलाश पुत्र स्व0 देवीदयाल के पास से पावर हाउस ब्रांड के नाम की 77 पौआ शराब बरामद की गई। आबकारी टीम में लक्ष्मी शंकर बाजपेई, संतोष तिवारी, विकास भारती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आईएएस बनकर प्रियमबद यादव ने किया जिले का नाम रोशन



**फतेहपुर।** यूपीएससी के हाल में घोषित परिणामों में फतेहपुर शहर के अहमदगंज निवासी प्रियमबद यादव ने 157वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। प्रियमबद मौजूदा समय में आरबीआई लखनऊ में मैनेजर के पद पर सेवारत है। उनके पिता विख्यात यादव पीडब्ल्यूडी में मुख्य अभियंता के पद से कुछ समय पूर्व सेवानिवृत्त हुए है। प्रियमबद की बड़ी बहन भी राजपत्रित अधिकारी है। बेटे के आईएएस बनने की खबर के बाद यादव परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी है। तमाम लोग लगातार बधाई देने पहुँच रहे हैं।

## जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक

# कृषक उत्पादक संगठनों के गठन पर मंथन

संवाददाता। फतेहपुर

**कृषक उत्पादक** संगठनों व एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड के जनपद में क्रियान्वयन हेतु गठित जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश मे दस हजार कृषक उत्पादक संगठनों का गठन होना है, चूंकि फतेहपुर अकांक्षात्मक जनपद है इसलिये यहाँ के प्रत्येक विकड खंड में एक एफपीओ का गठन होना है। जनपद में दलहन, तिलहन, सब्जी व फल के उत्पादन में अग्रणी है परन्तु किसानों को ग्रेडिंग, पैकिंग व प्रसंस्करण की तकनीकी न होने से किसानों को उचित दाम नही मिल पाता है, और किसानों की आय में वृद्धि नही हो पा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में छः विकास खंड (अमौली, खजुहा, बहुआ, असोथर, विजयीपुर, धाता) दलहन, तिलहन हेतु एवं सात विकास खंड (देवमयी, मलवां, भिटौरा, हसवां, तेलियानी, हसवां, हथगाम, ऐरायां) सब्जी एवं फलों का क्लस्टर रखने हेतु सहमति बनायी गयी। जहाँ पर किसान उत्पादक संगठनों का गठन किया जाए।जिला प्रबंधक नाबार्ड पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश के क्रम में कृषक उत्पादक संगठनों का गठन किया जाना है और एफपीओ में कम से कम तीन सौ सदस्य होंगे जो उस संगठन के शेयर धारक सदस्य होंगे। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना भी संचालित है। जिसके तहत पैक हॉउस, भंडार गृह रूरल गोडाउन, शार्टिंग व ग्रेडिंग, रेपिनिंग चेम्बर, जैविक खाद उत्पादन जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए दो करोड़ तक के ऋण में तीन प्रतिशत ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक अनिल कुमार पाठक, जिला उद्यान अधिकारी रामसिंह, एलडीएम वीडी मिश्र, डीएमआई से डॉ0 वीएस यादव, आरके शर्मा, के0वी0के0 से जितेन्द्र सिंह, प्रज्ञा समिति के सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण सप्ताह के अंर्तगत विद्यालय में हुआ वृहद पौधरोपण

**हथगाम (फतेहपुर)।** नगर के श्रीनानक सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कालेज में वृक्षारोपण सप्ताह के अंर्तगत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन साथी हैं। हम सब लोगों को चाहिए कि कम से कम पांच-पांच वृक्ष अवश्य तैयार करे। वृक्षों से मिलने वाली हवा हमारे जीवन को सुखमय बनाती हैं। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण पाल शर्मा ने कहा वृक्ष लगाने से अद्भुत पुण्य की प्राप्ति होती हैं। वृक्ष हमे छाया और फल ही नही बल्कि हमारे जीवन की रक्षा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष ईश्वर के समान हैं। जिन्हे काटना अपने जीवन को काटने समान हैं। हमें इनका संरक्षण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर धीरज सिंह, अजय सिंह, जितेन्द्र अग्नहोत्री, कौशल द्विवेदी, नवल प्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह सहित आदि आचार्य उपस्थित रहे।

## तमंचे के साथ युवक धरा गया

**हसवा (फतेहपुर)।** थरियांव थाना क्षेत्र के विलन्दा निवासी आशुतोष उर्फ बाबू डॉन पुत्र रामलखन को मुखबिर खास की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को रंगे हाथों 315 बोर के तमन्चे व जिन्दा कारतूस के साथ पकड़ लिया और कानूनी कार्रवाई करके जेल भेज दिया।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**हसवा (फतेहपुर)।** थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव निवासी 35 वर्षीय अशरफी लोधी पुत्र स्व0 गजराज लोधी का शव घर के अंदर धन्नी में लटकता मिला। सूत्रों के के मुताबिक मृतक की पत्नी चित्ररेखा देवी का अवैध सम्बंध गांव की ही एक युवक से चल रहा है। मृतक ने पत्नी को रक्षाबंधन में मायके जाने के लिए चार हजार रुपये दिए थे। बीती शाम को मृतक ने पत्नी से हिसाब मांगा तो विवाद शुरू हो गया। विवाद देर रात तक चला। सुबह मृतक का शव घर के अंदर लटकता मिला। मृतक मजदूरी करता था। रोजाना की तरह मृतक के साथी काम पर जाने के लिए बुलाने गए तो पत्नी बाहर सो रही थी, साथियों ने अंदर देखा तो वे स्तब्ध रह गये। मृतक के भाई जयकरन लोधी व बेटे आलोक, ननका का रो-रोकर बुरा हाल रहा है। चर्चा रही कि मृतक के बेटों ने दो नकाबपोश भूतों (लोगों) के घर आने की बात बताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले पर थानाध्यक्ष महामाया प्रताप सिंह ने बताया कि हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी।

# फर्रुखाबाद में अठारह नए कोरोना पॉजिटिव, रेलवे रोड बाजार सील

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**नगर** में निकल रहे कोरोना के मरीजों को देखते हुए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिसके चलते रेलवे रोड़ का बाजार पूरी तरह से बंद करा दिया गया है। कुछ व्यापारियों नें इसका विरोध किया तो पुलिस नें उन्हें खदेड़ दिया।

नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य और प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय नें गुरूवार को रेलवे रोड़ के बाजार में ताले डलवा दिया। उन्होंने सख्त हिदायत दी की यदि बिना अनुमति के दुकानें खुली तो कार्यवाही होगी।

दरअसल गुरुवार को भी 18 कोरोना संक्रमित निकले है। जिसमें भोलेपुर अम्बेडकर कालोनी निवासी 5 वर्षीय किशोर, सीएचसी फतेहगढ़ से 49 वर्षीय स्वास्थ्य कर्मी, माडर्न अस्पताल भोलेपुर में 26 वर्षीय युवक, शहर के मोहल्ला हरभगत निवासी 78 वर्षीय महिला, आवास विकास कालोनी निवासी 20 वर्षीय युवती और 40 वर्षीय महिला पॉजिटिव आये है। एमएच फतेहगढ़ में 26 वर्षीय युवक, न्यायिक कालोनी फतेहगढ़ में चार पुरुष कोरोना पॉजिटिव, जजिज कालोनी में एक 3 वर्षीय बालक और 8 वाषिक बालिका पॉजिटिव निकले है। मोहम्मदाबाद के शिवाजी नगर में एक महिला और एक पुरुष पॉजिटिव निकले है। लाल गेट पर 55 वर्षीय पुरुष, तहसील कायमगंज में 34 वर्षीय पुरुष व सीएचसी कायमगंज में 30 वर्षीय पुरुष पॉजिटिव निकला है।

नगर में सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मोहल्ला घमंडी कूंचा को निषेध क्षेत्र घोषित कर उसे सील करा दिया। वहीं रेलवे एसबीआई से बागकूंचा गली तक पूरा बाजार सील करा दिया। जिससे व्यापारियों नें हंगामा किया। व्यापारियों में चर्चा का बाजार गर्म था कि लोहाई रोड़ पर चेयर मैंन का पुत्र पॉजिटिव आया है उसे सील क्यों नही किया गया। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के मोहल्ले में पॉजिटिव निकला था तो वहां उसे सील नही किया गया था। तो फिर रेलवे रोड को क्यों सील किया।

हंगामा होते देख नगर मजिस्ट्रेट ने मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी जिसके बाद भीड़ इधर-उधर हो गयी। वही इस क्षेत्र के मेडिकल, मन्दिर आदि सभी बंद किये गये है। मठिया देवी मन्दिर भी बंद रहेगा। एसबीआई खुलेगी। नगर मजिस्ट्रेट नें बताया कि रेलवे रोड के बाजार को 15 अगस्त तक बंद किया गया है। मार्ग चालू रहेगा लेकिन बाजार नही खुलेगा। यदि दुकानें खुलती है तो कार्यवाही होगी।

## मक्के के खेत में मिली तीन दिन से लापता दिव्यांग युवक की लाश

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** बीते दिन दिन पूर्व घर से घास लेंने के लिए निकले युवक की लाश मक्के के खेत में मिली। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें जाँच पड़ताल की। परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव परिजनों को सौप दिया। थाना क्षेत्र के भटपुरा निवासी 25 वर्षीय संजय पुत्र रामभरोसे कठेरिया दिमागी रूप से दिव्यांग था। संजय के पिता नें बताया कि बीते तीन दिन पूर्व संजय घास लेनें के लिए घर से निकला था। वापस ना आने पर उसकी तलाश शुरू हुई। गुरुवार दोपहर बाद गाँव के ही रमाकान्त खेत में गये। तो उन्होंने मक्के के खेत में लाश पड़ी देखी। जिस पर मौके पर भीड़ एकत्रित ओ गयी। थानाध्यक्ष अजय नारायण सिंह मौके पर आ गये। उन्होंने पड़ताल की। मृतक के पिटा रामभरोसे नें पुलिस को बताया कि संजय को दौरे आने की शिकायत थी। इसी एक चलते उसकी मौत हुई है। उन्होंने किसी तरह के आपराधिक कृत्य से इंकार किया। पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष अजय नारायण नें बताया कि मृतक दिमागी रूप से दिव्यांग था। उसे दौरे की शिकायत थी। जिससे वह खेत में गिर गया और उसकी मौत हो गयी। परिजनों नें शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## गृहकलह और आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूर ने दी जान

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** घर से मजदूरी करने के लिए निकले युवक नें फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे आर्थिक तंगी प्रमुख कारण बतायी जा रही है। पुलिस नें पड़ताल की। थाना क्षेत्र के ग्राम गदनापुर निवासी 32 वर्षीय पंकज श्रीवास्तव पुत्र रमेश श्रीवास्तव मजदूरी करता था। पंकज के पिता रमेश नें बताया कि गुरुवार को सुबह वह काम पर जाने की कहकर चला गया और ग्राम पसई नगला निवासी मैंनेजर यादव के नलकूप के निकट एक जामुन के पेंड में अपने शर्ट और पेंट से फंद्वा बनाकर मौत को गले लगा लिया।

## उफान लेने लगी है गंगा रामगंगा का स्तर हुआ कम

**फर्रुखाबाद।** गंगा का जल स्तर साबधानी बिंदु पर पंहुच गया है। जबकि रामगंगा का उफान कुछ कम हुआ है। लेकिन गंगा का जल स्तर बढने से गंगापार क्षेत्र के लोगों की धड़कने तेज हो गयी है। दरअसल प्रतिवर्ष बाढ़ के समय गंगापार के ग्रामीणों को नरकीय जीवन जीना पढ़ता है। प्रतिवर्ष उनके बने बनाये आशियाने उजड़ जाते है। और खेती तहस-नहस हो जाती है। बाढ़ कम होंने से बीमारी का खतरा भी बढ़ता है। उसे झेलते हुए ग्रामीण जिन्दगी से संघर्ष कर आगे बढ़ते है। अभी तक सरकार नें बाढ़ से बचाने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाये। इस वर्ष फिर से बाढ़ का मौसम आ गया है। बरसात शुरू हो गयी है और गंगा और रामगंगा अपना विनाशक रूप दिखाने की तैयारी में है। जिससे नीचले क्षेत्र में रहने वाले लोगों की धड़कनें तेज है। बुधवार को गंगा का जलस्तर 136.55 मीटर था। लेकिन गुरुवार को गंगा साबधानी बिंदु पर पंहुच गयीं। गुरुवार को दोपहर गंगा का जलस्तर 136.60 हो गया।

## क्विक न्यूज

### कुदरैल में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का गोल चौराहा नहीं बना तो सपा करेगी आंदोलनः जिलाध्यक्ष

**इटावा।** कलेक्ट्रेट में आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और कुदरैल क्षेत्र के लोग जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। समाजवादी पार्टी के गोपाल यादव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस के लिए जब भूमि अधिग्रहण किया गया था तब कुदरैल के आसपास के क्षेत्र के किसानों से अधिक भूमि अधिग्रहण की गई थी। उस वक्त कहा गया था कि यहां पर गोल चक्कर चौराहा बनेगा, कुदरैल क्षेत्र जो कि 4 जनपद की सीमाओं को जोड़ता है और यहां कट होगा, जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा रहेगी लेकिन यूपीडा के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह यहां ना तो कोई कट रहेगा नहीं कोई गोल चौराहा बनने वाला है। जिससे यहां के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सपा के कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष उनकी समस्या को लेकर जिलाधिकारी से मिले, वहीं जिलाध्यक्ष का कहना है कि यदि बुंदेलखंड एक्सप्रेस का वहां चौराहा और कट नहीं बनाया जाएगा तो उसी एक्सप्रेस वे पर समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी।

### बीच सड़क पेड़ हुआ धराशायी कार सवार लोगों की बची जान

**इटावा।** कस्बा लखना स्थित चकरनगर मार्ग पर ईकरी मोड के सामने एक शीशम के पेड के अचानक धराशायी होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। गुरुवार को अचानक तेज हवाओ के साथ हुई बारिश से नया नहर पुल पार लखना स्थित ईकरी मोड के सामने एक शीशम का पेड अचानक गिर गया। वहीं चकरनगर की ओर से आ रही आधा दर्जन सवारियों से भरी कार में बैठे लोगों की जान बिजली के निकले तारों ने बचा ली। पेड उन तारों पर रख गया। कार का महज सीसा ही फूट पाया। बडा हादसा होने से बच गया। जाकौ राखे साईंया मार सके न कोय इस कहावत को चरितार्थ करते हुए यह बडा हादसा टल गया। इस घटना के बाद लखना चकरनगर मार्ग पर जाम लग गया। पेड को हटवाने के लिए सामाजिक वानिकी लखना के वन क्षेत्राधिकारी विवेकानन्द दुबे व अन्य कर्मचारी भी मौके पर पंहुचकर पेड को हटवाने का कार्य शुरु कराया गया है।

### किशोर पॉजीटिव, 43 ग्रामीणों ने कराई जांच

**इटावा।** भरथना के मोहल्ला गांधी नगर में बीते दिन निकले कोरोना पॉजिटिव व्यापारी का 13 बर्षीय पुत्र की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से मोहल्लेवासी डरे हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित के निर्देश पर कोरोना पॉजिटिव नवयुवक के परिजनों को आवश्यक दिशानिर्देश देकर कोरोना पॉजिटिव नवयुवक को होम आइसोलेट किया गया है। विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पीपरीपुर मौजा असफ्पुरा में भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के निर्देश पर कोविड-19 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. अमित दीक्षित की देख रेख में कोरोना जांच कैम्प लगाया गया। यहाँ असफ्पुरा युवक मंगल दल के सदस्यों ने गांव में जनजागरण कर कोविड-19 के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। जिस पर 43 महिला पुरुष ग्रामीणों ने अपनी कोरोना जांच कराई है।

### दबंगों ने पपीते के फल तोड़ कर फेंक दिए

**नबाबगंज फर्रूखाबाद।** थाना के अन्तर्गत भगवान देवी पत्नी गुलाब सिंह निबासी दौलतपुर ने थाना पुलिस को तहरीर दी और बताया कि हमारे गांव के महाबीर ने हमारे खेत में लगे पपीता के फल तोड कर फेक दिये । जब मै महावीर के घर पर शिकायत करने गई मुझे गाली गलौज कर के भगा दिया और हमारे खेत में जबरदस्ती कूडा डालने लगे जब मैंने मैंने कूड़ा डालने से मना किया तो मुझे धमकाते हुए कैलाश पुत्र मलिखान सिहं ने कहा कि तेरे पूरे परिवार को चाकुओं से काट कर फेक देगें नहीं तो यहां से भाग जाने की धमकी दी।

### दो पक्षों में मारपीट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना के अंतर्गत कैलाश चंद पुत्र हरपाल सिंह निवासी सदिकापुर ने थाना पुलिस को सूचना दी। मेरा पुत्र आज 10: 00 बजे खेतों पर घूमने गया था तभी मेरे गांव के नन्हे लाल पुत्र ऋषि पाल ने उसका मोबाइल छीन लिया। जब से मोबाइल मांगा तो उसने उसे मारा पीटा। जब मेरा बेटा घर आया उसने इसकी जानकारी अपने पिता को दी। जब घर पर उलाहना देने गए तो वह लोगों ने लाठी.डंडों से मारा पीटा। बताया जाता है दबंग किस्म के हैं यह लोग मेरी घरवाली नाली का पानी बंद किए हुए। नाली मैं कूड़ा डाल देते हैं ।

### लेनदेन के विवाद में भाभी ने ननद को पीटा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** बीना देवी पत्नी मुन्ना लाल श्रीवास्तव निवासी उखरा ने थाना पुलिस को तहरीर दी बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व मैंने अपने भाई रवि पुत्र गिरजा शंकर को रु. 3500 में कानों के कुंडल गिरवी रखे थे। आज दिनांक 6 अगस्त 2020 को रुपए वापस दे दिए । इसके बाद जब कुंडल मांगे। इसी बात पर गुस्साई मेरी भाभी ने मुझे लात घुसा लाठी.डंडों से मारा पीटा । प्रार्थिनी ने इसकी लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी है।

### पुलिस ने शांतिभंग में किया चलान

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना पुलिस ने संदीप पुत्र अवधेश ऊंची गधेड़ी उम्र 22, वीर सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी नगला हीरा सिंह उम्र 27, प्रेमपाल पुत्र रामलाल निवासी नगला झब्बू सिंह उम्र 59, निशांत पुत्र मानसिंह बीरपुर उम्र 21, बृजभान सिंह पुत्र बाबूराम मढिया उम्र 50, उत्तम सिंह पुत्र मानसिंह कछपुरा 25, दिनेश कुमार पुत्र राजेश नगला मनी उम्र 20 इन लोगों का शांति भंग में चालान किया गया।

## मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने व्यक्ति को मारी गोली, मौके पर मौत

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भरईपुरा व घुघसीना मार्ग पर अधेड को अज्ञात दो बदमाशों ने गोली मार दी, जिससें व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पर बकेवर थाना पुलिस व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी भरथना सहित तमाम पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा।

थाना बकेवर के घुघसीना व भरईपुरा मार्ग पर दिन दहाड़े एक अधेड़ व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर सबार दो बदमाशों ने गोली मार दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्राम घुघसीना निवासी जगमोहन सिंह भदौरिया उम्र 50 बर्षीय अपनी साइकिल से घुघसीना थाना बकेवर अपने घर की तरफ साइकिल से जा रहा था। तभी घुघसीना व भरईपुरा मार्ग के बीच मोटरसाइकिल पर सबार बदमाशों ने जगमोहन के पहले पेट में गोली मारी, जैसे ही जगमोहन अपनी जान बचाकर भागने लगा तभी अज्ञात बदमाशों ने जगमोहन के सिर पर गोली मार दी जिससें मौके पर ही मौत हो गयी। अपरपुलिस अधीक्षक ने बताया कि तथ्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी घटना की जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि जगमोहन अपनी साइकिल को सही कराने के लिए घर से खाना खाकर दोपहर में घर से निकल गये थे। साइकिल सही कराकर घर की तरफ जगमोहन सिंह भदौरिया घर आ रहे थे। जगमोहन भदौरिया को अज्ञात मोटरसाइकिल पर सबार बदमाशों ने गोली मार दी। अज्ञात बदमाशों ने मृतक के फोन में भी तंमचे से गोली मार कर फोन को तोड़ दिया था। थानाध्यक्ष रमेश सिंह, एसएसआई सुरेश चन्द्र व क्षेत्राधिकारी भरथना चन्द्र पाल सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम व फोरेंसिकटीम घटना स्थल पर पहुंची। थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु इटावा भेजा।

## पावर प्लांट में फिर पांच मजदूर निकले कोराना संक्रमित

**घाटमपुर।** क्षेत्र में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। बीते बुद्यवार की तरह आज भी यमुना तटवर्ती गांव लहुरीमऊ में बन रहे पावर प्लांट में आज भी 5 मजदूर कोरोना वायरस संक्रमित पाये गंये, जबकि क्षेत्र की दूसरी सीएचसी भीतरगांव में आज भी एक ब्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया। चिकित्साधीक्षक डा. अजय मौर्या ने बताया कि आज मेडिकल टीम ने 86 लोगों की जॉंच की। उधर घाटमपुर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाशचंद्रा ने बताया कि आज 113 लोगों की जॉंच हुई जिसमें 5 लोग पॉजिटिव पाये गये ये सभी पावर प्लांट में काम करा रही एक कंम्पनी के मजदूर हैं पावर प्लांट के 3 मजदूर बुद्यवार को भी कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे। सीएचसी पतारा में बुद्यवार की तरह आज भी जॉंच में कोई संक्रमित नही निकला।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी मिली तो होगी एनएसए की कार्रवाईः डीएम



**फर्रुखाबाद।** डीएम मानवेन्द्र सिंह आगामी बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए बेहद गंभीर नजर आ रहे है। जिसके चलते उन्होंने चेतावनी दी है। कोरोना काल में सभी सुरक्षा मानकों का ख्याल रखा जाए और यदि किसी परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिली तो एनएसए की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में डीएम नें कहा कि परीक्षा के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का हो प्रयोग। बिना मास्क के प्रवेश नही दिया जायेगा। सभी केन्द्रों पर कोरोना हेल्प डेस्क बनायी जाए। उन्होंने नगर पालिका के ईओ रविन्द्र कुमार से सभी केन्द्रों को तीन बार सैनिटाइजेशन कराने के निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप को केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिये।

### परीक्षार्थी साथ लाना ना भूलें फोटो युक्त आईडी

जिलाधिकारी नें कहा कि सभी परीक्षार्थी अपने साथ केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा प्रमाणित फोटो युक्त आईडी अवश्य लायें। इसके साथ ही प्रवेश पत्र की दो प्रतियाँ भी लायें । नही तो परीक्षा कराना सम्भव नही होगा। केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था करें। सकारात्मक मंशा से परीक्षा कराएं। यदि परीक्षा के दौरान गड़बड़ी मिली तो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही की जायेगी।

बीएड प्रवेश परीक्षा में इस बार 2100 परीक्षार्थी हिस्सा ले रहे है। जिनको राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद और केन्द्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में दो पाली मेंपरीक्षा करायी जायेगी। एडीएम विवेक श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य, सीओ सिटी मन्त्री लाल गौड़, एसडीएम सदर अनिल कुमार, तहसीलदार सदर राजू कुमार आदि रहे।

## महिला 4 बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ हुई फरार

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र ग्राम मड़ैया फक्कीरे निवासी मनोज कुमार पिछले कुछ दिनों से इटावा के कचौरा मार्ग लुहन्ना चौराहे समीप एक किराए के मकान में पत्नी व 4 बच्चे 9 व 7 वर्षीया पुत्रियां और 5 व 3 वर्ष के पुत्रो संग रहकर फल की रेहड़ी लगाकर गुजर बसर कर रहा था। मनोज का आरोप है कि मडैया फक्कीरे निवासी एक युवक से उसकी पत्नी का अफेयर था, वह अपने 4 बच्चों को घर पर छोड़कर प्रेमी के साथ रात के समय फरार हो गई। 30 वर्षीया फरार महिला अपने साथ 35 हजार की नकदी व सोने चांदी के जेवर भी साथ ले गई। पीड़ित पति मनोज ने पत्नी की संभावित स्थानों पर तलाश व काफी खोजबीन की। उसका कोई अता पता न लगने पर उसने थाने में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अस्पताल पर आरोप, मरीज के पेट में छोड़ा कपड़ा

**इटावा।** इटावा के स्टेशन बजरिया स्तिथ रघुकुल नाम का एक निजी नर्सिंग होम पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगा है। 17 जुलाई को एक गर्भवती महिला डिलीवरी के लिए भर्ती की जाती है घर वालो की मानें तो महिला का बड़ा ऑपरेशन होने के बाद पहला बच्चा होता है। कुछ दिन भर्ती रहने के बाद महिला घर चली जाती है घर जाते ही महिला के पेट मे तकलीफशुरू हो जाती है, जिसके बाद दोबारा महिला को रघुकुल अस्पताल लाया जाता है और सारी बात डॉक्टर को बताई जाती है। तब अस्पताल की ही महिला नर्स ने फोन कर परिजनों को जानकारी दी कि महिला के पेट गलती से मॉब( एक कपड़ा) जो कि ब्लीडिंग को रोकने के प्रयोग किया जाता है वह रह गया था, जिसके बाद परिजनों का कहना है कि इनको जानकारी दिए बिना डॉक्टर्स ने कपड़ा निकालने के लिए दोबारा ऑपरेशन कर डाला लेकिन इतने पर भी कपड़ा नही निकलता है और आनन फानन में महिला का पेट सिल दिया जाता है। घर वालो से कह दिया जाता है कि महिला को हर्निया की शिकायत थी घर वालो को शक होने पर महिला का दूसरी जगज अल्ट्रासाउंड और सी टी स्कैन कराया जाता है। जिसमें स्पष्ट हो जाता है कि महिला के पेट के कोई चीज छूटी हुई है। परिजन तुरंत महिला को दूसरे निजी अस्पताल ले जाते है जहां आज उसका तीसरा ऑपरेशन कर मॉब ( कपड़े ) को निकाला जाता है। तीसरा ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने बताया कि यह बड़ी लापरवाही थी और इससे महिला की जान भी जा सकती थी। जब इस बारे में इटावा के सी एम ओ से बात की तो उन्होंने पूरे मामले में जांच की बात कह बचते नजर आये, क्योंकि इस पूरे घटनाक्रम में लापरवाही में एक सरकारी डॉक्टर के द्वारा पहला ऑपरेशन करने की बात सामने आ रही है जिनकी गलती से एक महिला के दो हफ्ते के अंदर तीन बड़े ऑपरेशन करने पड़ गए। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग और लापरवाही करने वाले अस्पताल के तार मिलते हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि अस्पताल में तैनात एक सरकारी डॉक्टर आखिर कैसे एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन करने जा सकता है, हालांकि यह जिला अस्पताल का डॉक्टर फिलहाल संविदा पर जिला अस्पताल में तैनात है।

### जांच के नाम पर शिकायतें जाती है ठंडे बस्ते में

जनपद में निजी अस्पतालों की लापरवाही की जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग मीडिया और पीड़ितों को गुमराह कर देते हैं। आखिर कौन सा वो जांच का थैला है जिसमें जांच जाने के बाद वापस नही आती है? आखिर स्वास्थ्य विभाग के इस खेल पर आलाधिकारियों की अब तक क्यों नजर नहीं जाती है। इन सभी का जिम्मेदार कौन ?

### बिना मानकों के संचालित निजी अस्पतालों पर कब होगी कार्रवाई?

जनपद में स्थित 'मैक्स हॉस्पिटल, चांदनी हॉस्पिटल, रघुकुल हॉस्पिटल, लाइफकेयर अस्पतालों से मरीजो के साथ खिलवाड़ की शिकायतें कई बार सामने आ चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से सारे मामलों पर पर्दा डालने का काम बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। आखिर पीड़ित अपनी शिकायत किससे करें ?

## चेयरमैन पर सपा समर्थक के खेत में नाला और सड़क खुदवाने का आरोप

**फर्रुखाबाद।** भाजपा चेयरमैंन पर सपा समर्थक ग्रामीण के खेत में जबरन जेसीबी से धान की फसल नष्ट कराकर उसमे सड़क और नाला खुदवाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी है। जिस पर जिला प्रशासन नें रिपोर्ट तलब की है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम दरूदगिरा निवासी मुशीर आलम पुत्र वशीर आलम खान नें जिलाधिकारी को संबोधित शिकायत अपर जिलाधिकारी विवेक श्रीवास्तव से की। जिसमे मुशीर ने आरोप लगाया कि उसका खेत सिकन्दरपुर महमूद में खेत है। जिसमे धान की फसल खड़ी थी। जिसमे बिना किसी सूचना के नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्णा देवी, ईओ, क्षेत्रीय लेखपाल रमाकान्त व नगर पंचायत कर्मी आयुष गुप्ता के साथ ही पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता व सिकंदरपुर महमूद के प्रधान कुंबरजीत सिंह उर्फ जीतू के साथ आ गये। आरोप है कि बल पूर्वक उन्होंने खड़ी फसल पर जेसीबी से नष्ट करा दी। इसके साथ ही उसमे नाला और सड़क निर्माण करा दिया। जबकि नक्शे में कही भी नाला और सड़क नही है। एडीएम ने इस सम्बन्ध में रिपोर्ट मांगी है। पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता नें बताया कि मुशीर सरकारी भूमि पर कब्जा किये थे। जब उसे खाली कराया गया तो उन्होंने फर्जी शिकायत की है। जिस जगह पर सड़क निकली है वहां पहले से ही चकरोड़ दर्ज है। लेखपाल की नाप के बाद सड़क खोदी गयी। आरोपी गलत लगायें गये हैं।

## एशिया प्रसिद्ध मंडी रोड बना स्वीमिंग पूल



**फर्रुखाबाद।** सूबे की सरकार में बैठे मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने सत्ता हासिल करते समय अपने पहले ब्यान में कहा था कि तीन महीनें के अंदर प्रदेश की सड़के गड्ढा मुक्त हो जाएगी। उनके इस वादे का एक छोटा सा नमूना देश की फर्रुखाबाद में बनी एशिया प्रसिद्ध सातनपुर मंडी रोड पर देखने को मिल रहा है। जहां रोड कम गड्ढे ज्यादा है। वर्तमान में मंडी रोड पूरी तरह स्वीमिंग पूल में तब्दील हो गई है। जिले व अन्य जिले के शहर में प्रवेश करने वाले आमजनमानस को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए सूबे की योगी सरकार के नुमाइंदे कई बाद इस सड़क को बनाने के वादे किये जाते रहे हैं। लेकिन बार.बार किये गये वादे आज भी हवा हवाई साबित हो रहे है। सातनपुर मंडी पूरी एशिया में प्रसिद्ध हैएजिसमें अपनी उपज बेचने के लिए किसानों को आने व जाने के दौरान भारी परेशनियों का सामना करना पड़ता है। जबकि फर्रुखाबाद जनपद में प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार में एक सांसद व चार विधायक हैं। जिन्हें रोड तो दिखाई देती है लेकिन रोड पर बने गड्ढे नहीं दिखाई देते है। जिसके लिए विपक्ष भी मौन सादे बैठा है। रोड पर गड्ढे तो ऐसे हैं, जैसे कोई स्वीमिंग पूल हो। लेकिन यह कोई स्वीमिंग पूल या कोई आम रोड नहीं है यह वह रोड हैएजो एशिया में सबसे बड़ी आलू मंडी के रुप में प्रसिद्ध है,जिस पर न सरकार की कोई नजर है और नहीं किसी विपक्षी दल की ओर से कोई निर्णायक आवाज उठाई जाती है।

## पति पर लगाया दूसरा विवाह करने का आरोप

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विवाहिता ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए उसके घर पहुंच कर हंगामा कांटा। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली निवासी रचना वर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 19 वर्ष पूर्व उसका विवाह नगर निवासी युवक के साथ हुआ था। ससुरालीजनों ने शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 22 मई 2008 को अपने पिता के घर पर चली गई। विगत 5 जुलाई को वह अपने बेटे के साथ पति के घर आई। जहां पति ने दरवाजा नहीं खोला। जानकारी हुई की उसके पति ने मधुबाला रस्तोगी पुत्री ओमप्रकाश निवासी संडीला जिला हरदोई के साथ कोर्ट मैरिज कर ली है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## घाटमपुर में सर्व शिक्षा अभियान का हाल-बेहाल, बच्चियां बीन रहीं कबाड़

### लोगों तक सीमित होकर रह गया है बेटी पढ़ाओ का नारा

**घाटमपुर।** एक ओर सरकार सर्व शिक्षा का नारा देकर जहाँ उनके उत्थान के नाम पर कराड़ों रुपया हर माह खर्च कर रही है वही घाटमपुर में सरकार का ये अभियान कागजों तक सीमित होकर रह गया है। नगर पालिका परिषद का दर्जा प्राप्त इस कस्बे में एक राजकीय कन्या इंटर कालेज के अलावा आधा दर्जन से अधिक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक बिद्यालयों के साथ ही खंण्ड शिक्षाधिकारी का कार्यालय कायम है फिर भी बड़ी संख्या में बेटियाँ हाथों में कांपी किताबों की जगह भीख मांगने के साथ ही हांथ में कबाड़ भरने की बोरियाँ लिये नाले नालियों किनारे पड़ा कबाड़ बिनती नजर आ रही हैं लेकिन इनके स्कूल जाने को लेकर न तो कोई अधिकारी सोंच रहा है और न ही कोई सामाजिक संस्था ही आगे आ रही है जो कबाड़ बिनने वाली इन बच्चों को स्कूल की राह दिखा सके।

वैसे तो जुलाई से परिषदीय स्कूलों में नया सत्र शुरु हो चुका है, लेकिन कोरोना वायरस के चलते अभी तक स्कूलों में पढ़ाई का महौल नहीं बना है केवल शिक्षक जरुर नजर आ जायेंगे अगस्त माह का पहला सप्ताह खत्म हो गया है लेकिन नौनिहालों को स्कूल की रह दिखाने का काम शुरु नही हुआ है। न तो लोगों को जागरुक करने को लेकर कहीं रैली निकाली जा रही है और न ही बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर अविभावकों से सम्पर्क हो रहा है। नतीजा ये है कि दर्जनों बच्चे जिनके हाथ में कापी किताबे का बस्ता होना चाहिये वो कबाड़ भरने वाली बोरी लिये नजर आते है, गांवों की बात छोड़िये नगरीय क्षेत्र में ही बड़ी संख्या में बच्चे कबाड बिनने की दिन चर्या बनाये हुए हैं लेकिन इस ओर जुम्मेदारों का घ्यान शायद ही गया हो। इसके अलावा बड़ी संख्या में मासूम स्कूल जाने के बजाय होटलों में जुठे बर्तन उठाने के साथ उन्हे धोते नजर आते हैं, यदपि बालश्रम कानूनन जुर्म है पर बच्चों से काम कराने वाले होटल और ढ़ाबा वालों के खिलाफकार्यवाही न होने से बालश्रम का शोषण करने करने वालों का मनोबल ऊंचा बना हुआ है।



तहसील मुख्यालय के बाहर कबाड़ के साथ बच्चियाँ

### क्या है बाल अधिकार

घाटमपुर-सर्ब शिक्षा अभियान के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है पर वास्तव में इसकी सफलता नजर नही आ रही है। और गांवों की बात छोड़िये नगरीय क्षेत्र में हजारों नौनिहाल स्कूल जाने की जगह कबाड़ बिनने अथवा होटलों बर्तन धोते नजर आ रहे है।

(1) 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को पड़ोस के विद्यालय में नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार

(2) कक्षा 1 से 8 तक कैपिटेशन व फीस एंव अन्य सभी शुलक प्रतिबन्धित

(3) 6 से 14 वर्ष के विद्यालय न गये बच्चों को आयु अनुसार कक्षा में प्रवेश व बिशेष प्रशिक्षण का अधिकार

(4) प्रवेश के लिये जन्म/आयु प्रमाण पत्र की बध्यायता नही

(5) एक विद्यालय से कभी भी दूसरे विद्यालय में स्थानांन्तरण का अधिकार

(6)बच्चे को कक्षा में रोके जाने, विद्यालय से निकाले जाने पर रोक (बोर्ड परीक्षा को छोड़ कर )

(7) कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पका पकाया माध्यान्हन भोजन का अधिकार

(8) स्वच्छ पेयजल व बालक-बालिकाओं के लिये अलग-अलग शौचालय का अधिकार

(9) शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना पर रोक

(10) विद्यालय में जाति, वर्ग, धर्म अथवा लिंग आधारित भेदभाव पर रोक

### कागजों में होता है शिक्षा समिति का गठन व बैठकें

**घाटमपुर।** बाल शिक्षा अधिकार को प्रोत्साहित करने के लिये नगरीय क्षेत्र में मुहल्ले का वार्ड मेंम्बर व गांवों में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में शिक्षा समिति का गठन भी होता है जो विद्यायल की ब्यवस्था और शिक्षा के स्तर में सुधार के बावत सुझाव देकर अमल कराती है, समिति की सचिव विद्यालय का प्रधानाध्यपक होता है जब कि अनुसूचित जाति और पिछड़ा बर्ग के अलावा एक सदस्य समाजिक कार्यकर्ता रहता हैं, शिक्षा समिमि की माह में एक बैठक अनिवार्य है पर बैठक कागजों तक ही सीमित रहती है।

# कोरोना वितरण केंद्र बन गई पैथालॉजी

## ● सीएमओ दफ्तर के सामने ही जांच केंद्र में लगती है भारी भीड़, न किसी के पास मास्क और न कोई रखता है सेनेटाइजर

**हमीरपुर।** जिले में पैसा कमाने में अंधे पैथालाजी केंद्रो में कोरोना वायरस गाइड लाइन की जमकर धज्जियां उड़ायी जा रही है, जांच के नाम पर सुवह से रोगियों की भीड़ एकत्र होना शुरु हो जाती है न कोई मास्क लगाता है न ही किसी केंद्र में सेनेटाइज रखा गया है यह आलम तो सीएमओ दफ्तर के ठीक सामने देखने को मिल जायेगा। शासन के सख्त आदेश है कि हरेक पैथालाजी जांच केंद्रो में जांच करते वक्त सोशल डिस्टेंसिंग का हर हाल में पालन किया जायेगा किसी भी मरीज का विना मास्क जांच नही की जायेगी मगर केंद्रो में किसी गाइड लाइन का पालन नही हो रहा है, यही कारण है कि अभी तक जो भी कोरोना संक्रमित पाया गया है उसमे ज्यादातर लोग ऐसे है जो किसी न किसी रोग से पीडित है और वे पैथालाजी केंद्र में जांच कराने जा चुके है।

मजे की बात तो यह है कि सीएमओ दफ्तर के सामने जांच केंद्रो में मेला जैसी भीड़ रहती है,ज्यादातर उच्चाधिकारी वही से निकलते है मगर किसी ने यह जानकारी करने की हिम्मत नही जुटायी कि कोरोना काल में इतनी भीड़ कैसे लगती है, जब कि पैथालाजी जांच केंद्रों के लिये शासन ने एक सीएमओ की भी नियुक्ति कर दी गयी है जब भी पैथालाजी केंद्रो में छह या साल भर में छापामारी की जाती है तो खानापूरी कर समाप्त कर दी जाती है, लोगों का कहना है कि ये जांच केंद्र नही सही मायने में तो कोरोना वितरण केंद्र बने हुये है, जांच के नाम पर इतना भय दिखाया जाता है कि लोग पैथालाजिस्टों को मनमानी पैसा देते है।

### छह माह पहले हुये डीएम के आदेश को डाला डस्टबिन में

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर हरेक पैथालाजी केंद्र में जांच शुल्क बोर्ड लगाने का आदेश जिलाधिकारी ने सीएमओ को दिया था मगर छह माह व्यतीत हो गये आज तक किसी भी पैथालाजी केंद्र में जांच शुल्क की विवरण नही चस्पा नही किया गया है लिहाजा जांच के नाम पर गरीबों का जमकर शोषण किया जा रहा है। डीएम डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने छह माह पहले आदेश दिया था कि हरेक पैथालाजी केंद्र में सीएमओ से संस्तुति सहित जांच शुल्क सूची चस्पा की जाये ताकि गरीबों से अधिक शुल्क वसूली न की जा सके मगर सूची तो बनायी गयी मगर उसको किसी भी केंद्र में चस्पा नही की गयी ताकि जांच केंद्रों द्वारा ली जा रही भारी शुल्क का पर्दाफाश न हो सके। बताया जाता है कि कई मर्तवा तो गांव से आने वाले गरीब लोग कर्ज लेकर आते है मगर जांच के नाम पर उनसे इतनी धनराशि ली जाती है कि वे लोग अपनी पत्नी गहना यहा की दुकानों में बेचकर शुल्क अदा करते है यह बात सभी उच्चाधिकारियों को जानकारी है मगर आज तक किसी ने ध्यान नही दिया है। और गरीबों का शोषण जारी है।

आश्चर्य इस बात है कि जांच कराने के पहले हरेक मरीज से कोरोना जांच की रिपोर्ट देखी जाती है मगर चार माह व्यतीत हो गये है किसी भी केंद्र में कोई रिपोर्ट नही देखी गयी है जिससे कोरोना संक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में करीब एक दर्जन लाइसेंसी जांच केंद्र है विना लाइसेंस के जांच केंद्र तो करीब तीन दर्जन है मगर इन पर चालिस साल व्यतीत हो गये किसी पर कोई कार्यवाही नही की गयी है। उनसे संबंधित अधिकारी सुविधा शुल्क लेते है। मजे की बात तो यह है कि कोरोना संक्रमण को लेकर सप्ताह में तीन मर्तवा बैठके होती है मगर पैथालाजियों के मनमानी के बारे में कोई चर्चा नही की जाती है।

# दंपति सहित युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## ● एक साथ तीन मौतों से गांव में छाया मातम ●एएसपी सीओ ने मौके पर पहुंच कर लिया जायजा

**एट ( जालौन )।** थाना क्षेत्र के बर्ध गांव में अलग-अलग दंपत्ति सहित एक युवक ने बुधवार रात्रि फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सभी तीनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में एक साथ हुई 3 मौतों की खबर पाकर मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक तथा सीओ ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली।

थाना क्षेत्र के ग्राम बर्ध में दंपत्ति राजू 40 वर्ष तथा रजनी 36 वर्ष के आपसी विवाद में दोनों ने बुधवार देर रात्रि छत के कुंदे से एक ही रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली बताया जा रहा है कि राजू शराब का लती था जिससे आए दिन दोनों में विवाद होता रहता था घटना वाले दिन भी मृतक शराब पीकर घर आया था जिससे दोनों में कहासुनी हो गई फिर दोनों ने ही एक साथ एक ही राशि से गले में फंद्दा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपत्ति के तीन पुत्री तथा 1 पुत्र था जिन का रो रो कर बुरा हाल है वहीं दूसरी तरफअन्य मोहल्ले में पत्नी के न आने पर एक युवक पोषक कुमार पुत्र नारायण अहिरवार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पति पत्नी के विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी 3 माह बाद भी पत्नी के घर ना आने पर युवक ने अपने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। एक साथ 3 मतों से गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अवधेश सिंह तथा सीओ राहुल पांडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से जानकारी ली।

## क्विक न्यूज

### दो पहिया वाहन की पिछली सीट पर बैठने को लेकर कोर्ट ने सुनाया अहम फरमान

**हमीरपुर।** कोरोना संक्रमण के मामले को उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने गंभीरता से लेते हुये कहा है कि दोपहिया बाहनों मे पिछली सीट मे दंपत्ति को छोडकर कोई नही बैठेगा, सार्वजनिक स्थलों में दो गज की दूरी अनिवार्य रुप से सुनिश्चित की जाये, यदि कोई प्रतिष्ठान स्वामी उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाये, डीएम डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना काल में बनाये गये नियमों को लागू करने व उनके उल्लंघन करने के मामले में अदालत ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि किसी अस्पताल, नर्सिगं होम, प्रायवेट क्लीनिक में दो गज की दूरी का पालन नही होता तो संबंधितक्लीनिक के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अदालत ने कहा है कि सामाजिक दूरी के अनुपालन मे यदि कही अवैध कब्जा होने से सामाजिक दूरी के पालन होने में कोई बाधा आती है तो तत्काल अवैध कब्जा हटवाया जाये। कोर्ट ने कहा है कि यदि कोई पुलिस कर्मी दो गज की दूरी का पालन नही करा पाता तो संबंधित कर्मी के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाये। उच्च न्यायाल के आदेश को पालन करने के लिये डीएम ने सभी एसडीएम व नोडल अधिकारियों को सख्त आदेश दिये है। यह नियम आज से लागू होगे। जिले में सोशल डिस्टेंसिंग का कही पर पालन नही हो रहा है यही कारण है कि जिले में इस समय कोरोना मरीजो की संख्या 350 से अधिक हो गयी है। संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।

### दस्तावेज लेखक ने फांसी लगाकर दी जान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के सदर तहसील में आज दोपहर एक कमरे में दस्तावेज लेखक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक हमीरपुर शहर स्थित रमेड़ी मोहाल निवासी दिनेश यादव(40) सदर तहसील में दस्तवावेज लेखक का काम करता था घरेलू कलह से लेखक कई दिनों से डिप्रेशन में था आज दोपहर सदर तहसील के पीछे सूनसान इलाके में एक खंडहर में जाकर छत में लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर पुलिस व एडीएम बीकें श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक एसके सिंह मौके पर जाकर मामले की छानबीन की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### शातिर अपराधी गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के पीरी के डेरा से एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाने के उपनिरीक्षक नंदकिशोर ने बताया कि अरविंद लोधी निवासी पुरैनी को पीरी के डेरा के पास से 1 किलो 400 ग्राम गांजा व एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। अपराधिक घटनाएं कर चुका है। अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहता है। पकड़े गए आरोपी को सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

### गृह कलेश से त्रस्त युवक फांसी पर झूला

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रनवां में गृह क्लेश से परेशान होकर युवक ने घर में रस्सी से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता की आये दिन की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने घर में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई है। बुधवार की रात रवी कुमार साहू 26 वर्ष पुत्र कृपाराम निवासी रनवां ने घर में निर्माणाधीन मकान की दीवार में बने कट में रस्सी बांद कर लटक गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होने चचेरे भाई नीतू पुत्र लल्लू राम घटना की लिखित जानकारी पुलिस को दी है। पति की मौत के बाद पत्नी ज्योति का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हल्का इंचार्ज रामनरेश ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से महिला की मौत

**माधौगढ़ (जालौन)।** कोतवाली माधौगढ़ के ग्राम मिहौनी में नल में लगे टिल्लू से महिला को लगा जोरदार करंट आनन फानन माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया भर्ती उपचार के दौरान डाक्टरों ने किया मृत घोषित पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामला ग्राम मिहौनी कोतवाली माधौगढ़ का है जहाँ रानी पत्नी शिवभान को नल मे लगे टिल्लू से जोरदार करंट लगने से महिला अचेत हो गयी जिसे अचेत अवस्था में परिजनों द्वारा माधौगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया व पुलिस ने महिला का शव अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया।

### गांव में कराया गया दवा का छिड़काव

**राठ।** गल्हिया गांव में फैले वायरल बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग और ग्राम प्रधान ने पूरे गांव में मलेरिया रोधी दवा का छिड़काव कराया। ग्राम प्रधान देवेंद्र राजपूत ने बताया कि गांव के प्रत्येक घर के बाहर दवा का छिड़काव कराया गया है। जिससे की बीमारी फैल न सके। दवा छिड़काव के लिए गांव में चार टीमें लगाईं गईं हैं। घर घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों की सूची बनाकर उन्हें इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। बतादें कि गल्हिया गांव में बुखार की चपेट में आए अब तक करीब 23 लोग झांसी में इलाज करा रहे हैं। बताया कि बुखार आने से उनकी पीएलटी प्लेटस काफी कम हो गईं थी। झांसी में इलाज करा रहे लोगों को डेंगू की संभावना प्रतीत हो रही है।

### मंदिर में सहभागी रहे कारेसवकों को विधायक ने किया सम्मानित

**कोटरा (जालौन)।** गुरुवार को कस्बा कोटरा में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कार सेवकों का सम्मान किया। राम जन्मभूमि का भूमि पूजन होने के बाद उन कार्य सेवकों का आभार प्रकट किया। जिनका भूतकाल में राम मंदिर बनने के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा था। जिन्होंने राम मंदिर के लिए कारागार तक जाना स्वीकार किया था आज विधायक द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया और उनका सम्मान तहे दिल से किया। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा का कहना था कि उन सभी का योगदान और कारागार में जाना श्री राम के लिए इतनी आस्था रखना एवं भगवान श्री राम मंदिर बनने के लिए इंतजार करना अब सफल हुआ। उन्होंने सभी को भूमि पूजन की बधाइयां दी। उनके साथ साथ नगर पंचायत अध्यक्ष आशाराम अग्रवाल, गुरु प्रसाद शर्मा, भाजपा नेता मनीष व्यास, अभिषेक त्रिपाठी, अंकित गुप्ता रोहित रठा, अवनीश व्यास, सिया शरण व्यास आदि मौजूद रहे एवं कार्य सेवकों में राकेश व्यास, सुरेश पटेरिया, देवेंद्र सिंह, ओम प्रकाश अग्रवाल, नरेंद्र ठाकुर, लल्ला खरे आदि कार्य सेवक मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एक युवक ने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव गौरियापुर निवासी 35 वर्षीय अमित पुत्र कृष्ण कुमार अग्निहोत्री ने किसी बात से नाराज होकर कमरे के छत पर लगे हुक में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। युवक की मृत्यु के उपरांत उसकी पत्नी व छोटे-छोटे बच्चों के भरण-पोषण की समस्या गहरा गई।

# हमीरपुर में दारोगा, सिपाही समेत नौ कोरोना पॉजिटिव

**हमीरपुर।** जिले में कोरोना पॉजीटिव के 9 और मामले पाये गए है।जिसमे एक दारोगा व सिपाही शामिल है। जिले में अब तक मिले संक्रमितों की संख्या 394 हो गई है। संक्रमितों को इलाज के लिए सुमेरपुर में बनाए गए एल वन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि आज जिले की सीएचसी पीएचसी में 594 लोगों के सैंपल कोरोना जांच को लिए गए। जिसमें नौ संक्रमित मिले है। जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया है। बताया संक्रमितों में सात मौदहा व दो सुमेरपुर के है। जिनमें एक मौदहा कोतवाली का दारोगा व सुमेरपुर थाने का दीवान भी शामिल है। बताया कि अब तक जिले में 236 लोग स्वस्थ हो चुके है। जबकि नौ लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं मिलने वाले संक्रमितों के परिजनों व संपर्क में आने वालों की जानकारी कर उनके सैंपलों की भी जांच कराई जा रही है। सुमेरपुर थाने का एक दीवान कानपुर निवासी है। बीते दिनों वह छुट्टी पर अपने घर गए थे। जहां पहुंचने के बाद वह बीमार हो गए। कानपुर में हुई जांच के बाद वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी थाने में अन्य किसी पुलिस कर्मी की जांच नहीं कराई गई है। इसके अलावा एक बस स्टाप निवासी युवक भी कोरोना पॉजिटिव मिला है।

# राममंदिर शिलान्यास पर मंदाकिनी गंगा की पूजा



रामघाट में मंदाकिनी की आरती करते भाजपा नेता पंकज अग्रवाल अपने परिवार के साथ।

**चित्रकूट।** हिन्दुओं के आराध्य भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में बुधवार को दीपावली जैसा त्यौहार मनाकर समूचा चित्रकूट राममय हो गया। दीवाली का पर्व भगवान श्रीराम के अयोध्या जाने के उपलक्ष्य मे लोगो ने घी के दीपक जलाकर खुशी मनाई थी। कर्मभूमि अयोध्या मे राममंदिर शिलान्यास की खुशी मे वरिष्ठ समाजसेवी व्यापारी नेता भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी और बेटी के साथ स्वामी मतगजेन्द्रनाथ रामघाट मे सायंकालीन आरती कर शिलान्यास को समर्पित किया है। चित्रकूट की पतित पावनी मंदाकिनी नदी किनारे परिवार सहित आरती दर्शन करने के बाद भगवान श्रीकामदगिरि की परिक्रमा लगाई। उन्होने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम चित्रकूट साढे ग्यारह वर्ष बिताये है। पिछले पांच सौ सालो का लंबा इंतजार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलो से साकार हुआ है। रामजन्म भूमि मे मंदिर बनाने की आधारशिला रखकर पूरे देश के करोडो हिन्दुओ के आस्था के प्रतीक बन गये है यह इतिहास स्वर्ण अक्षरो मे लिखा जायेगा।

# वायरल बुखार की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग का डेरा

संवाददाता। राठ

**गल्हिया गांव** में फैले वायरल बुखार की रोकथाम के लिए चिकित्सकों की टीमों ने पहुंच कर डेरा जमा लिया। गुरूवार को गांव में स्वास्थ्य विभाग की तीन अलग अलग टीमों ने बुखार से जूझ रहे ग्रामीणों की जांच की। गुरूवार को ग्रामीणों में वायरल बुखार फैलने को लेकर दहशत रही। तीन दिनों से गल्हिया गांव में वायरल बुखार फैला हुआ है। बुधवार को गांव के करीब पचास से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में आ गए थे। जिससे गांव में दहशत व्याप्त हो गई थी। कई बुखार से पीड़ित मरीज इलाज के लिए झांसी तक चले गए। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांव में डेरा डाल लिया। गांव के जूनियर विद्यालय में लगाए गए कैंप में कोराना और मरीजों के ओपीडी की जांच कर उन्हें दवाएं दी गई। गांव की पुष्पाए जानवीए जसुवाए दुजियाए रामसहाय, रामरती, शिवकली, मूलचंद्र, रेखा, बंधन, ललती, बबलू, ज्वाला, मनीषा, नीसा, जागेश्वर, सावित्री, राघवेंद्र बुखार से पीड़ित मिले। डा. एमएल कुरैचिया, फार्मासिस्ट महेश प्रताप की टीम ने बुखार से जूझ रहे करीब दो दर्जन से अधिक मरीजों के बुखार की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को दवाएं दी। बुखार की जांच के लिए गांव के अंदर ब्लड जांच कैंप लगाया गया। जहां पर करीब 50 लोगों के मलेरिया, टाइफाइट की जांच की गई। इसी तरह से बुखार से जूझ रहे करीब तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के कोरोना एंजीजन सैंपल लिए गए।

# नौ अगस्त को होगी बीएड प्रवेश परीक्षाः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



बीएड परीक्षा के बारे में निर्देश देते डीएम।

**जिलाधिकारी** शेषमणि पाण्डेय ने नौ अगस्त को बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम को दिये। परीक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय में 362 तथा बालिका इंटर कालेज में 200 छात्र परीक्षा देंगे।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के परीक्षा केंद्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेड़ीपुलिया व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में सभी तैयारी पूरी कर ली जायें। साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, विद्युत, बैठने की व्यवस्था आदि दुरुस्त करा लें। दोनों परीक्षा केंद्रों पर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगा दिये जायें। कोरोना को देखते हुए एहतियात बरतें जायें।

उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि दोनों परीक्षा केन्द्रों पर मास्क के स्टाल भी लगायें जायें। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित न किया जाए। अपर जिलाधिकारी से कहा कि दोनों केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सचल दल टीम गठित कर दी जाए। शासन से दिशा-निर्देश का पालन कराया जाये। अतिरिक्त समन्वयक संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड एसोसिएट प्रो महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ डॉ एस कुरील ने बताया कि नौ अगस्त को बीएड प्रवेश परीक्षा दोनों परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में होगी। पहली पाली प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 तक आयोजित होगी। बैठक में एडीएम जीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पाण्डेय, उप जिलाधिकारी कर्वी रामप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह, प्राचार्य सीएल चौरसिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करें कोतवालः एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों को देखा। कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय को निर्देश दिये कि मालखाना रजिस्टर में मुकदमों से संबंधित माल का जल्द निस्तारण करें। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कोतवाली कर्वी में कोतवाल पंकज पाण्डेय को निर्देश दिये कि हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करें। शस्त्र लाइसेंसों का सत्यापन कर अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के शस्त्रों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही करें। कोरोना वायरस के मद्देनजर मास्क न पहनने वालों के चालान करें। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि वांछितों/वारंटियों की गिरफ्तारी करें। त्योहार रजिस्टर को देखते हुए आगामी त्योहारों के मद्देनजर विवादों का चिन्हीकरण कर निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। इस मौके पर कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय, एसपी पीआरओ वीरेन्द्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# बंदोबस्त अधिकारी रामप्रकाश सिंह को मिला सदर एसडीएम का प्रभार



उपजिलाधिकारी कर्वी।

**चित्रकूट।** आईएएस अश्वनी पांडेय के स्थानांतरण के बाद रिक्त हुई सदर एसडीएम की सीट के चलते सरकारी एवं जनहित के कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रामप्रकाश सिंह को सदर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौपा है। सदर एसडीएम का प्रभार संभालने के बाद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रामप्रकाश सिंह ने विशेष भेंट में बताया कि शासन एवं जिला प्रशासन की मंशानुसार जनता को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराना प्राथमिकता होगी। वहीं जनता की समस्याओं का समय से गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रामप्रकाश सिंह को सदर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर उप्र राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय एवं चकबंदी लेखपाल संघ के महामंत्री मंसूर हसन ने खुशी जताई है।

# बाइक लेकर निकले युवक का शव मिला

**जालौन ( उरई )।** बुधवार को अपरान्ह घर से घायब हुए युवक का शव गुरुवार की सुबह बाबई मार्ग पर खेत में स्थित कुंआ से बरामद हुआ है तथा युवक की मोटर साइकिल, चप्पल खेत में मिली है। भाई ने हत्या का अंदेशा जताया है। कोतवाली क्षेत्र नारोभास्कर निवासी धर्मेंद्र राजपूत 25 वर्ष पुत्र महेश कुमार बुधवार को अपरान्ह कराब 3 बजे घर से मोटर साइकिल लेकर निकल गया था। घर के लोग सांय तक इंतजार करते रहे जब देर सांय वह घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई किन्तु रात में उसका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह बाबई मार्ग पर स्थित जगरानी ओछे लाल बालिका महाविद्यालय के पीछे स्थिति कुंआ के पास खेत में खड़ी अज्ञात मोटरसाइकिल खेत पर गये लोगों को दिखी जिसके बाद आस पास तलाश शुरू हुई तो बबाई मार्ग पर स्थित कुंआ में युवक का शव दिखा तथा उसकी पहचानने का प्रयास शुरू हुई। परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर युवक की पहचान की तथा मौके से उसकी शर्ट, मोटरसाइकिल, चप्पल बरामद हो गई है। पुलिस की मौजूदगी में शव को मोहल्ले के लोगों ने कुंआ से निकाला तथा पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई रंजीत ने भाई की हत्या का अंदेशा व्यक्त किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## बूथों का सत्यापन हर हाल में करेंः चंद्र प्रकाश खरे

**चित्रकूट।** भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई बूथ समिति के सत्यापन की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ समितियों के सत्यापन का जो कार्य चल रहा है। बरगढ़ मंडल अध्यक्ष ने मंडल के 65 बूथों में से 63 बूथों का सत्यापन कर जिला कार्यालय में जमा कर दिया है। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष व बूथ सत्यापन में लगे कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि शेष मंडलों में सत्यापन का काम जारी है।

## कन्नौज में कोरोना बना एक हजारी

**कन्नौज।** जिले में कोरोना ने एक हजार का आंकड़ा गुरूवार को छू लिया। स्वास्थ्य विभाग ने 31 नए मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि कन्नौज में अभी तक 1002 व्यक्ति संक्रमित पाए जा चुके हैं। सीएमओ डॉ कृष्ण स्वरूप ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को जिले में 31 व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। गुरूवार को थाना छिबरामऊ में 01, सराफान छिबरामऊ में 01, सहसारपुर छिबरामऊ में 01, आवास विकास छिबरामऊ में 01, ब्लॉक छिबरामऊ में 01, छपट्टी छिबरामऊ में 01, बरियापुरवा तालग्राम में 01, नगरिया तालपुर में 01, पुलिस लाइन कन्नौज में 02, शिवाजी नगर में 01, मुजाइद नगर गुरसहायगंज में 02, रामकृष्ण नगर 01, भदौसी ठठिया में 01, काजी पुरा में 01, हाजी शरीफ में 01, अम्बेडकर नगर में 01, इंदरगढ़ में 05, कचाटीपुर में 02, राजपुर में 01, हसेरन में 01, गडेकपुरवा में 01, खड़गपुर में 01, हाजीपुर में 01, गढ़ैया ऊसर में 01 संक्रमित मिला है। अभी तक कुल 761 मरीज उपचार के उपरांत स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 234 मरीजों का उपचार चल रहा है। सात मरीजों की मौत हो चुकी है।

# एसपी ने तालग्राम थाने में कक्ष का किया शुभारंभ



सुन्दरीकृत कार्यालय का उदघाटन करते एसपी व अन्य।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक ने थाना तालग्राम के सुंदरीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी फरियादियों की समस्याओं का समय से निस्तारण करें। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद ने थाना तालग्राम में पहुंच कर थाना के सुन्दरीकृत कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कहा की मित्र पुलिस की कार्य प्रणाली के तहत कार्य कर पीड़ितों को त्वरित न्याय प्रदान करने का कार्य करें। अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि पुलिस जनता में सामंजस्य बना कर अपराध पर नियंत्रण करें। सीओ सदर श्रीकांत प्रजापति ने कहा कि जनता अपने आसपास हो रहे गैर कानूनी कार्यों की सूचना पुलिस को देकर आदर्श नागरिक होने का फर्ज अदा करें। इससे पूर्व उन्होंने चौकीदारों को साफा, टार्च व सीटी का वितरण किया। थाना प्रभारी सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कोरोना काल में न रूके विकास कार्यों की रफ्तार

## ● डीएम ने की समीक्षा, अफसरों को दिए सख्त निर्देश

**कन्नौज।** कोरोना संक्रमण के दौरान जिले में विकास कार्यों की रफ्तार कम न होने पाए इसके लिए जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं। डीएम ने अधिकारियों से विकास कार्यों में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। उन्होंनें दवाईयों की उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण एंव अधूरे निर्माण कार्यों, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नई सड़कों, सेतुओं का निर्माण, सड़कों की गढढामुक्त की स्थिति आदि विकास से संबंधित कराये जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा करते हुये कड़े निर्देश दिये कि सभी संचालित योजनाओं का आकस्मिक निरीक्षण एवं अनुश्रवण कर संबंधित अधिकारी रिपोर्ट शीघ्र प्रेषित करें, जिससे विकास कार्यों में व्यापक सुधार लाया जा सके। डीएम ने छात्रवृत्ति एंव वृद्धा/विधवा पेंशन आदि के संबंध में निर्देशित करते हुये कहा कि सत्यापन की कार्यवाही स्पष्ट एंवनियमानुसार की जाये। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 19 आवास अधूरे पाए जाने की स्थिति में संबंधित लाभार्थियों को नोटिस दिए जाने एवं जिन लाभार्थियों को अभी तक द्वितीय व तृतीय किस्त न दी गयी हो उनको तत्काल जांच कर किस्त उनके खातों में दी जाए एवं लाभार्थियों की प्रगति रिपोर्ट की फीडिंग रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत की जाये तथा शेष आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराई जाए।

डीएम ने पाइप पेयजल योजना ग्रामीण के अन्तर्गत निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कर खराब हैण्डपम्पों को तत्काल सही कराया जाये तथा हैण्डपम्प के आसपास चबूतरा एंव पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं सभी विकास खंडों में रैंडम आधार पर रिबोर किये गए सरकारी हैण्डपम्पों को पुन: जांच कर सत्यापन रिपोर्ट दिए जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए एवं ग्रामीण जनता द्वारा समरसेबिल का लगाना पूर्णतय: प्रतिबन्धित किये जाने के निर्देश देने के साथ ही पेयजल परियोजनाएं शत प्रतिशत पूर्ण क्षमता से संचालित की जाएं। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण करने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि काल से शुरू होने वाले राशन वितरण कार्यक्रम में सभी कोटेदारों को निर्देश दिए जाएं कि किसी भी दशा में नामित अधिकारियों की अनुपस्थिति में राशन वितरण नही किया जाएगा एवं संबंधित कोटेदार भी तत्काल रिपोर्ट दें एवं स्वयं भी प्रतिदिन वितरण की रिपोर्ट प्रेषित की जाए। प्रभारी सीडीओ, जिला विकास अधिकारी, सीएमओ, प्रभागीय वानिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अगस्त 2020



# रात्रि चेकिंग पर निकल पड़े एसपी

● पीआरवी समेत अन्य पुलिस कर्मियों की परखी सक्रियता

● मातहतों को दी हिदायत

संवाददाता। सुलतानपुर


रात्रि चेकिंग करते एसपी शिवहरि मीणा पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक ने रात्रि भ्रमण कर पुलिस पीआरवी व अन्य पुलिस कर्मियों की गश्त व सक्रियता का जायजा लिया। चेकिंग के दौरान कई खामियां मिली। एसपी ने मातहतों को सख्त हिदायत दी।

बुधवार की रात पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा नगर क्षेत्र में चेकिंग करने निकल पड़े। इस दौरान एसपी ने टूविलर पीआरवी व शाहगंज चौराहे पर पीआरवी 2847 को चेक किया गया तो पीआरवी में कोविड–19 जागरुकता सें सम्बंधित साउड नही बज रहा था, जिस पर पीआरवी के कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गयी। इसके बाद थाना कोतवाली नगर के सेकन्ड मोबाईल को चेंक कर आवश्य दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात अमहट चौराहे पर पीआरवी 2826 को चेक किया गया। पायागीपुर चौराहे पर ईगल मोबाईल को चेंक किया गया तो ईगल मोबाईल के पास टार्च नही होने पर पुसि कर्मियों को हिदायत दी। इस दौरान बाईपास पर संदिग्ध वाहनो एवं व्यक्तियों को चेंक किया गया। उसके बाद टाटियानगर चौराहा में पीआरवी 2835 को चेंक कर नगर क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की सक्रियता को परखा। जहां एसपी ने चेकिंग के दौरान खामियां मिलने पर मातहतों को हिदायत दी तो वहीं सक्रिय मिले पुलिस कर्मियों की सराहना भी की।

## फरीदीपुर-एल वन कोविड केयर सेंटर से भागा कोरोना मरीज

**सुलतानपुर।** गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के फरीदीपुर–एल वन कोविड केयर सेंटर से एक कोरोना पॉजिटिव कैदी फरार हो गया। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग से लेकर पुलिस खेमे में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी कैदी नहीं मिला। पुलिस की कई टीमें आरोपित की तलाश में लगी हुई हैं। 20 अगस्त को पुलिस ने पड़ोसी जनपद अमेठी के गौरीगंज निवासी एक युवक को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। उसके पास से चोरी का सामान व असलहा भी बरामद किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को अस्थाई जेल में रखा गया था। नियम के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उसका सैंपल लिया गया था। वीरबल साहनी इंस्टीट्यूट लैब लखनऊ से प्राप्त रिपोर्ट में उसे पॉजिटिव पाया गया। जिसके बाद दो अगस्त को उसे इलाज के लिए फरीदीपुर स्थित एल–वन अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। बुधवार तड़के करीब तीन बजे वह मौका पाकर फरार हो गया।

# नए सीडीओ के फरमान से सफाईकर्मी हलकान

संवाददाता। सुलतानपुर

● साफ-सफाई और सेनेटाइजेशन के साथ अपलोड करनी होगी फोटो

**नवागत** सीडीओ अतुल वत्स ने जिले में फैली मुफ्तखोरी की महामारी को दूर करने के लिए बड़ा फरमान सुनाया है। पूर्व बसपा सरकार में तैनात किए गए सफाई कर्मचारियों को ग्राम सभा स्थल पर साफसफाई के लिए सरकार द्वारा पद सृजित कर नियुक्तियां की गई थी। सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले सैकड़ों लोगों ने फार्म भरकर नौकरियां प्राप्त कर ली थी लेकिन सफाई जैसा कार्य करने में उन्हें शर्म महसूस होती रही। सफाई कर्मियों ने अपने ग्राम सभाओं के प्रधानों को हम वारकर सेटिंग गेटिंग करते हुए ब्लॉक को व जिला मुख्यालयों पर किसी न किसी विभाग में अपने आपको अटैच कर लिया। ग्रामीणों की शिकायतों पर भी यह अपने आपको आप इसमें अटैच बाबू बताते हुए कभी सफाई कार्य करने अपने क्षेत्र में नहीं गए। बीते 10 सालों में जहां इनकी तनख्वाह पच्चीस हजार के लगभग हो गई है वही आज भी इन्हें सफाई कार्य किसी भी हालत में पसंद नहीं सूत्रों की माने तो विकास भवन महकमे में ही दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी सूट बूट पहने दिखाई दे जाएंगे जिन्हें देखकर आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते कि आप कभी अपनी नौकरी के दौरान अपने ग्राम क्षेत्र में जाकर सफाई का कार्य किए होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छता को आंदोलन बनाते हुए खुद अपने हाथ से सफाई कर देश की जनता के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया था ऐसे में सफाई जैसे कार्य को घटिया समझने वाले सफाई कर्मियों की बड़ी फेहरिस्त है लेकिन तनखा उठाने के मामले में यह अव्वल है। दर्जनों सफाई कर्मी ऐसे हैं जो नौकरी के साथ-साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का भी बड़ा काम कर रहे हैं। नवागत मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने महकमे की इस गंभीर महामारी को समझा और दूर करने के प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने पत्र जारी कर सभी सफाई कर्मियों को अपने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई करते हुए फोटो अपलोड करने का फरमान सुनाया है । सूत्र बताते है आज के युग में लगभग 90 प्रतिशत सफाई कर्मियों के पास एंड्रॉयड फोन मौजूद हैं जिसको वह बखूबी चलाते हैं ऐसे में फोटो अपलोड का बहाना उनकी सफाई कार्य से घृणा और गंदी मानसिकता का प्रतीक समझा जा सकता है। देखना है सीडीओ महोदय सफाई कर्मियों से सफाई करा पाते हैं या फिर सफाई कर्मियों का कॉकस उन्हें झुकने पर मजबूर कर देता है। कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी इन सफाई कर्मियों ने अपनी ग्राम सभाओं में न तो सफाई का कार्य किया है न ही सैनिटाइजर कराने पहुंचे हैं। जनप्रतिनिधि होने के कारण ग्राम प्रधानों ने ही इसका जिम्मा अपने कांधे ले रखा है। सीडीओ के पत्र के अनुसार जिले के सभी सफाईकर्मियों को साफ सफाई स्वच्छता एवं सैनेटिजेसन कार्य की फोटो अपलोड करने को कहा गया है।

# डंपर की चपेट में आने से महिला की जान गई

● बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

● पयागीपुर स्थित पेट्रोल टंकी के पास हुई दुर्घटना


फाइल फोटो कुसुम साहू

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली देहात के छतौना गांव निवासी एक महिला की डंपर गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने डम्फर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के छतौना गांव निवासी कुसुम साहू (46) पत्नी ओमप्रकाश साहू अपने भांजे बृजेश के साथ गुरुवार की सुबह भाई गांव अपने ननद के यहां से वापस अपने घर आ रही थी। पयागीपुर स्थित पेट्रोल टंकी के पास पीछे से आ रही डंपर गाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। कुसुम अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गई है। जिसमे से तीन बेटियां भी हैं।

# घायलों के परिजनों से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

● आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा

संवाददाता। सुलतानपुर


पुलिस से घटना के बावत जानकारी लेते बीजेपी जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा

**भाजपा** जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, जिला महामंत्री सुशील त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष भदैंया राजेश चतुर्वेदी आदि ने बुधवार शाम को हनुमानगंज बाजार में हुई घटना में आज चोटहिल परिजनों से मुलाकात कर घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली, ढाढ़स बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ आर. ए. वर्मा ने कहा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी व सख्त कार्रवाई की जाने की आवश्यकता है। ताकि जिले में असामाजिक तत्व साम्प्रदायिक सौहार्द विगाड़ने की हिमाकत न कर सके। समाज मे अमन–शान्ति व साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे। गौरतलब हो कि हनुमानगंज बाजार में बुधवार को मोदनवाल समाज के कुलदीप, राजेश मोदनवाल आदि अयोध्या में हो रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शाम को दीपोत्सव के बाद मिष्ठान्न आदि वितरण कर खुशी मना रहे थे। तभी रामपुर हनुमानगंज के अल्पसंख्यक समुदाय के सद्दाम, अकरम सहित आधे दर्जन से अधिक लोग चिढ़कर हनुमान बाजार में स्थित सियाराम मोदनवाल के मकान पर पहुँच कर कुलदीप ,राजेश मोदनवाल आदि को भद्दी–भद्दी गालियाँ देकर मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब जान बचाकर घर में भागे तो जान से मारने की नियत से घर में घूसकर तोड़–फोड़ करते हुए पूरे परिवार को मारा–पीटा। जिसमें सियाराम, कुलदीप, नीलम एवं राजेश चोटिल हो गए। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने घटना के दौरान ही कोतवाली देहात पुलिस को मामले की सूचना दी। जब पुलिस पहुँची तो अल्पसंख्यक वर्ग के दबंग लोगों ने पुलिस से भी भिड़ने की कोशिश की। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर. ए, वर्मा ने कहा कि जिन असामाजिक तत्वों द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द विगाड़ने की कोशिश की है उनके खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्ती के साथ कड़ी कार्रवाई करे ताकि कोई भी असामाजिक तत्व दुबारा ऐसी हिमाकत न कर सके।और समाज में अमन–शान्ति व साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे।

## क्विक न्यूज

### चार डाककर्मी कोरोना संक्रमित, खुला रहा डाकघर

**सुल्तानपुर।** प्रधान डाकघर में चार कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले हैं, बावजूद इसके प्रधान डाकघर को बन्द नही किया गया है। हालॉकि चारों मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्वॉरेंटाइन कर दिया है लेकिन विभाग को बंद नही किया गया। जिसके कारण कर्मचारियों और ग्राहकों में भय का माहौल बना हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से पूरे शहर में लाकडाउन किया गया है पर डाकघर खुला है। दो अगस्त और पांच अगस्त को मिलाकर अब तक पांच कर्मचारियो के रैपिड टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि प्रशासन की ओर से की जा चुकी है बाकी बचे कर्मचारी डर डर कर दफ्तर का काम निपटा रहे हैं। सरकार की ओर से अभी तक दफ्तर को बंद करने का कोई आदेश नही आया है। केंद्र सरकार के अधीन होने के चलते जिला प्रशासन दफ्तर को बंद करवाने में असहाय है। ऐसे में सरकार की लापरवाही कर्मचारियों और ग्राहकों को भारी पड़ सकती है।

### रैपिड एंटीजन टेस्ट में मिले दो कोरोना संक्रमित

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा निवासी एक पुलिस कर्मी व बकुलिहा निवासी एक युवक सहित दो युवक गुरुवार को कोरोना संक्रमित पाये गए । संक्रमित पुलिस कर्मी का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है । जबकि दूसरे युवक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेन्स की मदद से इलाज के लिए एल-1 अस्पताल भेजा गया है । स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमरी चौराहा निवासी युवक उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी करता है । वह सीतापुर में ट्रेनिंग ले रहा था इसी दौरान वह बीमार हुआ । उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । वहाँ जांच में वह कोरोना संक्रमित पाया गया है । बकुलिहा निवासी दूसरा संक्रमित युवक गुरुवार को अपना इलाज कराने सीएचसी खीरों पहुंचा वहाँ कुल 29 लोगों की कोरोना संक्रामण की जांच की गई । उसमें बकुलिहा निवासी युवक की रिपोर्ट संक्रमित पायी गई । स्थानीय कर्मचारियों ने सूचना संबन्धित अधिकारियों को दी । सीएचसी प्रभारी डॉ भावेश सिंह ने बताया कि संक्रमित युवक एम्बुलेन्स की मदद से एल-1 अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया है । प्रथम संपर्क में आने वाले परिवारजनों को भी कोरेंटाइन करने व गाँव को सेनेटाइज कराने की व्यवस्था की जा रही है ।

### दो ट्रकों की टक्कर मे चार घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव कोतवाली के गांव सवैयातिराहा के निकट दो ट्को मे आमने सामने लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर टकरा जाने पर चार लोग घायल हो गए।जिसमे चारो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला रेफर कर दिया गया है। बताते चले कि कोतवाली के गांव सवैयातिराहा के निकट दो ट्को मे भिड़ंत हो गया जिसके बीच एक साइकिल सवार भी चपेट मे आ गया है।जिसमे ट्क के चालक गुलामजिलानी 24वर्ष पुत्र मसरूरअहमद निवासी जफरपुरमुरादाबाद, विजय 24वर्ष पुत्र रतनलाल निवासी मनकपुरमिलानयमुराबाद व पुष्पेन्द्र 51वर्ष पुत्र बांकेलाल निवासी सैदपुर थाना नवाबगंज प्रतापगढ़ व साइकिल सवार रामकुमार 42वर्ष पुत्र रामआसरे निवासी बड़ीबाग मजरे सवैयाहसन गंभीर घायल हो गए जिनको सीएचसी मे भर्ती किया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं विकास खंड रोहनिया व सलोन कोतवाली के गांव पड़रियन निवासी हरीष 20वर्ष पुत्र छोटेलाल को कार ने टक्कर मारकर फरार हो गया।जिनको भी गंभीर चोटे आने पर सीएचसी ऊंचाहार मे भर्ती किया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत मे सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दहिगवां में दबंगों ने सरकारी नाली तोड़ दी। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दहिगवां में बुधवार की शाम कुछ दबंगों ने सरकारी नाली तोड़ दी, जिसकी तहरीर ग्राम प्रधान मीना शुक्ला ने शिवगढ़ थाने में दी है। ग्राम प्रधान की तहरीर पर शिवगढ़ पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफसरकारी नाली तोड़ने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान मीना शुक्ला की तहरीर पर सरकारी नाली तोड़ने वाले लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट में युवक घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे लोदीपुर निवासी शिवशंकर 29वर्ष पुत्र महादेव को मामूली विवाद मे पड़ोसियो ने मारपीट करके घायल कर दिया।जिसमे युवक को गंभीर चोटे आने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### करंट से महिला की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बाबूगंज निवासिनी कमला 45वर्ष पत्नी राकेश करंट कीचपेट मे आने पर उनको परिजनो के द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मे लाया गया जहां पर उनकी प्राथमिक उपचार के दौरान मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु गुरूवार भेजा है।उधर एसडीओ ने बताया कि मृतक के विषय मे जेई के माध्यम से जानकारी लेकर अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### गांव में तनाव फैलाने वाले चार गिरफ्तार

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव खालिकपुर मे बाइक सवारो के द्वारा अपशब्दो का प्रयोग करके गांव मे तनाव उत्पन्न करने की सूचना पर पुलिस ने चार लोगो को गिरफ्तार किया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि इस्तखारयमेराज निवासीगण सवैयाहसनयहसनैन निवासी परियावां थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ व सीबू पुत्र मो याशीम निवासी गांव खालिकपुर को गिरफ्तार करने के बाद सभी के खिलाफधारा 151 के तहत कार्यवाही किया गया है।

### बाइक चोरों के खिलफ लालगंज पुलिस ने कसा शिकंजा

लालगंज रायबरेली। लालगंज पुलिस ने बाइक चोरों के खिलाफलगातार अभियान छेड रखा है,जिसके चलते एक सप्ताह के अन्दर पुलिस ने तीन बाइकों की बरामदगी करते हुये अब तक चार चोरों को जेल भेजने मे सफलता प्राप्त की है।लालगंज पुलिस ने अपराध संख्या 390 के तहत दर्ज चोरी के मामले की दो बाइकों को बरामद करते हुये रणगांव निवासी रोहित सिंह और चांदा निवासी कृष्ण कुमार शर्मा को जेल भेजा है।वहीं अपराध संख्या 392 के तहत दर्ज मुकदमे मे बाइक को बरामद करते हुये लालगंज चौकी इन्चार्ज महेस सिंह यादव ने बाइक चोर गेगासो क्रासिंग निवासी अंकित कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद को भी जेल भेजा है।उसके पास से पल्सर बाइक यूपी33 बीएफ7672 बरामद हुयी है।उसे दोसडका के पास से पकडा गया है।चोरों को पकडने वाली टीम ने एसआई जेपी यादव सहित सिपाही मुकेस सिंह,सिपाही महेस विस्वकर्मा,सिपाही मो0 नाजिम,सिपाही सुमित राठी शामिल है।स्थानीय लोगो ने बाइक चोरों को पकडने के बाबत पुलिस की कार्य शैली की सराहना की है।

# एक सप्ताह बीतने के बाद भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं, पुलिस पर सवालिया निशान

संवाददाता। रायबरेली

**वारदात** हत्या है या आत्महत्या यह नही कहा जा सकता है । लेकिन मृतक की जेब से मिले पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र और मृतक की विधवा मां चीखचीख कर अपने बेटे की हत्या किये जाने की आशंका जता रही है । बताते चलें कि बीती 27 जुलाई को मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे सद्धू मजरे उमरा गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र स्व वीरेंद्र कुमार की ससुराल खेसुवा थाना फुरसतगंज में सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । कहीं दिनेश की मौत उसकी पत्नी के किसी और के साथ अवैध संबंधों के चलते हत्या नहीं तो क्या है ! परिवार का इकलौता वारिस और उम्र महज 25 साल । कितनी बेपनाह मोहब्बत की रही होगी जब परिवार को रजामंद करके उसने लव मैरिज की थी । बावजूद इसके दिनेश की मौत के बाद पत्नी आरती के चेहरे पर कोई शिकन नहीं होना क्या बयां करता है । दरअसल प्यार में अंधे होकर उसने लाखों रुपये खर्च करके पत्नी को जीएनएम का कोर्स भी कराया था । इतना ही नहीं पत्नी को नौकरी दिलाये जाने के लिए कई लोगों के पास चक्कर काट रहा था । बीती 4 जुलाई को दोनों के बीच मनमुटाव होने के बाद जब वह आने को राजी नहीं हुई तो मृतक ने थाने में भी गुहार लगाई । लेकिन इसी दौरान जब आरती के गर्भ में पल रहे उसके बच्चे का गर्भपात उसकी मर्जी के खिलाफकरा दिया गया तो वह अवैध सम्बन्धों का विरोध करने लगा था । यह भी गंभीर जांच का विषय है कि मौत के बाद से मृतक लगातार अपनी हत्या किए जाने की आशंका जता रहा था । शायद इसी बीच 27 जुलाई को मृतक अपनी पत्नी के बहकावे में आकर उसके मामा के गांव खेसुवा जिला अमेठी जा पहुंचा । जहां उसकी हालत खराब होना बताया गया और मृतक के ही फोन ने उसकी चचेरी बहन को बताया गया कि फुरसतगंज सीएचसी में उसको लाया गया है । मामले में शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा लगभग 8 घण्टे तक जद्दोहद करने के बाद आत्महत्या के उत्प्रेरण जैसी 306 और 506 धाराओं में पत्नी आरती, अरविंद, सत्यनारायन और नीलेश के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया । प्रकरण में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसी की भी गिरफ्तारी नही किया जाना फुरसतगंज पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है । मामले को भले ही फौरी तौर पर निपटा दिया जाए लेकिन पुलिस के ढुलमुल रवैये से मृतक के परिजनों को न्याय की उम्मीद धुंधली होती नजर आ रही है ।

## जहरीले जंतु के काटने से बालक की मौत

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गाँव बलभद्रखेड़ा मजरे कुसंडी में किसी जहरीले जंतु के काटने से एक दो वर्षीय अबोध बच्चे की मौत हो गई। परिवारजनों के अनुसार बलभद्रखेड़ा निवासी महेश पासी विदेश में नौकरी करता है। बुधवार की रात उसकी पत्नी गर्मी के कारण अपने इकलौते बेटे देवा (2) के साथ आँगन में जमीन पर सो रही थी। रात लगभग 2 बजे अचानक उसका बेटा देवा रोने लगा। उसने अपनी माँ को बताया कि उसे किसी कीड़े ने काट लिया है। परिवारजन उसे लेकर सीएचसी खीरों पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद देवा को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिवारजन शव लेकर घर पहुंचे। सुबह परिवारजनों को घर में एक जहरीला सर्प मिला। जिससे सभी को यह जानकारी हुयी कि इसी जहरीले सर्प के काटने से देवा (2) की मौत हुयी है। परिवारजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# चारागाह की तीन बीघा जमीन पर तहसीलदार ने चलवा दिया ट्रैक्टर



● अवैध कब्जे से कराया मुक्त

**रायबरेली।** जिले में भूमाफिआओं ने करोड़ों कीमत की सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से काबिज हैं । प्रदेश सरकार ने तालाब, चारागाह, बंजर, खाद के गड्ढे और खलिहान की जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने के सख्त निर्देश दिए । डीएम शुभ्रा सक्सेना ने सदर तहसील के हैबतमऊ गांव में लगभग 3 बीघे चारागाह की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया । बताते चलें कि सुरक्षित भूमि पर एक भूमाफिया ने धान की फसल बो रखी थी । कई बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी कब्जा नही छोड़ने पर सदर तहसीलदार अमिता यादव ने कानूनगो और स्थानीय लेखपाल की मौजूदगी में ट्रैक्टर से जुतवाकर अवैध रूप से कब्जा की गई सुरक्षित भूमि को खाली कराया । खड़ी फसल को जुताई कराये जाने के बाद सुरक्षित जमीनों पर काबिज अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया । तहसीलदार सदर अमिता यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सरकारी जमीनों पर काबिज भूमाफिआओं को चिन्हित किया जा रहा है । अवैध रूप से काबिज लोगों को जल्द ही सरकारी जमीनों से बेदखल किया जाएगा ।

# दो समुदायों के बीच मारपीट, नौ घायल

● एसपी ने लिया घटना स्थल का जायजा

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** मामूली विवाद को लेकर दो समुदायों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से कुल नौ लोग घायल हुए हैं। तीन लोगों को रेफर किया है। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंच एसपी ने जानकारी ली। मामला दो समुदायों के बीच होने की वजह से सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात है। एसपी ने कहा कि मामूली बात को साम्प्रदायिक रूप देने वालों पर कठोर कार्यवाही होगी। दोस्तपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को शैलखा निवासी सूरज चौहान अपने ठेले पर झंडा लगा कर जा रहा था तभी ताजुद्दीनपुर के तीन लड़को से कहासुनी व हल्की मार पीट हो गई। शाम को शैलखा प्रधान प्रतिनिधि व गोसैसिंहपुर भाजपा मंडल बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार ने दोनों पक्षों में सुलह समझौता करा दिया था। गुरुवार की सुबह सात बजे मनोज कुमार शैलखा तिराहे पर चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे तभी कई लोग पंहुच कर मनोज कुमार को लाठी डंडे व राड से मारा पीटा। प्रधान प्रतिनिधि के मारे जाने की खबर पर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस बीच दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों तरफ से करीब लौ लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से तीन की हालत खराब होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने दर्जन भर लोगों को हिरासत में लिया है। दो समुदायों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। घटना की सूचना पर एसपी मौके पर पहुंचे और पूरी घटना के बावत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी। मामूली विवाद को संम्प्रादायिक रंग देने वालो को बक्शा नहीं जाएगा। घटना की सूचना पर विधायक सीताराम वर्मा के प्रतिनिधि मलखान सिंह, विवेक सिंह, नरविंदर सिंह सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता पंहुचे स्थिति का जायजा लिया मनोज कुमार की तरफ से सात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# बछरावां की गड्ढों में तब्दील इस सड़क के लिए कौन जिम्मेदार!

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली



**योगी सरकार** की गड्ढा मुक्त सड़कों की पोल खोलती ये गड्ढा युक्त सड़क महराजगंज से चंदापुर सेमरौता और इसी से दूसरी अकेलवा वाया अमेठी से जोड़ती है। इस गड्ढा युक्त सड़क से गुजरना की बीच मझधार में डूबती हुई नाव से सकुशल दरिया पार उतर जाने के बराबर है गड्ढों में सड़क या सड़क में गड्ढे न कहिए यहां तो इस सड़क में साक्षात तालाब खुदे जिससे आए दिन राही गीर चोटहिल हो रहे है और जब बछरावां विधानसभा के लोग इस सड़क से गुजरते होंगे तो कोसते होंगे अपने आप को हमने कैसे जनप्रतिनिधि के हाथो में अपनी बाग डोर सौंपी है।

आखिर कहां है बछरावां के जनप्रतिनिधि जो चुनाव से पहले कहा करते थे कि बछरावां विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी नेता जी आखिर वह विकास रूपी गंगा कहा बह रही है बछरावां विधानसभा की जनता उसमें नहाना चाहती है। बताते चलें कि महराजगंज से निकली ये रोड चंदापुर वाया सेमरौता को जाती है दूसरी इसी से अकेलवा वाया दुसौती अमेठी से जोड़ती है इस सड़क का वर्षों से मरम्मत कार्य ना होने के कारण सड़क के हालात बद से बदतर हैं आए दिन राहीगीर चोटिल हो रहे हैं इस सड़क से गुजरना मझधार में डूबती हुई नाव से सकुशल पार उतर जाने के बराबर है गड्ढों में तब्दील सड़क और उसमे भरा बरसात का पानी उसी पानी में डूब मरना चाहिए ऐसे जनप्रतिनिधियों को जिनके क्षेत्र के ऐसे बदतर हालात है। जो चुनाव के समय जनता से झूठे वादे करके छल से सत्ता कि कुर्सी पर बैठ के मदमस्त हो जाते है और जनता की ही दी हुई कुर्सी पर बैठने के बाद उनका हाल भी पूछने तक नहीं आते। विदित हो कि कई बार इस सड़क की बदहाली के संबंध में ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों समेत जनपद के जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की गई तथा संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत भी कराया गया परन्तु आज भी हालात जस के तस है और हजारों कि संख्या में राही गीर प्रति दिन अपनी जिंदगी और मौत के बीच का सफर इसी सड़क पर कर रहे हैं।

# एसपी के आदेश पर भी वाल्टरगंज पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर

### देशराज नारंग इंटर कालेज के प्रधानाचार्य और उनके पुत्र के फर्जीवाड़े का मामला

### बिना एफआईआर दर्ज किए एसपी को भेज दी गई रिपोर्ट

संवाददाता। बस्ती

**वाल्टरगंज** पुलिस पर मामले को लटकाने और दोषियों पर बचाने का आरोप लग रहा है। एसपी के आदेश के बावजूद पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज नहीं किया, अलबत्ता एसपी को यह रिपोर्ट अवश्य दे दी कि मामला उनके थाने का नहीं, इतना ही नहीं वादी को यह सलाह भी दे डाली कि चाहे तो वह दुबौलिया, परसुरामपुर, कोतवाली और जनपद कुशीनगर के थाने में मुकदमा दर्ज करा सकते है। इस तरह वाल्टरगंज पुलिस ने बवाल को दूसरे थाने पर थोप ही नहीं दिया बल्कि वादी के लिए इतने थानों में मुकदमा खिलाने की समस्या खड़ी कर दी।

जबकि मामला वाल्टरगंज से जुड़ा हुआ है और प्रधानाचार्य इसी थाना क्षेत्र में कार्यरत है। मामला देशराज नारंग इंटर कालेज वाल्टरगंज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सिंह और उनके पुत्र विवेक कुमार सिंह का है। संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी कहते हैं कि पुलिस ने बिला वजह विभाग का इतना समय बर्बाद किया।

कहा कि पुलिस का पहला काम है कि एफआईआर दर्ज करें, मगर यहां पर तो ऐसा कुछ भी नहीं किया गया, अलबत्ता विभाग के लोगों को पिछले एक माह से अधिक समय से दौड़ाया और परेषान किया गया। कहते हैं कि पुलिस का यह सलाह गलत है कि मुकदमा विभिन्न थानों में दर्ज कराई जाए। पुलिस तो कहीं भी जांच के लिए जा सकती है। पुलिस के रिपोर्ट का अध्ययन हो रहा हैं। कहा कि दोषियों को हर हाल में दंड भुगतना ही होगा।

वाल्टरगंज पुलिस ने अपनी सफाई कहा कि रमेशचंद्र सिंह की पहली नियुक्ति प्रधानाचार्य के पद पर राष्टीय कृषक इंटर कालेज रघुराजनगर सौदीपुर थाना दुबौलिया में वर्ष 2008 में हुई। इन पर आरोप है कि इन्होंने फर्जी अभिलेखों और अनुभव प्रमाण पत्र का सहारा लेकर नियुक्ति पा ली।

इस पर उप निरीक्षक रिजवान अली ने लिखा कि चूंकि जिस थाने में पहली नियुक्ति हुई, उसी थाने में एफ्आईआर दर्ज होना चाहिए। छह मई 16 को जेडीई के नाम से दो कूट रचित आदेष तैयार करने के मामले में कहा कि चूंकि यह कांड कोतवाली क्षेत्र में हुआ, इस लिए यह मुकदमा कोतवाली में दर्ज होना चाहिए।

प्रधानाचार्य के पुत्र विवेक कुमार सिंह के फर्जी हस्तांतरण के तीसरे आरोप के मामले में कहा गया कि चूंकि यह प्रकरण लोकमान्य इंटर कालेज जानकी नगर सेवरही जनपद कुषीनगर और नियुक्ति किसान इंटर कालेज परसुरामपुर में हुआ है, इस लिए एफ्आईआर कुशीनगर और परसुरामपुर थाने में ही दर्ज हो सकती है। देशराज नारंग इ.का. के प्राधिकृत नियंत्रक सत्येंद्र कुमार पांडेय पिछले एक माह से अधिक समय से एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रहे है।

## छूटे गांवों में स्थापित होंगी वर्मी कम्पोस्ट इकाइयां

**बस्ती**। जिले के ऐसे आबाद राजस्व गांव जहां अभी तक वर्मी कम्पोस्ट इकाईयां स्थापित नहीं हो पाई हैं वहां इकाईयां स्थापित कराई जाएंगी। इस पर आने वाले अनुमानित लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। डीएम आषुतोष निरंजन ने बताया कि जिन आबाद राजस्व गांवों में अभी तक वर्मी कम्पोस्ट इकाईयां स्थापित नहीं हो पाई हैं वहां वर्ष 2020-21 में इकाई स्थापित कराई जानी है। वर्मी कम्पोस्ट की इकाई की स्थापना पर आठ हजार रुपये आने वाली अनुमानित लागत के सापेक्ष किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। ऐसे किसान जो गांव में निवास करते है,कम से कम उनके पास एक एकड़ भूमि हो, शेड निर्माण कर वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना करने के इच्छुक हो उनका चयन किया जाएगा। बताया कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ग्राम सभाओं में अनुसूचित जाति के कृषक का ही चयन किया जाएगा वहीं महिलाओ के लिए आरक्षित ग्रामसभाओं में महिला कृषक का ही चयन किया जाएगा।

# डीएम को ही गुमराह कर रहा डीआईओएस कार्यालय

### माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित शिक्षकों के ज्वाइनिंग लेटर का मामला

संवाददाता। बस्ती

**डीआईओएस** और उनके कार्यालय के बाबू डीएम को गुमराह की मलाई काटने में लगे हुएं है। हुआ यह कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित होकर जिले में लगभग 60 शिक्षक ज्वाइन करने के लिए गत 16 जुलाई को विभिन्न जनपदों से बस्ती आए। इन शिक्षकों को डीआईआएस कार्यालय से ज्वाइनिंग लेटर मिलना था, मगर 15 दिन बीत गया फिर भी इन्हें लेटर नहीं दिया गया। जब इन लोंगों के सामने रहने और भोजन का संकट खड़ा हो गया, तो ये सभी लोग विरोध करने लगे। मामला डीएम तक पहुंचा। डीएम आशुतोष निरंजन ने कड़ा रुख अपनाते हुए त्वरित ज्वाइनिगं लेटर देने का आदेश डीआईओएस को दिया। इस पर डीआईओएस ने नियमों का हवाला देकर डीएम से कहा कि ज्वाइनिगं लेटर बाईहैंड नहीं दिया जा सकता। इस पर डीएम ने कहा आज ही इनके पते पर लेटर भेजो। शिक्षकों से कहा गया कि जाइए 30 जुलाई को लेटर भेज दिया जाएगा। मगर अभी तक किसी को भी लेटर नहीं भेजा गया, अलबत्ता जो कार्यालय चला जा रहा है, उसे लेटर दे दिया जा रहा है, इस तरह लगभग 20 लोगों को लेटर देने की बात कही जा रही है। इस मामले में डीआईओएस की ओर से यह सफाई दी जा रही है कि डाक विभाग वाले रजिस्ट्री नहीं कर रहे हैं। फिर कहा गया कि जिस डाकघर में भेजा गया वह इलाका कंटेनमेंट जोन में आ गया। विभाग ने पांच दिन रजिस्ट्री करने में लगा दिया, फ्रि भी रजिस्टी नहीं हुई, अब 14 दिन बाद ही रजिस्टी हो सकेगी। वहीं पर जो शिक्षक कार्यालय चले जा रहे हैं, उन्हें सुविधा षुल्क लेकर लेटर दे दिया जा रहा हैं।

## वीआईपी कॉलोनी के पास लगा कूड़े का अंबार

**सुलतानपुर**। कोरोना महामारी में भी वीआईपी एरिया कहे जाने वाले एमजीएस चौराहे के समीप कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जिसस वीआईपी कॉलोनी के लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी से कई संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बनी हुई है। अरोप है कि पालिका प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी अंजान बना है। जहां एक तरफस्वच्छता अभियान को लेकर ही पालिका प्रशाशन लगातार आम जन को जागरूक करने के लिये चलाता है।

# डीएम आवास के दो कर्मी समेत 30 नए कोरोना मरीज मिले

संवाददाता। बस्ती

**गुरूवार** को जिले में 30 नए कोरोना पाजिटिव की रिपोर्ट मिलने के साथ संक्रमितों की संख्या 1074 पहुंच गई है। साथ ही अब तक 33 की मौत हो चुकी है। जबकि ठीक होने के बाद 651 से अधिक मरीजों को अब तक डिस्चार्ज किया जा चुका है। शेष कोरोना संक्रमितों का जवाहर नवोदय विद्यालय रूधौली, जयराम उपाध्याय बालिका महाविद्यालय पड़रीबाबू, सीएचसी मुण्डेरवा, ओपेक हास्पिटल कैली में बने कोविड-19 हास्पिटल में इलाज चल रहा है। कोरोना संक्रमतों में से 21 मामले दूसरे जिलों के हैं। डीएम आवास के दो, एडी आफ्सि के एक, सीएचसी कप्तानगंज के दो कर्मी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 30 नए कोरोना संक्रमित पाए गए है। लिए गए सेम्पल की रिपोर्ट में उनके कोरोना पाजिटिव की पुष्टि हुई है। सदर के नरियांव, ओरीजोत, पिकौरा दत्तूराय, शिवाकालोनी, मंगलबाजार, गनेशपुर, आमा मानपुर, गड़हागौतम, मझौवा चौधरी, बहादुरपुर के परतापपुर, कटरूआ दलथम्मनसिंह के एक-एक, नगर के सात, रूधौली में तीन, हर्रैया के समौढ़ी में एक, कुदरहा के बगही में एक, परसरामपुर के सकराखुर्द में एक, वाल्टरगंज के पड़री में एक की सेम्पल रिपोर्ट पाजिटिव आई है। संक्रमितों में एक ही परिवार की छह साल की बालिका, उसकी मां, पिता भी शामिल हैं।

# सोनभद्र में 10 से शुरू होगा बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान

### नौ माह से पांच वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए की खुराक

### कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण से किया जाएगा आच्छादित

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** में बाल स्वास्थ्य पोषण माह के प्रथम चरण का अभियान 10 अगस्त से शुरू होगा जो 1 माह तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान कोरोना वायरस कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नौ माह से लेकर पांच वर्ष आयु तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए महानिदेशक परिवार कल्याण ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दे दिया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण के अंतर्गत बच्चों को विटामिन ए के कवरेज को बढ़ाना है और कुपोषित बच्चों का वजन, पहचान तथा प्रबंधन करने के साथ ही नियमित टीकाकरण के दौरान बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत बच्चों में विटामिन ए की कमी का खतरा होता है जो बच्चों में बीमारी एवं मृत्यु दर की संभावनाओं को बढ़ाता है। ऐसे में नौ माह से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को एक वर्ष में दो बार विटामिन ए की निर्धारित खुराक दी जाती है। इससे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक परिवार कल्याण द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिले में 10 अगस्त से बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान का शुभारंभ होगा जो 1 माह तक चलेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है और स्वास्थ्य कर्मियों समेत आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम को निर्देश दे दिया गया है। इस पोषण माह के दौरान कोरोना वायरस कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे लोग इस महामारी की चपेट में न आने पाए उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 दिसंबर माह में चलाए गए बाल स्वास्थ्य पोषण माह के दौरान 2,33,533 बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उददेश्य बच्चों का टीकाकरण करने के साथ ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित कर प्रतिरक्षित करना है।

## बालिका से दुराचार का आरोपी भेजा गया जेल

बीजपुर (**सोनभद्र**)। स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित एक ग्राम सभा मे एक 15 वर्षीय नाबालिक बालिका से दुराचार करने के आरोपी लगभग 20 वर्षीय युवक उमेश पुत्र राम प्रसाद निवासी महुली टोला रजमिलान को बीजपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर धारा 376(3) आईपीसी की धारा 506 व पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत चालान कर सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायाधीश ने आरोपी के आरोप की संगीनता को देखते हुए अग्रीम जमानत तक जिला कारागार भेज दिया है।

## अब होगा शिक्षा का व्यापक प्रसार विद्यालय पहुंचा बच्चों के द्वार

**ललितपुर**। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बेसिक विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है। ऑनलाइन कक्षाएं जरूर विद्यालय स्तर से संचालित हो रही है, लेकिन संसाधनों के अभाव के चलते सभी अभिभावकों के लिए ऑनलाईन शिक्षा उपलब्ध कराना संभव नहीं है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए महरौनी ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नैनवारा में मोहगा स्कूल की संकल्पना को सृजित किया है जिसमें ग्राम के उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे युवा साथियों की मदद से हर मोहगे में 10-15 बच्चों के लेकर पढने की व्यवस्था उनके घर के ही नजदीक की गई है। जिसमें युवा साथी स्मार्ट फोन और खुद के अनुभवों से बच्चों के पठन पाठन की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से गतिमान रखेंगे। इसी उद्देश्य के चलते आज उच्च प्राथमिक विद्यालय नैनवारा द्वारा संचालित दो मोहगा का स्कूल का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजीव कुमार दुबे के द्वारा किया गया। विद्यालय के शिक्षक हृदयेश गोस्वामी ने योजना के प्रत्येक पहलू व उद्देश्यों को समस्त उपस्थित जन के सामने प्रस्तुत किया।

## जन शिकायतों की सुनवाई के लिए वैकल्पिक प्रशासनिक प्रबन्धों की वकीलों ने उठाई आवाज

लालगंज (प्रतापगढ़)। कोरोना महामारी को लेकर लगातार जिला एवं स्थानीय कचहरी के सील होने की स्थिति मे अधिवक्ताओं ने डीएम से जनसुनवाई को लेकर वैकल्पिक प्रबन्धों की मांग उठाई है। गुरूवार को ऑल इण्डिया रूरल बार एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम को पत्र लिखकर आपात स्थिति मे तहसील एवं जिला कचहरी के सील होने की स्थिति मे संवेदनशील लोक शिकायतों पर सुनवाई के लिए विशेष मजिस्ट्रेटों की तैनाती कराए जाने को कहा है। ज्ञानप्रकाश ने जिला प्रशासन को दिये गये सुझाव मे पत्र के हवाले से कहा है कि महत्वपूर्ण लोक शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी अपने विशेषाधिकार का निवर्हन करते हुए किसी अन्य सार्वजनिक कार्यालय जो कोरोना संक्रमण से मुक्त है अथवा सरकारी निरीक्षण गृहों में सोशल डिस्टेसिंग के बीच कम से कम सुबह व शाम दो दो घंटे जनसुनवाई के वैकल्पिक प्रशासनिक प्रबन्ध फौरन अमल में लाएं। इस मौके पर उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी, शहजाद अंसारी, रमेश कोरी, सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

## बिजली गुल होने से कस्बावासी परेशान

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। कस्बे में अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित रहने से कस्बावासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन बिजली कटौती से कारोबारी से लेकर आम जनमानस पूरी तरह से त्रस्त रहते है। गुरुवार को सुबह से ही कस्बे की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे कस्बा सहित क्षेत्र की करीब 45 हजार की आबादी प्रभावित रही। इस भीषण गर्मी में कारोबारी से लेकर आम जनमानस तक पूरी तरीके से परेषान रहा। आये दिन कस्बे मे इसी तरह की विद्युत कटौती होने से नगर वासियों मे आक्रोश व्याप्त है।

## जय श्रीराम के जयघोषों से गूंज उठा जिला

**ललितपुर**। 500 साल के संघर्ष के बाद रामलला मंदिर शिलान्यास पर में श्रीरामराजा व्यायामशाला एवं दुर्गा वाहिनी रेजीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में घंटाघर मैदान पर दीप महोत्सव आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर 1008 दीपो से दीपमाला बनाकर दीपावली मनाई जिसमें अध्यक्ष मनीष जैन मंगू पहलवान के दीपों से भारत का मानचित्र बनाया एवं भगवा झंडे, तिरंगा झंडा लहराए गए।

# मड़वानगर टोल प्लाजा हटाने को लेकर एनएचएआई को नोटिस

### अवैध वसूली से लेकर निर्माण तक में फंसी है एनएचएआई

### टोल प्लाजा नहीं हटाया तो न्यायालय में दायर किया जाएगा वादः राजेंद्र

संवाददाता। बस्ती

**आरटीआई** के तहत जानकारी देकर एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मड़वानगर टोल प्लाजा को लेकर फंस गया है। मंत्रालय से लेकर एनएचएआई तक मान रहे हैं कि मड़वानगर का टोल प्लाजा मानक के विपरीत और अवैध बना हुआ, लेकिन उसे हटाने में हीलाहवाली जारी है। अवैध निर्मित्त टोल प्लाजा को हटाने की लड़ाई लड़ने वाले आरटीआई कार्यकर्त्ता राजेंद्रनाथ तिवारी का कहना ही कि एनएचएआई और सड़क मंत्रालय दोनों को टोल प्लाजा हटाने के लिए नोटिस दिया गया है। कहा कि अगर टाल प्लाजा नहीं हटाया गया तो न्यायालय में वाद दाखिल किया जाएगा। मड़वानगर टोलप्लाजा के औचित्य, अवैध वसूली और नगरीय सीमा में निर्माण करने को लेकर पिछले काफी दिनों से लिखा-पढ़ी हो रही है। मामला उस समय गंभीर हो जब एनएचएआई और विभिन्न क्षेत्रीय प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स की ओर से जनसूचना अधिकार के तहत यह जानकारी दी गई कि एक टोल प्लाजा की दूसरे टोल प्लाजा से 60 किमी. से कम नहीं होना चाहिए, कोई भी टोल प्लाजा नगरीय सीमा से पांच किमी. के भीतर नहीं होना चाहिए और टोल प्लाजा के पहले और टोल प्लाजा के बाद किसी भी तरह की वसूली नहीं की जा सकती है। जिले के लोग काफी दिनों से एक ही जिले में 30 किमी की दूरी में दो टोल प्लाजा के होने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि नियम 60 किमी. के बीच दूसरा टोल प्लाजा होना चाहिए। वहीं एनएचएआई ने मड़वानगर टोल प्लाजा को अपने वेबसाइट से डिलीट कर दिया है। डीएम आशुतोष निरंजन की ओर से भी इस मामले में लिखा पढ़ी की जा चुकी है। इस टोल प्लाजा के ठेकेदार पर अनुबंध में स्टांप की चोरी करने के आरोप में जुर्माना सहित 42 करोड़ की आरसी भी जारी कर चुके है।

## सोनभद्र में थमने का नाम नही ले रहा है कोरोना का संक्रमण

**सोनभद्र**। जनपद सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण किये जा रहे तमाम रोक थाम के उपायों के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा है। जनपद में कोरोना संक्रमण ने अपना पांव पुरी तरह से फैलाना शुरु कर दिया है जहां पिछले लगभग एक माह से लगातार आ रही कोरोना संक्रमित रिर्पोट ने लोगों चिंताएं बढ़ा दी है। गुरूवार को रिपोर्ट में 27 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसे लेकर पुरे जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई। जिन्हे उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि गुरूवार को 27 पॉजिटिव मरीज मिले है।

# शहर के नौ केन्द्रों पर होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

संवाददाता। बस्ती

**बीएड** की संयुक्त प्रवेश परीक्षा शहर के नौ विद्यालयों, महाविद्यालयों पर होगी। नौ अगस्त को होने वाली परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन सम्पन्न कराए जाने के लिए जोनल, सेक्टर,स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात करते हुए उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

शिवहर्ष किसान पीजी कालेज, महिला महाविद्यालय, एपीएन डिग्री कालेज, बेगम खैर इंटर कालेज, जीआरएस इंटर कालेज, खैर इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज, श्रीकृष्ण इंटर कालेज में सम्पन्न होने वाली परीक्षा के लिए डीएम आशुतोष निरंजन जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। एसडीएम सदर को जोनल, उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार बतल, हर्रैया, भानपुर, रूधौली, चकबंदी अधिकारी सोनूपार, हर्रैया, मुण्डेरवा, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख बस्ती, उपायुक्त उद्योग को स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इसके अलावा परियोजना अधिकारी नेडा, जिला उद्यान अधिकारी, सचिव मण्डी समिति को आरक्षित सूची में रखा गया है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी को कलकुलेटर, स्लाइडर रूल, मोबाइल फोन, कलकुलेटरयुक्त घड़ी, सादा कागज, कापी, किताब, नोट्स, पत्रिकाएं ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# बारिश से धान की फसल को मिल गई संजीवनी



संवाददाता। सुलतानपुर

**कड़ी** धूप और भीषण गर्मी के बाद कई इलाकों में हुई झमाझम बारिश से गुरूवार को दोपहर बाद मौसम सुहाना हो गया। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फ्सलों को संजीवनी मिल गई। हरियाली लहलहा उठी। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने से किसानों के चेहरे खिल उठे। सावन माह बीतने के बाद एक बार ऐसा लगा कि अब मौसम धोखा देगा। मंगलवार बुधवार को भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया। गुरूवार की सुबह से ही बदली छायी रही और रूक-रूककर कई बार बारिश भी हुई। कहीं जगहों पर झमाझम तो कहीं रिमझिम बारिश हुई। इससे किसानों को राहत मिली। लोगों को गर्मी से निजात। कई स्थानों मूसलाधार बारिश में धरती तर हो गई। खेतों में पानी भर गया। बारिश का पानी मिलते ही धान की फ्सलें लहलहा उठी। किसानों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। मौसम विभाग के मुताबिक बदली छायी रहने और कहीं-कहीं हल्की से भारी बारिश होने की संभावना है।

# रामजन्म भूमि पूजन की खुशियां मना रहे लोगों पर हमला करने वाले पकड़े गए

### एसडीएम और सीओ ने घटनास्थल का लिया जायजा

संवाददाता। सुलतानपुर

**कोतवाली** देहात के हनुमानगंज बाजार में रामजन्म भूमि पूजन की खुशियां मना रहे लोगों पर अराजकतत्वों ने हमला बोलने वाले कई उपद्रवियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिन उपद्रवियों ने एक व्यवसायी के घरवालों की पिटाई कर दुकान में तोड़फोड भी की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी ईंट पत्थर फेंके गए थे। इसके बाद सख्ती दिखाते हुए कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया।

बुधवार की शाम हनुमानगंज बाजार में ग्रामीण एकत्रित होकर राम मंदिर को की खुशियां मनाते हुए मिष्ठान व हवला-पूड़ी का प्रसाद बांट रहे थे। तभी गांव के ही अकरम व अन्य लोगों से कुछ कहासुनी हो गई। रात करीब आठ बजे दर्जन भर लोगों के साथ पहुंचे अकरम ने सियाराम मोदनवाल के घर धावा बोल दिया और घरवालों की पिटाई कर दी। उपद्रवियों द्वारा तोड़फ़ेड़ भी की गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिसकर्मी पहुंच गए, लेकिन उपद्रवियों का तांडव जारी रहा। पिटाई से सियाराम घायल हो गए। सांप्रदायिक दंगे की आशंका को देखते हुए लंभुआ, चांदा, कोतवाली नगर व पीआरबी की कई टीमों को बुला लिया गया।

गुरुवार की सुबह उपजिलाधिकारी लंभुआ विधेश कुमार व सीओ लालचंद्र चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसपी शिवहरि मीणा ने बताया कि कुलदीप मोदनवाल की बाइक पैदल जा रहे सद्दाम से टकरा गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण को आनलाइन करें आवेदन

**सोनभद्र**। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष-2020-21 के लिए ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम संशोधित समय सारिणी के गत 20 जुलाई के द्वारा पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित करते हैं, जिसमें पिछड़े वर्ग के शिक्षित एवं बेरोजगार युवक युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना से प्रशिक्षित कराने के लिए आनलाईन आवेदन करने की संशोधित तिथि 30 जुलाई से 16 अगस्त तक निर्धारित है, जिसमें पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को आनलाईन आवेदन करने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र के वेबसाइट पर लिंक करें।

# कोरोना मरीजों का तिस्कार नहीं बल्कि सम्मान और सहयोग करें

## कोरोना की जंग जीतकर लौटे चैंपियन की जुबानी

संवाददाता। मीरजापुर

**जिले** में पिछले कुछ दिनों में कोरोना उपचाराधीन के मामले बढ़े हैं। ऐतिहात रखने के बाद भी नगर से ग्रामों में कई लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। जिले के बसही स्थित चिकित्सालय में मरीजों का रात दिन ईलाज चल रहा है। जहां पर डाक्टर व स्वास्थ्यकर्मी रात.दिन मरीजों के ईलाज व देखभाल में जुटे हैं। उनका यही उत्साह जिले के अधिकांश मरीज कोरोना से सफ्ल जंग जीत कर अपने घर वापस लौट चुके हैं। हांलाकि इस जंग में हमारे कई डाक्टर योद्धाओं और स्वास्थ्यकर्मियों को भी कोरोना वायरस जैसी महामारी का शिकार होना पड़ा है। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम कोरोना से जंग जीत चुके और उसमें जुटे सभी योद्धाओं का सम्मान करें और उसमें जुटे सभी योद्धाओं का सम्मान करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। उनके प्रति या उनके परिवार वालों के साथ किसी तरह का भेदभाव न करें। कोरोना उपचाराधीनए संभावित संक्रमण वाले व्यक्ति व स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति भेदभाव न किया जाएए इसके लिए भी सरकार लोगों को जागरूक कर रही है। कोरोना से जंग जीत चुके डॉक्टर बता रहे हैं कि इस मुश्किल व्यक्ति में हमें किन चीजों का ध्यान देना चाहिए।

### वायरस भेदभाव नहीं करता, आप भी न करें: डा. अजय

मंण्डलीय चिकित्सालय के एसआईसी आलोक सिंह करीब 20 दिन पहले कोरोना से उपचाराधीन हुए। इसके बाद वह तुरन्त बसही स्थित चिकित्सालय में तुरन्त भर्ती हो गये। इसके बाद दोबारा जांच कराने पर उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई। उन्होंने बताया कि कोविड.19 का लक्षण आम सर्दी जुकाम से भी जटिल होते हैं। इसलिए अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रखकर और सब सावधानियां रखकर ही इस कोरोना वायरस जैसे महामारी से लड़ा जा सकता है। आइसोलेशन में रहने के दौरान सकारात्मक रवैया रखें। समय को बिताने के लिए अपनी पसंद के अनुसार किताब पढ़नाए संगीता सुनना आदि कर सकते हैं। इससे किसी भी प्रकार का मानसिक तनाव न हो। ऐसे एक जरूरी ध्यान देने वाली बात यह है कि कोरोना वायरस किसी के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता है। यह आज किसी और को हुआ है तो कल आपको भी हो सकता है। इसलिए कोरोना उपचाराधीन का तिरस्कार कर उससे दूरी न बनाएं। बल्कि उनका सम्मान और सहयोग करें।

# भूमि पूजन के बाद मनाया गया दीपोत्सव

संवाददाता। जौनपुर

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमि पूजन करने के बाद जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह.जगह मंदिरों में पूजा पाठकर लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में नगर के रुहट्टा स्थित हनुमान मंदिर में भी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला उपाध्यक्ष व युवा भाजपा नेता आयुष अस्थाना के नेतृत्व में बजरंग बली की विधिवत पूजन किया गया। वहीं बुधवार की शाम विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष आकाश मौर्य के नेतृत्व में बजरंग बली के मंदिर में 501 दीप जलाकर आरती पूजन किया गया। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंहए पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने हनुमान जी व भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण व दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



जौनपुर नगर के रूहट्टा स्थित हनुमान जी मंदिर में दीप जलाकर उत्सव मनाते श्रद्धालु

**इंडियन होम्योपैथिक ऑर्गेनाइजेशन ने किया श्री राम कथा का आयोजन**

**जौनपुर।** श्री राम जन्मभूमि पूजन के उपलक्ष्य में इंडियन होम्योपैथिक ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाण् राम नारायण सिंह के वाजिदपुर स्थित आवास पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही श्री राम कथा भजन का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाण् जेएन सिंह

## दीपोत्सव के साथ पटाखे छूटे

**शाहगंज, जौनपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर शिलान्यास के बाद जैसे ही सूर्य भगवान अस्तांचल को हुये पूरा कस्बा जश्न मनाने में डूब गया। नगर के घर.घरए गली.गली व मंदिरों में दीपक टिमटिमाते रहे। दीपोत्सव के साथ पटाखे छूटे एवं प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राम जानकी संगत जी मंदिर में अयोध्या में भगवान श्री राम जन्मभूमि पूजन के पावन अवसर पर भव्य दीपोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कलाकार दुर्ग विजय मिश्र मुन्नाए अंकित मिश्राए सभासद भुनेश्वर मोदनवालए पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल मोदनवालए शेखर गुप्ताए अंकित मिश्राए दीपक मिश्राए सभासद शिरीष अग्रहरीए रिंकू अग्रहरीए शिरीष मोदनवाल आदि उपस्थित रहे। वहीं हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा पटाखे छोड़कर राहगीरों में मिठाई बांटी गई। भूमि पूजन के दिन श्रीश मोदनवाल के मार्गदर्शन में नगर अध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी अक्षत अग्रहरि ने प्रभु श्रीराम के दर्शन के उपरान्त प्रसाद वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और जय श्री राम के जयघोष से पूरा नगर राममय हो गया। कार्यक्रम के दौरान भुवनेश्वर मोदनवालए उज्ज्वल सेठए यश अग्रहरिए दिलीप पांडेयए दुर्गा अग्रहरिए शुभमए वाशुए सूरज आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में संस्कार भारती शाहगंज द्वारा राम जानकी बुढ़वा बाबा मंदिर पर रंगोली कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजकुमार कांस्यकार एवं आनन्द अग्रहरि के संयुक्त तत्वाधान में प्रान्त द्वारा भेजी गई तत्कालिक प्रारुप रंगोली परिकल्पना को मूर्त रुप देने की कोशिश को फर्श पर उकेरा गया।

## क्विक न्यूज

## अयोध्या में महाराजा सुहेलदेव के प्रति पीएम के सम्मान से उत्साह



**सकलडीहा-चन्दौली।** पांच सौ वर्ष की इंतजार के बाद भगवान राम की भव्य मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा महाराजा सुहेलदेव को अपने सम्बोधन में श्रद्धांजली देने पर राजभर समाज के लोगों में उत्साह है। कैबिनट मंत्री अनिल राजभर के आवास पर बुद्धिजीवी राजभर संगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए हर्ष जताया। उधर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने प्रधानमंत्री को कोटि कोटि धन्यवाद दिया। भगवान श्रीराम की भव्य मंदिर पूजन कार्यक्रम के दौरान जहां पूरे विश्व की निगाह भारत के यशवस्वी प्रधानमंत्री पर रहा। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने सम्बोधन में महाराजा सुहेलदेव के त्याग और बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजली देने पर राजभर समाज के लोगो में हर्ष है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के आवास पर बुद्धिजीवी राजभर समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री को कोटि कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इस ऐतिहासिक अवसर पर महाराजा सुहेलदेव को याद कर राजभर समाज का गौरव बढ़ाने का काम किया है। उधर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने सम्बोधन से महाराजा सुहेलदेव को याद करते राजभर समाज का गौरव बढ़ाया है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने निकाली सायकिल यात्रा

**चहनिया-चन्दौली।**समाजवादी पार्टी द्वारा चलायी जा रही सायकिल यात्रा के क्रम में गुरूवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने कार्यकर्ताओं संग मारूफ्पुर से टांडाकला तक सायकिल यात्रा निकाली । बीच बीच में कई गांवो में रूककर लोगों से मुलाकात करके पार्टी द्वारा जारी आह्वान पत्र को देकर उन्हे पार्टी की नीतियों रीतियों से अवगत कराया। वही सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्कएसेनेटाइजर एसाबुन का भी बितरण किया । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने गुरूवार को कार्यकर्ताओं संग मारूफ्पुर बाजार से टांडाकला बाजार तक पांच किमी दूरी तक सायकिल चलाकर बीच बीच में लोगों से मिलकर उन्हें पार्टी द्वारा जारी आह्वान पत्र को देकर पार्टी की नीतियों रीतियों से अवगत कराया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा काल में गरीबों को हो रही समस्याओं से भाजपा सरकार मुंह मोड़ ली है।प्रदेश में आये दिन हो रही हत्या लूट अनाचार पुलिस बल पर हमला भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था को धता बता रही है।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी विधान सभा चुनाव के लिए कमर कस कर तैयारी करने का भी आह्वान किया। इस दौरान मुख्य रूप से अशोक यादव, प्रमोद यादव सेक्टर प्रभारी बृजेश कुमार, संजय यादव, जय कुमार शर्मा,मुलायम यादव, कौतुक यादव, विशाल सिंह कुंजबिहारी श्रीकांत यादव, पंकज यादव आनंद यादव अवधेश यादव आदि सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित रहे।



## मनोज सिन्हा के उप राज्यपाल बनने की खुशी में सुषमा स्वराज को भूले भाजपाई

**गाजीपुर।** पुर्व केन्द्रीय मंत्री मा मनोज सिन्हा को जम्मू.कश्मीर का उप राज्यपाल बनाए जाने पर लहुरी काशी में गुरुवार को जश्न मे डुबी हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। वही भाजपा के दिग्गज नेता माननीय सुषमा स्वराज के निधन की पहली वर्षी थी। परंतु जनपद के भाजपाई मनोज सिन्हा की खुशी में उनकी वर्षी ही भूल गए। गाजीपुर धरती के लाल तथा पुर्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले कार्यकाल मे रेल व संचार राज्य मंत्री की जिम्मेदारी मे पूर्वांचल सहित पुरे प्रदेश मे विकास के पर्याय तथा देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तकनीकी पटल के विश्वसनीय पुरुष मा मनोज सिन्हा को जम्मू.काश्मीर के उप राज्यपाल की जो बड़ी जिम्मेदारी मिली है उससे जनपद का मान सम्मान स्वाभिमान पुरे देश मे बढा है। जैसे ही प्रात:काल मनोज सिन्हा को उप राज्यपाल बनाए जाने की सूचना समाचार चैनलों के माध्यम से लोगों को मिली वैसे ही एक दूसरे को बधाई देने का दौर शुरु हो गया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के अध्यक्षता मे हर्ष और उल्लास का कार्यक्रम आयोजित हुआ जहाँ मा मनोज सिन्हा के कृतत्व एवं व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा की नेतृत्व का निर्णय दूरगामी होता है और जम्मू कश्मीर के लिए मा मनोज सिन्हा पर महामहिम राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा व्यक्त विश्वास पर खरे उतरेंगे। यह जनपद के गौरव की बात है। क्षेत्रीय मंत्री सरोज कुशवाहा ने कहा कि आज इस हर्ष की कोई सीमा नहीं हैं। हम सब अपने को धन्य मान रहे हैं कि हमे ऐसे व्यक्तित्व का संरक्षण मिला जिसे केन्द्रीय नेतृत्व का भरोसा और विश्वास प्राप्त है। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा कि इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करने की नहीं बल्कि महसूस करने की असीम अनुभूति है। पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि इमानदार एवं सुचिता पुर्ण राजनीति के अविरल पुरुष के कुशलता एवं कुशाग्रता का लाभ जम्मू कश्मीर राज्य को मिलेगा।

## सुषमा स्वराज की पहली पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**देवरिया ।** भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री रही स्व.सुषमा स्वराज की पहली पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरुलपार स्थित पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। इस दौरान भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष गंगा कुशवाहा ने कहा कि सुषमा जी की पहली पुण्यतिथि पर उनको भाजपा देवरिया के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की तरफ से नमन। उनके निधन से हर किसी को दुख पहुंचा था। वह देश की सेवा की और दुनिया में भारत के लिए मजबूत आवाज बनी। जिलामहामंत्री भाजपा श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वराज जी सरलता व सौम्यता की प्रतिमूर्ति थी।वह मृदुभाषी एवं प्रखर वक्ता भी थी। पद्म विभूषण श्रीमती सुषमा स्वराज जी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें नमन करता हूँ। सुषमा स्वराज जन-जन की नेता थी, उन्होंने सदैव जनसेवा को ही प्राथमिकता दी। राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किए गए कार्य व संघर्ष अविस्मरणीय रहेंगे। पूर्व जिलामंत्री सी.पी.सिंह ने सुषमा स्वराज को अपनी प्रेरणा बताते हुए कहा कि आज, पहले से कहीं ज्यादा उनकी याद आती है। देश की पूर्व विदेश मंत्री व एक ओजस्वी वक्ता आदरणीया सुषमा स्वराज जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।वह सबसे ऊंचे कद की भारतीय महिला नेताओं में से एक थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन जन सेवा में खपा दिया। पूर्व जिलामहामंत्री कृष्णनाथ राय ने कहा कि सुषमा स्वराज को एक ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी नेता और इन सबसे अधिक एक करूणामयी इंसान के रूप में याद किया जाएगा।

### नायब तहसीलदार का कार्यक्षेत्र बदला

**मछलीशहर, जौनपुर।** जिलाधिकारी ने जनपद के दो नायब तहसीलदारों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। जानकारी के अनुसार मछलीशहर में लगभग डेढ़ वर्षों से तैनात नायब तहसीलदार कृष्ण राज सिंह यादव का स्थानान्तरण बदलापुर तहसील के लिये कर दिया गया। जबकि बदलापुर तहसील में तैनात नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार शुक्ला को मछलीशहर का कार्यभार सौंपा गया। नव नियुक्त नायब तहसीलदार ने गुरुवार को कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक

**मऊ।** टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य व युवा अधिवक्ता एडवोकेट फैयाज अहमद के अचानक निधन की सूचना मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गया। टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने युवा अधिवक्ता एडवोकेट फैयाज अहमद के अचानक निधन पर शोक प्रकट करते हुए गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है। साथ ही साथ परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए अधिवक्ता समाज को एकजुट होकर एक साथ रहते हुए इस दुरूख की घड़ी का सामना करने की अपील किया गया है।

### निधन पर शोक

**पीडीडीयू नगर,चंदौली।** शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान सचिव रमेश चौहान के भाई महेश कुमार व निवर्तमान सचिव महेश मंडल की माता निर्मला देवी के निधन के उपरांत गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू . विधायक के शोक संवेदना पत्र को लेकर उनके आवास पर शोक.संवेदना प्रकट कर कांग्रेसजनो ने मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया । प्रदेश अध्यक्ष ने शोक संवेदना पत्र के माध्यम से बताया कि निधन का समाचार जानकर आत्मीय कष्ट हुआ एइस दुःख की घड़ी में कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही परिजनो के साथ है।

### शुभांगिनी का आईआईटी में पीएचडी के लिए हुआ चयन

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के खनुवाई ग्राम निवासी वंश गोपाल यादव की पुत्री शुभांगिनी का आईआईटी धनबाद में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। शुभांगिनी वर्तमान में डीआरडीओ डिफेन्स इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी पुणे में एमटेक अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शुभांगिनी ने सफलता का श्रेय अपनी माता विमला यादव और परिवारजनों के मिले सहयोग को दिया। उनके चाचा श्रीपाल यादव ने बताया कि शुभांगिनी बचपन से ही होनहार छात्रा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवारजनों में खुशी का माहौल है।

### जनपद को द्वितीय रैंकिंग प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने दी बधाई

**डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर।** नीति आयोग द्वारा 6 अगस्त को पूरे देश में चयनित 116 जनपदों की माह फरवरी 2020 की डेल्टा रैंकिंग जारी की गयी है। नीति आयोग द्वारा यह रैंकिंग स्वास्थ्य एवं पोषणए शिक्षाए कृषिए वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना में कराये गये कार्यो के मूल्याकंन के आधार पर नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है। नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में जनपद को द्वितीय रैंकिंग प्राप्त होने पर जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा तथा मुख्य विकास अधिकारी श्री पुलकित गर्ग ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को बधाई दी है।

### प्रशिक्षण के लिये साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित

**देवरिया ।** उपायुक्त उद्योग कृष्ण कुमार अमर ने बताया है कि विश्कर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दर्जी, लोहार, हलवाई की प्रशिक्षण के लिये किये गये आवेदन पत्रों पर चयन की कार्यवाही हेतु साक्षात्कार 13 अगस्त को तथा कुम्हार, नाई, राजमिस्त्री, बढई के प्रशिक्षण के लिये 14 अगस्त को साक्षात्कार निर्धारित किया गया है। समस्त अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाणपत्रों एवं आनलाईन आवेदन पत्र की प्रति सहित जिला उद्योग केन्द्र जीआई स्टेट पूर्वान्ह् 11 बजे साक्षात्कार में भाग लेने हेतु उपस्थित होवें।

# जौनपुर में मिले आठ और मरीज

## कोरोना का खौफ

संवाददाता। शाहगंज, जौनपुर

**स्थानीय** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगंज व बीबीगंज में कुल आठ लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। बीबीगंज बाजार में एक संक्रमित महिला के परिजन के किराने की दुकान खोलने की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने हिदायत देकर दुकान बंद करायी। गुरुवार को स्थानीय चिकित्सालय में कुल 34 लोगों की जांच एंटीजन रैपिड किट द्वारा की गई जिसमें एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक व तीन कर्मचारी संक्रमित मिले। पुरानी बाजार स्थित एक निजी अस्पताल का एक कर्मचारी व गैर जनपद का युवक संक्रमित पाया गया। बीबीगंज बाजार में सप्ताह पूर्व व्यवसाई की बहू संक्रमित मिली। गुरुवार को परिजनों की जांच में उनके बेटे व बहू संक्रमित मिले। बीमारी के बाद भी व्यवसाई द्वारा किराने की दुकान खोलकर कारोबार करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान बंद कराया। पुन: दुकान खोलने पर मुकदमा दर्ज करने की हिदायत दी।

## अधिशासी अधिकारी ने कराया नगर को सेनेटाइज



जौनपुर के मछलीशहर नगर में सेनेटाइज करते अधिशासी अधिकारी अनिल सिंह।

**मछलीशहर,जौनपुर।** स्थानीय नगर में कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नगर पंचायत लगातार नगर को सेनेटाइज करवा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी के आदेश पर नगर में अधिशासी अधिकारी अनिल सिंह सफाई कर्मचारियों के साथ सैनिटाइज करवाया। नगर के रोडवेजए चुंगी चौराहाए पुरानी बाजारए सब्जी मंडीए महतवानाए सादिगंज सहित तमाम मोहल्लों को सेनेटाइज कराया गया। उन्होंने नगर में बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए लोगों से मुँह पर मास्कए साफसफाई के साथ शारिरिक दूरी का पालन करने की अपील किया। उन्होने कहा कि कोरोना से बचना है आसान.बस भीड़ से रहें सावधान। वहीं नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए तहसीलए रजिस्ट्री कार्यालयए नगर पंचायत कार्यालय को भी

**चलाए जाएगा सफाई अभियान:** डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर। क्रोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए जनपद सिद्धार्थनगर में 06 अगस्त 2020 कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत शासन द्वारा प्रत्येक **सिद्धार्थनगर में शनिवार को** शनिवार एवं रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें सफाईकर्मी शिवपाती तथा नरेन्द्र लोधी ग्राम हरैया नानकार, विकास खण्ड.बांसी प्रेमसागर ग्राम मल्हवारए विकास खण्ड भनवापुर हग्गनए ग्राम मनभरिया विकास खण्ड.खुनियावं तथा सफी मो.ए विकास खण्ड खुनिवायं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही तथा मनोज कुमारए ग्राम,गैसड़ा विकास ख्रण्ड.खुनियावंए रहीमुद्दीन, ग्राम.सिरसिया राजा, विकास खण्ड.जोगिया तथा कुसुम देवी, ग्राम.सेमरी वनकटिया विकास खण्ड.भनवापुर को जिला पंचायत राज अधिकारीए सिद्धार्थनगर द्वारा निलम्बित कर दिया गया है।उपायुक्त श्रम रोजगारए सिद्धार्थनगर द्वारा ग्राम पंचायत सिरसिया, मुर्गिहवा एवं अमौना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत निवास सिंह अनुपस्थित पाये गये। सहायक विकास अधिकारी पंचायत निवास सिंह द्वारा बिना किसी अवकाश अथवा स्वीकृति के अनुपस्थित रहने के कारण जिला पंचातय राज अधिकारी आदर्श कुमार ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत निवास सिंह का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

### कम्प्यूटर आपरेटर के परिवार में पांच और सदस्य मिले कोरोना पॉजिटिव

**सकलडीहा-चन्दौली।** कोरोना संक्रमण का प्रकोप थम नही रहा है। इसके बाद भी लोग लापरवाह बने हुए है। गुरूवार को सीएचसी पर हुई कोरोना की जांच में बीआरसी कम्प्यूटर आपरेटर के परिवार के पांच और सदस्य पाजीटिव पाये गये। इसके अलावा तेन्दुईपुर गांव की होम आइसोलेट रह रही एक महिला डाक्टर की रिपोर्ट पुनरू पाजीटिव आया है। इसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया है। ग्रामीणों ने टिमिलपुर तेन्दुईपुर गांव में हॉट स्पॉट कराने की मांग उठाया है। टिमिलपुर कस्बा निवासी बीआरसी कम्प्यूटर आपरेटर और तेन्दुईपुर गांव की एक महिला डाक्टर का बीते दिनों कोरोना पाजीटिव रिपोर्ट आने पर खलबली मच गया था। कम्प्यूटर आपरेटर का इलाज कोविड सेंटर पर चल था। वही महिला डाक्टर होम आइसोलेट रही। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला डाक्टर सहित कुल 10 लोगों की जांच किया गया। जिसमें कम्प्यूटर आपरेटर परिवार के पांच और सदस्यों की रिपोर्ट पाजीटिव पाया गया। इसके अलावा होम आइसोलेट रह रही महिला डाक्टर की रिपोर्ट पाजीटिव रहा । ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तेन्दुईपुर और टिमिलपुर कस्बा में कोरोना पाजीटिव के आसपास मुहल्ला को हॉट स्पॉट कराने की मांग किया है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास ने बताया कि जांच रिपोर्ट में कुल 6 लोगों की रिपोर्ट पाजीटिव पाया गया है।

# पुण्यतिथि पर याद आए कल्पनाथ



सवांददाता। मऊ

**विकास** पुरुष कहे जाने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.कल्पनाथ राय को 21वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को याद किया गया। कल्पनाथ राय स्मृति संस्थान एवं रामरति देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में कई क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। सबसे पहले 10 बजे अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व उपाध्यक्ष डा.सुधा राय के आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। 11 बजे जिला चिकित्सालय में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। जिसके आयोजक पीसीसी सदस्य माधवेंद्र बहादुर सिंह, कमलेश सिंह एवं अरुण तथा सुभाष रहे। 11.30 बजे कोपागंज स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि दी गई। जिसके आयोजक अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समीउल्लाह अंसारी, प्रहलाद राय, रत्नेश राय रहे। 12 बजे कल्पनाथ राय के पैतृक गांव सेमरी जमालपुर में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम के आयोजक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामनिवास राय थे। इसी क्रम में 12.30 बजे पतीला गांव में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक नेता स्वामीनाथ राय एवं विनोद कुमार राम थे। अंत में श्रीमती रामरती देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ललितपुर लुदुही में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश बहादुर सिंह ने कहा कि कल्पनाथ राय ने राजनीति में रचना, सृजन और विकास की जो धारा बहाई उससे उनके चिंतन की ख्याति पूरे देश में फैल गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी जाति धर्म की सियासत नहीं की।

## 15 अगस्त को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए होगा ध्वजारोहणः डीएम

संवाददाता। जौनपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाये जाने से सम्बन्धित कार्यक्रमों की रुपरेखा निर्धारित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए ध्वजारोहण एवं अन्य कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देश दिया कि 14 अगस्त की रात्रि तक समस्त क्षेत्रोंए मलिन बस्तियोंए प्रमुख चौराहों एवं महान विभूतियों की मूर्ति की साफसफाई पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों एवं स्मारकों की भी साफसफाई करवा ली जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में भी ध्वजारोहण कराए जाएं।

### डीएम ने हौज ट्रामा सेंटर में बने कोविड अस्पताल का किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार की रात सिरकोनी विकासखण्ड के हौज स्थित ट्रामा सेंटर में बने कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल के डाक्टरों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां भर्ती कोरोना मरीजों का अच्छे से इलाज तथा उनकी देखभाल की जाए। किसी भी मरीज को कोई समस्या न हो।

## जिपं सदस्य के उत्पीड़न पर एसपी से मिले सपाई



**देवरिया।** वृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं के जनपद के थानों पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने की मांग को लेकर एवं जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव गुड्डू को रामपुर कारखाना पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक देवरिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संबोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा कि सरकार के इसारे पर जिला प्रशासन सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रहा है। सपा कार्यकर्ताओं को थानों में बुलाकर बैठाया व धमकाया जा रहा है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करने पर सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे हैं।

### मां काली धूमधाम के साथ हुआ पूजन-अर्चन

**मऊ।** स्थानीय ग्राम सभा भवनाथपुर में मां काली जी पूजन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पालन करते हुए मां काली जी का पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालुओं को पूजन-अर्चन के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया। पूजा कार्यक्रम के प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद व हृदय नाथ ने कहा कि ईश्वर कण-कण में विद्यमान है, बस आवश्यकता इस बात की है कि हम ईश्वर की सर्वोच्च ताकत को महसूस करें।

### आमिर सिद्दकी ने जिलाधिकारी को सौपा पीपीई किट

**देवरिया ।** उम्मीद प्रोजेक्ट के फाउन्डर आमिर सिद्दकी द्वारा कोरोना वायरस से बचाव के लिये 10 पीपीई किट जिलाधिकारी अमित किशोर को कलक्ट्रेट कक्ष में प्रदान किया। साथ ही आगे एक हजार और पीपीई किट उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारी के कहने पर उन्होने हामी भरी और कहा कि शीघ्र ही इसे उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आलोक पाण्डेय, एसीएमओ डा. संजय चन्द्र, मुरली मनोहर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### कैरियर काउंसिलिंग के माध्यम से अप्रवासी मजदूरों को योजनाओं के बिषय मे दी गई जानकारी

संवाददाता। चहनिया-चन्दौली

**स्थानीय** खण्ड विकास के सभागार मे जिला सेवा योजन चन्दौली के तत्वावधान मे कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से अप्रवासी मजदूरों को विभिन्न योजनाओं के बिषय मे जानकारी दी गयी। शाशन के द्वारा निर्धारित कई योजनाओ के बेरोजगार आभा ऐप सेवा मित्र सहीत कई जानकारी दी गयी। जिसमे कुल लगभग 550लोगों ने भाग लिया । जिसको सरकार भविष्य मे रोजगार देने के लिए कटिबद्ध होगी।जिला सेवा योजन अधिकारी सत्यजीत ने बताया कैरियर काउंसलिंग के माध्यम प्रवासी मजदूर बाहर जाकर कौन सा काम करते थे। अब अपने घर आये उनका आकडा तैयार किया इसके साथ सरकार के विभिन्न योजनाओं के बिषय मे जानकारी दी गयी। वही स्वरोजगार एवं कुछ खास ऐप के बिषय मे भी बताया गया ताकि ये लोग आत्मनिर्भर बन सके। सेवा योजन चन्दौली के तत्वावधान मे यह कार्य जिले के प्रत्येक खण्ड विकास स्तर पर किया जा रहा है।

## डीएम ने सेन्ट्रल एकेडेमी कोविड हास्पिटल व उमानगर हॉस्पिटल का किया निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर आज सेन्ट्रल एकेडेमी कोविड-19 हास्पिटल एवं उमानगर स्थित नवनिर्मित वेदांक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने वेदांक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को भी कोविड-19 अस्पताल बनाये जाने के लिये अधूरे कार्यों को युद्ध स्तर पर लगकर पूरा करने तथा कल से यहां मरीजो को शिफ्ट किये जाने का निर्देश दिया। उन्होने विधुत, पेयजल, साफ-सफाई सहित सभी आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिये अधिकारियों की जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हे निर्देश दिया कि इन कार्यो को आज पूरा करा लिया जाये। निरीक्षण के दौरान सेन्ट्रल एकेडेमी में भर्ती कोविड-19 के मरीजो का इलाज समुचित रुप से किये जाने व साफ-सफाई की व्यवस्था को नियमित रुप से किये जाने का निर्देश दिया। मरीजो की इलाज एवं खाने-पीने की आदि की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो। यह हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिये। वेदांक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को कोविड हॉस्पिटल के रुप में कल से संचालित किये जाने हेतु आवश्यक सभी सुविधाओं जैसे ऑक्सीजन सपोर्ट, वेंटिलेटर, मेडिसिन आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराए जाने को कहा। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल की टीम लगाए जाने को कहा। उन्होने इस अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु अधिशासी अधिकारी गौरी बाजार, भटनी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई कर्मियों को लगाकर अपने देखेरेख में साफसफाई की व्यवस्था तत्कालिक रुप में सुनिचित कराये जाने का निर्देश दिया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अगस्त 2020



# नशे मे धुत युवक ने खुद को चाकुओं से गोद डाला, मौत

## घटना के पीछे पत्नी से नाराजगी रही वजह

संवाददाता। बाराबंकी

नशे में धुत युवक ने बीती रात अपने ऊपर चाकुओं से कई वार कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के पीछे पत्नी से नाराजगी बतायी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। थाना जैदपुर के अंतर्गत ग्राम छतौनी मजरे न्यौछना गांव निवासी रमेश चंद वर्मा का पुत्र सर्वेश कुमार वर्मा की शादी पांच वर्ष पहले छतौनी गांव थाना कोठी से हुई थी। सर्वेश की यह दूसरी शादी थी। दूसरी पत्नी से उसका आए दिन झगड़ा-विवाद होता था। चार अगस्त को कुछ फोन पर ऐसी बात हुई कि सर्वेश के दिल में बहुत बड़ी ठेस पहुंची थी। जिसके बाद उसने जमकर शराब का सेवन किया और फिर रात करीब 10 बजे अपने ही हाथों से चाकू लेकर अपने पेट में कई वार किए। जिससे मौके पर हीउसकी मृत्यु हो गई। घटना होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। इस घटना से परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं थानाध्यक्ष संदीप कुमार राय का कहना है कि युवक इससे पूर्व भी कई बार आत्म हत्या करने का प्रयास कर चुका है लेकिन इस बार वह मकसद में तब कामयाब हो गया, जब घर के लोग सो गये थे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



सिद्धौर (बाराबंकी)। कोतवाली जैदपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मौथरी में बृहस्पतिवार की सुबह दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर आपस में कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। खून से लथपथ पड़े घायल आपातकालीन दूरभाष डायल 112 व 108 पर संपर्क करते रहे, लेकिन कोई सहायता नही मिली। बाद में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को चिकित्सा के लिए अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत मौथरी में सुबह जमीन के विवाद की पुरानी रंजिशों को लेकर हेलमेट पहनकर हमला बोल दिया। और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। जिसमें एक ही परिवार के महिलाओं सहित पांच लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। घायलों ने डायल 112 व 108 से मदद मांगने का प्रयास किया। पर नाकाम रहे।

## हत्या कर फेंका गया युवती का शव नदी के किनारे पड़ा मिला

**बाराबंकी**। सतरिख थाना क्षेत्र में नदी के किनारे गुरुवार को एक युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती के शव की दशा देखकर हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के करीब गुरुवार को ग्रामीणों ने रेठ नदी के किनारे एक शव देखा तो हड़कम्प मच गया। आनन फानन ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची सतरिख पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। ये किसी युवती का शव था जिसका पेट फूला हुआ था। ग्रामीणों के मुताबिक युवती के गर्भवती होने की आशंका जताई जा रही है।आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कर उसे फेंका गया है। शव के नदी के पानी के बहाव से बह कर भी आने की संभावना जताई जा रही है। युवती की शिनाख्त न होने से पुलिस ने आसपास के थानों और जिलों में दर्ज गुमशुदगी के आधार पर शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिलहाल सतरिख थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दे दी जान

संवाददाता। हैदरगढ़ (बाराबंकी)

**सुबेहा** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लोदीपुर मजरे मरूई गांव निवासी महेश पुत्र कल्लू (60 वर्ष) ने बीती रात अपने घर के कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगा ली। सुबह जब उसका दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला, तो पड़ोसियों ने जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था दरवाजा तोड़ कर अंदर देखा तो सन्न रह गए।

ग्रामीणों के अनुसार उक्त वृद्ध घर में अकेला ही रहता था तथा उसके आगे पीछे भी कोई नहीं था जूता चप्पल की सिलाई करके किसी तरह अपना भरण-पोषण कर रहा था। ग्रामीणों की माने तो बीमारी व आर्थिक तंगी के चलते उक्त वृद्ध ने ऐसा कदम उठाया होगा। थाना प्रभारी गंगेश शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बीच-बचाव कराने गए व्यक्ति की पीटकर हत्या

**अमेठी**। जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ललिहामऊ मौजा नादी में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसी बीच-बचाव करने एक पक्ष का रिश्तेदार जैसे ही पहुंचा, दूसरे पक्ष के लोगों ने उसको बुरी तरह पीट दिया। जिसके चलते लगभग 48 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसको अस्पताल के लिए ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। जिसके चलते हड़कंप मच गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। इसी के बाद मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर नामजद अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक के पुत्र इसराक ने बताया कि खेत में पंचायत चल रही थी। पिताजी भी मौके पर थे। दोनों पक्षों को अफ्जाल हमारे रिश्तेदार समझाने के लिए आए थे। इनको चार-पांच लोगों ने मिलकर मारा। जब हम उनको लेकर अस्पताल जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। इनको कुर्बान, साहिबान, सलमान, रिजवान और अरमान आदि लोगों ने मिलकर लाठी से मारा है। क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक रकी उल्ला के पुत्र इसराक के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। इसी के साथ आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लालगंज में मिले आठ और कोरोना पॉजिटिव

## तहसील परिसर को सीलकर सैनेटाइजेशन किया गया

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**लालगंज** क्षेत्र में कोरोना महामारी का कहर थम नहीं पा रहा है। गुरूवार को आधा दर्जन से अधिक के कोरोना संक्रमित होने से इलाके मे हडकंप मच गया। इसके तहत नगर पंचायत के मनीपुर मे दो तथा असरही मे एक, अझारा मे एक तथा सांगीपुर बाजार मे एक साथ चार नए केस पाये गये। इससे तहसील क्षेत्र मे हडकंप का माहौल बना हुआ है। इधर कोविड अस्पताल एलवन में भर्ती मरीजों की संख्या भी बढ़कर 14 हो गई है। कोरोना संक्रमण को लेकर जहां तहसील परिसर गुरूवार को पूरी तरह सील दिखा। नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था द्वारा भी तहसील एरिया मे सेनेटराइजेशन कराया गया। ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने अपनी देखरेख मे संवेदनशील क्षेत्रो मे केमिकल का छिडकाव करवाया। कोरोना महामारी के चलते मनीपुर मे एक ही परिवार के तीन सदस्यों के पाजिटिव रिर्पोट आने से गांव मे हडकंप मचा हुआ है।

**सोशल मीडिया पर कोरोना अफवाह पर अज्ञात के खिलाफ केस**

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोरोना महामारी मे अफ्वाहो को रोकने के लिए बुधवार की रात प्रशासन ने कडा तेवर अख्तियार किया है। नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मानहानि व लाकडाउन तथा अनलॉकडाउन उल्लघंन एवं आपदा महामारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि कुछ अज्ञात आरोपियो ने सोशल मीडिया पर बिना किसी तथ्य के उनके कोरोना पाजिटिव होने की अफवाह प्रसारित की।

इससे वह स्वयं तथा परिवार के लोग मानसिक प्रताड़ना के शिकार हुए। हालांकि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की एसआरएन द्वारा लिये गये सैम्पल मे रिर्पोट निगेटिव आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बाबत सीओ जगमोहन का कहना है, केस दर्ज किया गया है जांच कर अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने जिला स्तरीय कमेटी के साथ किया गहन मंथन

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने गुरुवार को कैम्प कार्यालय के सभागार में आत्म निर्भर भारत के अन्तर्गत प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी अनिल कुमार दूबे द्वारा योजना के क्रियान्वयन हेतु योजना के उद्देश्य, लक्ष्य निर्धारण पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया पर विस्तार से अवगत कराया गया। योजनान्तर्गत असंगठित क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उन्नयन हेतु जीएसटी, एफएसएसएआई, स्वच्छता मानकों तकनीकी प्रशिक्षण, पूर्व स्थापित इकाईया जिसमें 10 कार्मिक से कम कार्यरत है वे आवेदन के पात्र होगें, इसमें लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख की क्रेडिट लिंक्ड कैप्टल सब्सिडी का लाभ उठा सकते है। लाभार्थी का योगदान न्यूनतम 10 प्रतिशत शेष धनराशि बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। स्वयं सहायता समूहों के सदस्य जिनके द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के कार्य किये जा रहे है प्रति सदस्य रूपये 40000 की प्रारम्भिक पूंजी समूह के संघ स्तर पर प्रदान की जायेगी जिसे समूह अपने सदस्यों को ऋ ण रूप में वितरण किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी निर्देश दिया कि भारत सरकार से एमआईएस पोर्टल तैयार होते ही असंगठित क्षेत्रों में क्रियाशील खाद्य प्रसंस्करण इकाई, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ, सहकारी समिति का भी सहयोग प्रदान करते हुये योजना का डीपीआर तैयार कराएं।

# निगरानी समितियों के ढीले रवैये से डीएम खफा

## डोर-टू-डोर सर्वेलांस के लिए नहीं जाने वाली आशाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए: शुक्ल

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक में जनपद में डोर टू डोर सर्विलांस की समीक्षा की गयी। समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो आशाएं डोर-टू-डोर सर्वेलांस के लिए ग्रामों में नहीं जा रही हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने अन्य जनपदों से आने वाले प्राईवेट वाहनों के यात्रियों की एंटीजन टेस्टिंग की समीक्षा की, साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सागर से आने वाले प्राईवेट वाहनों के यात्रियों का एंटीजन टेस्ट पीएचसी गौना पर करवाया जाए। समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्र में निगरानी समितियों द्वारा मुकम्मल तैयारी के साथ निगरानी नहीं किये जाने पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता जाहिर की तथा निर्देश दिए गए कि निगरानी के कार्य में पूरी तत्परता के साथ कार्य करें, किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। इसी दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि जो लोग एंटीजन या अन्य टेस्ट में कोविड धनात्मक पाये जाते हैं तो वे न तो इसे छिपाएं और न ही कहीं फरार हों। प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि यदि कोई धनात्मक मरीज जानबूझकर गायब या फरार होता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके उपरान्त बैठक में कोविड मरीजों की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इसके अलावा जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि यदि जनपद के प्राईवेट चिकित्सकों के पास कोई संदिग्ध मरीज आता है, जिसमें सर्दी, बुखार, गले में तकलीफ जैसे लक्षण हैं, तो उसे अनिवार्य रुप से एंटीजन टेस्ट के लिए जिला चिकित्सालय भेंजे। उन्होंने चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन स्तर पर व्यापक रुप से संविलांस कराया जा रहा है, इस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा व्यापक पैमाने पर होम आईसोलेशन की व्यवस्था की जा रही है, परन्तु होम आईसोलेशन के लिए सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने सभी प्राईवेट चिकित्सकों से अपील की कि वे अपने मरीजों को मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु प्रेरित करें। इसी दौरान चिकित्सकों ने जिलाधिकारी से कहा कि जिला अस्पताल में ओ.पी.डी. का संचालन प्रारंभ किया जाये, इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में सभी शासकीय चिकित्सालयों में प्रसव एवं अन्य आकस्मिक केस देखे जा रहे हैं, साथ ही ट्रू नेट मशीन से जांच कर ऑपरेशन भी किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, ईओ एसपी सिंह, डा. जेएस बक्शी, डा.अमित चतुर्वेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित प्राईवेट चिकित्सकों में डा. राजकुमार जैन, सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### एक दर्जन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका

**ललितपुर**। जिलाधिकारी योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कोविड-19 के अंतर्गत डोर-टू-डोर किये जा रहे सर्वे की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सर्वे कार्य में लापरवाही करने वाली आशाओं व एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इन सभी के खिलाफ जुलाई का मानदेय रोकने के निर्देश जारी किये गए हैं। जिनमें ब्लॉक जखौरा से वतीबाई ग्राम अंधेर, श्रीमती रमा देवी, रिंकी देवी ग्राम ननौरा, श्रीमती गीता, सीमा ग्राम छिपाई, श्रीमती प्रभा ग्राम करगन, श्रीमती राजकुमारी ग्राम पंचौरा, ब्लॉक बार से श्रीमती रेखा देवी ग्राम धमना, श्रीमती रेखा ग्राम सूरीकलां, ब्लॉक तालबेहट से श्रीमती रंजना ग्राम जमालपुर, श्रीमती रंचना देवी, रचना योगी ग्राम सेरवासकलां के नाम शामिल हैं।

### पुत्री के अपहरण को लेकर दी तहरीर

लालगंज (प्रतापगढ़)। शौच को निकली बेटी के अपहरण को लेकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ गुरूवार को पुलिस मे तहरीर दी है। कोतवाली के भोगापुर भटनी निवासी रामलक्षण पटेल ने बुधवार को कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 30 जुलाई को संग्रामगढ़ थाना के विजयामऊ गांव के आरोपी पवन सरोज ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। पीडित ने जब आरोपी के माता पिता से शिकायत की तो परिजनो ने उसे कहीं भी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। आरोपियो के द्वारा बेटी के साथ अप्रिय घटना को लेकर परिजन परेशान नजर आ रहे है।

### 42 लीटर कच्ची शराब बरामद

**ललितपुर**। आबकारी विभाग ने कबूतरों के डेरा सिद्ध की टोरिया ग्राम काली पहाड़ी पर छापामार कार्रवाई की, जिसमें-42 लीटर कच्ची शराब बरामद होने के साथ-साथ विभाग ने 16 किलो लहन नष्ट किया। इस छापामारी में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। जनपद में कच्ची शराब का अवैध व्यापार होने की शिकायतों के चलते जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को छापामारी के निदेश दिए।

### उमरिया डाकघर में बांटे गए मास्क

**ललितपुर**। रामजन्म भूमि मंदिर शिलान्यास की खुशी में भगवा मास्क उमरिया गांव में अतुल बुक डिपो के सौजन्य से बांटे गये। उमरिया डाकघर में आने बाले ग्राहक प्राय: मास्क लगाकर नही आते हैं इसलिए अतुल बुक डिपो को यह मालूम होने पर उनके द्वारा आज रामजन्मभूमि मंदिर शिलान्यास की खुशी में उमरिया डाकघर के माध्यम से ग्रामीणों को मास्क बंटवाये गये। सभी मास्क भगवा रंग के थे। यह रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति का शास्वत सर्वमान्य प्रतीक है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

जगदीशपुर (**अमेठी**)। रिश्तेदारी से आ रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर जायस रोड स्थित बाबूपुर सरैया गांव के निकट बेरारा गांव थाना मोहनगंज निवासी जहूर उम्र 21 वर्ष बाइक से अपने बुआ के घर से वापस अपने घर जा रहा था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में लगे पेड़ में टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### खाद्यान्न सामग्री किट का वितरण

**बहराइच**। तहसील महसी के बाढ़ प्रभावित लोगों को शासन द्वारा अनुमन्य राहत एवं सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से तहसील प्रशासन महसी द्वारा बाढ़ राहत केन्द्र बाढ़ राहत केन्द्र शारदासिंहपुरवा में आयोजित किये गये वितरण शिविर में उप जिलाधिकारी महसी एसण्एनण् त्रिपाठी व तहसील राजेश कुमार वर्मा ग्राम पिपरी के 89 बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्यान्न सामग्री किट का वितरण किया गया।

### खंड विकास अधिकारी को सौपा मांग पत्र

हैदरगढ़ (बाराबंकी)। किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा आवारा पशुओं को पशुशाला भिजवाए जाने के संबंध में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के निर्देश पर यूनियन के ब्लाक पदाधिकारियों द्वारा एक मांग पत्र खंड विकास अधिकारी हैदर गढ़ को सौंपकर छोटा जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह ब्लाक अध्यक्ष हरी राम पाल ब्लॉक उपाध्यक्ष रामदेव राजेश यादव ब्लाक महासचिव मुकेश श्रीवास्तव रामनिवाज वर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया शीघ्र कार्रवाई कर आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाया जाएगा।

### श्रीराम मन्दिर के भूमिपूजन पर हर्ष जताया

**ललितपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कराए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि गत पांच अगस्त इतिहास के पन्नो में लिखा जाएगा। इसी दिन विगत वर्ष भारत सरकार द्वारा धारा 370 हटाकर सराहनीय कार्य किया था और आज श्रीराम मंदिर शिलान्यास करके एक नया इतिहास रच दिया। जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस ने कहा कि सरकार को पांच अगस्त राष्ट्रीय श्रीराम दिवस के नाम घोषित होना चाहिए। प्रदेश संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह तोमर बॉबी राजा ने कहा कि भारतवर्ष के लोगो की कई वर्षों की तपस्या सफल हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सभी को गर्व की अनुभूति हो रही है।अब अति शीघ्र भव्य मंदिर बनेगा। बैठक में प्रमुख रूप से मुन्ना सिंह चौहान, बृजेंद्र सिंह परमार, भगवत सिंह बैस, भूपेंद्र सिंह तोमर, बॉबी राजा, जयहिंद सिंह परमार, भरत सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह राठौर, सुरेन्द्र पाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह राठौर, यशप्रताप सिंह, पुष्पेंद्र परमार आदि उपस्थित रहे।

# बाराबंकी में भूमिपूजन के दूसरे दिन भी जारी रहा जश्न का दौर

संवाददाता। बाराबंकी



**अयोध्या** में राम मंदिर शिलान्यास के बाद जिले मे शुरू हुआ खुशिया मनाने का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरूवार को उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा समस्त बाज़ारों में लडडू बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व प्रांतीय मंत्री प्रदीप जैन ने कहा कि पूरे देश और विदेशों में दीवाली जैसा माहौल है और भारत का हर नागरिक खुशियां मना रहा हैवरिष्ठ महामंत्री रविंनन खजांची ने कहा कि 500 वर्षो बाद सनातन धर्म की जीत हुई है एजिस पल का इंतज़ार वर्षो से था।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष निगम ने कहा कि ये सिर्फ भूमि पूजन नही राम युग की शुरुवात है एदेश के हर वर्ग और व्यक्ति को भगवान राम के आदर्शो को मानना चाहिए। इस मौके पर अंकित वैश्य, सरदार चरनजीत सिंह, अंकुर जैन, विशाल जैन, प्रदीप पांडेय, जितेन्द्र वर्मा, संजय शुक्ला, पुत्तन लाल मिश्र, परमजीत सिंह, बृजेश वैश्य, राघवेंद्र मिश्रा, रमेश चंद्र कुरील आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में कस्बा मसौली स्थित मां दुर्गा मन्दिर में 11 सौ दिये मंदिर परिसर पर जलाये गये दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेमनन्द वर्मा ने बताया कि शाम को रंग बिरंगे गुब्बारों एव झालरों से मन्दिर को सजाया गया तथा मां दुर्गा की आरती उतारी गई। मन्दिर में 11 सौ दिये जलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर पुजारी अनुपम मिश्रा, शिवकैलाश नाग, सन्तोष नाग,बउवा गुप्ता, अयोध्या नाग, रामसरन सोनी, राजन सोनी, राजू नाग, दिलीप नाग, पिंकू सैनी, अखिलेश यादव, अवधराम यादव सहित तमाम भक्त मौजूद थे।

## ई-संजीवनी ऐप के जरिए अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से ले सकेंगे सलाह

संवाददाता। ललितपुर

**कोरोना** संक्रमण को देखते हुए प्रदेश सरकार ने घर बैठे चिकित्सीय परामर्श प्रदान करने के लिए टेलिमेडिसिन (ई-संजीवनी) ओपीडी सेवा की शुरुआत की है, ताकि अस्पताल में अनावश्यक भीड़ को नियन्त्रित कर कोरोना के खतरे को कम किया जा सके। खास बात यह कि ई -संजीवनी मोबाइल ऐप को लोग डाउनलोड कर आसानी से डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

डिस्ट्रिक्ट कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) गणेश ने बताया कि लोगों को घर बैठे ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार ने पहली जुलाई से ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा की शुरुआत की थी। वर्तमान में जनपद के सभी 40 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर नियुक्त समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की मदद से लोगों का पंजीकरण कर टेलीमेडिसिन द्वारा चिकित्सीय परामर्श दिलाया जा रहा है।

# मिशन प्रेरणा ध्यानाकर्षण ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

संवाददाता। मसौली (बाराबंकी)



**ब्लाक** संसाधन केन्द्र बड़ागांव (मसौली) में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एव शिक्षिकाओं के चल रहे मिशन प्रेरणा ध्यानाकर्षणए शिक्षण संग्रहए आधारशिला के ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का समापन ब्लाक मेंटर अभिसारिका वर्मा द्वारा किया गया। समापन अवसर पर वेविनार के जरिए शिक्षक एव शिक्षिकाओं से खण्ड़ शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है कि हमारे शिक्षक लॉकडाउन के समय भी अपने शिक्षण संवर्धन के लिए प्रयत्नशील हैं एऔर वह लॉक डाउन की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में आए इस संकट की घड़ी में भी अपने को अपडेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन प्रेरणा बेहतर प्रयास है जिससे बच्चो को उत्तम शिक्षा मिल सकेगी। बीईओ ने नामांकन प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा कि कोविड 19 के तहत 76 दिवस की कन्वर्जन कास्ट बच्चो के खातों में प्रेषित करने के निर्देश दिये। एक पखवाड़े तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र 563 शिक्षक, प्रेरक एव शिक्षा मित्रों को प्रिशिक्षित किया गया। राज्य सन्दर्भ समूह सदस्य अवधेश कुमार पाण्डेय ने प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका के सम्बन्ध में जानकारी दी एआरपी सचिन वर्माए एकता मिश्राए विवेक कुमार गुप्ताए धीरेन्द्र कुमार ने ध्यानाकर्षण शिक्षण संग्रह पर परिचर्चा की। जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर एव जिला समन्वयक प्रशिक्षण एसआरजी की देखरेख में सम्पन हुआ।

## शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक की पत्नी को सौपी आर्थिक सहायता

लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**हृदयगति** रूकने से प्रधानाध्यापक की मौत पर साथी शिक्षको ने आपसी सहयोग से मृतक की पत्नी को 1. 44 लाख रुपये की आर्थिक सहायता गुरूवार को प्रदान की। रामपुर संग्रामगढ़ प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय तथा मंत्री जीतेन्द्र शुक्ल ने साथी मृतक शिक्षक के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी को सहायता राशि प्रदान की। शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने प्रधानाध्यापक बृजेश गिरि की आकस्मिक मौत पर परिजनों से संवेदना जताते हुए संकट की घड़ी मे परिवार के साथ अनवरत सहयोग की बात कही है। इस मौके पर सीमा उपाध्याय, रेनू सिंह, कुसुम उपाध्याय, जमुना पाण्डेय, अजय सिंह, उमेश शुक्ल, जीतेन्द्र मिश्र, बृजेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, विजयआनंद, नवीन पाण्डेय, सुशील उपाध्याय, ममता पाल, सुशीला वर्मा, अर्चना माली आदि रहे।